RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 69
लखनऊ, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



दूसरे दिन भी टीम इंडिया का कमाल
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# ब्रिटेन से वापस आए सैकड़ों यात्रियों का अता-पता नहीं

राजेश कुमार। नई दिल्ली

- पता और फोन नंबर गलत देने के कारण ढूंढने में आ रही दिक्कत
- तेलंगाना में 279 कर्नाटक में 151 और गुरुग्राम में 15 यात्रियों के बारे में कोई जानकारी नहीं

**नए** कोविड स्ट्रेन को लेकर सरकार के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। हाल ही में ब्रिटेन से लौटे सैकड़ों लोगों का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्होंने अपने घर का पता और फोन नंबर गलत दर्ज कराया है। राज्य प्रशासन द्वारा खोजबीन के दौरान यात्रियों के फोन नंबर या तो बंद हैं या ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं।

कई मामलों में उनके पते भी गलत साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि इंग्लैंड से आए तेलंगाना के 279, कर्नाटक के 151 और गुरुग्राम के 15 लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है। इस बीच, इंग्लैंड से लौटे 22 और यात्रियों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इनमें 16 महाराष्ट्र, दो दिल्ली, दो तेलंगाना और एक-एक मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से हैं। पब्लिक हेल्थ निदेशक जी श्रीनिवास राव के अनुसार, 9 दिसंबर के बाद 1,216 लोग यूनाइटेड किंगडम से तेलंगाना पहुंचे हैं। इनमें से 937 की पहचान हो गई है और उनका कोविड-19 टेस्ट करा लिया गया है, लेकिन 279 यात्रियों का अभी भी पता नहीं चल पा रहा है। इसी तरह कर्नाटक सरकार भी 151 यात्रियों का पता लगाने की पूरी कोषिषों में जुटी है, लेकिन दिक्कत वही है कि या तो फोन नंबर गलत दिया गया है या घर का पता सही नहीं है। गुरुग्राम में पिछले दो हफ्तों में यूनाइटेड किंगडम से आए लोगों में कम से कम 15 तक प्रषासन की पहुंच नहीं हो पाई जबकि सात यात्रियों ने कोविड टेस्ट कराने से इनकार कर दिया है। उत्तर प्रदेश में ब्रिटेन से लौटा एक यात्री लापता हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक महीने में यूके से पंजाब जाने वाले 1,822 यात्री दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इसके अलावा 25 नवंबर के बाद पंजाब और अन्य जगहों पर जाने के लिए 1,604 यात्री श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। इस तरह कुल 3,426 यात्रियों में से लगभग 2,500 अभी भी पंजाब में हैं। महाराष्ट्र में यूनाइटेड किंगडम से आए लोगों में 16 आरटी पीसीआर टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। तेलंगाना में भी दो तथा मध्य प्रदेश के जालोर में एक यात्री कोरोना पॉजिटिव आया है। हाल ही में बरेली में यूएस और यूके से लौटे मर्चेंट नेवी के कप्तान भी कोरोना पॉजिटिव आए हैं। दिल्ली में डोर टू डोर जांच अभियान में ब्रिटेन से लौटे दो और लोग संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही राजधानी में ब्रिटेन से लौटने के बाद पॉजिटिव मिले लोगों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। ये सभी नवंबर में वापस आए हैं।



प्रतिकात्मक फोटो

## कोविड-19 के मरीजों की संख्या घटकर 2.78 लाख हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या रविवार को घटकर 2.78 लाख रह गई जो पिछले 170 दिन में सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है। इसने कहा, भारत में उपचाराधीन मामले कुल मामलों का महज 2.74 प्रतिशत हैं। मंत्रालय ने कहा कि अब तक कुल 97,61,53 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं तथा ठीक हो चुके एवं उपचाराधीन मरीजों के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है और यह 95 लाख के करीब पहुंच चुका है। फिलहाल यह आंकड़ा 94,82,848 का है। इसने कहा कि स्वस्थ हो रहे मरीजों की संख्या सामने आ रहे नए मरीजों से अधिक है तथा इससे स्वस्थ होने ( शेष पेज 9 )

# साहिबजादों का बलिदान पाठ्यक्रम में होगा शामिलः योगी आदित्यनाथ

- दिसंबर महीना अब सिर्फ क्रिसमस के नाते नहीं साहिबजादा दिवस के रूप में भी जाना जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का बलिदान दिवस पाठ्यक्रम में शामिल होगा। इससे आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा लेंगी। उन्होंने कहा कि हर साल 27 दिसंबर को साहिबजादा दिवस को स्कूलों में उत्सव और उल्लास के साथ मनाया जाए। इस बारे में बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूलों में वाद विवाद प्रतियोगिता भी कराएं।

उन्होंने कहा कि पहले दिसंबर क्रिसमस त्योहार के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब साहिबजादा दिवस के रूप में पहचाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें रविवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित सिख समाज के कार्यक्रम में कहीं। सिख समुदाय के 10वें गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए पहली बार मुख्यमंत्री आवास पर साहिबजादा दिवस का आयोजन किया गया था। साहिबजादा दिवस पर मुख्यमंत्री आवास गुरुवाणी कीर्तन से गुंजायमान रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक समरसता और सद्भावना की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सीएम आवास पर साहिबजादा दिवस का आयोजन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश के इतिहास की बात होती है तो सिखों का इतिहास उससे अलग नहीं हो सकता। स्कूलों में बच्चों को गुरु पुत्रों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान के बारे में बताया जाना चाहिए। सही मायनों में साहिबजादा दिवस बच्चों के लिए बाल दिवस के रूप में होना चाहिए। इससे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम सिख इतिहास को पढ़ते हैं, तो जिस कालखंड में विदेशी आक्रमणकारियों ने देश पर हमला किया, तब खालसा पंत देश की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। खालसा पंथ की स्थापना ने यह स्पष्ट संदेश दिया था कि वह धर्म और भारत को बचाने के लिए ही है।

गुरु तेग बहादुर ने भी कश्मीर और दिल्ली में हिंदुओं को बचाने के लिए अपना बलिदान दिया था। गुरु पुत्रों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि भारत, भारतीयता, हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार पुत्रों ने अपने आपको बलिदान कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि गुरबाणी के इस कीर्तन के साथ हम सबका जुड़ना देश और धर्म के प्रति अपने कर्तव्य का बोध ( शेष पेज 9 )

# किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- भूमि अधिग्रहण के विरोध में भट्टा-पारसौल आंदोलन का मामला

**भूमि** अधिग्रहण के बेहद चर्चित मामले में किसानों के खिलाफदर्ज दो केस योगी आदित्यनाथ सरकार वापस लेने की तैयारी में है। मुकदमों को वापस लेने के योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपनी हरी झंडी भी दे दी है।

इसका लाभ तीन दर्जन से अधिक किसानों को मिलेगा। प्रदेश में गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा के भट्टा पारसौल गांव में जमीन अधिग्रहण के विरोध में सात मई 2011 को पुलिस और किसानों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। जिसमें दो किसान और दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी। अब प्रदेश सरकार इसी प्रकरण में किसानों पर दर्ज दो मुकदमे वापस ले रही है। जेवर से भाजपा के विधायक धीरेंद्र सिंह ने पिछले दिनों सरकार से मुकदमे वापस लेने की मांग की थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने राज्यपाल से मुकदमा वापस लेने की सिफारिश की थी। मुकदमे गौतमबुद्धनगर की दनकौर कोतवाली में दर्ज हुए थे। इनमें तीन दर्जन से अधिक किसानों को पुलिस की ओर से आरोपी बनाया गया था। भट्टा पारसौल आंदोलन के बाद किसानों के खिलाफ लूट, अपहरण, बलवा, डकैती, आगजनी ए अवैध हथियारों का प्रयोग, सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, हत्या का प्रयास और हत्या जैसे आरोपों में 20 मुकदमे दर्ज थे।

जिन मुकदमों को वापस लेने की अनुमति राज्यपाल ने दी है, वह दनकौर कोतवाली में दर्ज थे। इन मुकदमों में तीन दर्जन से अधिक किसान आरोपी बनाए गए थे। किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्राम भट्टा व पारसौल के किसानों ने मई 2011 में अपनी जमीनों का मुआवजा बढ़ाने के लिए आंदोलन किया था। प्रदर्शन के दौरान ही आंदोलनरत किसानों ( शेष पेज 9 )

# गैर कृषि भूमि घोषित करने के लिए चहारदिवारी की अनिवार्यता अब खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** के युवा ग्रामीण क्षेत्रों में खुद की फैक्ट्री लगाएं और उसमें लोगों को रोजगार दें। इस सोच के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य में लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए एक साथ कई मोर्चे पर कार्य कर रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री जहां युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरु कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफउन्होंने कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि घोषित करने के लिए वर्षों से लागू एक अव्यवहारिक क़ानून को एक झटके में खत्म कर दिया है। अब प्रदेश में कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि घोषित करने के लिए चहारदिवारी की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। यूपी को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में इस कानून के खात्मे को एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। इस एक कानून के खत्म होने से अब राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा आसानी से अपनी फैक्ट्री स्थापित कर लोगों को रोजगार मुहैया करा सकेंगे। इस कानून के खत्म होने से प्रदेश के औद्योगिकीकरण में तेजी आयेगी। ईज ऑफ ( शेष पेज 9 )

# कांग्रेस को जनवरी-फरवरी में मिलेगा पूर्णकालिक अध्यक्ष

- पार्टी डेलीगेट की सूची अपडेट करने का काम अंतिम चरण में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** पार्टी का नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी जोरों पर चल रही है। अध्यक्ष का चुनाव डिजिटल बैठक में इलेक्टोरल कॉलेज प्रक्रिया के जरिए आगामी जनवरी-फरवरी में होगा। इसके लिए प्रतिनिधियों की सूची को अपडेट करने का काम अंतिम चरण में है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि सीईए लगभग 1500 एआईसीसी प्रतिनिधियों की मतदाता सूची तैयार कर रहा है।

पहली बार डिजिटल चुनाव कराने की योजना बनाई जा रही है। अध्यक्ष पद का कार्यकाल केवल दो साल का होगा। पांच सदस्यीय सीईए का नेतृत्व मधुसूदन मिस्त्री कर रहे हैं। राजेश मिश्रा, कृष्णा बायर गौड़ा, एस जोथिमनी और अरविंदर सिंह लवली इसके सदस्य हैं। लवली उन 23 नेताओं में षामिल हैं जिन्होंने इस साल अगस्त में सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में पूर्ण बदलाव करने और 135 साल पुराने संगठन को लगातार हो रहे पतन से बचाने के लिए पूर्णकालिक नेतृत्व की मांग कर रहे हैं। पार्टी जनवरी के पहले सप्ताह में आंतरिक चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकती है।

सीईए के सूत्रों ने कहा कि पैनल दिसंबर के अंत तक कार्यक्रम का ऐलान करने की तैयारी कर रहा था लेकिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने के प्रयास चल रहे हैं। इसमें देरी के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया। एआईसीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी लगभग एक सप्ताह के लिए रविवार से इटली दौरे पर रहेंगे। इस कारण भी देर हो सकती है। सीईए के सूत्रों ने कहा कि हम जनवरी के पहले सप्ताह में बैठक करेंगे और कार्यक्रम को अंतिम रूप देंगे। इसके बाद पार्टी के सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक होगी ( शेष पेज 9 )

# संकट से सबक सीख हमने अपनी क्षमताओं का किया विकासः मोदी

- देशवासी नए साल में भारत में बने उत्पादों के इस्तेमाल का लें संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मन की बात



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 72वें और इस वर्ष के अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के अंतिम संस्करण 'मन की बात' में कहा कि लोग 'हर आपदा में नया सबक' लेते हैं और कोरोना वायरस महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया में सप्लाई चेन बाधित हो गई तो हम 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़े।

पीएम ने देशों में शेरों, बाघों और तेंदुओं आबादी में बढ़ोतरी की 'दिलचस्प खबर' भी साझा की। मोदी ने देशवासियों से अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले विदेश में निर्मित वस्तुओं के विकल्प के रूप में मौजूद भारतीय उत्पादों को अपनाने की अपील की और कहा कि उन्हें देश के लिए इसे नव वर्ष के संकल्प के तौर पर लेना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने निर्माताओं तथा उद्योग जगत से विश्वस्तरीय उत्पाद बनाना सुनिश्चित कर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में मजबूत कदम आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया।

'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को लेकर नागरिकों के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल आज घर-घर में गूंज रहा है। ऐसे में अब यह सुनिश्चित करने का समय है कि हमारे उत्पाद विश्वस्तरीय हों। उन्होंने कहा कि लोग अब भारत में बने उत्पादों की ( शेष पेज 9 )

## किसानों ने थालियां बजाकर दर्ज कराया अपना विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**किसानों** ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के दौरान थालियां और बर्तन बजाकर केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। रविवार को दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों को बर्तन बजाते और पीएम तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देखा गया। कड़ाके की ठंड में आंदोलनरत किसान 29 दिसंबर को उनके द्वारा दिए गए बातचीत के प्रस्ताव पर सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि जैसा पीएम ने कहा था कि कोरोना थाली बजाने से भागेगा, उसी तरह किसान भी थाली बजा रहें हैं ताकि कृषि कानूनों को ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,973 | |
| निफ्टी | 13,749 | |
| सोना | 49,624 | /10g |
| चांदी | 66,954 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ईडी ने राउत की पत्नी से पूछताछ के लिए समन भेजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को पीएमसी बैंक धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 29 दिसम्बर को तलब किया है। यह जानकारी अधिकारियो ने रविवार को दी। वर्षा राउत को मुंबई में केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। यह उनको पेश होने के लिए जारी तीसरा समन है, इससे पहले वह दो बार स्वास्थ्य आधार पर एजेंसी केसमक्ष पेश नही हुई है। पूछताछ के लिए उन्हें समन धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। आधिकारिकसूत्रों ने दावा किया किईडी वर्षा राउत से उस राशि की रसीद के बारे में पूछताछ करना चाहता है जिसका कथित तौर पर बैंकसे गबन किया गया था।

# मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता 31 मार्च तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** सड़क परिवहन मंत्रालय ने रविवार को ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इससे पहले 30 मार्च 2020, नौ जून 2020 और 24 अगस्त 2020 को मोटर वाहन कानून, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 से संबंधित दस्तावेजों की वैधता के संबंध में परामर्श जारी किया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कोविड-19 के प्रकोप के मद्देनजर डीएल, आरसी, परमिट आदि वाहनों के दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस ( शेष पेज 9 )

# नीतीश के भरोसेमंद आरसीपी सिंह संभालेंगे जदयू की कमान

भाषा। पटना



**नौकरशाह** से नेता बने आरसीपी सिंह अब जनता दल (यूनाइटेड) की कमान संभालेंगे। राम चंद्र प्रसाद सिंह को आमतौर पर आरसीपी सिंह के नाम से जाना जाता है। सिंह बतौर पार्टी अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्थान लेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वासपात्र आरसीपी सिंह को रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) का नया अध्यक्ष चुना गया।

पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कुमार ने शीर्ष पद के लिए सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया, जिसका अन्य सदस्यों ने अनुमोदन किया। मुख्यमंत्री को 2019 में तीन वर्षों के लिए जद (यू) का अध्यक्ष चुना गया था। हालांकि, उन्होंने राज्यसभा के सदस्य सिंह के लिए यह पद छोड़ दिया। सिंह पहले नौकरशाह थे, जो बाद में नेता बने और अब तक वह इस क्षेत्रीय दल के महासचिव (संगठन)थे। वर्ष 1984 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी रहे आरसीपी सिंह, उस समय से नीतीश कुमार के साथ जुडे हुए हैं, जब वह तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेई सरकार में रेल मंत्री हुआ करते थे।

जब कुमार बिहार की राजनीति में लौटे और वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बने तो सिंह भी अपने गृह प्रदेश में आ गए और उन्हें मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया।

# कड़ाके की ठंड से होगी नए साल की शुरुआत

राजेश कुमार। नई दिल्ली



**नए** साल की शुरुआत कड़ाके की सर्दी के साथ होगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो सप्ताह तक उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में भीषण ठंड पड़ने की संभावना है। साथ ही शीतलहर चलेंगी और घना कोहरा भी परेशान करेगा।


रविवार को पंजाब और उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सर्द व शुष्क उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण 28 से 30 दिसंबर के बीच पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से भीशण शीतलहर की चपेट में रहने की संभावना है। इस सप्ताह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 4 से पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। दिसंबर के अंत तक यहां पारा तीन डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने की उम्मीद है। दिल्ली में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दो साल से तापमान लगभग 2.5 डिग्री सेल्सियस के सबसे निचले स्तर तक गिरा है। वर्श 2015 से 2017 के बीच दिसंबर में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे कभी नहीं गिरा। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष प्रशांत महासागर के ऊपर मजबूत ला नीना की स्थिति ही ठंड बढ़ने का प्रमुख कारण है। विभाग का कहना है कि सप्ताहंत तक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पहुंच रहा है। इस कारण सोमवार तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बड़े ( शेष पेज 9 )

## शिमला में हुई मौसम की पहली बर्फबारी

**शिमला।** शिमला में रविवार को इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई जिससे पर्यटकों के चेहरे खिल गए जो क्रिसमस और नववर्ष मनाने के लिए बड़ी संख्या में यहां आए हैं। हल्की बर्फबारी रात करीब सवा नौ बजे मॉल रोड, जाखू, छोटा शिमला और शहर के अन्य हिस्सों में शुरू हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। केलोंग, कल्पा और मनाली सहित राज्य में कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम केंद्र, शिमला के निदेशक मनमोहन सिंह ने कहा कि लाहौल-स्पीति का प्रशासनिक केंद्र केलोंग राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.6 ( शेष पेज 9 )

# धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई समस्या न हो: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● सभी नोडल अधिकारी किसानों को सहूलियत प्रदान करने के दृष्टिगत रणनीति तैयार करें, क्रय केन्द्रों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में स्थापित किए गए धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि उन्हें कोई समस्या हो, तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी किसानों को सहूलियत प्रदान करने के दृष्टिगत रणनीति तैयार करें। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर धान क्रय की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य मुख्यालय से प्रदेश के सभी जनपदों को भेजे गए नोडल अधिकारी इस बात की समीक्षा करें कि सभी जनपदों में जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, अपर जिलाधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, उप जिलाधिकारियों,उप पुलिस अधीक्षकों, नायब तहसीलदारों, निरीक्षकों द्वारा किसान संगठनों से संवाद स्थापित किया गया है अथवा नहीं। इसकी रिपोर्ट मंगलवार तक शासन को उपलब्ध कराई जाए। जिन जनपदों में कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं, उन जनपदों में जिलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद किसान का धान हर हाल में खरीदा जाए। धान क्रय केन्द्रों पर बोरों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की जाए। धान क्रय केन्द्र पर किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कराने की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता से किसानों के साथ खड़ी है। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जेलों में बने काउ कोट पर पीएम ने थपथपायी योगी की पीठ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम ने पीएम को दिया धन्यवाद, कहा इस चर्चा से लोगों को मिलेगी प्रेरणा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पौने चार साल के कार्यकाल में जेलों की सूरत और सीरत बदल दी है। उसी का नतीजा है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कौशाम्बी की जेल में ठंड से गायों को बचाने के लिए पुराने कंबलों से बनाए जा रहे काउ कोट की चर्चा मन की बात कार्यक्रम में की, जिस पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को सुनना दिव्य अनुभूति प्रदान करता है। आज आपके द्वारा गो माता को ठंड से बचाने के लिए कौशांबी जेल के कैदियों द्वारा तैयार किए जा रहे कोवकोट की चर्चा से अनेक लोग प्रेरित होंगे।

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कुछ इसी प्रकार के नेक प्रयास, उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में भी किए जा रहे हैं। वहां जेल में बंद कैदी, गायों को ठंड से बचाने के लिएए पुराने और फटे कंबलों से कवर बना रहे हैं। इन कंबलों को कौशाम्बी समेत दूसरे जिलों की जेलों से एकत्र किया जाता है। आइए, दूसरों की देखभाल के लिए सेवा भाव से भरे इस प्रकार के प्रयासों को प्रोत्साहित करें। यह वास्तव में एक ऐसा सत्कार्य है, जो समाज की संवेदनाओं को सशक्त करता है।

डीजी जेल आनंद कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में जेलों में कई नवाचार किए गए हैं। कौशाम्बी जेल का पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उल्लेख किया। हम सभी के लिए यह गर्व का क्षण है। वाराणसी, सीतापुर और आगरा सहित कई जेलों में गोशालाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा उरई, बाराबंकी, लखीमपुर और कानपुर देहात में चल रहे गोशालाओं में बंदियों को गो सेवा से जोड़ने के लिए योजना बनाई जा रही है। जिसे जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।

कौशांबी जेल के अधीक्षक बीएस मुकुंद ने बताया कि काऊ कोट के निर्माण के लिए उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा मिली थी। सीएम योगी ने निराश्रित गायों के लिए आह्वान किया था। उसी सोच के आधार पर फटे पुराने कंबलों को सिलकर बुनकर कैदियों ने तैयार किया है। काऊ कोट की मजबूती और सुंदरता के लिए बाहर से प्लास्टिक खरीदकर उसमें लगवाई जाती है, जिसमें करीब 110 से 115 रुपए का खर्च आता है।

वर्तमान में प्रदेश की 15 जेलों केंद्रीय कारागार बरेली, केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार बाराबंकी, केंद्रीय कारागार फतेहगढ़, आदर्श कारागार लखनऊ, जिला कारागार बरेली, जिला कारागार उन्नाव, केंद्रीय कारागार आगरा, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार सुल्तानपुर, जिला कारागार सीतापुर, जिला कारागार आगरा, जिला कारागार कासगंज, जिला कारागार चित्रकूट और जिला कारागार आजमगढ़ में गौशालाएं संचालित हैं। इनमें कुल 835 गोवंश हैं। इन गोशालाओं में दुग्ध उत्पादन और इनके गोबर से कृषि कार्य के लिए कंपोस्ट खाद निर्माण किया जाता है। ये सभी गोशालाएं बंदियों की सेवा और उनके द्वारा संचालित सोसाइटी के अधीन कार्य कर रही हैं। इनसे उत्पादित दूध कारागार में बंदियों के उपयोग में लिया जा रहा है।

सालभर का लेखा जोखा

## ट्विटर पर नसीहत, शिकायत, सुझाव देने में बीता बसपा प्रमुख का साल



**लखनऊ।** राजनीतिक लिहाज से बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए साल 2020 कुछ खास नहीं रहा। बसपा सुप्रीमो का पूरा साल ट्विटर पर नसीहत, शिकायत, सुझाव देने में बीता। साल 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हुए उपचुनाव में बसपा को मुंह की खानी पड़ी। हर बार पार्टी के अंदर ओवरहालिंग और समीकरण बनाने के प्रयोग भी कोई चमत्कार नहीं कर सके।

राजनीतिक दृष्टि से वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद से बसपा का कॅरियर डांवाडोल रहा है। पार्टी से बड़े नेताओं के जाने का जो सिलसिला चला, पार्टी अभी तक उसका खामियाजा भुगत रही है। यह बात दीगर है कि पार्टी सुप्रीमो और नेता इसको सार्वजनिक तौर पर भले ही स्वीकार न करें पर इस टीस से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उपचुनाव में मिली हार के बाद पार्टी का प्रदेश में चेहरा भी बदल दिया गया। यहां तक कि कोआर्डिनेटर तक बदल दिए गए। साल में अधिकांश समय दिल्ली में रहकर पार्टी की समीक्षा कर रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती को अब किसी चमत्कार की जरूरत है। फिलहाल, एक समय में सोशल मीडिया से परहेज करने वाली मायावती पूरे साल अपनी बात ट्विटर के जरिये ही सबके सामने रखा है।

## उद्योगों की स्थापना के साथ बड़ी संख्या में मिला लोगों को रोजगार: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देकर अनेक उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं और बहुत ही सार्थक व उत्साहजनक उपलब्धियां हासिल की गई हैं । भारी संख्या में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना कराकर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है ।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट 2018 में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों द्वारा 284 एमओयू हस्ताक्षरित करते हुए उद्योगों की स्थापना के लिए 15182.54 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश की इच्छा व्यक्त की गई है जिसमें से 164 उद्यमियों द्वारा प्रदेश में पूंजी निवेश प्रारंभ कर दिया गया है इनमें से 123 व्यवसायिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है । 11 व्यवसायिक उत्पादन हेतु तैयार हो चुकी है और 30 में निर्माण कार्य चल रहा है।

प्रथम ग्राउंड बेकिंग समारोह के पश्चात 14 एमओयू में से 13 इकाइयों ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है एजिसमें लगभग 3524.57 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ है। इसमें लगभग 28 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं 88 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है। द्वितीय ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में ज्योति ग्राउंड दीवारों में खाद्य प्रसंस्करण की 42 परियोजनाओं में से 27 में व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है। जिनमे 3064.55 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ है और कुल पूंजी निवेश 3565.03 करोड़ रुपए प्रस्तावित है, इससे लगभग 25 हजार प्रत्यक्ष एवं 76 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। एमओयू के तृतीय चरण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की 225 इकाइयां है जिनसे 11209.16 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश प्रस्तावित है, इनमें से 83 ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है। 8 व्यावसायिक उत्पादन हेतु तैयार हैं और 22 मे निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 89 हजार प्रत्यक्ष एवं 280 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो रहा है । प्रदेश सरकार के प्रयासों से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत 45 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना प्रस्तावों के माध्यम से प्रदेश में लगभग 1054.77 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है, जिनमें एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा तथा प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को अधिकतम अवस्थापना सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

## कई बूथों पर मनाई गई अटल जयंती, सुनी गई मन की बात

**लखनऊ।** बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा 27 दिसंबर को बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना गया। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सरकार में मंत्री स्वाती सिंह एवं महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला ने सरोजनीनगर विधानसभा में 141 नम्बर बूथ के अध्यक्ष वैभव सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंडल प्रभारी श्वेता सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा के साथ जरूरतमंदो को कंबल वितरित कर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बटलर पैलेस कालोनी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में कानून मंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं एमएलसी विजय बहादुर पाठक, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं मध्य विधानसभा के अंतर्गत गोमती रिवर फ्रंट पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक, सुभाष यदुवंशी, प्रदेश मंत्री संजय राय मौजूद रहे। संयोजक लखनऊ महानगर के महामंत्री दीप प्रकाश सिंह और खुर्शीद आलम ने बताया इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम को लेकर आम जनमानस में भी उत्साह दिखाई दिया।

## देश, समाज व संस्कृति के प्रति दायित्वों की प्रेरणा देता है मन की बात कार्यक्रम: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अटल बिहारी** बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बीजेपी ने तीन दिवसीय श्रद्धांजलि पर्व में स्वच्छता सहित विभिन्न सेवा कार्यो के माध्यम से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। 25 से 27 दिसम्बर तक बूथस्तरीय कार्यक्रमों के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जन-जन के सरोकार की बात से की गई। मन की बात को बूथ पर सुनने के लिए के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल, सेक्टर तथा बूथ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लखनऊ के बूथ संख्या 450 सरसवां अर्जुनगंज में पार्टी के जिला, मण्डल, सेक्टर, बूथ के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मन की बात को सुना। इससे पूर्व स्वतंत्र देव सिंह ने अटल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही गरीबों को कम्बल भी वितरित किये। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात हम सभी को देश, समाज तथा संस्कृति के प्रति दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा देती है। जहां प्रधानमंत्री देश के प्रत्येक नागरिक की उपलब्धि को मन की बात के माध्यम से जन-जन से जोड़ते हैं वहीं देशवासी प्रधानमंत्री के अवाहन से जन-गण का मन मिलाकर देश को सजाने, संवारने के साथ ही उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए जुट जाते हैं। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में आमजनमानस ने भी सहभागिता की।

## औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में बिछेगा प्राकृतिक गैस का नेटवर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भूमि की गई चिन्हित

● सीएनजी आपूर्ति के लिए यूपीसीडा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी को देगा सहयोग



**यूपी में** तेजी से विकसित होते हुए उद्योगों तथा मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश के दृष्टिगत् राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण एवं उद्योगों को सुरक्षित ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी की आपूर्ति के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में प्राकृतिक गैस के नेटवर्क के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए अधिकृत गैस कम्पनियों को इन प्राधिकरणों द्वारा अनुमति व सुविधा प्रदान करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को सुरक्षित ईंधन की आपूर्ति एवं पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी तथा यातायात पर भी दबाव कम होगा। एसीएस व आईडीसी आलोक कुमार ने बताया कि पाइप्ड नेचुरल गैस के नेटवर्क के विकास के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सथरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण, लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण को गैस कम्पनियों को सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि पीएनजी सुरक्षित होने के साथ ही सस्ती भी पड़ती है क्योंकि भण्डारण और परिवहन के व्यय की बचत होती है। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उक्त औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को जारी शासनादेश में नगर विकास विभाग द्वारा खुदाई एवं पुनर्स्थापन नीति के अन्तर्गत् पेट्रोलियम नेचुरल गैस रेग्यूलेटरी बोर्ड द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए अधिकृत गैस कम्पनियों को अनुमति एवं सुविधाएं प्रदान करने का आदेश दिया गया है। खुदाई एवं पुनर्स्थापन नीति के अन्तर्गत् गैस आपूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन डालने में ऐसी तकनीकों का उपयोग करने की अनुमति दी गई है जिससे यातायात एवं सामान्य कार्यकलापों में बाधा न पड़े। गैस पाइपलाइन बिछाने अथवा पिट या चैम्बर की स्थापना की अनुमति से पूर्व कम्पनी को बैंक गारण्टी जमा करनी होगी। कम्पनी द्वारा की गई खुदाई एवं पुनर्स्थापना का कार्य संतोषजनक होने पर अनापत्ति-प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा तथा इसके एक माह के भीतर बैंक गारण्टी वापस कर दी जाएगी। आलोक कुमार ने बताया कि इसी प्रकार परिवहन के लिए वाहनों में प्रदूषण रहित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रमुख राजमार्गों को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर में परिवर्तित करने के कार्यक्रम के तहत यूपीसीडा को निर्देश दिए गए हैं कि प्राधिकरण अपने क्षेत्र में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी को आवश्यक सुविधाएं स्थापित करने में सहयोग प्रदान करे। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बिल्हौर में 4875 वर्गमी भूमि चिन्हित की गई है। नगर विकास विभाग द्वारा प्रदेश के 15 प्रमुख नगरों में 1525 सीएनजी बसें संचालित करने का निर्णय किया गया है जबकि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए लगभग 37 गैस कम्पनियों को अधिकृत किया गया है।

## सत्ता के अहंकार में भाजपा कर रही किसानों का अपमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में भाजपा किसानों व देश के हर नागरिक की थाली का भी अपमान कर रही है। कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन का एक महीना पूरा हो गया है। भाजपा अपने प्रिय पूंजीपति मित्रों का समर्थन करते हुए ऐसे रास्ते पर चल पड़ी है जो किसान, मजदूर एवं निम्न मध्यम वर्ग के खिलाफ जाता हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि कैसी विडम्बना है कि एक ओर तो भाजपा सरकार की ओर से आंदोलनकारी किसानों के बारे में तमाम अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं जबकि उनसे वार्ता की भी पेशकश की जा रही है। यह अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठे किसानों का अपमान है। किसान सम्मान की नाममात्र धनराशि देने की आड़ में काले कृषि कानून लागू कर उनका हजारो-लाखों का नुकसान करना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश-प्रदेश में जबसे भाजपा सरकारें बनी हैं किसानों के लिए संकट के हालात बन गए हैं। किसानों को फसल का उचित दाम नहीं मिला। फसल बीमा योजना भी बीमा कम्पनियों की कारगुजारियों का शिकार बन गई है। वस्तुतः यह किसान आंदोलन भाजपा सरकार की विफलता का जीवंत स्मारक है। समाजवादी पार्टी अन्नदाता के साथ खड़ी है।

तारीख पेशी– 13/1/2021
एस0सी0जे0 फार्म नं0 33, भाग 7
हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान सदर जिला सीतापुर
वाद संख्या T202010640202916 सन् 2020 ई0 वादी
अमित श्रीवास्तव बनाम श्रीमती ज्ञानवती आदि प्रतिवादी
(1) सरदार सूरत सिंह पुत्र सरदार रामसिंह निवासी पुलिस लाइन सीतापुर।
(2) ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत इलसिया ग्रन्ट परगना, तहसील सदर, जिला सीतापुर
चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय मैंने यह आवेदन किया कि धारा 116 उ0प्र0 रा0स0 606 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 13.1.2021 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वाहन में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनिर्विष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज – 26/12/2020 के दिवस को निकाली गई है।
न्यायाधीश

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरे मकान नं0 A-1608 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता का कब्जा लैटर जिसकी मूलप्रति दि0 26.10.2020 को कहीं खो गई है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। रश्मि सचान पत्नी अनूप कुमार

सूचना

शपथ कर्ता राजेश कुमार सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह निवासी लाल राजेंद्र नगर आलमपुर रोड लालगंज रायबरेली में निवास करते हैं। शपथ कर्ता आर्मी विभाग में हवलदार के पद पर नौकरी करते थे जिसका आर्मी नंबर 14608639X हवलदार आर मोरर के पद पर कार्यरत थे इनकी पत्नी श्रीमती नीता सिंह की जन्म तिथि 08–07–1969 सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है त्रुटि बस आर्मी विभाग के समस्त काग जातो पर 06–07–1969 दर्ज हो गई है जो कि गलत है। शपथ कर्ता की पत्नी नीता सिंह की जन्म तिथि 08–07–1969 को समस्त आर्मी विभाग के कागजातो पर दर्ज किया जाए। और इसी को सही पढ़ा जाए।

## खेल से हमारे जीवन में अनुशासन आता है: राज्यपाल

● राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 का समापन, सम्मानित हुए विजयी खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन में 20 दिसम्बर से चल रही राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 के समापन अवसर पर आज विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इन हाउस राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 में क्रिकेट, वालीबॉल, वालीबॉल शूटिंग, बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, ट्राफी दौड़, जूडो, जूडो रेस, म्यूजिकल चेयर, मटका दौड़, रस्सा कसी, बैलून गेम, क्रिकेट बाल थ्रो, लेमन एण्ड स्पून रेस तथा बच्चों की जलेबी रेस का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में कुल 323 प्रतिभागियों ने सहभाग किया। यह खेल प्रतियोगिता गत वर्ष से राज्यपाल की प्रेरणा से आयोजित हो रही है। पुरस्कार वितरण के बाद अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चों से लेकर राजभवन की महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी अपनी खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल एवं व्यायाम से हमारा तन एवं मन स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे जीवन में अनुशासन तथा मिलकर कार्य करने की भावना का संचार होता है। प्रदेश के खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने राजभवन में हुई खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमेशा होती रहनी चाहिए।

कार्यालय नगर पंचायत भानपुर-बस्ती।

पत्रांक–20(3)/न0प0भा0/2020–21 दिनांक 26.12.2020

निविदा सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण तथा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में नगर पंचायत भानपुर, बस्ती में राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जलौनी लकड़ी व कम्बल क्रय किये जाने हेतु मोहरबन्द निविदा दिनाँक 2.1.2021 समय 2:00 बजे तक कार्यालय एल0बी0सी0 पटल बस्ती पर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 03:00 बजे निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कलेक्ट्रेट, बस्ती महोदय के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। कार्य का विवरण निम्नवत है। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 1–1–2021 को कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती एल0बी0सी0 पटल पर कार्यालय समय पर की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलाव हेतु जलौनी लकड़ी आपूर्ति | 495000.00 | 10000.00 | 200.00 | 3 माह |
| 2 | कम्बल आपूर्ति निराश्रित वृद्ध विधवा, विकलांगजनों को निःशुल्क वितरण हेतु ऊनी कम्बल साइज 3.20 फीट लम्बा, तीन सूत मोटा, वजन 2.10 किग्रा0 की आपूर्ति। | 400000.00 | 10000.00 | 200.00 | 1 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भानपुर,
जनपद–बस्ती

प्रभारी अधिकारी,
स्थानीय निकाय कलेक्ट्रेट, बस्ती
जनपद–बस्ती

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# विदेश से आने वालों का करवाएं आरटीपीसीआर टेस्टः योगी

कोरोना के नए स्वरूप के दृष्टिगत टेस्टिंग के नए उपकरण मंगा लिए जाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने यूके, फ्रांस व अन्य देशों से प्रदेश आने वालों का पता लगाकर उनका आरटीपीसीआर टेस्ट करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें क्वारंटीन किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए स्वरूप के दृष्टिगत टेस्टिंग के नए उपकरण मंगा लिए जाएं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेशों से आए लोगों की सूची बनाकर उनकी टेस्टिंग सुनिश्चित कराई जाए। टेस्टिंग का परिणाम आने तक ऐसे व्यक्तियों को नियमानुसार होम आइसोलेशन में रखा जाए। उन्होंने कोविड.19 की रिकवरी दर को बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिकवरी दर में वृद्धि के लिए कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड चिकित्सालयों में औषधियों, मेडिकल उपकरण तथा आक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता प्रत्येक दशा में बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आहूत कर कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तय करें। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ चिकित्सक कोविड वॉर्ड में नियमित राउण्ड लें, इससे मरीजों को बेहतर उपचार सुलभ होगा।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचि व वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में 199, सूबे में मिले कोरोना के 959 नए केस

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी में कोरोना वायरस के मरीज कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जबकि रविवार को सूबे में संक्रमित मरीजों की संख्या तिहाई तक सिमट गई। राजधानी में कोरोना के 199 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 959 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 15371 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 2854 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8306 मरीजों की और राजधानी में 1104 की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8127 लोगों के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर में 21, गोमती नगर में 23, गुडंबा में 10, कैंट में 13, जानकीपुरम में 14, आलमबाग में 10, रायबरेली रोड में 13, आशियाना में 12 पाजिटिव रोगी पाये गये। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 106 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 106 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 40 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 66 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## शराब के नशे में पत्नी की काटी गर्दन, हालत गंभीर

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके के बड़ा भरवारा में रविवार शाम को शराब के नशे में घर पहुंचे पति ने महिला पर बांके से हमला बोल दिया। जिसमें महिला बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से खून से लथपथ महिला को फौरन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पति अमित कुमार मूल रूप से सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर पारस पट्टी का रहने वाला है। साथ ही पत्नी गीता के साथ स्थानीय स्तर पर विभूतिखंड इलाके के बड़ा भरवारा में रहता था। वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रविवार शाम करीब 5 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा तो पत्नी ने विरोध शुरू कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत आ गई। इस दौरान आरोपी हमलावर हो गया। साथ ही बांके से गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिसमें महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने महिला को फौरन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी अमित पत्नी पर शक करता था। जिसको लेकर आए दिन दोनों के बीच विवाद होता था।



लखनऊ की ठंडः राजधानी में दिनों दिन तेज होती ठंड के बीच नौनिहालों की यह तस्वीर खुद यहां का हाल बताती है। रविवार को हालांकि धूप निकली रही लेकिन सूर्य डूबने के बाद रोज की तरह ठंड ने और जोर पकड़ लिया और लोग ठंड से बचने के प्रयास में लगे रहे। इस दौरान लखनऊ के कई क्षेत्रों में लोगों ने अलाव का भी सहारा लिया।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 1.62 करोड़ हड़पे

कोर्ट के आदेश पर जनकल्याण एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के अध्यक्ष समेत सात लोगों के खिलाफ मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाल** विकास एवं पुष्टाहार में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर जनकल्याण एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने 23 लोगों से करीब 1.62 करोड़ रुपये हड़प लिए। नौकरी न मिलने पर जब पीड़िता ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने परिवार के साथ मिलकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मड़ियांव पुलिस ने भी पीड़िता कोई मदद नहीं की। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने संस्था के अध्यक्ष समेत सात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि सिमरा गौढ़ी, आईआईएम रोड निवासी मीनाक्षी मिश्रा अपने मकान में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। ब्यूटी पार्लर में एक ग्राहक कंचन गुप्ता भी आती थी। कंचन जनकल्याण एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान में काम करती थी। मीनाक्षी ने बताया कि कंचन ने उसे संस्था से जुड़ने व उसके फायदे बताए। संस्थापक–अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव से मुलाकात के बाद उसने पांच हजार रुपये में संस्था की सदस्यता ले ली। बाद में आरोपी के कहने पर ब्यूटी पार्लर बंद करके दुकान में संस्था का कार्यालय खोल लिया। फिर उसे संस्था का राष्ट्रीय परियोजना प्रमुख बना दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे बाल विकास एवं पुष्टाहार में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उसने बताया कि उसकी दूसरी पत्नी बाल विकास एवं पुष्टाहार में परियोजना अधिकारी है। झांसे में आकर पीड़िता ने सात लाख रुपये आरोपी को दे दिए। इसके बाद आरोपी ने अन्य लोगों को भी सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीड़िता ने अपने परिचित 22 लोगों से करीब एक करोड़ 62 लाख रुपये दिलवा दिए। कुछ दिन बाद आरोपी ने नौकरी से संबंधित फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया। कुछ समय बीतने के बाद जब पीड़िता और अन्य व्यक्तियों को नौकरी नहीं मिली। पीड़िता आरोपी घनश्याम श्रीवास्तव के मिर्जापुर शिव विहार जानकीपुरम निवास पर गई। आरोप है कि वहां घनश्याम, पत्नी सुमन, शशि, पुत्र दीपक श्रीवास्तव, बहू प्रिया सिन्हा, दिलीप श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने सभी का रुपया भी लौटाने से इनकार कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**नौकरी के नाम पर इन्होंने दिए रुपये**

संदीप दुबे से 11 लाख, शिवम दीक्षित से 12.5 लाख, सनी यादव से 11.7 लाख, आशुतोष 4 लाख, मोनिका से 4.5 लाख, रफत जहां से 8 लाख, वर्षा शर्मा से 8 लाख, अंकित मिश्रा से 14 लाख, अमित कुमार राय से 12 लाख, अंकित कुमार से 12 लाख, अतुल दीक्षित से 7 लाख, अंशु दीक्षित से 7 लाख, अलंकार दीक्षित से 7 लाख, मोहम्मद दानिश अंसारी से 3 लाख, विवेक यादव से 7.5 लाख, अभिषेक मिश्रा से 3.5 लाख, पूजा से 2 लाख, शिवानी त्रिपाठी से 7 लाख, खुशबू से 4 लाख, हिमांशु से 3 लाख, आशीष तिवारी से 4 लाख व शुभम शर्मा से 9 लाख रुपये।

## समूह बनाकर सैकड़ों लोगों से ठगी, एफआईआर दर्ज

मड़ियांव के फैजुल्लागंज क्षेत्र का मामला

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में शनिवार को समूह की संचालिका व अन्य चार पर एक युवक ने ठगी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि हनुमंत पुरम, फैजुल्लागंज निवासी जितेन्द्र तिवारी अपने परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित जितेन्द्र के अनुसार गाजीपुर बलराम, फैजुल्लागंज निवासी सरिता अपने पार्टनर करन राठौर, भाई विजेन्द्र पाण्डेय, अरविन्द कुमार पाण्डेय व बहन किरण के साथ मिलकर 20–20 लोगों के करीब 20 समूह बनाकर उनका संचालन करती थी। वर्तमान समय में इस समूह में 100 से 150 सदस्य जुड़े हुए हैं।

समूह के सदस्य पांच हजार, 10 हजार से लेकर लाख–लाख रुपये तक जमा करते थे। लोगों का भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में आरोपी बढ़े रुपये लौटाते थे। करीब चार माह से समूह के लोगों का रुपया लौटाना बन्द कर दिया। पीड़ित ने भी समूह में करीब तीन लाख रुपये जमा किये थे। समूह के लोग संचालिका सरिता पाण्डेय के घर गए तो घर में ताला लगा हुआ था। मोबाइल भी बन्द था। जानकारी करने पर पता चला कि रुपयों का हिसाब किताब उसका पार्टनर करन राठौर रखता था। कुछ दिन पहले आरोपित करन ने संचालिका सरिता की सारी सम्पत्ति अपने नाम कराकर संचालिका, उसके पति व तीन बच्चों को छिपा दिया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# शिक्षा के लिए ऑनलाइन पढ़ाई का निकला ट्रेंड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वार्षिकी

**कोरोना** संक्रमण के चलते एक तरफ जहाँ आम आदमी की रफ्तार पर ब्रेक लग गए, वहीं तकरीबन सात माह तक लगातार शिक्षण संस्थान बन्द रहे। ऐसे में शिक्षण व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकार की तरफसे पढ़ाई को जारी रखने के लिए नए उपाय किए गए और ऑनलाइन पढ़ाई का ट्रेंड निकल पड़ा। सरकार की तरफ से दूरदर्शन से लेकर स्वयंप्रभा चैनल पर कक्षाओं के प्रसारण के बीच विभिन्न एप के माध्यम से पढ़ाई कराई गई। यहाँ तक की सरकार की तरफसे यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद के सलेबस तक कम कर दिए गए।

**व्हाट्सएपग्रुप और दूरदर्शन पर लगी कक्षाएं:** कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को प्रमोट करने के साथ ही बेसिक व माध्यमिक शिक्षा में सरकार की तरफ से दूरदर्शन के माध्यम से जहाँ कक्षाओं के प्रसारण किये गए, वहीं व्हाट्सएपग्रुप और अन्य एप के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई।

**एलयू ने किया स्लेट का प्रयोग:** उच्च शिक्षा के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे ऑनलाइन पढ़ाई को लेलर स्लेट एप का अभिनव प्रयोग किया गया। इस एप को लेकर विवि को कॉपीराइट भी प्राप्त है। इसके अलावा एलयू ने अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी पढ़ाई कराई गई। इसके अलावा एलयू ने अपना काढ़ा बनाने के साथ ही सैनिटाइजर भी बनाया।

**सत्र हुए लेट, छुट्टियां की गई कम:** कोरोना संक्रमण के चलते इस बार शिक्षण संस्थानों में सत्र काफी देर से शुरू हुए। जिसको पूरा करने के लिए सरकार की तरफसे अवकाश में कटौती की गई। सत्र लेट का नतीजा रहा कि एलयू में अभी भी पीजी पहले सेमेस्टर की कक्षाएं नहीं शुरू हो सकी हैं।

**29.06 लाख शिक्षकों छात्रों का बना ग्रुप:** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने लाकडाउन अवधि में शिक्षण व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए ई ज्ञान गंगा कार्यक्रम एवं वर्चुअल स्कूल आरंभ किए। 20 अप्रैल 2020 से वर्चुअल कक्षाएं संचालित की गईं। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के 29.06 लाख ग्रुप बनाकर 67.73 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 01 मई 2020 से स्वयंप्रभा चैनल पर कक्षा 10 व 12 हेतु ई.कक्षाएं प्रारम्भ की गईं। 18 अगस्त 2020 से ई.ज्ञान गंगा कार्यक्रम कक्षा 10 और 12 हेतु दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर एवं कक्षा 9 और 11 हेतु ई.विद्या 9 एवं 11 चैनल पर पाठ्यक्रमानुसार शैक्षणिक वीडियो का प्रसारण किया जा रहा है।



**एकेटीयू ने एक वर्ष में 1288 शोध पत्र स्कोपस में किये प्रकाशित:** कोरोना संक्रमण के बीच भी एकेटीयू ने न केवल अपनी उपलब्धियां बरकरार रखीं बल्कि उनमे बढ़ोत्तरी भी दर्ज की। विवि में हो रहे शोध कार्यों की गुणवत्ता के स्तर का अंदाजा प्रकाशित हो रहे शोध पत्रों के जर्नल्स पर निर्भर करता है। पूरी दुनिया में स्कोपस, एससीआई एवं आईईईई जर्नल्स को गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशन के लिए जाना जाता है। वर्ष 2020 में विवि के द्वारा लगभग 1288 शोध पत्रों का प्रकाशन स्कोपस जर्नल्स में किया गया है। जो पिछले 5 वर्षों की अपेक्षा कहीं अधिक है। वहीं कोरोना वायरस को देखते हुए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की तरफसे जहां अपने स्टुडियो के जरिये ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई। वहीं अन्य के लिए भी कंटेंट तैयार कराये गए। इस बीच सैनिटाइजर के साथ ही कई नई तकनीकों को ईजाद किया। जिसकी सरकार ने भी सराहना की।

**डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित:** कोविड.19 महामारी के दौरान छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन पठनपाठन का कार्य सरकार की तरफसे शुरू कराया गया। लॉकडाउन के प्रथम दो चरणों में ही 15000 शिक्षकों द्वारा 9 लाख छात्र छात्राओं को आनलाइन उच्च शिक्षा उपलब्ध करायी गयी। इस दौरान यह अनुभव किया गया कि प्रदेश के ग्रामीण अंचल में निर्बाध इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिसको देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल लाईब्रेरी का सृजन किया गया है। वर्तमान में डिजिटल.लाईब्रेरी में 134 विषयों के 71 हजार से अधिक ई.कन्टेन्ट उपलब्ध हैं जिन्हें 23 विश्वविद्यालयों एवं अनेक महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए 17 वर्किंग ग्रुप गठित:** सरकार की तरफ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए 17 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं, प्रत्येक वर्किंग ग्रुप को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु एक विषय आवंटित किया गया है। प्रत्येक वर्किंग ग्रुप द्वारा स्टीयरिंग कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग में अपनी कार्य योजना प्रस्तुत किया जाता है तथा सभी के सुझाव आमंत्रित कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सात जोड़ी ट्रेनों का मार्च तक विस्तार

**लखनऊ।** रेलवे ने मुसाफिरों को राहत पहुंचाने के लिए सात जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का विस्तार मार्च तक कर दिया है। इसके पीछे रेलवे का मकसद यह है कि होली पर आवागमन करने वाले यात्री अभी से ट्रेनों में एडवांस टिकट बुक कराकर अपनी यात्रा सुनिश्चित कर सकें। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह बताते हैं कि रेलवे की इस पहल से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और उनका सफर आसान हो जाएगा।

**हरिद्वार कुंभ की ट्रेनों में आरक्षण शुरू:** रेलवे ने हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले के ट्रेनों में आरक्षण शुरू कर दिया है। इसी के मद्देनजर राप्ती गंगा को भी विस्तार दिया। 05005 गोरखपुर–देहरादून राप्ती गंगा स्पेशल 31 मार्च और 05006 देहरादून–गोरखपुर राप्ती गंगा एक अप्रैल तक चलेगी। वहीं ट्रेन 05001 मुजफ्फरपुर–देहरादून राप्ती गंगा स्पेशल 29 मार्च और 05002 देहरादून–मुजफ्फरपुर राप्ती गंगा स्पेशल 27 मार्च तक चलेगी।

## सप्ताह में तीन दिन चलेगी मथुरा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** मथुरा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को सोमवार से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की मांग पर 05117 छपरा मथुरा स्पेशल ट्रेन का संचालन 28 दिसंबर से अगले आदेशों तक सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन छपरा से 5.20 बजे रवाना होकर बादशाह नगर 12.57 बजे, ऐशबाग 1328 बजे तथा मथुरा जंक्शन 21.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05118 मथुरा छपरा स्पेशल ट्रेन 28 दिसंबर से अगले आदेशों तक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन मथुरा जंक्शन से 23.50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8.08 बजे ऐशबाग, 8.37 बजे बादशाहनगर तथा 17.05 बजे छपरा पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन का ठहराव सिवान, भाटपार रानी, भटनी, देवरिया, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मसकनवा, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, कानपुर, कानपुर अनवरगंज, कन्नौज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, कायमगंज, कासगंज, हाथरस सिटी स्टेशनों पर दिया गया है। 20 कोच की इस ट्रेन में दो एसएलआर, आठ जनरल, सात स्लीपर, दो थर्ड एसी और सेकंड एसी के कोच लगाए जाएंगे।

# चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय तक याद रहेगा यह साल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिकित्सा** के क्षेत्र में यह साल 2020 लंबे समय तक याद किया जाएगा। साल के समाप्त होने में दो से तीन दिन ही बचे हैं पर, इस साल ने न केवल आम आदमी की आय पर प्रभाव डाला बल्कि एक अदृश्य वायरस ने पूरे जन जीवन, इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट की रफ्तार रोक दी। हजारों की संख्या में लोग इस वायरस के चलते काल कवलित हो गए तो अस्पताल भी हॉट एरिया के रूप में चिन्हित हो गए। वायरस की रफ्तार को रोकने के लिए सरकारी मशीनरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिन रात एक कर दिया, जिसका परिणाम रहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला प्रदेश टॉप 3 में कभी जगह नहीं बना सका। यही नहीं कांटेक्ट ट्रेसिंग के चलते कोरोना टेस्टिंग ने भी पूरे देश में रिकार्ड कायम किया। यही नहीं मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित टीम इलेवन ने अपनी सक्रिय भूमिका अदा की। वहीं इस कोरोना काल में कई कोरोना वारियर्स भी शहीद हो गए।

### नौ मार्च को पहली महिला मरीज हुई थी चिन्हित

शुरुआत में सीमित संसाधनों के बीच किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट ने विदेश से लौटी एक महिला में कोरोना के लक्षण होने की पुष्टि की। इसके बाद प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों का सिलसिला चल निकला। तब्लीगी जमात के लोगों के चलते इसके प्रसार में काफी वृद्धि देखी गई।

### बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर ने मचाई सनसनी

9 मार्च को भारत आई बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर ने न केवल हाई प्रोफाइल पार्टी में शामिल होकर सनसनी मचाई बल्कि कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि के बाद कई राजनेताओं को क्वारंटाइन होने व जांच कराने के लिए मजबूर कर दिया। इनमें कुछ पॉजिटिव भी निकले।

### तकरीबन दो दर्जन मंत्री भी हुए पॉजिटिव

कोरोना का साया न केवल आम जनजीवन पर पड़ा बल्कि प्रदेश सरकार के दो दर्जन मंत्री के साथ ब्यूरोक्रेसी भी इसकी चपेट में आ गई। कोरोना वायरस के चलते सरकार के दो मंत्री काल के गाल समा गए। इनमें क्रिकेटर चेतन चौहान और प्राविधिक शिक्षा मंत्री रहीं कमलारानी वरुण शामिल रहीं।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित टीम इलेवन ने जहां सक्रिय भूमिका अदा की तो कोरोना वारियर्स ने निभाई अहम जिम्मेदारी

### प्रदेश सरकार के हाट स्पॉट ने रोकी रफ्तार

कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से उन इलाकों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर सामान्य आवागमन पर रोक लगा दी गई। जिसके चलते इसके प्रसार की रफ्तार पर रोक लगी। इलाकों के सेनिटाइजेशन व कांट्रेक्ट ट्रेसिंग ने ब्रेक लगाने में मदद की। अस्पतालों को एल 1, एल 2 व एल 3 की श्रेणी में बांटा गया।

### मेंटल काउंसलिंग के लिए हेल्पलाइन शुरू

वार्षिकी



कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सरकार की तरफ से लागू किये लॉक डाउन के बीच आम आदमी घरों में कैद होकर रह गए थे। ऐसे में आम आदमी के मनोस्थिति को मेंटेन रखने के लिए, सरकार ने मेंटल काउंसलिंग के लिए हेल्पलाइन शुरू की। जिससे काफी लोग लाभान्वित हुए।

### वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल की दी जिम्मेदारी

कोरोना से निपटने के लिए सरकार ने जहाँ सभी कदम उठाए, वहीं कोरोना वायरस से निपटने के लिए बनी कोविड 19 वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल की जिम्मेदारी पीजीआई और बीआरडी मेडिकल कालेज को दी। एक तरफ उपचार और दूसरी तरफअनुसंधान भी चलता रहा।

*एक ओर वैश्विक महामारी कोविड–19 की चुनौती है और दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री के विजन के रूप में देशवासियों के सामने एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। चुनौतियों से उभर कर याद रखिये आग से तपा हुआ ही खरा सोना होता है।*

**19 नवम्बर 2020 को लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन का एक अंश**

*आज पूरी दुनिया कोरोना से एक असाधारण युद्ध लड़ रही है। जब हम युद्ध की बात करते हैं तो हमारे अंदर फोर्स और हथियार की तस्वीर दिखाई पड़ती है। मगर कोरोना वायरस एक ऐसी असाधारण जंग है जिसकी फ्रंटलाइन पर भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफयोद्धाओं की भांति लड़ रहे हैं।*

**22 दिसम्बर 2020 को केजीएमयू स्थापना दिवस में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के उद्बोधन का एक अंश**

*मैं सभी देशवासियों की ओर से केजीएमयू जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के डॉक्टरों नर्सों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष धन्यवाद देता हूँ कि कोरोना का सामना करने में अग्रिम पंक्ति के योद्धा रहे हैं। इन कोरोना योद्धाओं की जितनी भी सराहना की जाए कम है। इस युद्ध में अनेक कोरोना वारियर्स ने अपनी जान गंवाई, देश इन बलिदानों का सदैव ऋणी रहेगा।*

**21 दिसम्बर 2020 को केजीएमयू दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के उद्बोधन का एक अंश**

### एक नजरः-

शुरू में मार्च में 72 टेस्ट प्रतिदिन टेस्ट करने की क्षमता थी जो अब 1 लाख 90 हजार टेस्ट प्रतिदिन है। अब तक 2,32,39,796 करोड़ कोविड 19 के टेस्ट किये जा चुके हैं। सर्विलांस के माध्यम से लगभग 14.99 करोड़ लोगों तक पहुंच कर उनका हालचाल लिया गया। इसी तरह विभिन्न एजेंसी के माध्यम से प्रदेश के लगभग 24 करोड़ जनसंख्या के 17.31 करोड़ जनसंख्या का या तो टेस्ट किया गया, या हालचाल लिया गया। 15 अप्रैल 2020 को राजधानी में कोरोना के चलते पहली मौत हुई। राजधानी में अभी तक 76359 कोरोना संक्रमित के बीच 1101 की मौत।

# राजधानी में दिखी दोनों संदिग्धों की झलक

**सुजीत पाण्डेय हत्याकांड**

● पुलिस ने जारी किए हैं दोनों संदिग्धों के स्केच

संवाददाता। मोहनलालगंज

**व्यापार मण्डल** अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड के दोनों संदिग्ध की झलक राजधानी में देखी जा चुकी है। स्केच जारी होने के बाद पुलिस को इस सिलसिले कुछ गोपनीय सूचनाएं मिल रही हैं। जिसके बाद पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। संदिग्धों के बारे में ज्यादा से ज्यादा इनपुट कलेक्ट करने के लिए पुलिस लगातार लोगों के सम्पर्क में है। वहीं पचास हजार से अधिक मोबाइल नंबर खंगालने और तकरीबन एक सौ लोगों से पूछताछ के बाद अब पुलिस कुछ रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोगों की भी नब्ज टटोल रही है।

मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय की 20 दिसम्बर को गौरा में उनके ईंट भट्ठे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डीसीपी रवि कुमार और एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत की अगुवाई में मामले की जांच कर रहीं पुलिस की आधा दर्जन टीमें अब तक दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकरीबन पचपन हजार मोबाइल नंबर का ब्योरा खंगालकर लगभग सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। हत्याकांड को आठ दिन बीतने के बाद पुलिस ने अब जांच तेज कर दी है। पुलिस की ओर से दोनों संदिग्ध के स्केच जारी होने के बाद उनके राजधानी में दिखने की गोपनीय सूचनाएं पुलिस के पास पहुंच रही हैं। जिनके आधार पर पुलिस लगातार पूछताछ कर दोनों संदिग्ध की सही लोकेशन पता लगाने की कोशिश कर रही है। इसके अतिरिक्त पुलिस घटनास्थल के आसपास इलाके के कुछ लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े कुछ लोगों की भी टोह ली जा रही है।



**दहशत में व्यापारी, सता रहा असुरक्षा का डर**

मोहनलालगंज में 16 सितम्बर 2019 को बीच बाजार दिनदहाड़े रिटायर्ड आर्मीमैन अशोक यादव की गोली मारकर हत्या और अब पिछले रविवार को हाईवे पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय हत्याकांड से इलाके के व्यापारी और जनप्रतिनिधि बेहद दहशत में है। अशोक यादव हत्याकांड की जांच पुलिस के बाद अब क्राइम ब्रांच कर रही है डेढ़ साल बीतने को है फिर भी कातिल सलाखों के पीछे नहीं पहुंच सके हैं। वहीं सुजीत पाण्डेय हत्याकांड का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है। इस तरह व्यापारी और जनप्रतिनिधियों को अपनी असुरक्षा का डर सता रहा है।

**अफसरों का दावा खुलासे के करीब पहुंच रही पुलिस**

पूर्व प्रधान और व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय हत्याकांड के खुलासे में हो रही देरी से जहां पुलिस पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं अफसरों का दावा है कि पुलिस खुलासे के काफी करीब पहुंच रही है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत ने बताया पुलिस की टीमें लगातार पूछताछ कर रही हैं। स्केच जारी होने के बाद दोनों संदिग्ध से जुड़ी कुछ सूचनाएं भी मिल रही हैं। सभी बिन्दुओं पर पड़ताल की जा रही है कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं जिनके सहारे पुलिस हत्याकांड के खुलासे के नजदीक है। सब कुछ क्लीयर होने के बाद जल्द ही हम खुलासा करेंगे।

# महापौर ने गरीबों को बांटे कंबल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर द्वारा** सेवा भारती और सीएनएसआई के सहयोग से आरडीएसओ स्थित कलंदर खेड़ा सेवा बस्ती में जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान किये गए। ठंड में कंबल पाते ही गरीबों के चेहरे खिले। रविवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने गरीबों को कंबल बांटा।

कलंदर खेडा में भारी संख्या में जरूरतमंद को कंबल आदि बांटे। सेवा भारती और सीएनएसआई के सौजन्य से आरडीएसओ स्थित कलंदर खेड़ा सेवा बस्ती में जरूरतमंदों को प्रतिव्यक्ति 2 कम्बल प्रदान करते हुए लगभग 1000 कम्बल वितरित किये। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया के साथ प्रान्त सेवा प्रमुख देवेंद्र अस्थाना, सेवा भारती के विभाग प्रमुख राजेश अग्रवाल, सह विभाग कार्यवाह बृजेश पाण्डे, सह भाग संघचालक भुवनेश्वर, शैलेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गौ सेवा के नाम पर सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोगः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को डाली बाग बहुखंडी स्थित उनके आवास पर नजर बंद कर दिया गया है। भारी पुलिस बल के बीच रविवार को बहुखंडी स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गौ सेवा के नाम पर ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा के नाम पर सरकारी धन का जबरदस्त तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाय और किसान की सुरक्षा के लिए हम पदयात्रा कर रहे हैं जिससे सरकार रोक कर अपनी तानाशाही दिखा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गायों और किसानों की बड़ी ही दुर्दशा है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गौ माता से भावनात्मक लगाव है। अजय कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दमन की राजनीति हो रही है यही कारण है कि मुझे घर से बाहर जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अस्थि कलश को चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में ले जाकर विसर्जित करना चाह रहा हूं लेकिन सरकार करने नहीं दे रही है।



**अतुल बने ब्लॉक अध्यक्ष**

**बख्शी का तालाब।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ लल्लू ने अतुल शुक्ला को बीकेटी ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। रविवार को उन्होंने इसका पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री ही पशुधन घोटाले में सम्मिलित हैं। प्रदेश में गाय पालकों व किसानों के साथ जबरदस्त तरीके से अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गाय ठंड में ठिठुर रही है उसका कोई देखने वाला नहीं है। लल्लू ने कहा कि जब कांग्रेस इसके लिए आवाज उठाती है तो उसको दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों से जबरदस्त तरीके से धन उगाही कर रही है। लल्लू ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार का गो माता से कोई लगाव नहीं है वह केवल गाय के नाम को भुनाने में लगी हुई है।

# डकैतों को पकड़ने के लिए बनीं तीस टीमें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभूतिखण्ड डकैती काण्ड**

**सात-आठ** डकैतों ने गन्ना विभाग में कार्यरत इंजीनियर के परिवार को बंधक बनाकर बीते मंगलवार रात डकैती की वारदात को अंजाम उस समय दिया, जब घर पर कोई भी पुरुष मौजूद नहीं थे। इसके बाद डकैतों को पकड़ने के लिए आठ टीमों का गठन किया, लेकिन अब फजीहत से बचने के लिए खुलासे के लिए 30 टीमे गठित कर दी। इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव जब मेरठ गए हुए थे तभी बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। ठंड में हुई इस डकैती की वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दूसरी ओर इस खुलासे को लेकर एक चैलेंज भी बना हुआ है। घटना के खुलासे के लिए पहले दिन आठ टीमों का गठन हुआ था। जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है वैसे वैसे पुलिस को कई टीमों में बांटकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है इस खुलासे में अब कुल 30 टीमों को लगाया गया है। जो अलग अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों का ब्योरा खंगाल रही हैं। पुलिस की मानें तो वह घटनास्थल के आस पास पड़ने वाले रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और घरों में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी ओर लगातार संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह घटना लोकल गिरोह द्वारा किए जाने के अनुमान से लोकल गिरोह पर भी निगाह रखी जा रही है। साथ ही हाल ही के दिनों में जो बदमाश जेल से छूटे हैं उनके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। सात.आठ डकैत जींस व शर्ट पहने हुए थे। इस पर पुलिस आशंका व्यक्त कर रही कि बावरियां गिरोह नहीं स्थानीय बदमाश इस घटना में शामिल है। पुलिस को अभी कोई सफलता नहीं मिली है। दावा किया गया कि जल्द डकैत पकड़ लिए जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि घटना के समय पुलिस पीड़ित परिवार से बदमाशों की संख्या कम दिखाने के लिए उलझ गई थी। पीड़ित परिवार से पुलिस ने पहले नोंक झोंक की फिर बमुश्किल मुकदमा दर्ज किया।

# महिलाओं को केन्द्र में रखकर ही परिवार व समाज का विकास संभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो बृजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि ऋग्वेद के 10वें मण्डल में कन्या की विदाई के समय मंगलकामनाओं व उसके अधिकारों का विस्तृत उल्लेख मिलता है। उन्होंने ज्योतिष का प्रमाण देते कहा कि कुण्डली में सप्तम स्थान स्त्री का होता है, जिसे केन्द्र स्थान माना गया है। अतः महिलाओं को केन्द्र में रखकर ही परिवार व समाज का विकास किया जा सकता है। प्रो शुक्ल रविवार को मिशन शक्ति के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित वेबिनार को सम्बोधित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन में प्रो शुक्ल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सिर्फ पुरूषों को ही वरीयता दी जाती थी, उन क्षेत्रों में आज नारियाॅ अपनी शक्ति का परचम लहरा रहीं हैं। उन्होंने कहा ऋग्वेद का ऋषि कहता है कि मैं ज्ञानवान हॅू तुम ज्ञानवती होए मैं सामवेद तो तुम ऋग्वेद हॅू। समन्यवक मिशन शक्ति की सदस्य प्रो शीला मिश्रा ने मिशन शक्ति की आवश्यकता व उद्देश्य के बारे में बताते हुये कहा कि वैदिक संस्कृति में यद्यपि स्त्रियों की स्थिति अत्यन्त सुदृढ़ थी तथापि पाश्चात संस्कृति के आकर्षण के द्वारा आज सिर्फ नारी को उपभोग की वस्तु समझा जाता है। इस मिशन के द्वारा इस स्थिति का निराकण कर समाज की मानसिकता को सुधारा जा सकता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी ने कहा कि रामचरित्र मानस में उल्लेख मिलता है कि महिला दोनों कुलों को प्रकाशित करने वाली होती है।

उन्होंने कहा वैदिक व पौराणिक काल में स्त्रियों को समान रूप से सम्मान व अधिकार प्राप्त था। उन्होंने ऐतिहासिक उद्धहरण देते हुये बताया कि नारियों का तत्कालीन राज्य तथा सैन्य संचालन में प्रमुख योगदान रहा है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अभिवावकों द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ ली तथा विभाग के शोध छात्र-छात्राओं ने भी सुरक्षा की शपथ ली।

# संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**बख्शी का तालाब।** देशी शराब की दुकान के निकट ग्रामीणों ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं ।

घटना बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अस्ती रोड किनारे स्थित देशी शराब की दुकान के पास की है । सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पड़ा देखा जिसके सर से खून बह रहा था। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण में पाया कि युवक के सर व गर्दन पर चोटो के निशान थे । उसकी तलाशी में जेब से 500 रुपये बरबाद हुये । उसकी शिनाख्त मूल रूप से बिहार के रहने वाले मनोज कुमार 25 के रूप में हुई । जो पिछले कई वर्षों से बीकेटी में किराये पर रहकर बिजली मिस्त्री का काम करता था । उसके साथ उसके माता पिता और एक छोटा भाई भी रहता है। आस पड़ोस के लोगो से पूछताछ में पता चला कि बीती रात उसके साथ कई साथियों ने शराब पी जिससे उनके बीच झगड़ा भी हुआ था । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है । वही क्षेत्राधिकारी हृदेश कठेरिया ने बताया कि परिजनों का ने किसी भी तरह की तहरीर नहीं दी है । वही झगड़ा करने वाले व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएंगी ।

## दलों का मोह छोड़ राष्ट्रीय दल के पक्ष में लामबंद हो जनता

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव 2022 को देखते हुए तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन के महासचिव मो हनीफ खान ने कई बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले चार सालो में राजनीति की जो तस्वीर सामने आई है। उससे यह साफ है कि प्रदेश की सत्ता पर काबिज रहे क्षेत्रीय दल बीजेपी की गोद में खेल रहे है। टिकट बेचकर धन उगाही करने वाले दल सत्ता में आए या न आए इन पर कोई फर्क नही पडेगा किंतु जनता को पहले से ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। 15 लाख का लालच देकर देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोकने वाले लोगो से छुटकारा पाने के लिये जनता इन दलो का मोह छोड़ राष्ट्रीय दल के पक्ष में लामबन्द हो या फिर चुनाव जनता बनाम भाजपा के बीच हो, तभी परिवर्तन संभव है। खान ने कहा कि नेतृत्व करने वाले नेताओं का इन दलो ने भाजपा के साथ सांठ-गांठ कर झूठे मुकद्दमो में फंसाकर उनका राजनैतिक पतन कर दिया और अगली पीढ़ी के जो मुट्ठीभर लोग नेतृत्व क्षमता रखते है। उन्हे यह दल नेता मानना नही चाहते।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर इलाके में बीते 5 दिनों पहले एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद उसके बहनोई ने रविवार को मामले की गुमशुदगी दर्ज कराई है। बंथरा के ऐन गांव निवासी आदित्य कुमार का सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ढाबा है। ढाबे पर आदित्य का साला 12 वर्षीयअमन उर्फ छंगा भी रहता था। आदित्य के मुताबिक बीती 22 दिसंबर को अमन अपराह्न करीब 3 बजे अचानक कहीं लापता हो गया। देर शाम तक वापस न लौटने पर रिश्तेदारी व परिचितों के यहां अमन की काफी खोजबीन की गईए लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका। रविवार को आदित्य ने सरोजनीनगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

## दो पक्षों में विवाद, महिला का सिर फटा

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर में मकान निर्माण के दौरान शनिवार देर शाम दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला का सिर फट गया। पुलिस दोनों ओर से मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी कैलाश गौतम की पत्नी मुस्कान गौतम के मुताबिक उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार देर शाम करीब 7 बजे इसी निर्माण कार्य को लेकर पड़ोसी श्रवण त्रिवेदी उन पर भड़क गया और दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। मुस्कान का आरोप है कि विवाद के दौरान ही श्रवण त्रिवेदी, उनकी पत्नी मंजू त्रिवेदी, बेटे पुमित त्रिवेदी और पुलकित त्रिवेदी ने अपने करीब 8-10 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे मुस्कान का सिर फट गया। बाद में मुस्कान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी। इस मामले में मुस्कान ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर दूसरे पक्ष ने भी मुस्कान, कैलाश और शुभम के खिलाफमारपीट का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## मामूली विवाद में पड़ोसी ने महिला को पीटा

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित रहीमनगर डुडौली में मामूली विवाद में एक महिला को उसके पड़ोसी ने पीट दिया। पीड़िता ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रहीमनगर डुडौली, मड़ियांव निवासी शबान्ती उर्फ आरती ने बताया कि उनके घर के सामने रहीमनगर डुडौली निवासी इकबाल अवैध रुप से नाली खोद रहे थे। जिसका पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित अभद्रता व धमकी देने लगे। इतना ही नही महिला को आरोपित ने सड़क पर गिरा कर मारना शुरू कर दिया। यह देखते ही आरोपित की पत्नी मोसिना अहमद व जलील अहमद भी आकर मारने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने उसकी जान बचाई। आरोप यह भी है कि आरोपित उनकी बच्चियों को गंदी गाली देते रहते है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## किशोरी से छेड़खानी करने पर युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में छात्रा से छेडख़ानी व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नशेबाज आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि किशोरी के घर मे घुसकर आरोपी प्रकाश सिंह ने तांडव मचाया था। पुलिस की माने तो बीते दो महीने से छात्रा के पीछे पड़ा था। परेशान होकर किशोरी के परिजनों ने शोहदे की दहशत में आकर छुड़वाया दिया था ट्यूशन में भी उसका आना जाना। इसके बाद भी प्रकाश किशोरी के पीछे पड़ा था और उससे अश्लील हरकत करता रहता था। पीड़िता की माँ ने पुलिस से शिकातय की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ने बताया कि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दो ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के दो अलग-अलग इलाकों में अपनी जिन्दगी से परेशान दो युवकों ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पहली घटना चिनहट इलाके की है। 40 वर्षीय पवन कुमार पुत्र वंशीलील निवासी गनेशपुर रहमापुर चिनहट पेशे से ऑटो चालक था। रविवार को घर के पास लगे नीम के पेड़ की डाल में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा खुदकुशी कर ली। पता चला है कि मृतक आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। मृतक के तीन पुत्री व एक पुत्र है। वहीं दूसरी ओर ठाकुरगंज इलाके में नौकरी छूटजाने से परेशान युवक ने ससुराल में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मूल रुप से बरुआर टड़ियावा हरदोई निवासी 32 वर्षीय सुनील तिवारी पुत्र उत्तम कुमार तिवारी नौकरी छूट जाने से परेशान था। रविवार को सुनील अपने ससुराल शक्तिनगर मल्लही टोला ठाकुरगंज पहुंचा और अपने ससुर श्रवण कुमार पाण्डेय से अपनी परेशानी बतायी फिर छत के ऊपर बने कमरें की छत में लगे पंखे के कुण्डे के सहारे फंदे से लटककर फांसी लगा खुदकुशी कर ली। पुलिस जांच कर मौत के कारणों की सही जानकारी करने में लगी है। शव के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इंस्पेक्टर राजकुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही तथ्य की जानकारी हो सकेगी।

## जानकीपुरम में मिला नवजात का शव

**लखनऊ।** जानकीपुरम के मुस्लिम नगर के पास रविवार की शाम एक नवजात का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम रंजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि मुस्लिम नगर रेलवे लाइन के पास 6-7 माह के नवजात का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव एक दिन पुराना लग रहा था जिसे कुत्तों ने नोच डाला था। पुलिस ने शव के बारे में लोगों से पूछताछ की। लेकिन शव के सम्बंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

## अगले सत्र से बेसिक शिक्षा विभाग में शुरू होगी एनसीईआरटी की पढ़ाई

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण से निजात पाने को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग अगले सत्र से एनसीईआरटी के सलेबस के आधार पर पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी में है। इसके लिए सूबे के हर ब्लाक के 3 से 4 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके बाद 25-25 के बैच में सभी शिक्षकों को ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही बेसिक विभाग को प्री प्राइमरी की कक्षाओं के लिए 1.60 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशिक्षित करना है। इसके लिए शिक्षक संकुल और केआरपी में चयनित शिक्षकों का भी चयन किया जा सकता है। इनका प्रशिक्षण 10 जनवरी तक पूरा किया जाना है। इसके बाद सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर करवाया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए मॉड्यूल बनाया जा चुका है। सरकारी प्राइमरी स्कूलों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम चरणबद्ध ढंग से लागू किया जाएगा।

# कैटरिंग संचालक के घर लाखों की चोरी



**मोहनलालगंज।** हुलासखेड़ा गांव में शनिवार की रात बेखौफ चोरों ने कैटरिंग संचालक के घर धावा बोलकर आलमारी में रखे जेवरात और कारतूस समेत नकदी उठा ले गए। वहीं दो अन्य घरों में भी चोरी की शिकायत सामने आई है। हालांकि पुलिस ने कैटरिंग संचालक के घर ही चोरी की वारदात स्वीकार कर केस दर्ज किया है।

मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा गांव निवासी कैटरिंग संचालक उदय प्रताप सिंह शनिवार की रात घर के बाहर की ओर बने कमरे में परिवार संग सोए हुए थे। पीछे के हिस्से में बाउण्ड्रीवाल कूदकर घुसे चोरों ने आलमारी का सेफ तोड़कर लाखों के जेवरात व लाइसेन्सी बन्दूक के बीस कारतूस और तीस हजार की नकदी उठा ले गए। इसी तरह गांव के दो अन्य घरों में भी चोरी की शिकायत सामने आ रही है। हालांकि इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया उदय प्रताप के घर चोरी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने मामूली चोरी की ही बात स्वीकारी। जबकि अन्य घरों में चोरी की सूचना बेबुनियाद करार दी।

# भ्रष्टाचार मुक्त गुड गवर्नेन्स के लिए तहसील बार एसोसिएशन लामबंद

● जिला प्रशासन को पत्र भेजकर सुझावों पर अमल नहीं होने पर दी कोर्ट बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**तहसील में** भ्रष्टाचार समाप्त कर गुड गवर्नेन्स के लिए तहसील बार एसोसिएशन ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आधा दर्जन बिन्दुओं का संज्ञान लेकर सुधार कराने की मांग की है। बार एसोसिएशन का पत्र तहसील अफसरों के पास पहुंचने पर हड़कंप मचा हुआ है।

मोहनलालगंज तहसील में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत राजस्व मुकदमों का दाखिला लेने में बेवजह लेटलतीफी और उनके निस्तारण के लिए तय प्रक्रिया का पालन नहीं कराए जाने का आरोप लगाकर तहसील बार एसोसिएशन ने आधा दर्जन बिन्दुओं पर जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए ज्ञापन भेजा है। बार एसोसिएशन ने अपने पत्र में दर्शाए गए सभी बिन्दुओं पर अमूलचूल सुधार कराए जाने के बाद तहसील में भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लगने और गुड गवर्नेन्स का मार्ग प्रशस्त होने की जानकारी भी प्रशासन को दी है। बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेश सिंह ने बताया तहसील की मूल समस्याओं को लेकर आधा दर्जन बिन्दु दर्शाते हुए जिलाधिकारी और राजस्व परिषद को पत्र भेजा गया है जिसकी प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। इन सभी बिन्दुओं की वजह से वादकारियों व अधिवक्ताओं को भ्रष्टाचार और अपमान झेलना पड़ता है। जल्द समाधान नहीं होने पर बार एसोसिएशन तहसील न्यायालयों का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होगी।

**प्रमुख सुझाव**

1. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अन्तर्गत विभिन्न प्रावधानों के तहत न्यायालयों में नियमानुसार सहजता से वाद स्वीकार कर कोर्ट से ही रिपोर्ट मंगवाई जाए।
2. कृषि भूमि रजिस्ट्रेशन के बाद सीधे कोर्ट में वाद पंजीकृत कर रिपोर्ट मंगाकर गुण-दोष के आधार पर उसका निस्तारण कर अमल दरामद कराई जाए।
3. हदबरारी और बंटवारे के मुकदमे में प्रार्थना पत्र मिलते ही अविलम्ब वाद पंजीकृत कर रिपोर्ट के लिए जवाबदेही तय करते हुए निर्धारित समय में ही वाद का निस्तारण किया जाए।
4. तहसील के न्यायालयों में वाद जिस क्रम में दर्ज किए जाएं उसी क्रम में बिना देर किए राजस्व कर्मियों से रिपोर्ट मंगवाकर उनका निस्तारण और अमल दरामद भी सुनिश्चित कराई जाए।

# सीएमएस छात्रा वर्णिका ने जीता प्रथम पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की प्री-प्राइमरी की छात्रा वर्णिका श्रीवास्तव ने नेशनल लेविल पर ऑनलाइन आयोजित ग्लोबल किड्स फेस्ट-2020 के अन्तर्गत आयोजित स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था परपल विंग्स के तत्वावधान आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करने, उनमें आत्मविश्वास का संचार करने एवं उनके ज्ञान को परखने के उद्देश्य से आयाजित की



गई, जिसमें देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत इस प्रतिभाशाली छात्रा ने बड़े आत्मविश्वास से कथा वाचन कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस मेधावी छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## मैत्री बैटमिंटन प्रतियोगिता में परिवहन निगम मुख्यालय विजयी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रोडवेज** मुख्यालय और लखनऊ क्षेत्र के बीच गोमती नगर के विनय खंड स्थित मिनी स्टेडियम में रविवार को मैत्री बैटमिंटन प्रतियोगिता हुई। पांच मैचों की श्रृंखला में परिवहन निगम मुख्यालय ने लखनऊ क्षेत्र को चार-एक से मात दे दिया। चार मैचों में जीत दर्ज करते हुए मुख्यालय की टीम ने एक दूसरे खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि रहे मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन एसके दुबे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटा। इस बीच मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियर, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक, जयदीप वर्मा , प्रधान प्रबंधक राजीव चौहान, अधिशासी अभियंता मो. इरफान एवं स्टाफ ऑफिसर आशुतोष गौड़ ने प्रशासन एके दुबे को शाल भेंटकर सम्मानित किया।

# धूमधाम से मना जयंत चौधरी का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी का 42वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुये प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि आज जन्मदिन के मौके पर हम सभी को चौ चरण सिंह के बताये मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लेना होगा तभी देश के किसानों और नौजवानों की दशा सुधरेगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एवं युवा रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, डॉ सुरेश यादव, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सक्सेना तथा रजनीकांत मिश्रा,मनोज सिंह चौहान, बीएल प्रेमी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष चन्द्रकांत अवस्थीए शशांक श्रीवास्तव, सम्राट सिंह चौहान, सुमित सिंह, हरपाल सिंह, संगीता जायसवाल, अभिनव मिश्रा, दिनेश शर्मा, शिवकुमार पाल, अजय सिंह, मनोहर मौर्या, विश्व कुमार पाल, अर्जुन, विश्वनाथ यादव ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# घर-घर पहुंच गया लोकल फार वोकल का संदेशः लल्लू

संवाददाता। अयोध्या



**मन की** बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री द्वारा जनता से वर्ष के अंतिम सम्बोधन को जिले में दर्जनों स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रुप से सुना। मड़ना में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने देश में पैदा हुए नये आत्मनिर्भरता रुपी नये सामर्थ्य की चर्चा की। आज लोकल फार वोकल का संदेश घर घर में पहुंच गया है और लोग उसको आत्मसात भी कर रहे है। पूरी दुनिया में बेस्ट प्रोडक्ट बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को उत्साहित किया। पहुंपी बीकापुर में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। गोपालपुरा रानी बाजार में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादलए रामनगर धौरहरा से ओमप्रकाश सिंहए मखदूमपुर से ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, रुदौली देहात से अशोक कसौधन, रामपुर सर्धा पूरा बाजार में अरविंद सिंह महानगर अध्यक्ष, परमहंस आश्रम में सीताराम गौड़, केएम मेमोरियल में प्रतीक श्रीवास्तव, ऋणमोचन घाट में वीरचंद माझी, खटियाना में रमाकांत विश्वकर्मा, दालमण्डी में मनमोहन जायसवालए जनौरा देहात में विशाल सिंह, देवकाली गांव में अमित श्रीवास्तव, निर्मलीकुण्ड में राममिलन निषाद, कैल में ऋषिकेश वर्मा, पलिया रिसाली में अमरनाथ वर्मा, अमौना में कलमेश सिंह, ढेमा शिववक्स से राकेश पाण्डेय राना, सिंधौरा से अवधेश पाठक, मलेथु बुजुर्ग से सरयू दूबे, अरहन सुवंश से बृजश पाण्डेय, ईटगांव में अजय तिवारी श्याम नारायन पाठक, जोरियम बब्लू पासी, कुचेरा से अर्जुन सिंहए कुमारगंज से अनीत सिंह, तुलसमपुर से वंशीधर शर्मा, शुजागंज से शिवगोविन्द पाण्डेय के नेतृत्व में मन की बात सुनी गयी।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मनकी बात कार्यक्रम के जरीये देशवासियों के सम्बोधन को करिअप्पा मंडल के रेतिया पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भाजपा क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सुना। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गयी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के कारण देश आत्मनिर्भर होने की राह पर तेजी से चल पड़ा है। उन्होने कहा कि कोरोना संकट के बाद भी देश में निराशा नहीं बल्कि आशा का वातावरण है। लघु व कुटीर उद्योगो के विकास से रोजगार की सम्भावनाएं पैदा होगी। आम आदमी का जीवन स्तर उंचा होगा। कोरोना काल में अभूतपूर्व सेवा कार्य हुए। देश के लोगो ने मोदी जी को पत्र लिखा। जिसका उन्होने मन की बात में जिक्र किया। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आज प्रधानमंत्री ने मन की बात में दुहराया। क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि देश में पैदा आत्मनिर्भरता रुपी सामर्थ्य को प्रधानमंत्री ने मन की बात में जनता के समक्ष रखा। इस अवसर पर सचिन सरीनए दिवाकर सिंहए मण्डल अध्यक्ष रवि सोनकरए देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। वहीं ऋणमोचन घाट बूथ पर महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मन की बात को सुना। पूर्व जिलाध्यक्ष महंत मनमोहन दास के आवास पर विद्याकांत द्विवेदी, परमानंद मिश्रा व रवि शर्मा व भाजपा नेता आकाशमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बूथ नम्बर 86 पर मन की बात को सुना गया।

# अब भारत की राजधानी बनाई जाए भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या

## ● जगतगुरु परमहंस आचार्य को भारत महापरिवार पार्टी ने भारत भूषण दिव्य महारत्न से किया सम्मानित

संवाददाता। अयोध्या



**भगवान श्री** राम की राजधानी अयोध्या को देश की राजधानी बनाई जाए यह मांग भारत महापरिवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीश गुप्ता ने मां सरयू के तट स्थित राम की पैड़ी पर तपस्वी छावनी के जगत गुरु परमहंस आचार्य को भारत भूषण दिव्य महारत्न से सम्मानित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हमारा देश सोने की चिड़िया तब था जब अयोध्या देश की राजधानी थी। अपनी संस्कृति सभ्यता की रक्षा करनी है और देश को रामराज्य की तरफ ले जाना है तो अयोध्या को ही देश की राजधानी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी वर्तमान राजधानी अंग्रेजों और मुगलों के प्रतीक चिन्ह के रूप में लगती है हमें देश और समाज को विकसित करने के लिए नए प्रतिमाओं को स्थापित करना होगा। उन्होंने राजधानी के पूरे परीक्षक कर बताएं और कहा राजधानी का विस्तार अयोध्या के पुराने परीक्षेत्र 84 कोसी परिक्रमा के अंदर किया जाए। जगत गुरु परमहंस आचार्य जी महाराज ने भारत महापरिवार पार्टी के प्रस्ताव का समर्थन किया और कहा कि यह बहुत उत्तम विचार है। रामराज्य की परिकल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का है और वर्तमान सरकार देश को रामराज्य की तरफ ले जाने का प्रयास कर रही है ऐसे में अयोध्या को देश की राजधानी बना करके सांस्कृतिक और वैचारिक रूप मजबूती प्रदान करेगा। श्री आचार्य ने कहा की भगवान श्री राम के राज्य में सभी लोग सुखी थे सभी लोगों को एक दृष्टि से देखा जाता था और अयोध्या ही पूरे देश की राजधानी थी राजा दशरथ चक्रवर्ती सम्राट थे इसलिए देश को अयोध्या राजधानी घोषित करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर राकेश चौधरी सुरेश सिंह आलोक श्रीवास्तव सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबों, असहायों, वृद्धों व दिव्यांगों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवाः सिद्धार्थ



कंबल वितरित करते सिद्धार्थ मिश्र

## ● आदर्श वेलफेयर एसो. ने बांटा कम्बल

**अम्बेडकरनगर।** गरीब,असहाय, वृद्धजनों, दिव्यांगो की समय समय पर सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा है।ठंडक के इस मौसम में गरीबों को कंबल से कर उन्हें ठंडक से राहत देकर आदर्श वेलफेयर एसोसिएशन ने पुनीत कार्य किया है इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है।राम जानकी मंदिर परिसर धवरूआ मे आयोजित आदर्श वेलफेयर एसोसिएशन के 9वें वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लोहिया से अखिलेश अभियान के संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा ने विचार व्यक्त किया।साथ ही संस्था की हर संभव मदद की घोषणा की।इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने मा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुस्पर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।आदर्श वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र, राजा राम,हरीलाल, समेत सभी पदाधिकारियों ,सदस्यों ने मुख्य अतिथि श्री मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कंबल पा कर असहायों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।कार्यक्रम का संचालन मंत्री राम नवल यादव ने किया।इस अवसर पर राकेश यादव गुड्डू, शिखर त्रिपाठी,सोनू यादव, केदारनाथ यादव आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पुलिस मुठभेड़ में चार गौ-तस्कर गिरफ्तार, 26 गोवंश बरामद

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या



**घुमंतू गोवंश** पशुओं को चोरी छुपे वाहनों पर लादकर दूसरे प्रांतों में बध के लिए तस्करी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को इनायत नगर थाने की पुलिस टीम द्वारा शाहगंज पुलिस चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के पास कई नाजायज तमंचा कारतूस और दो चार पहिया वाहन भी बरामद किया गया है। इनायत नगर थाना अध्यक्ष विजय सेन सिंह पुलिस टीम के साथ शनिवार की रात में गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा शाहगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के चदीपुर नगहरा के पास बिक्री के लिए वाहनों में लाद कर ले जाए जा रहे छुट्टा पशुओं को बरामद किया गया। शाहगंज पुलिस चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी ने बताया कि आरोपी टाटा डीसीएम एवं ट्रक वाहनों में क्षेत्र के घूमन्तू सांड़ बैल को बांधकर, लादकर काटने के लिये बंगाल ले जा रहे रहे थे। सूचना पर पुलिस टीम केवटहिया मार्ग तिराहा ग्राम चन्दीपुर नगहरा पहुचकर अभियुक्तगण वाहनों को रोकने के दौरान अभियुक्त गण द्वारा अपने नाजायज शस्त्रो से प्राण घातक हमला किया गया। लेकिन पुलिसकर्मी बाल बाल बच गये। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके पशु तस्करी में लगे चार आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चन्द्रिका प्रसाद निषाद पुत्र कर्मदीन निवासी ग्राम चेतरा पड़री मजरे चन्दीपुर नगहरा थाना इनायत नगर, फिरोज अहमद खाँ पुत्र गुलाम मुस्तफा निवासी इतलफातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकर नगरए मुफीद अहमद पुत्र नूर आलम निवासी मिरानपुर बभनपुरा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकर नगर, आरिफ पुत्र अब्दुल सफा निवासी मिरानपुर बभनपुरा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकर नगर शामिल हैं। को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों चन्द्रिका प्रसाद निषाद के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोरए चार अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोरए मुफीद अहमद के कब्जे से एक अदद तमंचा 32 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 32 बोरए फिरोज अहमद के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। तथा मौके पर टाटा डीसीएम में 26 गौवंशीय साड़ का मुँह नायलान के पट्टे से बंधा था। तथा नायलान की रस्सीयों से पैर व गर्दन ऊपर करके डीसीएम में निर्दयता पूर्वक क्रूरता से बंधे बरामद हुआ है। जिनकी रस्सी काटकर खुले जंगल में अवमुक्त किया गया। तथा आरोपियों द्वारा प्रयोग में लायी गयी स्वीफ्ट डिजायर कार डीसीएम को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करनेए पशु क्रूरता अधिनियम, गोवध निवारण अधिनियम एवं 25 आर्म एक्ट अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करवा कर चालान कर दिया गया है। जबकि लोगों में चर्चा है कि शाहगंज पुलिस चौकी से मात्र कुछ दूरी पर काफी समय से छुट्टा गोवंश पशुओं की अवैध तस्करी की जा रही थी। घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ कर रात के अंधेरे में पशु तस्करों द्वारा जंगलए बाग और सुनसान स्थान पर बांध दिया जाता है। जब इनकी संख्या पर्याप्त हो जाती है तो इनका लदान करके बिहार और बंगाल भेज दिया जाता है। कुछ सफेदपोश लोगों की भी मिलीभगत रहती है। फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने के कारण किसान भी विरोध नहीं कर पाते हैं। चौकी पुलिस की भी भूमिका संदेह के घेरे में बताई जा रही है।

# क्विक न्यूज

## बूथ पर सुनी गई पीएम के मन की बात



## ● मन की बात सुनते भाजपा नेता

**अम्बेडकरनगर।** वर्ष 2020 के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो ने प्रतिभाग किया। आकाशवाणी व दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री द्वारा किये गए मन की बात का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात साल के अंतिम रविवार के 72 वें संस्करण को मसेना मिर्जापुर 76 बूथ संख्या पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आनन्द जायसवाल ने गौर से सुना। उनके साथ में सेक्टर संयोजक त्रिवेंद्रम जायसवाल, बूथ अध्यक्ष शत्रुघन मद्धेशिया,नीरज सोनी,रामरूप निषाद,कृष्णा मद्धेशिया,ओमप्रकाश त्रिपाठी, विंद्याचल तिवारी, रघुराज मद्धेशिया, सौरभ, रुद्र प्रताप सिंह, गुड्डू विश्वकर्मा, सलमान, रामकिशून गौतम, भोलू एवं अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने पीएम के मन की बात को गौर से सुना।

## शिवसेना की ब्लाक कमेटी की बैठक सम्पन्न


सदस्यता ग्रहण कराते जिला प्रमुख नन्द कुमार तिवारी राना

**अम्बेडकरनगर।** शिव सेना अकबरपुर ब्लाक कमेटी की बैठक ग्राम सभा बहोरिकपुर में जिला प्रचार प्रमुख के संचालन में सुनील श्रीवास्तव (बब्लू) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख नन्द कुमार तिवारी राना ने कहा कि शिव सेना समाज को जोड़ने का कार्य करती है न कि जहर घोलने का। सब के सुखः दुख में तैयार रहते हैं शिव सैनिक जिला प्रमुख ने अनिल कुमार श्रीवास्तव उर्फ बब्लू को अकबरपुर ब्लाक का प्रमुख मनोनीत किया। इनके साथ दर्जनभर से अधिक लोगों ने शिव सेना की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वालों में मेंहीलाल धुरिया, दुर्बली, कृष्ण मोहन सिंह, सन्तराम वर्मा, अर्जुन, सन्तराम धुरिया, शीतल धुरिया, रवीन्द्र कुमार, अब्दुल खालिद, कृष्ण कुमार, अफजल, दीपक कुमार, स्वप्न उपाध्याय, विनोद कुमार एवं पदाधिकारीगण, जिला प्रभारी अनूप त्रिपाठी,युवा सेना प्रभारी गिरीश तिवारी, अरविन्द सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला संगठन मंत्री विमल भारद्वाज ने दी।

## ब्राह्मण महासभा की बैठक सम्पन्न

**अम्बेडकरनगर।** रविवार को स्वामी रामानन्द कालेज तमसा मार्ग अकबरपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष पं0 राजेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन वागीश मिश्र ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि आपसी सहयोग से मिलजुल कर समाज के विकास के लिए कार्य करें और संगठन को मजबूती प्रदान करें। संगठन का विस्तार करते हुए अरूण कुमार पाण्डेय को कटेहरी का ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा आगामी मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन भी ब्लाक अध्यक्ष के आवास पर करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं0 चन्द्र भूषण त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी, महेन्द्र पाण्डेय, संगठन मंत्री, राजेन्द्र प्रसाद दूबे, सुरेन्द्र उपाध्याय, पं0 अंजनी मिश्रा, हरिओम मिश्र, वेदमणि त्रिपाठी, मंगला प्रसाद मिश्र, श्रवण कुमार त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, अवनीश त्रिपाठी, डॉ0 राम प्रताप मिश्र, पं0 गंगाधर दुबे, महेन्द्र मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अचानक ट्रैक्टर से अलग हो गई ट्राली


ट्रक से टकराने के बाद खड़ी ट्राली

**अम्बेडकरनगर।** रविवार को दोपहर अकबरपुर थाने के सामने उस समय एक बड़ी दुर्घटना होते -होते बच गई जब तेज गति से ट्राली के साथ जा रहे ट्रैक्टर से ट्राली अचानक अलग हो गई। थाने के ठीक सामने सरिया लदी ट्राली जैसे ही ट्रैक्टर से अलग हुई, ट्राली तेजी से बसखारी मार्ग पर दौड़ने लगी। शुक्र यह था कि थाने के सामने दक्षिण पटरी पर खड़ी एक ट्रक में लगे इंगल से ट्राली का दाहिना कोना एकाएक टकरा गया। ट्रक से टक्कर होते ही ट्राली सड़क पर रूक गई। यह सब कुछ चन्द सेकेण्ड के अन्दर ही घटित हुआ। जिस समय ट्राली ट्रैक्टर से अलग हुई उसी दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र बसखारी मार्ग से अकबरपुर थाने की तरफआ रहे थे। यदि ट्राली ट्रक से न टकराई होती तो अपर पुलिस अधीक्षक की गाड़ी निश्चित रूप से ट्राली से टकरा जाती। फिलहाल अचानक हुई इस घटना से हर कोई हतप्रभ दिखा।

## शहादत दिवस पर सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा



**गोरखपुर।** गुरु गोबिंद सिंह के चारो साहिबजादों व माता गुजर (गुजरी) कौर की शहादत दिवस को नमन करने के लिए रविवार को सिख समाज ने शोभायात्रा निकाली। बड़ी संख्या श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। जयघोष से वातावरण गूंज रहा था। शोभायात्रा गुरुद्वारा जटाशंकर से शुरू हुई जो आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास, रेतीचौक, घोष कंपनी, टाउनहाल, गोलघर, यातायात तिराहा व धर्मशाला होते हुए पुनः गुरुद्वारा में पहुंचकर समाप्त हुई। इसके बाद चारो साहिबजादों की शहादत को केंद्र में रखकर बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। गुरुवाणी कीर्तन के साथ लंगर का आयोजन किया गया। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों साहिबजादों की शहीदी को समर्पित एक नमन यात्रा जटाशंकर गुरुद्वारे से प्रारंभ हो कर अलीनगर बक्शीपुर नखास चौक रेती चौक घोष कंपनी टाऊन हाल गोलघर धर्मशाला बाजार होते हुए गुरूद्वारा के लिए प्रस्थान की इस यात्रा का विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने महानगर के आर्य नगर स्थित चौराहे पर यात्रा के ऊपर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी, प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद मनीषा चतुर्वेदी, प्रांत समन्वय मंच के प्रमुख विष्णु प्रताप सिंह, प्रांत सह विशेष संपर्क प्रमुख डॉ. डीके सिंह, महानगर संयोजिका मातृशक्ति माया गुप्ता, संयोजिका विनीता पांडेय, महानगर निवर्तमान अध्यक्ष विजय खेमका, मुकेश दुआ, देवेश वैश्य, मधु पोद्दार, बच्ची सिंह, संजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, उदयवीर सिंह, आरके सिंह, अशोक सिंह आदि शामिल रहें।

# रेलवे के रिटायर्ड पहलवानों का हुआ सम्मान

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ भारतीय पद्धति एवं गोरखपुर मिट्टी कुश्ती एसोसिएशन गोरखपुर द्वारा सेवानिवृत्त राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवानों को शाहपुर स्थित एक मैरिज हाल में सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी संतोष यादव उर्फसनी ने सेवानिवृत्त हुए सभी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहलवानों को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुश्ती जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले पहलवान महाबली रामाश्रय यादव एशिया चैंपियन यश भारती एवं लक्ष्मण पुरस्कार से अलंकृत साथ में भारतीय रेलवे एवं राष्ट्रीय कुश्ती में पदक जीतकर अपनी पहचान बनाने वाले पहलवान रामनिवास यादव, श्यामदेव यादव, शत्रुघ्न राय का रेलवे सेवा से सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सभा का आयोजन किया गया। बतौर विशिष्ट अतिथि भदंत महेंद्र पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश और अध्यक्ष राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ, आयोजन अध्यक्ष हरीश चंद्र यादव अध्यक्ष गोरखपुर मिट्टी कुश्ती एसोसिएशन, आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट मुनीब यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रहलाद यादव आदि उपस्थित रहें।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूर्यविहार चौकी अंतर्गत डोमखाने के पास से पुलिस ने एक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूर्य विहार निवासी हरेंद्र उपाध्याय की मोटरसाइकिल उनके घर के सामने से कल गायब हो गई थी। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल तिवारीपुर थाने को दिया। तिवारीपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराकर इस मामले के खुलासे के लिए सूर्यविहार चौकी इंचार्ज विकास कुमार सिंह व नागेंद्र मणि को जिम्मेदारी सौंपी। चौकी इंचार्ज विकास कुमार सिंह ने क्षेत्र के सभी मुखबिरों को इस घटना से अवगत करा कर चोरी के खुलासे में लग गए। आज मुखबिर से सूचना मिलने पर तिवारीपुर के टॉप-10 अपराधी मनीष कुमार पासवान को सूर्य विहार डोमखाने के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ धरदबोचा।

# कार्यक्रमों के बीच बूथों पर मनाई गई अटल बिहारी की जयंती

## ● भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात

## ● भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान में लिया भाग

संवाददाता। अम्बेडकरनगर


कार्यक्रम के दौरान आपस में चर्चा करते भाजपा नेता

**भारतीय जनता** पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने भारतीय राजनीति के आदर्श भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिन को दो दिन 26 और 27 दिसम्बर को मनाए जाने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी अम्बेडकर नगर के नेताओं और कार्य कर्ताओं ने जनपद में सेवा कार्य, मरीजों को फल वितरण और चित्र पर पुष्प अर्पित कर जन्म दिन मनाया।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने बूथ सुलेमपुर में काली मां के स्थान पर झाड़ू लगा कर और भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने अपने बूथ पर सफाई कर पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिन मानते हुए सेवा कार्य किया।अपने गृह बूथ 15 सुलेमपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किसान भाइयों के उत्थान और समृद्धि के लिए किये गए कार्यों की पत्रक वितरण कर योजनाओं से परिचित कराया।भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में कार्य कर्ताओं के साथ चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्म दिन मनाया।

विदित हो कि भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिन के अवसर पर 25 दिसंबर को किसान सम्मेलन और 26,27 दिसम्बर को सेवा कार्य एवम् चित्र पर पुष्प अर्पित कर जन्म दिन मनाया जाय। उक्त निर्देश का पालन करते हुए भाजपा नेताओं ने जन्म दिन मनाया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी,भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,अमरेंद्र कांत सिंह,जिला उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्त,सुमन पाण्डेय,विमलेन्द्र प्रताप सिंह (मोनू),जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राना रणधीर सिंह पूर्व जिला महामंत्री कटेहरी विधान सभा भाजपा पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,दिलीप पटेल, दीपक तिवारी,चेयर मैन सरिता गुप्ता ने सेवा कार्य झाड़ू लगाकर,मरीजों को फल वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिन मनाया।

पूर्व सांसद हरिओम पांडेय, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,विधायक संजू देवी,अनीता कमल,भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,रमा शंकर सिंह,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय,किसान मोर्चा नेता विनोद सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेम शीला यादव,भाजपा नेता के के मिश्र, चेयर मैन प्रतिनिधि मनोज गुप्त (गुड्डू), मण्डल अध्यक्ष अनुराग जायसवाल,आनन्द श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा,महेंद्र प्रताप वर्मा, दिलीप तिवारी,रणविजय सिंह,जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र,जिला सह मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास मोदनवाल ने भी अपने अपने निवास के बूथ पर सेवा कार्य और पुष्प अर्पित कर जन्म दिन मनाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने बूथ पर उपस्थित रह कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ ही जिले के अन्य भाजपा नेताओं ने मन की बात के प्रसारण को सुना। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जन्म दिन मनाने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता के के मिश्र,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,सहकारी बैंक डायरेक्टर भाजपा नेता राजेश सिंह (बब्लू),आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य,मण्डल अध्यक्ष हरि दर्शन राजभर,भाजपा युवा नेता जालिम सिंह, गौतम उपाध्याय,अशोक वर्मा,विकास सिंह (विक्की),विजय वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# भाजयुमो ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**गोरखपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के इस वर्ष के आखिरी कड़ी का प्रसारण सुना। महानगर में नौका विहार पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मन की बात का प्रसारण सुना। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आज की मन की बात बहुत महत्वपूर्ण रही। मोदी ने युवाओं, उद्यमियों सहित संपूर्ण देशवासियों को आत्मनिर्भर भारत वोकल फॉर लोकल व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश दिया। भाजयुमो क्षेत्रीय अध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के इस वर्ष के आखिरी प्रसारण को अभियान के तहत गोरखपुर क्षेत्र के 286 मंडलों में 315 स्थानों पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा सुनकर प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि इससे देश के हर नौजवान में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि गोरखपुर महानगर के अंतर्गत सभी 10 मंडलों में मंडल प्रभारी व मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। मीडिया प्रभारी हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि महानगर में आयोजित कार्यक्रमों में राप्तीनगर मंडल में महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, गोरक्षनगर मंडल में भाजपा पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, आर्यनगर मंडल में भाजपा महानगर महामंत्री देवेश श्रीवास्तव, दीनदयालनगर में अभय शुक्ला, बिस्मिलनगर में मोहित बहल मंडल अध्यक्ष आनंद अग्रहरि व पार्षद मंतलाल यादव भौवापार मंडल में विकास गिरी मिर्जापुर में विक्रम यादव खोराबार में राजकुमार यादव समेत आदि शामिल रहें।

# 'फिट इंडिया सायक्लोथॉन' का आयोजन


पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर** रेलवे एवं संरक्षक पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ विनय कुमार त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में ''फिट इंडिया सायक्लोथॉन'' का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) श्रीमती मीना त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर फिट इंडिया सायक्लोथॉन को रवाना किया। सायक्लोथॉन का नेतृत्व महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने किया। इसके पूर्व, इस अवसर पर सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर प्रांगण में नव स्थापित ''ओपेन जिम'' का उद्घाटन महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी एवं अध्यक्ष/नरवो श्रीमती मीना त्रिपाठी ने उद्घाटन किया। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह सायक्लोथॉन नागरिकों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 07 से 31 दिसम्बर, तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर हमें फिट रहना है। महाप्रबन्धक ने कहा कि सायक्लोथॉन के प्रतिभागियों को देखकर लगता है कि हमारे अधिकारी और कर्मचारी काफी ऊर्जावान है। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने ओपेन जिम की बधाई देते हुए कहा कि इसका बहुत अच्छा उपयोग हो सकता है। महाप्रबन्धक त्रिपाठी एवं अध्यक्ष/नरवो श्रीमती मीना त्रिपाठी ने ओपेन जिम को अवलोकन किया। मुख्य रोलिंग स्टाक इंजीनियर एवं अध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ योगेश मोहन ने धन्यवाद ज्ञापन, संचालन मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी एवं सचिव, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ पंकज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अमिताभा ओझा, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर अनिल कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

## मोदी का प्रयास
### जनता से बेहतर संवाद

**किसान** आंदोलन समाप्त कराने के लिए सरकार की ओर से समावेशी संवाद की आवश्यकता है। किसान प्रदर्शनकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि नए कृषि कानून कृषि क्षेत्र में ढांचागत परिवर्तन के कारण किसानों को कार्पोरेट की दया पर छोड़ देंगे और खुले बाजार से उनको नुकसान अधिक होगा। दिल्ली के निकट जारी किसान प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ करोड़ से अधिक किसानों को 18,000 करोड़ रुपये उनके खातों में भेजे। इस अवसर पर उन्होंने नौ राज्यों के किसानों से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय-एएमयू के शताब्दी समारोह को संबोधित किया था तथा बंगाल में विश्व भारती विश्वविद्यालय के आयोजन में अपनी बातें रखीं थीं। इनसे स्पष्ट है कि वे अपने धुर विरोधियों तक राजनीतिक पहुंच का महत्व समझते हैं। दोनों संस्थानों में उन्होंने भारतीय संस्कृति तथा गरिमापूर्ण अतीत में बहुलवाद व समावेशन की भावना पर जोर दिया। मोदी द्वारा उठाए गए कदम सही हैं, पर आलोचकों को इनमें प्रतिबद्धता व इरादों की कमी नजर आती है। मोदी द्वारा जनता से बेहतर संवाद के प्रयासों में चुनावी तर्क भी सामने आते हैं। उदाहरण के लिए, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अकेला ऐसा राज्य है जहां प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत किसानों को प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण में बाधा डाली गई है। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल में कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन क्यों हो रहे हैं। इस प्रकार उन्होंने संकेत किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केन्द्र के खिलाफ अपना विरोधी दृष्टिकोण मजबूत करने के लिए आंदोलनों को हवा दे रही हैं।



स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री का संबोधन पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव के दृष्टिकोण से भी था। एएमयू में उन्होंने संस्थान की विरासत व स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए वर्तमान समय में छात्रों द्वारा किए जाने वाले विरोध को शांत करने का प्रयास किया। नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के गुजरात से संबंध पर जोर दे कर वे आलोचकों की नजर में टैगोर के वैश्विक दृष्टिकोण को अनदेखा कर रहे थे। यह परोक्ष रूप से एक और नोबेल पुरस्का विजेता अमर्त्य सेन द्वारा विश्व भारती की जमीन पर अवैध कब्जे की ओर संकेत है। इस प्रकार प्रधानमंत्री जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास करते हैं। निश्चित रूप से वे अपने प्रमुख मतदाता आधार को अनदेखा नहीं कर सकते हैं और स्वयं को लोकसभा चुनाव में मिले प्रचंड जनादेश से प्राप्त छवि से वे लोगों की भावनायें शांत करना चाहते हैं। इस दिशा में उनको बहुसंख्यकवाद से वैचारिक रूप से प्रभावित लोगों से मतभेद दूर करने के प्रयास करने चाहिए ताकि राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। भारतीय जनता पार्टी को हालांकि अपने दृष्टिकोण से चुनावी लाभ मिले हैं, पर इससे अनेक अल्पसंख्यकों की भावनायें आहत हुई है। इसके परिणाम नागरिकता कानून के विरोध तथा दिल्ली में कुछ समय पहले हुए दंगे के रूप में सामने आए हैं। हालांकि, महामारी के समय कुछ राज्य सरकारों व मंत्रियों के आपत्ति के बाद राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर-एनआरसी का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भाजपा राज्य सरकारों द्वारा धर्मान्तरण विरोधी कानूनों से भी कुछ अल्पसंख्यकों की भावनायें आहत हैं। सरकार को नए कृषि कानूनों पर किसानों की आपत्तियों पर नरमी से विचार करना चाहिए। ऐसा नहीं है कि किसान खुले बाजार के विरोधी हैं, पर उनको आशंका है कि प्रतियोगिता में उचित मूल्य न मिलने के कारण उनकी कमाई और घट सकती है। इसे देखते हुए सरकार उनको सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी दे सकती है क्योंकि खेती में लागत बढ़ने के कारण वह घाटे का सौदा बन गई है। सरकार नई व्यवस्था में किसानों को कुछ और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण पर विचार कर सकती है। अनेक राज्यों में प्रमुख नेताओं की छवि गिरी है और आने वाले समय में स्पष्ट होगा कि क्या देश में महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का कद बढ़ा है।

# आयातित नेताओं से प्रभावित वैचारिकता

**दिशा में पहला बड़ा कदम था 1980 में जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन, एक कदम जिसने भाजपा की सीमा रेखाओं को संघ परिवार के दायरे से परे विस्तारित करने का काम किया।**

**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)





इतिहास का एक पृष्ठ कभी-कभी समसामयिक मुद्दों को समझने में मददगार होता है। जनवरी 1977 में, इंदिरा गांधी द्वारा 18 महीने तक चले भयावह आपातकाल के कुछ दिनों बाद प्रतीक्षित जब आम चुनाव करवाने की घोषणा की गई थी, उनके कैबिनेट मंत्री जगजीवन राम ने अपने त्यागपत्र की घोषणा कर हलचल मचा दी। दो मुख्यमंत्रियों, एचएन बहुगुणा, नंदिनी सत्पथी, व अन्यों के साथ उन्होंने इंदिरा गांधी के नेतृत्व का त्याग कर दिया। उनके विद्रोह का प्रभाव विस्फोटक था। एक खिन्न विपक्ष, जिनमें से अधिकतर जेलों में लंबा समय बिताने के बाद आए थे, ने कल्पना की थी कि चुनाव तो औपचारिकता मात्र होंगे और कांग्रेस सत्ता में वापस आएगी। आखिरकार, कांग्रेस और भाकपा के अतिरिक्त कोई भी पार्टी आपातकाल के दौरान खुलकर क्रियाशील होने में समर्थ नहीं थी। जगजीवन राम के विद्रोह ने जनता का माहौल रातोरात बदल दिया। अचानक लोगों में उस अवधि में हुए अत्याचारों के विरुद्ध खुलकर बोलने का साहस पैदा हो गया जब सरकार और सत्ताधारी दल में इंदिरा और उनके पुत्र संजय गांधी को छोड़कर किसी के प्रति जवाबदेही नहीं रह गई थी। विद्रोह ऐसा कारक साबित हुआ जिसने ऐसी ताकतों के बंधन खोल दिए जिन्होंने दो महीने बाद चुनावों में हुई कांग्रेस की पराजय में योगदान दिया था। हालांकि, झगड़ालू पश्च-विजय मोलभाव के दौरान मैंने पहली बार जगजीवन राम के विरुद्ध फुसफुसाहटें सुनीं थीं। क्यों, यह पूछा गया था, क्या ऐसे व्यक्ति को जिसने आपातकाल के खिलाफ कभी मुंह नहीं खोला, सिर्फ तब को छोड़कर जब ऐसा करना सुरक्षित था, को कहावती मलाई के साथ चल देना चाहिए? क्या उन लोगों को प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए जिन्होंने संकल्पबद्ध होकर सतत रूप से 1969 के बाद से इंदिरा गांधी का विरोध किया था? फिर भी, अन्यों ने जोर दिया कि कांग्रेसी संस्कृति एक नई सरकार पर थोपी जा रही थी जो नई शुरुआत का वादा करके सत्ता में आई थी। 43 साल पूर्व की घटनाओं पर नज़र डाले, तो कुछ निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। जगजीवन राम ने अपने त्यागपत्र के साथ कांग्रेस को तोड़ा नहीं था। पार्टी में बहुसंख्य लोग इंदिरा गांधी के प्रति वफादार बने रहे। आखिरकार, वह इंदिरा कांग्रेस थी। जिस आधारभूत संगठन पर जनता पार्टी का निर्माण हुआ था वह पूर्ववर्ती जनसंघ, चरण सिंह के भारतीय लोकदल का और समाजवादी आंदोलन अवशिष्ट का था। जगजीवन राम ने धरातल पर कांग्रेस विरोधी भावना का लाभ उठाया। इस सवाल का जवाब देना कठिन है जनता पार्टी फिर भी जगजीवन राम की उत्प्रेरक भूमिका के बगैर जीत सकती थी या नहीं। इतिहास का परीक्षण प्रतितथ्यात्मक विमर्श की सामर्थ्य पर नहीं किया जा सकता। हम इतिहास के नाजुक पल में जगजीवन राम की भूमिका को समझने का प्रयास कर सकते हैं। शेष तो अनुमान ही लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और माकपा के नेताओं एवं साधारण कार्यकर्ताओं के भाजपा की ओर लगातार

> **बड़ा सवाल यह है कि पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्य किस तरह भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक शुद्धता को प्रभावित करेंगे। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर विस्तार से जोर देने की आवश्यकता है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि एक पार्टी को परिधियों से केंद्र तक पहुंचने के लिए, राजनीतिक समूहन की वेदी पर वैचारिक शुद्धता का बलिदान करना पड़ता है।**

होने वाले प्रवाह के प्रति अनुभागीय प्रतिक्रिया के आलोक में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है। उन लोगों के समूह को नए भर्ती होने वालों द्वारा दरकिनार किए जाने का खतरा महसूस हो रहा है जो उन दिनों भाजपा के साथ यात्रा कर चुके थे, जब जमानत जब्त होना आम बात हुआ करती थी। जब से सुभेंदु अधिकारी ममता बनर्जी की कैबिनेट व तृणमूल से बाहर निकलकर भाजपा में शामिल हुए हैं तब से ही बेचैनी के माहौल को मीडिया ने महसूस किया है। यद्यपि अधिकारी को भाजपा में कोई औपचारिक पद नहीं दिया गया है, उम्मीद की जाती है कि वो ममता के खिलाफ भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में बड़ी भूमिका अदा करेंगे। यह भी उम्मीद की जा रही है कि विभिन्न दलों से आने वाले कई नए रंगरूटों को भाजपा उम्मीदवारों के तौर पर विधानसभा चुनावों में टिकट दिए जाएंगे। बहुत से पुराने वफादारों के दावे अनदेखे कर दिए जाएंगे क्योंकि जीतने की संभाव्यता को ज्यादा महत्व दिया जाता है। अधिकारी द्वारा किए गए दलबदल का अनुसरण और लोगों द्वारा भी किए जाने की उम्मीद है, भाजपा महत्वपूर्ण मुद्दे उठाती है। 1977 में जगजीवन राम के विपरीत, अधिकारी ने ममता के खिलाफ भीतर पनप रहे विद्रोह को भड़काने का काम नहीं किया। उस विद्रोह को सबसे पहले 2019 में अभिव्यक्ति मिली थी जब, अत्यधिक संगठनात्मक कमजोरी के बावजूद, भाजपा ने 42 में से 18 विधानसभा सीटों पर तृणमूल को हरा दिया था। अधिकारी द्वारा तृणमूल के खिलाफ माहौल गर्म कर देने की बात कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। जैसा कि याद ताजा कराने के तौर पर कहा जाता है, जो जगन्नाथ के चलते रथ पर हाथ लगा देते हैं उन्हें भी आशीर्वाद मिलता है। फिर भी, अधिकारी के दलबदल का व्यापक जगत में यह संदेश प्रेषित करने में अत्यधिक महत्व है कि तृणमूल कांग्रेस का किला ढह रहा है। यह कुछ ऐसी धारणा है जो 1966-67 में मतदाताओं को प्रेषित की गई थी जब अजोय मुखर्जी व उनके समर्थकों ने कांग्रेस का साथ छोड़कर बांग्ला कांग्रेस का गठन किया था। 1967 के चुनावों में, अजोय मुखर्जी तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रफुल्ल चंद्र सेन के खिलाफ खड़े हुए थे और उन्हें पराजित किया था। भाजपा में अधिकारी के शामिल होने से भगवा दल को दो मूर्त लाभ हो हो रहे हैं। कभी बलशाली रही माकपा से लड़कर पराजित करने का रिकार्ड रखने वाले तृणमूल के बड़े नेता चुनावी राजनीति का अपना अमूल्य अनुभव लेकर आए हैं, जो भाजपा की राज्य इकाई के पास नहीं था। इसके अतिरिक्त, उन जिलों के स्तर से भाजपा को समर्थन मिलने लगा है जहां भाजपा की मौजूदगी बहुत अल्प थी। मतों की लड़ाई में, ये योगदान नकारे नहीं जा सकते। बड़ा सवाल है कि पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्य किस तरह भाजपा की वैचारिक शुद्धता को प्रभावित करेंगे। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर विस्तार से जोर देने की आवश्यकता है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि एक पार्टी को परिधियों से केंद्र तक पहुंचने के लिए, राजनीतिक समूहन की वेदी पर वैचारिक शुद्धता का बलिदान करना पड़ता है। इस दिशा में पहला बड़ा कदम था 1980 में जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन, एक कदम जिसने भाजपा की सीमा रेखाओं को संघ परिवार के दायरे से परे विस्तारित करने का काम किया। यह विस्तार ही था जो कर्नाटक, तेलंगाना, असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों में देखा गया। अब पश्चिम बंगाल में यही अनुभव हो रहा है। सत्ता निःसंदेह बड़ा आकर्षण होती है। यह तब तक समझ में आता है जब तक सार्थक तथा समग्र बदलाव की संभावना नजर न आने लगे।

# निजता के अधिकार से छेड़छाड़

> **कंपनियों के प्रबंधन कई बार संगठन क्षमता जांचने के बहाने जासूसों के माध्यम से कर्मचारियों की निजता से छेड़छाड़ करते हैं।**

**निर्मल अब्राहम**
(लेखक प्रबंधन कंसल्टेंट हैं)



बंगालुरू में त्योहार के मौसम में मैंने एक दिन एक महिला को देखा जो एक पूरे डिपार्टमेंट स्टोर पर जैसे नजर रख रही थी। वह बैनरों व पुराने कूपनों को पढ़ रही थी, सेल्स क्लर्कों से जानकारी प्राप्त कर रही थी तथा कपड़ों की रैक देखने में सहायता मांग रही थी। इसे ग्राहक का सामान्य व्यवहार समझा जा सकता है। हर बार किसी काउंटर पर जाने के बाद वह अपने फोन पर कुछ टाइप करती थी। उसके द्वारा दिखाए जा रहे जोश से मुझे आशंका हुई कि वह 'मिस्ट्री शापर' है। वह ऐसी माताओं की तरह व्यवहार कर रही थी जो अपने बच्चों पर नजर रखते हैं। कंपनियां ऐसे बाहरी विशेषज्ञों को काम पर रखती हैं जो सर्वोच्च प्रबंधन कर्मचारी की अनुपस्थिति में संगठन का कामकाज जांचते हैं। यह एक स्थापित वैश्विक व्यवहार है और ये विशेषज्ञ अक्सर ग्राहक बन कर आते हैं। वास्तव में वे भुगतान प्राप्त जासूस होते हैं जो स्टोरों में बार्गेन बेसमेंट से बिलिंग काउंटर तक गतिविधियों की जांच करते हैं। वे हर चीज की रेटिंग देते हैं, जैसे कि ग्राहक को मुस्करा कर जवाब दिया गया या नहीं तथा प्रबंधन को कमियों की जानकारी देते हैं।

लेकिन इस प्रकार का संदिग्ध हस्तक्षेप कर्मचारियों की निजता से छेड़छाड़ कर सकता है। दुनिया भर की अनेक कंपनियां इस स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। वास्तव में उन्होंने कर्मचारियों में पैदा होने वाली बेचैनी के कारण गोपनीय आडिट का विचार छोड़ दिया है। कोई नहीं चाहेगा कि उस पर लगातार नजर रखी जाए। मजेदार बात है कि विभिन्न एप, गैजेट व आनलाइन सेवायें हमारे जिंदगी पर लगातार नजर रखती हैं और हम उनका रोज प्रयोग करते हैं। इनमें वर्चुअल असिस्टेंट, कान्फ्रेंसिंग टूल, सर्च इंजन, स्ट्रीमिंग सेवायें या सोशल मीडिया शामिल हैं। कुछ समय पहले




5,00,000 जूम खातों के लागिंग विवरण डार्क वेब पर एक पेंस के दर पर बेचे गए थे। हालांकि, इससे अनेक प्रयोगकर्ताओं में भय पैदा हुआ, पर जल्द ही यह खबर भुला दी गई।

2019 में नेट पर स्वतंत्रता संबंधी एक रिपोर्ट से पता चला था कि 10 में से 9 नेट प्रयोगकर्ताओं की आनलाइन जासूसी की जाती है। कृत्रिम बुद्धि-एआई व पैटर्न एनालिटिक्स में प्रगति के साथ इन आंकड़ों में और वृद्धि की आशंका है। दुनिया भर में नेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही व्यापक निगरानी को व्यावहारिक रूप से असंभव माना जाने लगा था। लेकिन एडवर्ड स्नोडेन द्वारा 2013 में असलियत उजागर होने के बाद अनेक नेटीजनों को धक्का लगा। लेकिन स्नोडेन के खुलासे के बाद इंटरनेट बहुत बदल गया है। पहले राजनीतिक दृष्टिकोण की निगरानी और विश्लेषण किया जाता था। इसमें व्यक्तिगत पसंद व खरीदने का तरीका भी शामिल है। इसके बाद निर्णय लेने के तरीके बदलने का प्रयास शुरू हुआ तथा विभिन्न मामलों में हिंसा की धमकी तक की नौबत आई। इसे देखते हुए 2010 के बाद वैश्विक प्रदर्शनों व हिंसक प्रदर्शनों की संख्या में आई भारी वृद्धि आश्चर्यजनक नहीं है। व्यापक निगरानी खतरनाक है क्योंकि इससे लाखों लोगों तक असाधारण पहुंच मिलती है। इनका प्रयोग सोशल मीडिया जैसे डिजिटल टूल व स्ट्रीमिंग सेवाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार के लिए हो सकता है। यह स्थिति उसी तरह होगी जैसे जोसेफ गोयबल्स ने 1930 के दशक में जर्मनी में सार्वजनिक स्पेस को नाजी प्रचार व पोस्टरों से पाट दिया था। वर्तमान समय में सोशल मीडिया विजुअल, वर्बल या आडिटरी रूपों में सावधानी से तैयार विचारों का प्रसारण कर रहा है। इससे हम एक इकोचैंबर में बंद हो गए हैं जो सामूहिक सोच को बढ़ावा देता है।

अमेरिका मे कंजरवेटिवों व लिबरल समूहों के बीच लंबा टकराव मीडिया द्वारा तैयार 'विभाजन अवधारणा' का उदाहरण है। इसके कारण 'युनाइटेड' स्टेट्स का 'डिवाइडेड' में बदलने का खतरा पैदा हो गया था। राजनीतिक थिंक टैंक इसका हमेशा लाभ उठाते हैं। दरबारी पूंजीवाद की तरह इसका नुकसान भी आम आदमी को होता है। सोशल मीडिया व इंटरनेट पर प्रभुत्व सभी भौतिक सीमाओं को पार कर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना जैसा बन गया है।

यह सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था भी बन रहा है। उदाहरण के लिए गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट अब एक ट्रिलियन डालर की कंपनी है जो स्वीडन के सकल घरेलू उत्पाद से दूनी है। 2.7 बिलियन प्रयोगकर्ताओं व 800 बिलियन डालर की बाजार पूंजी वाली फेसबुक भी एक विशिष्ट कंपनी है।

इस टेक् जायंट की कुल 'जनसंख्या' भारत व चीन को मिला कर है तथा इसकी 'अर्थव्यवस्था' न्यूजीलैंड, डेनमार्क व फिनलैंड की कुल अर्थव्यवस्था के बराबर है। दुनिया के इतिहास में किसी नेता की तुलना में ये विशाल कंपनियां आसानी से लोगों के विचारों व दृष्टिकोणों को प्रभावित कर वैश्विक स्तर पर परिवर्तन ला सकती हैं। यही हमारी चिन्ता का विषय है।

## आप की बात

### 2021 में भी लड़ना है कोरोना से

**साल** 2020 शुरुआत से ही वैश्विक स्वास्थ्य के लिए त्रासदीपूर्ण रहा है। यह पूरा साल लोगों ने कोरोना वायरस से जंग लड़ते हुए गुजारा है। भले ही कुछ दिनों में नए साल का आगमन होने वाला है लेकिन कोरोना का खतरा अगले साल भी बरकरार रहने के आसार हैं। जिसके मद्देनजर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों की एक सूची जारी की है, जिनसे दुनिया को 2021 में निपटना पड़ेगा। ड़ब्लूएचओ के अनुसार, वैश्विक महामारी कोरोना ने पिछले 20 सालों में हासिल की गई वैश्विक हेल्थ प्रणाली की रफ्तार कम करते हुए उसे पीछे की ओर खींच लिया है और इसीलिए 2021 में दुनिया को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। अगले वर्ष, कोविड़-19 के खिलाफ लड़ने के साथ-साथ, दुनिया भर के देशों को विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए भी अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होगी। 2021 में आम जनता तक कोरोना वैक्सीन और इलाज की पहुंच को सुगम बनाना सबसे जरूरी हैं वरना कोरोना से पीड़ित लोगों के आकड़े रोजाना बढ़ते जाएगे। दुनिया भर को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को आधुनिक रूप से विकसित करना होगा।

– **निधि जैन**, लोनी, ग़ाज़ियाबाद

### वर्ष की अंतिम मन की बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने इस वर्ष के आखिरी मन की बात में देश में हुए बड़े बदलाव का जिक्र किया।साथ ही आने वाले नए वर्ष के लिए, नए संकल्प और ऊर्जा से ओत प्रोत होने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा आत्मनिर्भर बन रहे है, चाहे कश्मीर में केशर की खेती हो या फिर युवाओं का समुन्द्र में स्वच्छता अभियान।सब देश को नई प्रगति की और बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने पिछले दिनों गीता जयंती की बात करते हुए कहे कि गीता जैसे महान ग्रंथ का हमारे बीच होने का कारण जिज्ञासा है।इसके साथ ही उन्होंने ने तमिलनाडु के 92 वर्षीय बुजुर्ग का उदहारण देते हुए कहा कि इतनी उम्र होने के बावजूद वे कंप्यूटर पर किताब लिखने का कार्य कर रहे है। भारत के युवाओं में जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प ने भी समृद्धि और सफलता की राह को परस्पर प्रदान किया है।प्रधानमंत्री ने आम जन के पत्रों का भी जिक्र किया, साथ ही 2020 के विभिन्न परिस्थितियों से सबक लेने की भी बात कही।एक वर्ष के अंदर ही भारत में बहुत बदलाव हुआ। नए वर्ष की शुभकामना के साथ, देशवासियों को देश हित में काम करने की प्रेरणा दी।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### अर्थव्यवस्था में सुधार

**अभी** हम देख रहे हैं कि जहां एक तरफ कोरोनावायरस का प्रकोप जारी है। वहीं दूसरी ओर कई देश अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं।लॉकडाउन के समय कई देशों ने राहत पैकेज लाकर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का साहसिक निर्णय लिया था। जिससे कि उनकी अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार देखने को मिला। परंतु वह सुधार इतना नहीं था कि जो उनकी पिछली अर्थ को सामान्य स्तर पर ला सके। उसके बाद धीरे-धीरे जब कोरोनावायरस अपने अंतिम चरण पर आना शुरू हुआ तो नहीं देशों की अर्थव्यवस्था पटरी में लौट गई। अब धीरे-धीरे हर देश अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा हुआ है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक यह कहा गया है कि भारत आने वाले 5 सालों में ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही साथ आने वाले 10 सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। यह सब करना इतना आसान नहीं है। परंतु हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जनता** ने वोकल फार लोकल अभियान का समर्थन किया है और विनिर्माताओं को देश में विश्वस्तरीय उत्पादों का निर्माण सुनिश्चित करना चाहिए।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भाजपा** सबसे बड़ा दल है जिसने जनता का जनादेश प्राप्त किया है जो अवसरवादी गुपकार गठबंधन को नहीं मिला है।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**जम्मू-कश्मीर** की जनता ने भारी बहुमत से बता दिया है कि उन्हें 5 अगस्त 2019 को लिया गया निर्णय स्वीकार्य नहीं है।

– **उमर अब्दुल्ला**
जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम

# डिजिटल सत्याग्रह से आएगी पत्रकारिता में नैतिकताः प्रो द्विवेदी

● मुक्त विश्वविद्यालय में साप्ताहिक अटल महोत्सव का आयोजन

● श्रम एवं समर्पण से शीर्ष पर पहुंचे अटल बिहारीः प्रो सिंह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**पत्रकारिता में** नैतिकता के लिए आज डिजिटल सत्याग्रह की आवश्यकता है। डिजिटल सत्याग्रह के माध्यम से जनता को जागृत किया जाए कि वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हुए बुरा मत टाइप करें बुरा मत लाइक करें और बुरा मत शेयर करें। मीडिया प्रोडक्ट है तो हम भी उपभोक्ता और पाठक हैं। खबरों में मिलावट है तो उसके खिलाफ खड़े होना चाहिए। सही खबरों की पड़ताल के साथ साथ फेक खबरों को पहचानने की भी कोशिश होनी चाहिए। यह बातें प्रो संजय द्विवेदी महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान आईआईएमसी नई दिल्ली ने रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव के अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला में कहीं।

व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो द्विवेदी ने पत्रकारिता में नैतिकता मुद्दे और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मीडिया की नैतिकता तब सुधरेगी जब संपूर्ण समाज एवं परिवार में नैतिकता की भाव भावना जागृत होगी। प्रो द्विवेदी ने कहा कि आज न्यूज़ चैनल व्यूज चैनल में बदल गए हैं। समाज में फेक न्यूज़ और हेट न्यूज़ का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज़ दरअसल यलो जर्नलिज्म का ही नया रूपांतरण है। जबकि समाज में कड़वाहट पैदा करने के लिए हेट न्यूज़ बनाई जाती है। डिजिटल मीडिया के द्वारा इसे नियंत्रित करना कठिन हो रहा है। हर व्यक्ति को पत्रकार नहीं कहा जा सकता। सोशल मीडिया पर जो एक्टिव है। वह पत्रकार नहीं है। समाचार केवल पत्रकार ही लिख सकता है। समाचार को किस तरह से लिखा जाए यह प्रशिक्षण से सीखा जा सकता है। प्रो द्विवेदी ने कहा कि आज हमें मूल्य आधारित पत्रकारिता की तरफ बढ़ना पड़ेगा नहीं तो न पत्रकारिता बचेगी न ही देश बचेगा। तथ्यों को तोड़े मरोड़े बिना खबर प्रस्तुत करनी पड़ेगी। कहा कि आज समाचार के भीतर विचार एवं विज्ञापन समाहित किए जा रहे हैं। समाचार में अपेक्षित तटस्थता का भाव रखना चाहिए। आज जर्नलिस्ट की कुर्सी पर एक्टिविस्ट आकर बैठ गए हैं। तथ्यों का सही रूप में निरूपण करना पत्रकार का ध्येय है। जबकि एक्टिविस्ट अपने अनुसार पत्रकारिता की दिशा तय करते हैं जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी दिशाओं से अच्छे विचारों को आने देना चाहिए। आज दुनिया के अंदर जिस तरह योग को स्वीकारा गया है उससे हमारे देश का मान सम्मान बढ़ा है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वह जिस क्षेत्र में जाएं पूरी प्रमाणिकता के साथ काम करें। अच्छे व्यक्तियों का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। समाज में मूल्यों की स्थापना होगी तो मीडिया भी उसका अनुसरण करेगा। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। पत्रकार के रूप में उनकी ख्याति थी। विलक्षण लोग जीवन के हर क्षेत्र में मानक स्थापित करते हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में जाने वाले युवाओं को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में जो लोग कैरियर देख रहे हैं उन्हें किसी भी खबर को सनसनीखेज बनाने से रोकना होगा। इसके साथ ही चौंकाने वाले समाचारों से बचना होगा। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि सूचनाओं का प्रवाह जारी रहेगा। हमें केवल इसके खतरों से आगाह करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन परविन्द कुमार वर्मा तथा वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के निदेशक प्रोफेसर पीके पांडेय ने किया। अतिथियों का परिचय स्वागत डॉक्टर नीता मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पी पी दुबे प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी प्रोफेसर रुचि बाजपेई तथा डॉ प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।


व्याख्यान देते प्रो द्विवेदी

### मुक्त विश्वविद्यालय में नीलिमा कटियार का व्याख्यान आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के तत्वावधान में मनाए जा रहे साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में सोमवार 28 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार मिशन शक्ति उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान देंगी।

## क्विक न्यूज

### छात्रों की रुचि क्षमता का मूल्यांकन प्रवेश परीक्षा का उद्देश्यः शर्मा

**प्रयागराज।** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में ग्लोबल लीडर पियरसन व्यू ने घोषणा की है कि उसने भारत में पियरसन अंडरग्रेजुएट एंट्रेन्स परीक्षा लांच किया है। भारत में नई पियरसन अंडरग्रेजुएट एंट्रेन्स परीक्षा का विपणन पियरसन व्यू द्वारा किया जाएगा जो कि मात्रात्मक मौखिक एवं एब्स्ट्रैक्ट रीज़निंग के लिए एक मानकीकृत परीक्षा है। छात्रों की रूचि और क्षमता का मूल्यांकन करना इस प्रवेश परीक्षा का उद्देश्य है ताकि वे भारत के शीर्ष पायदान के विश्वविद्यालय में प्रवेश पा सकें। प्रवेश परीक्षा को खासतौर पर पियरसन व्यू के परीक्षा कंटेंट विशेषज्ञों तथा मनोवैज्ञानिकों द्वारा डिज़ाइन किया गया है। जो भारत में विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए छात्रों के मूल्यांकन के तरीके को पूरी तरह से बदल डालेगी। यह पियरसन व्यू द्वारा बाज़ार में उतारी गई अपनी तरह की पहली परीक्षा है। जिसके तहत छात्रों को देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेना होगा। दिव्यलोक चेतन शर्मा सीनियर डायरेक्टर क्लाइन्ट डेवलपमेन्ट भारत और सार्क पियरसन व्यू ने कहा विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए हमारा टेस्ट बिज़नेस भारत में लगातार बढ़ रहा है। हम उम्मीदवारों का टेस्टिंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने खासतौर पर भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस परीक्षा का डिज़ाइन तैयार किया है। यह परीक्षा भारत में प्रवेश हेतु मूल्यांकन का बेंचमार्क बन जाएंगी और हज़ारों छात्र इससे लाभान्वित होकर नए एवं आकर्षक अकादमिक अवसर पा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण 11 जनवरी 2021 से शुरू होंगे। छात्रों को परीक्षा के लिए छह माह की अवधि दी जाएगी और उनके पास परीक्षा की तारीख और समय बदलने का विकल्प भी होगा।

### सामाजिक, साहित्यिक संस्था 'जनता हिताय समिति' ने किया सम्मानित

● समाजसेवा के क्षेत्र में गोपाल दास यादव व पत्रकारिता में डॉ. प्रभा रानी को 'काशी भूषण रत्न अलंकरण 2020' से किया गया सम्मानित

**वाराणसी।** सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था 'जनता हिताय समिति' के बैनर तले शनिवार को पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में समाजसेवा के क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिक गोपाल दास यादव उर्फबाबाजी, पत्रकारिता के क्षेत्र में डॉ0 प्रभा रानी 'काशीभूषण रत्न अलंकरण 2020' व समाजसेवा व मधुमेह प्रशिक्षण के लिए डॉ0 जे0पी0मिश्रा, शिक्षाविद् प्रतिभा तिवारी को 'काशी गौरव अलंकरण 2020'सहित दो दर्जन से ज्यादा विद्वानों को अपने-अपने क्षेत्रों में महारथ हासिल होने पर मुख्य अतिथि पदमश्री भाषचन्द्र सुपकार एवं विशिष्ट अतिथि श्री चिन्तामणि गणेश मंदिर के महंत चल्ला सुब्बाराव शास्त्री, अपर जिला जज(भभुवा)के मनोज कुमार तिवारी व सीएमओ डॉ0 वी0बी सिंह एवं काशी पत्रकार संघ के पूर्व महामंत्री डॉ0 अत्रि भारद्वाज द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा कोरोना वारियर्स सम्मान नीरज बदलानी, गिरीश चन्द्र एवं सुधीर चौरसिया को दिया गया। संस्था के अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं फिल्म निर्माता संतोष कुमार सिंह ने किया। सम्मान समारोह का कुशल पूर्वक संचालन सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक शंकर तिवारी(माइकल)ने तथा धन्यवाद ज्ञापित डॉ0 दशरथ चौरसिया ने किया।

### अस्थमा के प्रदूषण सहित कई कारणः डॉ सामरिया

**वाराणसी।** जन साधारण में अस्थमा बीमारी के लिए इन्हेलर्स के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए इनहैलर्स है सही के अभियान को गुरूवार को लांच किया गया। इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। अस्थमा मरीज के लिए इनहैलर्स है सही अभियान अस्थमा से जुड़े सामाजिक कलंक से निपटने, मरीजों को इनहैलर्स और अस्थमा के प्रबंधन में उनके फायदों के बारे में शिक्षित करने पर स्थान केन्द्रित करता है। वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ एवं चेस्ट विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ0 जे0के0सामरिया ने ऑनलाइन पत्रकारों से बातचीत अस्थमा के बढ़ने के महत्वपूर्ण कारणों में वायु प्रदूषण प्रमुख है।

### पक्षी विहार पहुंचे मुख्यमंत्री के विशेष सचिव

**नवाबगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री विशेष सचिव अमित सिंह परिवार सहित पक्षी विहार पहुंचे।अपराह्न लगभग 12़30 बजे पहुंचे मुख्यमंत्री के विशेष सचिव का यहां तहसीलदार निधि पांडेय सहित वन विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने परिवार सहित डियर पार्क व झील परिसर का भृमण कर पक्षी विहार की खूबसूरती का नज़दीकी से अवलोकन किया।कुछ समय बिताने के बाद वह वापस रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार हँसनगंज निधि पांडेयए वनक्षेत्राधिकारी मयंक सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे जानकारी अनुसार यह उनका व्यक्तिगत कार्यक्रम था।

### दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे, आठ घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिरिकपुर में आज प्रातः गांव स्थित एक आवासीय प्लाट के निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने.सामने आ गए। दोनों पक्षों से एक. एक दर्जन लोगों ने एक .दूसरे पर लाठी.डंडों और ईंट .पत्थरों की जमकर बौछार की। घटना में दोनों पक्षों की ओर से कुल 8 लोग घायल हुए हैं। इनमें सात लोगों की हालत गंभीर है। ग्राम जिरिकपुर निवासी दिनेश पुत्र बाबूलाल आज अपने प्लाट पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। तभी विपक्षी कमलेश शुक्ला पुत्र गिरजा शंकर प्लाट पर अपना दावा करने लगे। थोड़ी ही देर में मामूली कहासुनी झगड़े में तब्दील हो गई और दोनों पक्षों से एक.एक दर्जन लोग लाठी.डंडे और ईंट. पत्थर लेकर एक दूसरे से भिड़ गए। घटना में दिनेश पक्ष से उनका पुत्र शुभम तथा परिवार के महावीर पुत्र उमाशंकर और सुरेंद्र पुत्र राम शंकर घायल हो गए। जबकि कमलेश शुक्ला पक्ष से उनकी पत्नी सुमन तथा पुत्र इंद्र शुक्ला और रोहित लहूलुहान हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने दिनेशए महावीरए शुभमए कमलेश शुक्लाए सुमनए इंद्र शुक्ला तथा रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नोडल अधिकारी ने किया कोविड-19 वैक्सीनेशन कोल्ड चेन स्टोर का निरीक्षण

**उन्नाव।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मुकुल सिंघल ने आज डीएम रवींद्र कुमार के साथ सीएमओ कार्यालय एवं जिला चिकित्सालय परिसर में बनाये गये कोविड.19 वैक्सीन कोल्डचेन स्टोरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो से कोल्ड चेन स्टोर के बारे में जानकारी ली।इस दौरान उन्हें व्यवस्थाओं पर संतोषजनक मिली। नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी के एकसाथ निरीक्षण दौरे से महकमें में हलचल मच गई। उन्होंने सीएमओ डा आशुतोष से कोल्ड चेन कोविड.19 वैक्सीन स्टोर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान सीएमओ ने नोडल अधिकारी को बताया कि कोविड.19 वैक्सीनेशन हेतु जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित अचल प्रशिक्षण केंद्र में नया कोल्ड चैन स्टोर बनकर तैयार है। शासन स्तर से गोदरेज कंपनी के तीन नए आईएलआर रेफ्रिजरेटर 675 लीटर वैक्सीन रखने हेतु प्राप्त हो चुके हैं।

# सुबहे–ए–बनारस संस्था ने गरीबों को बांटे कंबल



**वाराणसी।** सामाजिक संस्था सुबह.ए. बनारस क्लब के अध्यक्ष मुकेश जायसवालए क्लब के संस्थापक अध्यक्षए संरक्षकए एवं ;प्रमुख उद्यमीद्ध विजय कपूर एक्लब के उपाध्यक्ष मोहम्मद जुबैरए उपाध्यक्ष अनिल केसरीए पंकज पाठक द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए पिपलानी कटरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित हनुमान जी के मंदिर के पास बैठे जरूरतमंद असहाय गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। तथा समाज सेवा से जुड़े सभी संगठनों से पुरजोर ढंग से अपील किया गया। कि इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए वह भी अपनी ओर से इस नेक कार्य में बढ़.चढ़कर भाग लेते हुए अपनी सहभागिता करें। साथ ही साथ नगर निगम प्रशासन से यह मांग किया गया अभी तक चहुंओर अलाव की व्यवस्था मुकम्मल नहीं हो सका है। वक्त की मांग को देखते हुए नगर निगम प्रशासन काशी के सभी क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था करें। विशेष करके रेलवे स्टेशनों पर अलाव की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण आने जाने वाले यात्रियों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन सभी स्टेशनों पर भी अलाव जलाने की व्यवस्था करें ताकि आने जाने वाले राहगीरों के साथ निरीह प्राणी भी अलाव के तपन का लाभ उठा सके।

# विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना जागृत करना जरूरीः डॉ. सीएम नौटियाल

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन

**विज्ञान एवं** प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम में बच्चों एवम विद्यालयों की सहभागिता एवं मुख्य विषय सतत जीवन के लिए विज्ञान से संबंधित विज्ञान गणित शिक्षकों की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रोजेक्ट बनाने की तकनीक एवं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में ऑनलाइन बच्चों की सहभागिता के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक डा सी एम नौटियाल ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना जागृत करना है। जिससे वे अपने आसपास की स्थानीय समस्याओं के प्रति चिंतन करें और उनके समाधान के लिए स्वयं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करके उनका समाधान पाने की कोशिश करें। जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। अपितु उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक होगा। राज्य अकादमिक समन्वयक डा विजय कुमार ने बताया कि बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट बनाते समय कौन कौन सी सावधानियां अपनानी चाहिए। जिससे उनके द्वारा चयनित प्रोजेक्ट की गुणवत्ता बढ़ाई जा सके। विज्ञान संचारक प्रमोद मिश्रा ने शिक्षकों को प्रोजेक्ट बनाने के लिए नवीनतम तकनीकी पक्ष की जानकारी दी। सी एमपी डिग्री कॉलेज की रसायन शास्त्र प्रवक्ता डा अर्चना पाण्डेय ने सभी उपविषयों के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति बाल वैज्ञानिकों को अभी से गम्भीर होना चाहिए। उन्हें अपने स्तर पर समस्या के निदान के लिए पहल करनी चाहिए। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे अपने विद्यार्थियों को समय समय पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे कारकों के प्रति जागरूक करें। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य समन्वयक डा सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए बताया कि विगत वर्ष सम्पूर्ण भारत मे बाल वैज्ञानिकों की सहभागिता में प्रयागराज सबसे अव्वल रहा। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता के लिए प्रेरित करने को कहा। टैगोर पब्लिक स्कूल के रसायन शास्त्र प्रवक्ता एवम राष्ट्रीय बाल विज्ञान सह जिला समन्वयक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता से विज्ञान करके सीखो के सिद्धांत को बल मिलता है। जो बाल वैज्ञानिकों में विज्ञान के प्रति रुझान उत्पन्न करके उनकी जिज्ञासाओं को शांत करता है। कार्यशाला को जे टी गोल्डन जुबिली के भौतिक शास्त्र प्रवक्ता एम एम सिन्हा एवम कौशाम्बी जनपद के जिला समन्वयक वसीम अहमद ने सम्बोधित किया। सह राज्य समन्वयक एवम जिला समन्वयक डा मोहम्मद मसूद ने कोविड 19 से प्रभावित कार्यक्रम के बारे में बताया कि इस वर्ष जिला राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर का आयोजन वर्चुअल ही हो पायेगा।

# तीसरी बार ब्लाक पर आए नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत

● सिरमौर बनेगा सेवापुरी ब्लाक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**कभी विकास** की दौड़ में सबसे पीछे रहने वाला सेवापुरी ब्लाक अब अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो चुका है। इतना ही नहीं अब यह ब्लाक माडल ब्लाक बनने का लक्ष्य पाने की ओर है। देश के कोने–कोने में इस ब्लाक का डंका बजना लगभग तय है। यह सब हो रहा है प्रधानमंत्री की सोच व नीति आयोग के दृढ़ निश्चय से।इसकी गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले पांच माह में तीन बार नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत व केन्द्र सरकार के सभी विभागों के प्रमुख यहॉ आ चुके हैं।अफसरों संग कई कम्पनियां व सामाजिक संस्थाएं इस ब्लाक को सिरमौर बनाने में जुटी हुई है।

**विकास के 141 इंडीकेटर के तय लक्ष्य को किया हासिलः** नीति आयोग की ओर से ब्लाक को माडल बनाने के लिए 141 इंडीकेटर निर्धारित किए गये थे, इसमें मनरेगा में श्रमिकों को काम देने से लगायत केसीसी कार्ड तक को शामिल किया गया था। सभी कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। इस ब्लाक के 265 आंगनबाड़ी केन्द्रों के रंग–रोपन से लगायत परिसर में पोषण वाटिका तक को संवारा जा चुका है। ब्लाक के सभी स्कूल निजी स्कूलों तर्ज पर रंग रोगन के साथ स्मार्ट क्लासेज की राह पर चल पड़े हैं।लगभग एक लाख मीटर नाली अंडर ग्राउंड, आठ लाख मीटर इंटरलांकिंग, एक दर्जन से अधिक सड़के पक्की हुई हैं। 40 लाख से अधिक खर्च कर ब्लाक के मीटिंग हाल को वातानुकुलित बनाया गया है। अब बिहैवियर चेजिंग पर काम हो रहा है। छह मास में इसे पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

**सामुदायिक शौचालय, मोहल्ला स्कूल आदि का किया निरीक्षणः** नीति आयोग के सीईओ ने हाथी गांव में मोहल्ला, स्कूल, आदर्श तालाब, आयुष केन्द्र व सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत बने स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी से टीकाकरण, जॉच आदि के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मोहल्ला स्कूल को देखने के बाद सामुदायिक शौचालय पर तैनात महिला कर्मी से पूछा कि शौचालय के उपयोग पर कितना पैसा लेती हैं।महिला ने बताया कि शौच वास्ते दो रूपये व यमरिनल का इस्तेमाल करने वालों से एक रूपये। पूछा, पैसा न होने पर। महिला ने कहा कि उपयोग करने देते हैं लेकिन कहते है कि पानी गिरा दीजिए।

# कृषि विज्ञान संस्थान में आयोजित संगोष्ठी कृषि उपज बढ़ाने पर चर्चा



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रसार शिक्षा विभाग कृषि विज्ञान संस्थान में चार दिवसीयअंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गयाा। विज्ञान संस्थान के शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में नवाचार का प्रचार प्रसार करके देश की प्रगति के लिए काम करना होगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रोण् जैक इलियटए टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटीए यूएसए भी इस समारोह में वर्चुअल रूप में जूम एप्लीकेशन के माध्यम से जुड़े थे एवं उन्होंने बताया कि भारत के किसान बहुत ही प्रगतिशील हैं। भारत के किसानों में काफी क्षमता है । सही समय पर उनको सही मौका देने पर कृषि की दशा एवं दिशा में परिवर्तन आएगा। समारोह की विशिष्ट अतिथि किरण सोसाइटी की संस्थापक एवं अध्यक्ष मैडम संगीता जेण् केण् ने किरण सोसाइटी का परिचय देते हुए बताया कि शोध संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठन को एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशकए प्रोण् रमेश चंद ने तकनीकी विकास में किसान की सहभागिता पर जोर देते हुए अपने नवीनतम प्रयोग ड्रोन की सहायता से गेंहू की बुआई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किसानों के समूहए स्वयं सहायता समूहों से बढ़कर कार्य कर रहे हैं लेकिन वें लोग रजिस्टर्ड नहीं हैं। उनके कार्यों का परिणाम गांवों में दिखाई देता है इसलिए शोध संस्थानों को किसानों को एक साथ लेकर काम करना चाहिए। समारोह कार्यक्रम में पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय की संकाय प्रमुख प्रोण् एनण् रमा देवी ने पशुओं में कृत्रिम गर्भ धारण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों के योगदान को सराहा।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश दरकिनार, वन क्षेत्र से सटे इलाके में दे दी खनन की अनुमति

● करीब आधा दर्जन पुकलैंड मशीनों की मदद से धरती का सीना छलनी कर रहे खनन माफ़िया, जिम्मेदार मौन

संवाददाता। सफीपुर,उन्नाव

**इसे खनन** माफियाओं से मिलीभगत कहें या प्रशासनिक लापरवाही! कि वनक्षेत्र से सटे भूभाग पर खनन की अनुमति दे दी गई। विभागीय सहमति लेकर खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं।रात व दिन के उजाले में चल रही पुकलैंड मशीनें समतल भूमि को कई फिट गहरी खाई में तब्दील कर भूस्थलीय तबाही की इबारत लिख रही हैं। सुप्रीमकोर्ट की मनाही के बाद भी चल रहे इस खेल में प्रशासनिक जिम्मेदार ग्रामिणों की शिकायतों को भी अनसुना कर रहे हैं।

मामला सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जुझारपुर गांव से जुड़ा है।यहां वन क्षेत्र से सटी भूमि पर नियम विरुद्ध तरीके से खनन कराया जा रहा है।ग्रामिणों की शिकायत है कि पूरे मामले को जिम्मेदार देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।प्रशासन ने भूमि गाटा संख्या 489 पर करीब आठ बीघे रकबे में चल रहे खनन के अलावा बगल के गाटा संख्या पर भी इसकी मंजूरी दे दी।जबकि दोनो रकबे हरे भरे बाग बगीचों से सटे हुए हैं। वन क्षेत्र से इनकी दूरी बामुश्किल दो सौ मीटर है तो वहीं करीब 50 मीटर पर आबादी है।बावजूद इसके खनन माफिया इन दोनों रकबों पर पुकलैंड मशीनों की मदद से खुदाई कर 10 से 12 फिट गहरी खाई में तब्दील कर रहे हैं। खास बात यह है कि वन क्षेत्र से 1500 मीटर दूरी तक के इलाके में खनन पर सुप्रीम कोर्ट ने मनाही कर रखी है। बावजूद इसके खनन विभाग ने वन क्षेत्र के समीपवर्ती इलाके में खनन की अनुमति दे दी गई। ग्रामिणों का कहना है कि खनन माफियाओं से सांठगांठ कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई।उन्होंने खनन पर शासन प्रशासन द्वारा रोक न लगाए जाने पर न्यायालय में ले जाने की बात कही। इस बाबत एसडीएम सफीपुर से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी नंबर बंद बताता रहा।

**जिम्मेदारों द्वारा मामले को अनदेखा करने के आरोपः** खनन के संबंध में ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से शिकायत की किन्तु जिम्मेदारों ने मौके का निरीक्षण तक करना आवश्यक नही समझा। खनन माफ़िया लगातार अपने मंसूबे को अंजाम दे रहे हैं। जिम्मेदारों की कार्यशैली को लेकर ग्रामिणों में आक्रोश है।

**तय मानकों से तिगुना गहराई तक किया जा रहा खननः** जानकारों की मानें तो सुप्रीम कोर्ट ने खनन की अनुमति के साथ ही किस गहराई तक मिट्टी का दोहन किया किया जाना चाहिए इसके मानक तय कर रखें हैं। किंतु खनन माफियाओं द्वारा 10 से 12 फिट गहराई तक खनन किया जा रहा है। नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं और अधिकारी मौंन हैं।

# धान में झेला नुकसान, कहीं रबी की फसल भी न दे जाए धोखा...

● चिंता में डूबे अन्नदाता पुरवा ब्रांच उन्नाव खंड शारदा नहर की माइनरों में नहीं पहुंचा पानी, सिंचाई के अभाव में सूख रही रबी की फसलें

महेंद्र सिंह। पाटन, उन्नाव

**प्राकृतिक दुष्प्रभाव** के चलते धान की पैदावार में रिकवरी व ब्रोकेन की समस्या से जूझ रहे अन्नदाता को अब रबी की फसलें तैयार करने में चुनौतीपूर्ण स्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। क्रय केंद्रों से निराश हो उपज को सस्ते बाजार भावों पर बेंचकर नुकसान खाए किसानों को अब जरुरत के समय सिंचाई के सरकारी उपक्रम धोखा दे रहे हैं। रबी की सिंचाई के लिए नहरों व नलकूपों पर आश्रित काश्तकारों की शिकायत है कि जिम्मेदारों की लापरवाही उन्हें मटियामेट कर रही है।

बीघापुर तहसील सहित पास. पड़ोस के इलाके में इंजन बोरिंगए नलकूप आदि निजी सिंचाई के संसाधन करीब एक चौथाई लोगों के पास ही है। ऐसे में 75 फीसदी किसान नहरों व सरकारी नलकूपों के सहारे परंपरागत खेती करते हैं।मौजूदा समय में लगभग सभी सरकारी नलकूप रखरखाव के आभाव में ध्वस्त पडे हैं। जबकि नहरों में पानी के बजाय सफाई पर अधिक जोर होने से अभी भी धूल उड़ रही है।काश्तकारों ने रबी की फसलों की जैसे.तैसे बुआई तो कर दी। किंतु अब सूखी पड़ी नहरें उन्हें चिंता में डाल रही हैं। सिंचाई के अभाव में सूखती हुई फसलों को कैसे बचाएं परेशानी भरे इस सवाल काए जवाब पाने के लिए वे जिम्मेदारों के मुंह ताक रहे हैं।

### वरदान की तरह थी पुरवा ब्रांच उन्नाव खंड शारदा नहर

**पाटन।** किसान बजरंग बहादुर सिंहएयोगेन्द्रएकेशनए मुन्ना सिंह आदि बताते हैं कि क्षेत्रीय किसानों के लिए सिंचाई का मुख्य स्त्रोत पुरवा ब्रांच शारदा नहर पहले वरदान से कम नहीं थी। नहर व बारिस के सहारे कम लागत में आसानी से धान व गेंहू की फसल तैयार हो जाती थी।किंतु पिछले कुछ समय से जरूरत के समय सूखी पड़ी नहर माइनरें मानों चिढ़ाने दौड़ती हैं।

### पानी के अभाव में पैदावार घटी, ठेकेदार हुए मालामाल

**पाटन।** युवा किसान योगेन्द्र सिंहएरजनीशएआशीष सिंह बताते हैं कि नहरों में पानी के बजाय सफाई पर अधिक जोर होने से ठेकेदारों व नेताओं की जेबें तो भर जाती हैं। किंतु नहरों पर आश्रित किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है।काश्तकारों को जरूरत के समय पानी मिल पा रहा है कि नहीं इसकी सुध लेना जिम्मेदार जरूरी नहीं समझते। पानी के आभाव में धान तो दूर कम सिंचाई मे होने वाली फसलों की पैदावार में भी निरंतर कमी आती जा रही है।

### नुकसान में बेंचा धानए अब सता रही रबी की फसल की चिंता

**पाटन।** सरकार ने सामान्य धान का 1868 रुपये व ग्रेड.ए धान 1888 प्रति कुंतल निर्धारित किया। किंतु अधिकांश किसानों को धान में चावल की रिकवरी कम होने व टूटन अधिक होने की बात बताकर क्रय केंद्रों से लौटाया जा रहा।किसानों का कहना है कि पैदावार में दिक्कत प्राकृतिक दुष्प्रभाव के कारण हुई। सरकारी पैमाने पर खरा न उतरने पर उन्हें अपनी उपज सस्ते बाजार भावों में नुकसान में बेंचनी पड़ रही है। सिंचाई के संसाधनों ने साथ न दिया तो उन्हें रबी की फसल में भी धोखा मिलने की चिंता है।

**क्या बोले जिम्मेदारः** नहर में पानी पीलीभीत से 15 दिसम्बर को छोड़ा गया जिससे पहुंचने में समय लगा।आवश्यकता के अनुरूप आपूर्ति न मिलने से अभी पुरवा ब्रांच में पानी नहीं पहुंच सका है। 28 दिसंबर तक आपूर्ति में 200 से 300 क्यूसेक सुधार की संभावना है।जिसके बाद नहर में पानी मिल सकेगा।

**अखिलेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई**

# प्रधानमंत्री मोदी का जोर पूर्वोत्तर में विकास पर हैः अमित शाह

**भाषा।** इम्फाल

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने रविवार को कहा कि पूर्वोत्तर भारत पीएम के दिल में है और वह क्षेत्र में बहुत विकास लेकर आए हैं। शाह ने यहां हप्त कांगजेबुंग में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने क्षेत्र को एक नई पहचान दी है जो विकास के नए युग का एहसास कर रहा है। पहले मणिपुर को विद्रोह, बंद और नाकेबंदी के लिए जाना जाता था, अब अधिकतर उग्रवादी संगठन मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं और जो मुख्य धारा में शामिल नहीं हुए हैं, वे भाजपा सरकार के प्रयासों से इसमें शामिल होंगे। शाह ने सत्ता में रहने के दौरान मणिपुर की समस्याओं का हल नहीं करने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में राज्य बीते तीन साल से उन्नति के पथ पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के रूप में सबसे बड़ा तोहफा दिया है जो उन्हें बिना मांगे मिला है। शाह ने कहा, मोदीजी को एहसास हुआ कि मणिपुर के पास इनर लाइन परमिट नहीं है जबकि उसके आस-पास के अन्य राज्यों में यह है जो मूल निवासियों के साथ अन्याय है और उन्होंने रास्ता तलाशा। 11 दिसंबर 2019 को जब मणिपुर को यह (आईएलपी) मिला तो यह हमारे लिए बड़े संतोषै की बात थी। आईएलपी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज होता है जो संबंधित राज्य सरकार भारतीय नागरिक को सीमित अवधि तक किसी संरक्षित इलाके की यात्रा के लिए जारी करती है। शाह पूर्वोतर की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में रविवार दोपहर गुवाहाटी से यहां पहुंचे। सात परियोजानओं की आधारशिला रखी जिनमें चूड़ाचांदपुर में मेडिकल कॉलेज शामिल है। उन्होंने थोबल बांध का उद्घाघटन किया और बिष्णुपुर-थोबल-कसोम कुल्लेन सड़क आम लोगों को समर्पित किया।

### शाह ने असम के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन रविवार को यहां नीलाचल पहाड़ी पर स्थित शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह मणिपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वह कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। शाह मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल और स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्व सरमा के साथ सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचे। गृह मंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में केवल तीन पुजारियों के साथ प्रवेश किया, जबकि सोनोवाल और सरमा ने द्वार के पास प्रतीक्षा की। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शाह ने मंदिर की परिक्रमा भी की। शुक्रवार की रात यहां पहुंचे शाह ने शनिवार को एक आधिकारिक कार्यक्रम में चार विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। निष्कासित कांग्रेस विधायकों अजंता नियोग और राजदीप गोआला से मुलाकात की, जिसके बाद दोनों ने पुष्टि की कि वे भाजपा में शामिल होंगे।



गुवाहाटी में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह मां कामाख्या मन्दिर में दर्शन के लिए जाते हुए।

## औरंगाबादः बुजुर्गों को अस्पतालों में अकेला छोड़कर जा रहे परिजन

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के अधिकारियों ने बताया कि उपचार के लिए बुजुर्ग व्यक्तियों को यहां लाने के बाद परिजनों द्वारा उन्हें यहीं पर अकेला छोड़कर जाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में औरंगाबाद का जीएमसीएच सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में से एक है और क्षेत्र के आठ जिलों के लोग यहां उपचार के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के बुजुर्ग लोगों को उनके परिजन अस्पताल में ही छोड़कर चले जाते हैं और ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. सुरेश हारबड़े ने कहा, कोरोना वायरस के कारण लगाए गए लॉकडाउन के शुरुआती दौर में यहां ऐसे बुजुर्गों की संख्या बढ़ गई जिन्हें उनके परिजन अकेला छोड़ गए। उन्होंने कहा, हमने औरंगाबाद नगर निगम के साथ मिलकर अभियान चलाया और ऐसे कई बुजुर्गों को स्थानीय आश्रय गृहों में भेजा। हालांकि उनमें से कई वहां से भी चले गए। डॉ. हारबड़े ने बताया कि परिवार द्वारा छोड़े गए बुजुर्ग अस्पताल परिसर, फुटपाथ तथा अस्पताल के इर्द-गिर्द ऐसे स्थानों पर रहने लगते हैं जहां उन्हें भोजन आसानी से मिल सके। अधिकारी ने बताया कि मरीजों के साथ कोई देखरेख करने वाला न भी हो तो भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाता है। उन्होंने कहा, हमारे कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता ऐसे लोगों का ध्यान रखते हैं। जब हम उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश करते हैं तो कई बार उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंदिर पर हमले के संभावित प्रयास को विफल किया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक मंदिर पर हमले के संभावित प्रयास को विफ्ल करते हुए सुरक्षाबलों ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे छह ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार अंग्राल ने बताया कि यह सफलता तब मिली जब शनिवार को रात करीब आठ बजे मेंढर सेक्टर में बसूनी के निकट वाहन तलााशी के दौरान स्थानीय पुलिस के विशष अभियान समूह (एसओजी) ने 49 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के साथ मिलकर दो भाइयों--मुस्तफा इकबाल और मुर्तजा इकबाल को हिरासत में लिया। दोनों गलहुटा गांव के रहने वाले हैं। अधिकारी ने कहा, बसूनी में 49 राष्ट्रीय राइफल्स के बटालियन मुख्यालय में उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में पाया गया कि मुस्तफा को एक पाकिस्तानी नंबर से कॉल आया था। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने कबूला कि उसे अरी गांव में एक मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने का काम सौंपा गया है। उसके मोबाइल में एक वीडियो मिला है जिसमें बताया गया है कि ग्रेनेड का इस्तेमाल कैसे करना है। अंग्राल ने बताया कि बाद में तलाशी के दौरान उसके घर से छह ग्रेनेड और अब तक अज्ञात रहे संगठन जेएंडके गजनवी फोर्स के कुछ पोस्टर बरामद किए गए।

## नया साल लेकर आ रहा ग्रहण के चार गजब नजारे, पूर्ण चंद्रग्रहण से होगी शुरुआत

**भाषा।** इंदौर (मप्र)

**आने वाले** साल 2021 में सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा की चाल दुनियाभर के खगोल प्रेमियों को एक पूर्ण चंद्रग्रहण और एक पूर्ण सूर्यग्रहण समेत ग्रहण के चार रोमांचक दृश्य दिखाएगी। हालांकि, भारत में इनमें से केवल दो खगोलीय घटनाएं निहारी जा सकेंगी। उज्जैन की प्रतिष्ठित शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने रविवार को बताया कि अगले साल की इन खगोलीय घटनाओं का सिलसिला 26 मई को लगने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण से शुरू होगा। उन्होंने कहा, ै नववर्ष का यह पहला ग्रहण सिक्किम को छोड़कर भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में दिखाई देगा जहां चंद्रोदय देश के दूसरे इलाकों के मुकाबले जल्दी होता है। इस खगोलीय घटना के वक्त चंद्रमा पृथ्वी की छाया से 101.6 प्रतिशत ढक जाएगाै।

पूर्ण चंद्रग्रहण तब लगता है, जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है और अपने उपग्रह चंद्रमा को अपनी छाया से ढक लेती है। चंद्रमा इस स्थिति में पृथ्वी की ओट में पूरी तरह छिप जाता है और उसपर सूर्य की रोशनी नहीं पड़ पाती है। इस खगोलीय घटना के वक्त पृथ्वीवासियों को चंद्रमा रक्तिम आभा लिए दिखाई देता है। लिहाजा इसेंै ब्लड मूनै भी कहा जाता है। गुप्त ने भारतीय संदर्भ में की गई कालगणना के हवाले से बताया कि 10 जून को लगने वाला वलयाकार सूर्यग्रहण देश में दिखाई नहीं देगा। इस खगोलीय घटना के वक्त सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाएगा। इस कारण पृथ्वीवासियों को सूर्य ै रिंग ऑफ फायरै (आग का चमकदार छल्ला) के रूप में 94.3 प्रतिशत ढका नजर आएगा। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को लगने वाले आंशिक चंद्रग्रहण को अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ भागों में बेहद कम समय के लिए निहारा जा सकेगा। इस खगोलीय घटना के चरम पर चंद्रमा का 97.9 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की छाया से ढका दिखाई देगा। तकरीबन दो सदी पुरानी वेधशाला के अधीक्षक ने बताया कि चार दिसंबर को लगने वाले पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आ जाएगा कि सौरमंडल का मुखिया सूर्य 103.6 प्रतिशत ढका नजर आएगा। हालांकि, वर्ष 2021 के इस अंतिम ग्रहण को भारत में नहीं निहारा जा सकेगा। समापित की ओर बढ़ रहे वर्ष 2020 में दो सूर्यग्रहण और चार चंद्रग्रहण समेत ग्रहण के छह रोमांचक दृश्य देखे गए।

## क्विक न्यूज

### हेमंत सोरेन फरवरी में हार्वर्ड विवि में इंडिया कांफ्रेंस में भाषण देंगे

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने फरवरी में वार्षिक इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। इसमें सोरेन कोविड-19 से निपटने के लिए किए गए राज्य के कार्यों तथा झारखंड में आदिवासी अधिकारो एवं कल्याणकारी नीतियो के बारे मे भाषण देंगे।झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 20 फरवरी 2021 को व्याख्यान देने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आयोजको का आभार व्यक्त किया है। ट्वीट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री आदिवासी अधिकारों, सतत विकास, कल्याणकारी नीतियों और कोरोना संक्रमण काल में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर वक्तव्य देंगे। इंडिया कॉन्प्रेंस भारत पर केंद्रित एवं छात्रो द्वारा आयोजित किया जाने वाला उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा सम्मेलन है।

### मुंबई में मंदिर में आग लगने से दो लोगों की मौत, एक घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र मे मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र कांदिवली स्थित एक मंदिर में रविवार तड़के आग लग गई जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना कांदिवली (पश्चिम) के बंदर पखाडी रोड स्थित साईबाबा मंदिर मे हुई। मंदिर मे शॉट सर्किट की वजह से तड़के करीब सवा चार बजे आग लग गई। सूचना मिलने पर, दमकल की कुछ गाड़ियां मौके पर पहुंची और सुबह चार बजकर 40 मिनट तक आग को बुझा दिया गया। यह मामूली (स्तर) की आग थी। आग से तीन व्यक्ति झुलस गए। उन्हे एक अस्पताल ले जाया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है लेकिन उसकी हालत नाजुक है।

### दिग्गज बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** विख्यात बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा को रक्तचाप कम होने की वजह से बेचैनी की शिकायत के बाद दक्षिणी कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मिश्रा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियो से ग्रसित है। अधिकारी ने बताया कि 79 वर्षीय गायिका का रक्तचाप कम होने के बाद उन्हें शनिवार रात को अस्पताल में भर्ती किया गया। अधिकारी ने बताया कि उनकी हालत अब स्थिर है और आज उनकी कोविड-19 जांच होगी। बालकृष्ण दास अवॉर्ड से सम्मानित गायिका को जुलाई मे मस्तिष्कघात हुआ था।

### झारखंड में कोरोना वायरस संक्रमण के 192 नए मामले

**रांची।** झारखंड मे पिछले चौबीस घंटो मे कोरोना वायरस संक्रमण से दो और व्यक्तियो की मौत होने से राज्य मे मृतको की संख्या बढ़कर1,018 हो गई। राज्य मे संक्रमण के 192 नए मामले सामने आए जिन्हे मिलाकर यहां संक्रमितो की कुल संख्या रविवार को बढ़कर1,14,146 हो गई। राज्य के1,14,146 संक्रमितों में से1,11,530 अब तक ठीक होकर अपने घरो को लौट चुके है। 1,598 अन्य संक्रमितो का इलाज विभिन्न अस्पतालो मे जारी है। पिछले चौबीस घंटों में राज्य में जिन दो कोरोना संक्रमितो की मौत हुई उनमे से एक रांची का और एक लातेहार के रहने वाला था।

### अंडमान में कोविड-19 का नया मामला सामने नहीं आया

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह मे पिछले 24 घंटो मे कोविड-19 का एक भी नया मामला सामने नही आया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश मे कोविड-19 मामलो की कुल संख्या 4,912 है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटो में आठ और लोग इस बीमारी से उबर गए है, जिससे इस द्वीपसमूह मे ठीक होने वाले लोगो की कुल संख्या बढ़कर 4,789 हो गई। अधिकारी ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश मे अब 61 मरीजो का इलाज चल रहा, जबकि अब तक 62 लोगो की मौत हो चुकी है।

### दुर्घटना में पांच मजदूरों की मौत, 16 घायल

**बेंगलुरू।** चित्रदुर्ग मे रविवार को एक एसयूवी और राज्य परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर मे एसयूवी सवार एक महिला सहित पांच मजदूरों की मौत हो गई तथा 16 अन्य लोग घायल हो गए। एसयूवी में सवार 22 लोगो में एक मजदूर सुरक्षित बच गया और उसे कोई चोट नही आई है। घायल लोगो को अस्पताल मे भर्ती करा दिया गया है।

### पूर्व पुलिसकर्मी सहित जैश-ए-मोहम्मद के चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले मे रविवार को आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के चार सदस्यो को गिरफ्तार कर लिया गया। उनमे से एक पूर्व पुलिसकर्मी भी शामिल है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलो ने जिले के हयातपोरा इलाके मे घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।



कोलकाता में गंगा नदी में स्टीमर पर पेंटिंग कार्यशाला में चित्रकारी करते बंगाली कलाकार।

## कश्मीर में शीतलहर तेज हुई, गुलमर्ग में पारा गिरकर शून्य से 7.2 डिग्री नीचे पहुंचा

**श्रीनगर।** कश्मीर में रविवार को शीतलहर और तेज हो गई तथा समूची घाटी में न्यूनतम तापमान शून्य से कई डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 12 दिसंबर को हुई बर्फबारी के बाद से कश्मीर में मौसम शुष्क और सर्द बना हुआ है, जबकि रात का तापमान शून्य से नीचे रहा है। इस बीच, मौसम विभाग का अनुमान है कि घाटी में अगले तीन दिनों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जो पिछली रात शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे था। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पारा शून्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया, जबकि उसके पिछली रात तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा था।

अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग में तापमान शून्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि उसके पिछली रात तापमान शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा था। घाटी में गुलमर्ग सबसे ठंडा स्थान रहा। अधिकारियों ने कहा कि काजीगुंड का न्यूनतम तापमान शून्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा जबकि कुपवाड़ा का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे और कोकेरनाग का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

वर्तमान में कश्मीर चिल्लई कलां की चपेट में है। इस दौरान 40 दिनों तक भीषण सर्दी होती है। अधिकारियों ने कहा कि इस अवधि के दौरान सबसे अधिक बर्फबारी होती है। 21 दिसंबर से शुरू हुआ चिल्लई-कलां 31 जनवरी को समाप्त होगा। मौसम विभाग ने कहा कि अगले कुछ दिनों तक घाटी में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है।

## अभिनेता सलमान खान 55 साल के हुए, 2020 को बताया बेहद खराब साल

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने 2020 को बेहद खराब साल बताते हुए रविवार को अपना जन्मदिन बेहद सादे तरीके से मनाने का निर्णय लिया। अभिनेता अपने 55वें जन्मदिन पर परिवार और दोस्तों के साथ पनवेल के फार्महाउस पर हैं। यहां उन्होंने मीडिया के चुनिंदा कर्मियों के साथ बातचीत की और केक काटा। खान ने संवाददाताओं से कहा, इस साल कोई उत्सव नहीं है। सिर्फ मैं और मेरा परिवार ही यहां है। इस साल मेरा मन जन्मदिन का उत्सव मनाने का नहीं है क्योंकि यह सभी के लिए खराब साल रहा है और फिल्म जगत के कई लोगों का निधन हो गया। इसलिए यह उत्सव का समय नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता ने अपने प्रशंसकों से अपील की है कि वे महामारी के बीच कोविड-19 नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि सभी खुश रहें, स्वस्थ और सुरक्षित रहे तथा मास्क पहनें। अपना हाथ धोते रहें और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते रहें ताकि सभी सुरक्षित रह सकें। अभिनेता ने कहा है कि वह आशा करते हैं कि 2021 सभी के लिए अच्छा वर्ष रहे। हिंदी फिल्म जगत की कई हस्तियां उनके जन्मदिन के अवसर पर जुटीं थीं, जिसमें उनके पिता और दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान, बहन अल्विरा अग्निहोत्री, अभिनेता सुनील ग्रोवर, सूरज पंचोली, जहीर इकबाल, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा समेत अन्य लोग शामिल थे। शनिवार को सलमान खान ने अपने प्रशंसकों से अपील की थी कि महामारी के मद्देनजर वे उनके घर के बाहर उपनगर बांद्रा में जमा न हों।

## अमेरिका-लंदन से लौटे मर्चेंट नेवी के कैप्टन कोरोना से संक्रमित पाए गए

**बरेली (उप्र)।** अमेरिका-लंदन की यात्रा से लौटे मर्चेंट नेवी के एक कैप्टन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय यात्री वार्ड में पृथक कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, कोविड-19 के नए प्रकार (स्ट्रेन) का पता लगाने के लिए उनका नमूना दिल्ली की सीएसआईआर लैब भेजा गया है। बरेली में विदेश से लौटे जिन 18 लोगों के नमूनों की जांच की गई थी, उनमें से सिर्फ मर्चेंट नेवी के कैप्टन संक्रमित पाए गए हैं। बरेली के सिविल लाइंस निवासी 23 वर्षीय नेवी कैप्टन का जहाज नवंबर में अमेरिका से लौटते हुए करीब तीन घंटे तक लंदन में रुका था। भारत में लौटने के बाद एंटीजन जांच में कैप्टन निगेटिव पाए गए थे और दिशा-निर्देशों के मुताबिक उन्हें सात दिन तक दिल्ली में पृथक-वास में रखा गया।

उसके बाद 29 नवंबर को वह बरेली आ गए और यहां कुछ दिन परिवार के साथ रहने के बाद वह एक शादी समारोह में शामिल होने लखनऊ गए थे। पिछले 10 दिन से वह फिर बरेली में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। शासन के विदेश से लौटने वालों की जांच के निर्देश के बाद उनके नमूने की जांच की गई। शनिवार देर रात आई रिपोर्ट में वह संक्रमित पाए गए। उन्हें कोविड-19 के अंतरराष्ट्रीय यात्री वार्ड में पृथक-वास में रखा गया है।

बरेली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया, मर्चेंट नेवी के कैप्टन का नमूना ब्रिटेन समेत कई पश्चिमी देशों में मिले कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन बी -117 की जांच के लिए दिल्ली की सीएसआईआर लैब में भेजा गया है। उनकी पत्नी की रिपोर्ट नेगेटिव मिली है। जिला निगरानी प्रभारी डॉ रंजन गौतम ने बताया, विदेश से वापस आने वालों का पता लगाकर बरेली में मौजूद जिन 18 लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, उनमें मर्चेंट नेवी के कैप्टन के अलावा बाकी 17 लोग निगेटिव मिले।

## कर्नाटक में ग्राम पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के लिए मतदान संपन्न


**बेंगलुरु।** कर्नाटक में ग्राम पंचायत चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए रविवार को हो रहा मतदान समाप्त हो गया है। वोटों की गिनती 30 दिसंबर को होनी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में दोपहर तीन बजे तक 60 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। मतदान सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण रहा। राज्य के 109 तालुकाओं की 2,709 पंचायतों के लिए मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 20,728 बूथों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक चला। अधिकारियों के अनुसार, 39,378 सीटों के लिए1,05,431 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि कुल 3,697 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। राज्य में 22 दिसंबर को पहले चरण में 117 तालुकाओं में 3,019 पंचायतों के लिए मतदान हुआ था। राज्य के 226 तालुकाओं के 5,728 गांवों की 72,616 सीटों के लिए मतदान हुआ।कोविड-19 महामारी को देखते हुए मास्क पहनने और सामाजिक दूरी के नियम को अनिवार्य किया गया। प्रत्एक बूथ पर मतदाताओं की संख्या1,500 से घटाकर1,000 तक सीमित कर दी गई है। चुनाव के सुरक्षित संचालन के लिए लगभग 80,000 पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।




पटना में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेशनल कार्यकारी मीटिंग में वर्ल्ड बुक रिकार्ड प्रमाणपत्र लेते हुए।

# किसानों को गुमराह करने की कोशिश सफल नहीं होगी: सिंह

**भाषा।** शिमला



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि नए कृषि कानूनों पर किसानों को गुमराह करने के प्रयास सफल नहीं होंगे। हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर नीत भाजपा सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नए कृषि कानून किसानों की आय बढ़ाएंगे, लेकिन कांग्रेस उन्हें (किसानों को) गुमराह कर रही है।

सिंह ने डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब कभी सुधार लागू किए जाते हैं, तब इसके सकारात्मक परिणाम दिखने में कुछ साल लगते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए 1991 के आर्थिक सुधार हों या फिर वापजेई सरकार के दौरान लाए गए अन्य सुधार हों, उनके सकारात्मक परिणाम दिखने में चार-पांच साल लग गए। रक्षा मंत्री ने कहा, इसी तरह, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कृषि सुधारों के सकारात्मक परिणामों को देखने के लिए यदि हम चार-पांच साल इंतजार नहीं कर सकते हैं, तो हम कम से कम दो साल तो इंतजार कर ही सकते हैं। सितंबर में लागू किए गए नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर हजारों की संख्या में किसान करीब एक महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों का दावा है कि नए कानून मंडी प्रणाली को नष्ट कर देंगे और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र को खत्म कर देंगे। सिंह ने कहा कि हाल ही में राष्ट्र को समर्पित की गई अटल सुरंग न सिर्फ लाहौल-स्पीति जिले के लोगों को काफी फायदा पहुंचाएगी बल्कि इसके सामरिक महत्व भी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि भी बताया क्योंकि राज्य के गांवों से तकरीबन हर परिवार से एक व्यक्ति सेना में सेवारत है या पूर्व सैनिक हैं। भाजपा के प्रदेश महासचिव त्रिलोक जमवाल ने इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का एक संदेश भी पढ़ा। दरअसल, नड्डा कोविड-19 से ग्रसित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें 10,000 करोड़ रुपए मूल्य की परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से नई दिल्ली से संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राज्य में भाजपा सरकार के तीन साल पूरे होने पर राज्य सरकार और प्रदेश के लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि विकास की गति तेज करने के लिए राज्य को करीब 500 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त रिण मुहैया किया गया है। प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने समाज के हर तबके का विकास और कल्याण सुनिश्चित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल प्रदेश के देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनने की उम्मीद जताई। वहीं, एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का संदेश इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव कुसुम सादराते ने पढ़कर सुनाया। कुमार भी कोविड-19 से ग्रसित हैं। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर सुशासन और विश्वास के, तीन साल विकास के शीर्षक से एक कॉफी टेबल पुस्तक भी जारी की।

## किसानों के मुद्दे को लेकर 10 राजनीतिक कैदियों ने कोलकाता में अनशन शुरू किया

**भाषा।** कोलकाता

**तीन** नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलनरत किसानों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के मद्देनजर कोलकाता की जेल में बंद 10 राजनीतिक कैदियों ने रविवार को भूख हड़ताल शुरू की है। दमदम केंद्रीय जेल से जारी बयान में प्रदर्शनकारियों ने नए कानूनों को किसान विरोधी करार दिया और आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने कोविड-19 महामारी की परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए इन कानूनों को पारित किया है। बयान में केंद्र सरकार के उस दावे की भी आलोचना की गई, जिसमें नए कृषि कानूनों को किसानों के हित में बताया गया है। राज्य कारागार विभाग के सूत्रों ने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर किसानों के समर्थन में सोमवार से मुर्शिदाबाद जिले की बरहामपुर जेल में बंद आठ अन्य राजनीतिक कैदी भी भूख हड़ताल की शुरुआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के अलावा कई अन्य राज्यों के हजारों किसान तीन नए कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।



कोलकाता में रविवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली।

# सौरव गांगुली ने राज्यपाल धनखड़ से की मुलाकात

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी और इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उल्लेखनीय है कि अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गांगुली के राजनीति से जुड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। गांगुली शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर राजभवन पहुंचे लेकिन उन्होंने मुलाकात के कारणों को लेकर किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। गांगुली और धनखड़ के बीच यह मुलाकात शाम पांच बजकर 40 मिनट तक चली। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि गांगुली के राज्यपाल से मुलाकात का संबंध राज्य की राजनीतिक गतिविधियों से नहीं है।

# समुदाय की सेवा और हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 10 भारतीय-अमेरिकी सम्मानित

**भाषा।** नई दिल्ली/ह्यूस्टन



**अमेरिका** के ह्यूस्टन में दस भारतीय-अमेरिकी युवकों को अपने समुदाय की सेवा करने और हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया है। गैर सरकारी संगठन हिंदूज ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन (एचजीएच) के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुस्कार जीतने वालों को शुभकामानएं दी हैं तथा इस सम्मान को भारतीय प्रवासियों, खास तौर पर, युवाओं के लिए अपनी जड़ों से जुड़ाव को और मजबूत करने का अवसर बताया है। मोदी ने एचजीएच को लिखे पत्र में कहा, विजेता निश्चित रूप से हमारी शानदार पहचान की समृद्धि को, खास तौर पर, युवा पीढ़ियों में बढ़ावा देने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, भारतवंशी दुनिया के विभिन्न देशों में बसे हैं और भारत की गौरवशाली संस्कृति तथा परंपरा के दूत हैं। प्रेम, सौहार्द, करुणा और सनातन धर्म के दर्शन के साथ-साथ वे मानवता के प्रकाश पुंज हैं। इसके सार्वभौमिक आकर्षण ने दुनिया के लोगों को आकर्षित और प्रभावित किया है। हमारी समृद्ध विरासत हजारों साल से चली आ रही है और भौगोलिक सीमाओं के बंधन को पीछे छोड़ चुकी है। पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठनों ने किया। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा और नेतृत्व तथा समुदाय में भागीदारी के लिए युवाओं की प्रशंसा की। पुरस्कार पाने वालों में अनीश नायक (सेवा इंटरनेशनल), अनुशा सत्यनारायण (इटरनल गांधी म्यूजियम ऑफ ह्यूस्टन), नित्या रमणकुलांगर (श्री मीनाक्षी मंदिर सोसाइटी), संदीप प्रभाकर (ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन ऑफ डिविनिटी), कृति पटेल (बीएपीएस), विपश्चित नंदा (आर्य समाज), अभिमन्यु अग्रवाल (हिंदू हैरिटेज यूथ कैंप) और रजीत शाह (वल्लभ विद्या मंदिर) शामिल हैं। दो विशेष पुरस्कार सनातन हिंदू धर्म की नमिता पल्लोद और यंग हिंदूज़ ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन की कोमल लूथरा को दिया गया है। सेवानिवृत्त 73 वर्षीय वैज्ञानिक डॉ मदन लूथरा को महामारी के दौरान निस्वार्थ भाव से की गई सेवा के लिए 2020 अखिल चोपड़ा अनसंग हीरोज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने और उनकी टीम ने महामारी के दौरान आपात स्थितियों का सामना कर रहे समुदाय के सदस्यों की मदद की थी। क्षेत्र में उनका सबसे बड़ा योगदान सेवा की स्वयंसेवक कविता तिवारी के साथ मिलकर कोविड-19 के मरीजों के लिए प्लाज्मा दान पंजीकरण की सुविधा शुरू करना है। महाभारत में श्री कृष्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता नीतीश भारद्वाज ने विश्व भर में भारत का नाम रोशन करने के लिए युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं ने दुनिया भर में यह साबित किया है कि जहां भी वे जाते हैं वहां वे घुल मिल जाते हैं। वे न केवल भारत की समृद्धि में अन्य देशों की संस्कृति को लाते हैं, बल्कि उस देश के सकारात्मक गुणों को अपनाते हैं जहां वे रहते हैं। एनआरआई भारत के शांति राजदूत हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन ह्यूस्टन की वल्लभ प्रीति सेवा समाज ने किया था।

# सरकार ने चीनी निवेश को पीछे धकेला, चीनी सैनिकों को नहीं: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने शायद चीनी निवेश को पीछे धकेला होगा, लेकिन वह भारतीय भू-भाग में घुसपैठ करने वाले चीनी सैनिकों को पीछे धकेल पाने में सक्षम नहीं रही है।

शिवसेना के (मराठी) मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोकटोक में राउत ने यह दावा किया है। वहीं, भाजपा ने शिवसेना के राज्यसभा सदस्य के इस दावे को हास्यास्पद बताया है। महाराष्ट्र भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ए ने कहा, मोदी सरकार को निशाना बनाने का उनका यह एकसूत्री एजेंडा है। राउत के स्तंभ में कहा गया है, हम चीनी सैनिकों को पीछे धकेलने में अक्षम रहे, लेकिन हमने चीनी निवेश को पीछे धकेल दिया। शिवसेना सांसद ने कहा, निवेश बंद करने के बजाय, हमें चीनी सैनिकों को लद्दाख से पीछे धकेलना चाहिए था। उपाध्ए ने कहा कि उन्होंने राउत के स्तंभ को अभी नहीं पढ़ा है। हालांकि, उन्होंने कहा, खैर लोग इस तरह के दावे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राउत ने यह भी लिखा है कि राज्यों और केंद्र के बीच संबंधों में खटास आई है। उन्होंने कहा, यदि केंद्र में सत्ता में बैठे लोग यह महसूस नहीं करते हैं कि वे राजनीतिक हथकंडों के जरिए लोगों का अहित कर रहे हैं, तो राज्य उसी तरह से अलग होने लगेंगे जैसे सोवियत संघ का विघटन हुआ था। राउत ने कहा, सच्चाई यह है कि जिन राज्यों में भाजपा सत्ता में नहीं हैं, वे भी देश का ही हिस्सा हैं लेकिन उन्हें भुलाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सरकार ने हर नागरिक के लिए प्रति मास कोरोना वायरस राहत पैकेज के तौर पर 85,000 रुपए मुहैया किए हैं। लेकिन भारत में इस तरह का राहत पैकेज नहीं लाया गया। राउत ने कहा, केंद्र के पास पैसा नहीं है लेकिन चुनाव जीतने के लिए, सरकारें गिराने के लिए और नई सरकार बनाने के लिए पैसा है।

देश के ऊपर कर्ज का बोझ राष्ट्रीय राजस्व प्राप्ति से कहीं अधिक है। यदि हमारे प्रधानमंत्री ऐसी स्थिति में भी चैन की नींद सोते हैं, तो वे सराहना के पात्र हैं। उन्होंने कहा, महामारी के चलते लोगों की जान चली गई, लेकिन संसद ने अपनी आत्मा गंवा दी। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है और इसके बजाय अयोध्या में राम मंदिर (निर्माण) जैसे भावनात्मक मुद्दे उठा रही है। राउत ने कहा कि भारत के संसदीय लोकतंत्र का भविष्य इस साल खतरे में पड़ गया। जाने माने लोगों ने प्रधानमंत्री को बताया कि।,000 करोड़ रुपए की लागत से नया संसद भवन बनाने के बजाय यह धन स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के लिए लोगों से चंदा लिया जा रहा। यदि नए संसद परिसर के लिए भी इसी तरह लोगों से चंदा मांगा जाता, तो इस तरह के भवन के लिए एक लाख रुपया भी नहीं एकत्र होता क्योंकि इस तरह के भवन लोगों के लिए अनुपयोगी हो गए हैं।

# नरसिंह राव को उचित सम्मान नहीं मिला: नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व** प्रधानमंत्री दिवंगत पी. वी. नरसिंह राव को श्रद्धांजलि देते हुए उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि उनके द्वारा किए गए साहसिक आर्थिक सुधार से देश के विकास को गति देने में मदद मिली।

राव को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बातते हुए नायडू ने कहा कि वह एक महान विद्वान, लेखक और कई भाषाओं के जानकार थे। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि नायडू ने कहा कि बहरहाल, उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। पत्रकार ए. कृष्ण राव की तेलुगु पुस्तक विप्लव तपस्वी: पीवी का हैदराबाद में विमोचन करते हुए नायडू ने कहा कि राव जब प्रधानमंत्री बने तब देश गंभीर आर्थिक संकट और राजनीतिक अनिश्चितता से जूझ रहा था।

बयान के मुताबिक, नायडू ने कहा कि बहरहाल, राव ने कई राजनीतिक पंडितों के अनुमान के इतर देश को अपने कार्यकाल में कई चुनौतियों से निपटने में मदद की। राव जून 1991 से मई 1996 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। राव का जन्म 28 जून 1921 को हुआ था और उनका निधन 23 दिसंबर 2004 को हुआ था। नायडू ने कहा कि राव कुशल प्रशासक थे। बयान में नायडू के हवाले से बताया गया है, हालांकि कुछ लोग उनकी कुछ नीतियों से सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन उनके द्वारा शुरू किए गए कुछ व्यापक पहल देश हित में थे। विश्व व्यापार संगठन में भारत का प्रवेश उन्हीं के कारण हो पाया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नरसिंह राव ने लाइसेंस राज को खत्म किया, बैंकिंग सुधार किए, बिजली का निजीकरण किया, दूरसंचार का आधुनिकीकरण किया और निर्यात को प्रोत्साहित करने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कदम उठाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने कृषि क्षेत्र में भी सुधार की शुरुआत की और खाद्यान्नों के परिवहन पर प्रतिबंधों को हटाया।

## मध्यप्रदेश में मंगलवार से फिर से शीतलहर आने का पूर्वानुमान: आईएमडी

**भोपाल।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि मध्यप्रदेश विशेषकर राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 29 दिसंबर से इस महीने में दूसरी बार शीतलहर आने का पूर्वानुमान है। आईएमडी भोपाल कार्यालय के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक पी के साहा ने बताया कि राज्य के अधिकांश हिस्से में पिछले सप्ताह ठंड का प्रकोप देखा गया था , हालांकि पिछले कुछ दिनों में ठंड थोड़ी थम गई थी और न्यूनतम तापमान में कुछ हद तक बढ़ोतरी हुई थी। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में विशेष रूप से पश्चिमी भागों में मंगलवार से इस महीने दूसरी बार शीतलहर चलने की संभावना है। ये स्थितियां उसके बाद अगले तीन से चार दिनों तक जारी रह सकती हैं।

# आज से दौड़ेगी देश की पहली चालक विहीन मेट्रो

## ● दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन से होगी शुरुआत, प्रधानमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो में सोमवार से एक नए दौर की शुरुआत होगी। इससे आम लोगों को सुखद परिवहन के अहसास के साथ बेहतर यातायात का भी अनुभव होगा।

इसके साथ ही डीएमआरसी के इतिहास में एक नई इबारत लिखी जाएगी क्योंकि इसी दिन से देश की पहली चालक रहित मेट्रो ट्रेनें पटरी पर दौड़ेंगी। इससे संचालन से संभावित मानवीय भूल को खत्म किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मैजेंटा लाइन पहली चालक रहित मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही डीएमआरसी विश्व के उन सात मेट्रो नेटवर्क में शामिल हो जाएगा जहां बिना ड्राइवर के ट्रेन चलाई जाएगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन कोरिडोर के करीब 37 किलोमीटर लंबे मैजेंटा लाइन से शुरू होने वाली यह सुविधा धीरे-धीरे मेट्रो के पूरे तीसरे फेज की सभी लाइन पर चलने लगेगी।

मैजेंटा लाइन के बाद 57 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन पर इसकी शुरुआत 2021 के मध्य में होने की संभावना है। डीएमआरसी के अनुसार मेट्रो की पिंक और मैजेंटा लाइन में उस समय से बिना चालक के चलने की सुविधा है जब इनका निर्माण किया गया था। इसमें सीबीटीसी (कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल) सिग्नलिंग सिस्टम है। अभी तक इन दोनों लाइनों की मेट्रो को चालक चला रहे थे क्योंकि इसे बिना चालक चलाने का नियम नहीं था।

डीएमआरसी को अब मंत्रालय से तीसरे फेज की लाइन पर चालक रहित मेट्रो चलाने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसकके बाद सबसे पहले जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन के बीच चलने वाली मैजेंटा लाइन मेट्रो पर इस सेवा की शुरुआत की जा रही है। दिल्ली मेट्रो के मुताबिक सीबीटीसी सिस्टम एक वाई-फाई की तरह काम करता है। यह मेट्रो को सिग्नल देता है जिससे वह चलती है।



### नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरुआत

**एयरपोर्ट** मेट्रो पर पूरी तरह संचालित होने वाले नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरूआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को करेंगे। पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान 23 बैंकों के जारी रुपे डेबिट कार्ड धारक कोई भी व्यक्ति उस कार्ड के इस्तेमाल से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यात्रा कर सकेगा। यह सुविधा वर्ष 2022 तक पूरे दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर उपलब्ध हो सकेगी। इसके बाद स्मार्ट कार्ड के साथ ही डेबिट कार्ड से भी यात्री मेट्रो में सफर कर सकेंगे।

# पेज 1 का शेष

## कोविड-19...

की दर बढ़कर 95.82 फीसद हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि छह महीने बाद दैनिक मामले 19,000 के नीचे चले गगए हैं और पिछले 24 घंटे में 18,732 नए मामले सामने आए हैं। इसने कहा कि एक जुलाई को संक्रमण के 18,653 नए मामले सामने आए थे और 76.52 प्रतिशत नए मामले 10 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदशों से हैं। मंत्रालय ने कहा कि केरल में सर्वाधिक 3,527 नए मामले सामने आए हैं जबकि महाराष्ट्र में 2,854 नए मरीजों का पता चला है। भारत में रविवार को कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 1,01,87,850 हो गए।

## साहिबजादों का...

कराने का एक अनुपम अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुरुनानक देव के सभी स्थानों का चिन्हीकरण करके सौन्दर्यीकरण के कार्य को तेजी के साथ करवाने का काम किया जा रहा है। हम सबको एक बात का स्मरण हमेशा रखना चाहिए कि इतिहास को विस्मृत करके कोई व्यक्ति, कोई जाति या कौम कभी आगे नहीं बढ़ सकती। वहीं अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परमिंदर सिंह ने कहा कि आज का दिवस मातृभूमि, देश और धर्म के लिए अग्नि शहादत देने वाले गुरु पुत्रों और गुरु माता के प्रति नमन का दिवस है। पिछली सरकारों में सीएम आवास पर सिर्फ रोजा इफ्तार के कार्यक्रम हुआ करते थे, लेकिन योगी राज में सीएम आवास पर गुरुवाणी और कीर्तन होते हैं।

## किसानों पर...

के खिलाफविभिन्न आरोप लगाकर मुकदमे दर्ज किए गए थे। गौतमबुद्धनगर जिले के भट्टा परसौल में भूमि अधिग्रहण का विरोध करने के दौरान किसानों ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। इसके बाद बसपा मुखिया मायावती के राज में बड़ी संख्या में किसानों के खिलाफकेस दर्ज कराया गया था।

## गैर कृषि...

डूइंग बिजनेस के लिहाज से भी यह एक सकारात्मक कदम है। इस लक्ष्य को पूरा करने के क्रम में बीती 23 दिसंबर को प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि घोषित करने के लिए चहारदिवारी की अनिवार्यता खत्म करने का फैसला लिया है। पूर्व की सरकारों ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-80 की उपधारा 2 में कृषि जमीन को गैर कृषि घोषित करने के लिए चहारदिवारी की अनिवार्यता बनाए रखी थी। इसके आधार पर साढ़े 12 एकड़ से अधिक जमीन लेने वालों को कृषि की जमीन पर उद्योग लगाने या फिर अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए उसका भू-उपयोग परिवर्तन कराने से पहले उस पर चहारदिवारी का निर्माण कराना जरूरी होता था। इसके बाद ही उसका भू-उपयोग बदला जाता था। इस कानून के चलते ग्रामीण इलाकों में उद्यम स्थापित करने में निवेशकों को असुविधा हो रही थी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपना उद्यम स्थापित करने में रूचि नहीं ले रहे थे। जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चहारदिवारी का निर्माण करने की अनिवार्यता को खत्म करने का फैसला लिया। यह निर्णय करते हुए सरकार ने अब यह शर्त जोड़ी है कि कृषि जमीन का जिस उपयोग के लिए भू-उपयोग बदला जाएगा वह काम पांच साल के अंदर निवेशक को शुरू करना होगा। राजस्व संहिता संशोधन आदेश जारी होने के बाद छोटे बड़े उद्यमियों को यह सुविधा मिलने लगेगी। सरकार का मत है कि इस फैसले से अब ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छोटे बड़े उद्योग लगेंगे और ग्रामीणों को उनमें रोजगार मिलेगा। इससे एमएसएमई सेक्टर को मजबूती मिलेगी। एमएसएमई सेक्टर ने ही कोरोना संकट के दौरान बड़ी संख्या में राज्य में लोगों को रोजगार मुहैया कराया है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई रिपोर्ट इसका सबूत है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएसएमई से रोजगार देने में यूपी ने कई राज्यों को पछाड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 1.90 करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराए गए। सबसे अधिक रोजगार एमएसएमई ने दिया। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में एमएसएमई सेक्टर में 807537 इकाइयां कार्यरत हैं। इनमें 4813401 श्रमिक काम कर रहे थे। कोरोना संकट के दौरान प्रदेश सरकार के प्रयास से 257348 नए श्रमिकों को इस सेक्टर में रोजगार दिया है। इसके अलावा सरकार ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन करने संबंधी कार्यवाही को पारदर्शी बनाया है और 14 जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। सरकार ने बड़े निवेशकों को औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिए पारदर्शी तरीके से भूमि आवंटन की ई-प्रणाली पर भी काम शुरू किया है।

## कांग्रेस को...

जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का नाम स्पश्ट किया जाएगा। असंतुष्टों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ इस महीने की शुरुआत में सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई बैठक में राहुल गांधी को दोबारा पार्टी प्रमुख बनाने की आवाज फिर से उठी थी। हालांकि राहुल गांधी ने कहा कि आंतरिक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। असंतुष्ट नेता इस बात पर अड़े हैं कि वे प्रॉक्सी उम्मीदवार को स्वीकार नहीं करेंगे और सीडब्ल्यूसी सहित सभी स्तरों पर मतदान होना चाहिए। कांग्रेस के संविधान के अनुसार, सीडब्ल्यूसी के 25 सदस्यों में से 12 को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाना है और बाकी की नियुक्ति पार्टी अध्यक्ष द्वारा की जाती है। लगभग दो दषकों से सीडब्ल्यूसी में कोई चुनाव नहीं हुआ है।

## संकट से...

मांग कर रहे हैं और यहां तक कि दुकानदार भी भारत में बने उत्पादों को बेचने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सोच में कितना बड़ा परिवर्तन आ रहा है और वह भी एक साल के भीतर-भीतर। इस परिवर्तन को आंकना आसान नहीं है। अर्थशास्त्री भी इसे अपने पैमानों पर तौल नहीं सकते। मोदी ने कहा कि हर नए साल में देशवासी कोई न कोई संकल्प लेते हैं और इस बार भारत में बने उत्पादों का इस्तेमाल करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से आग्रह करूंगा कि दिनभर इस्तेमाल होने वाली चीजों की आप एक सूची बनाएं।

## किसानों ने...

भगाया जाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए संकेत है कि सरकार जल्द सुधर जाए। 29 दिसंबर को हम सरकार के साथ मुलाकात करेंगे। नया साल सबके लिए शुभ हो और अगर मोदी जी भी कानून वापस ले लें, तो हम किसान भाइयों के लिए भी नया साल शुभ हो जाएगा। वहीं, क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में टोल स्थायी तौर पर खुले रहेंगे। 30 दिसंबर को सिंघु बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। हम दिल्ली समेत पूरे देश के लोगों से अपील करते हैं कि यहां आकर हमारे साथ नया साल मनाएं। उधर, आंदोलन से लौटे होशियारपुर के किसान की हार्टअटैक और तलवंडी साबो के किसान की ठंड से मौत हो गई।

## मोटर वाहन...

संबंध में मंत्रालय ने आज राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी किया। इससे पहले विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से यह सलाह दी गई थी कि फिटनेस की वैधता, परमिट (सभी प्रकार), लाइसेंस, पंजीकरण या किसी अन्य संबंधित दस्तावेजों को 31 दिसंबर, 2020 तक वैध माना जा सकता है। ताजा परामर्श के मुताबिक इन दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च 2021 तक वैध माना जा सकता है। इस तरह वे सभी दस्तावेज जिनकी वैधता एक फरवरी 2020 को या इसके बाद खत्म हो गई है, उन्हें 31 मार्च 2021 तक वैध माना जाएगा।

## कड़ाके की...

पैमाने पर और हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब व हरियाणा में कहीं-कहीं वर्शा होने की संभावना है। इसके बाद मंगलवार से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में निचले स्तर पर सर्द और शुष्क हवा बहेगी, जो ठंड बढ़ने का बड़ा कारण बनेगी। मैदानी इलाकों में 29 से 31 दिसंबर के बीच घने कोहरे का पूर्वानुमान भी जताया गया है।

## शिमला में....

डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के कल्पा और कुल्लू जिले के मनाली में न्यूनतम तापमान क्रमश: शून्य से नीचे 3.4 और शून्य से नीचे 0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस कांगड़ा में दर्ज किया गया। मौसम केंद्र ने सोमवार को राज्य के अलग-अलग स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है।

# दूसरे दिन भी टीम इंडिया का कमाल

## ● रहाणे-जडेजा की शतकीय साझेदारी ●भारत ने पहली पारी में पांच विकेट पर 277 रन बनाए

भाषा। मेलबर्न



कप्तान अजिंक्य रहाणे के मुश्किल परिस्थितियों में लगाए गए आकर्षक सैकड़े और रविंद्र जडेजा के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 277 रन बनाए। नियमित कप्तान विराट कोहली के पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट जाने के कारण विषम परिस्थितियों में कप्तानी का जिम्मा संभालने वाले रहाणे ने एक कुशल सेनापति की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। वह अभी 104 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। उन्हें जडेजा (नाबाद 40) के रूप में अच्छा साथी मिला जिसके साथ उन्होंने छठे विकेट के लिए अभी तक 104 रन जोड़े हैं। भारत ने मैच के पहले दिन आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 195 रन पर आउट कर दिया था। इस तरह से भारतीय टीम को अब 82 रन की बढ़त मिल चुकी है। भारत इसमें अधिक से अधिक इजाफा करना चाहेगा तथा यह बढ़त पिच की प्रकृति और टीम के मजबूत आक्रमण को देखते हुए निर्णायक साबित हो सकती है। भारत एडीलेड में पहला मैच आठ विकेट से गंवाने के कारण श्रृंखला में 0-। से पीछे चल रहा है। रहाणे ने शुरू में सतर्क रवैया अपनाया लेकिन वह जल्द ही वह अपने असली रंग में आ गए और उन्होंने गेंदबाजों का दबदबा नहीं बनने दिया। जोश हेजलवुड पर उन्होंने पहला विश्वसनीय शॉट लगाया और इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। उनके ड्राइव और लेट कट देखने लायक थे। हेजलवुड पर खूबसूरत कवर ड्राइव से उन्होंने अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वह आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय कप्तान बने। जब अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (45), अनुभवी चेतेश्वर पुजारा (17), हनुमा विहारी (21) और ऋषभ पंत (29) क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद लंबी पारी नहीं खेल पाए तब रहाणे ने पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ बल्लेबाजी करके आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बैकफुट पर भेजकर भारत को जोरदार वापसी दिलाई। जडेजा की तारीफ करनी होगी जिन्होंने अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश किया और तब अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया जबकि टीम को एक बड़ी साझेदारी की सख्त जरूरत थी।

जडेजा ने स्वयं पर अंकुश लगाए रखा और विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी जो कि तब बेहद जरूरी था। रहाणे ने अब तक 200 गेंदों का सामना करके 12 चौके लगाए हैं जबकि जडेजा की 104 गेंद की पारी में एक चौका शामिल है। भारत ने पहले दो सत्रों में दो-दो विकेट गंवाए थे लेकिन तीसरे सत्र में उसने आस्ट्रेलिया को कोई सफलता नहीं मिलने दी और इसमें उसके लचर क्षेत्ररक्षण का भी योगदान रहा।

### रहाणे ने टीम को संभालने का शानदार काम किया: पोंटिंग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में करारी शिकस्त झेलने के बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को फिर से संभालने के मामले में शानदार काम किया है। पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, एडीलेड (पहले टेस्ट) की निराशा के बाद उन्होंने टीम को फिर से संभालने के मामले में बेहतरीन काम किया है। उन्होंने कल क्षेत्ररक्षण के समय टीम का शानदार नेतृत्व किया और फिर आप देख सकते है कि वह एक जिम्मेदार कप्तान की तरह खेल (बल्लेबाजी) रहे है।

### रहाणे से मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना सीख रहा हूं: शुभमन

**मेलबर्न।** भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि कप्तान अजिंक्य रहाणे की शानदार शतकीय पारी से उन्होने खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने डटकर बल्लेबाजी करने के बारे में सीखा। शुभमन ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह धैर्य वाली पारी है और अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आप इतने शानदार आक्रमण के खिलाफ खेल रहे होते है, तो कभी-कभी आप ऐसे स्तिथि में आ जाते है जब रन नही बनते है। जिस तरह से अजिंक्य भाई खेले, वह बाहर से देखने मे लाजवाब पारी थी।

### स्टार्क ने मौके गंवाने पर अफसोस जताया, रहाणे की तारीफ की

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे को आउट करने के मौके गंवाने पर अफ्सोस जताने के साथ दबाव में खेली गई उनकी शतकीय पारी की तारीफ की। स्टार्क ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (रहाणे) शानदार पारी खेली। वह दबाव को झेलते हुए टीम को उस समय आगे लेकर गए जब वे हमारे स्कोर से भी पीछे थे।

### कोहली ने कहा, रहाणे ने लाजवाब पारी खेली

**नई दिल्ली।** पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट चुके भारतीय कप्तान विराट कोहली ने उनकी जगह टीम का नेतृत्व कर रहे अजिंक्य रहाणे की जमकर प्रशंसा करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच मे लगाए गए उनके शतक को श्रेष्ठ करार दिया। कोहली ने दिन के खेल समाप्त होने के बाद ट्वीट किया, हमारे लिए एक और शानदार दिन।

### वार्नर का तीसरा टेस्ट में खेलना संदिग्ध : लैंगर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने रविवार को कहा कि टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अब भी अपनी चोटिल ग्रोइन से पूरी तरह से नही उबरे है जिससे भारत के खिलाफ सात जनवरी से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मे भी उनकी भागीदारी संदिग्ध है।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** 195, भारत पहली पारी : मयंक पगबाधा बो स्टार्क 0, गिल का पेन बो कमिंस 45, पुजारा का पेन बो कमिंस 17, रहाणे खेल रहे है 104, विहारी का स्मिथ बो लियोन 21, पंत का पेन बो स्टार्क 29, जडेजा खेल रहे है 40, **अतिरिक्त** : (बाई : 12, लेग बाईः 06, नोबॉलः 02, वाइडः 01) 21, कुल योग : 91.3 ओवर मे पांच विकेट पर 277 रन, **विकेट पतन** : I-0, 2-61, 3-64, 4-116, 5-173, **गेंदबाजी** : स्टार्क 18.3 - 3 - 61 - 2, कमिंस 22 - 7 - 71 - 2, हेजलवुड 21 - 6 - 44 - 0, लियोन 18 - 2 - 52 - I, ग्रीन 12 - I - 31 - 0

### सिडनी में टेस्ट के आयोजन की संभावना घटी, मेलबर्न में तैयारियां शुरू

**मेलबर्न।** सिडनी मे कोविड-19 के नए मामले पाए जाने के कारण भारत और आस्ट्रेलिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे टेस्ट मैच के आयोजन की संभावना कम हो गई और इस पर फैसला अगले दो दिन मे किया जाएगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टुअर्ट फॉक्स ने रविवार को कहा कि भले ही वह चाहते है कि सिडनी में तीसरे टेस्ट मैच का आयोजन हो लेकिन अभी स्थिति काफी जटिल हो रखी है। वह (क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ निक हॉक्ले) न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम कर रहे है और मुझे लगता है कि अभी स्थिति बेहद जटिल है।

## न्यूजीलैंड का मजबूत स्कोर, पाक को शुरू में लगा झटका



**माउंट मोनगानुई।** कप्तान केन विलियमसन के 23वें टेस्ट शतक और बीजे वाटलिंग की आकर्षक अर्धशतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां पहली पारी में मजबूत स्कोर बनाने के बाद पाकिस्तान को शुरू में ही एक झटका दिया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 431 रन बनाए जिसके जवाब में पाकिस्तान ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 20 ओवरों में एक विकेट पर 30 रन बनाए हैं। वह अभी न्यूजीलैंड से 401 रन पीछे है। बेहतरीन फार्म में चल रहे विलियमसन ने 129 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने रोस टेलर (70) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन और हेनरी निकोल्स (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 133 रन की शतकीय साझेदारियां की। वाटलिंग ने बाद में 73 रन की उपयोगी पारी खेली तथा काइल जेमीसन (32) के साथ सातवें विकेट के लिए 66 रन की भागीदारी की जिससे न्यूजीलैंड 400 रन की संख्या पार करने में सफल रहा। पाकिस्तान की तरफ से तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 109 रन देकर चार और लेग स्पिनर यासिर शाह ने 113 रन देकर तीन विकेट लिए।

## एल्गर शतक से चूके, दक्षिण अफ्रीका के स्टंप तक चार विकेट पर 317 रन

**सेंचुरियन।** श्रीलंका के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (95) और ऐडन मार्कराम (68) के बीच 141 रन की साझेदारी से रविवार को यहां पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक चार विकेट पर 317 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक फॉफ डु प्लेसिस ने भी अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। वह 55 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे जबकि तेम्बा बावुमा 41 रन बनाकर खेल रहे थे। एल्गर ने 130 गेंद में 16 चौके से 95 रन बनाए लेकिन शतक से महज पांच रन से चूक गए।

### बीसीए में मुश्ताक अली टी2० के लिए अलग–अलग टीमें

**नई दिल्ली।** विवादों का हिस्सा रहे बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) को नई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब अध्यक्ष राकेश तिवारी और सचिव संजय कुमार की अगुआई वाले विरोधी गुटों ने 10 जनवरी से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग टीमें जारी की। पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारियों को स्थिति की जानकारी है और इस संबंध में फैसला कुछ दिनों में लिए जाने की उम्मीद है कि दो टीमों में से किसे राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में बिहार का प्रतिनिधित्व करने की स्वीकृति मिलेगी।

### बेदी ने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज स्पिनर बिशन सिंह बेदी ने फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के स्टैंड से अपना नाम तत्काल प्रभाव से नहीं हटाए जाने की स्थिति में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की धमकी दी है।बेदी ने बुधवार को डीडीसीए को पत्र लिखकर इसके पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अरुण जेटली की प्रतिमा कोटला में लगवाने के लिए क्रिकेट संघ की कड़ी आलोचना की थी। पहले पत्र का कोई जवाब नहीं मिलने पर बेदी ने शनिवार को क्रिकेट संस्था को एक और पत्र लिखा।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिकृष्णा ने कार्लसन को ड्रा पर रोका

भाषा। चेन्नई

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने चैम्पियंस शतरंज टूर एअरथिंग्स मास्टर्स ऑनलाइन शतरंज चैम्पियनशिप के शुरूआती चरण के अपने चौथे मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रा पर रोक दिया। हरिकृष्णा और मौजूदा विश्व चैम्पियन कार्लसन ने शनिवार को टूर्नामेंट के शुरूआती दिन अपने चारों मुकाबले ड्रा खेले। हरिकृष्णा नार्वे के इस खिलाड़ी के खिलाफ 24 चालों के बाद ड्रा के लिए सहमत हुए। भारत के नंबर दो खिलाड़ी और पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने मैक्सिम विचेर-लाग्रेवे, दानिल दुबोव और स्पेन के डेविड एंटोन गुइज्जारो से ड्रा खेला। वह तालिका में दो अंक के साथ आठवें पायदान पर है। हरिकृष्णा पांचवें दौर में डेनमार्क के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि के खिलाफ खेलने के बाद अलेक्जेंडर ग्रिस्चुक, हिकारू नाकामुरा, इयान नेपोमनियाचत्ची, लेव अरोनियन, वेसले सो और तैमूर रादजाबोव का सामना करेंगे।

## धोनी आईसीसी की दशक की टीम के कप्तान

### ● कोहली को टेस्ट टीम की कमान

भाषा। दुबई





भारत के दिग्गज पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की दशक की एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान घोषित किया गया जबकि विराट कोहली को टेस्ट टीम का कप्तान चुना गया।सीमित ओवरों की टीमों में भारतीय क्रिकेटरों का दबदबा दिखा। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में तीन जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चार भारतीय क्रिकेटरों को जगह मिली। टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सर्वाधिक चार खिलाड़ियों को जगह मिली। इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धोनी दशक की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। टीम में रोहित शर्मा और भारत के मौजूदा नियमित कप्तान कोहली को भी जगह मिली है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में धोनी के अलावा रोहित, कोहली और जसप्रीत बुमराह को शामिल किया गया है। टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के अलावा कोहली दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्हें तीनों प्रारूपों की दशक की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। सोमवार को दशक के आनलाइन पुरस्कार समारोह से पहले आईसीसी ने दशक की टीमों की घोषणा की। दशक के पुरस्कारों में आईसीसी के दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर को चुना जाएगा। कोहली चार पुरस्कारों की दौड़ में शामिल हैं जिसमें आईसीसी का दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शामिल है। दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक, बेन स्टोक्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन भी टीम में शामिल हैं। आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व टेस्ट टीम में स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन, श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में शामिल हैं। दशक की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में भारत के सर्वाधिक खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया (वार्नर और मिशेल स्टार्क) और दक्षिण अफ्रीका (एबी डिविलियर्स और इमरान ताहिर) के दो-दो खिलाड़ी को टीम में जगह मिली है।

## इलेक्ट्रानिक मीडिया छह विकेट से जीता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मैन आफ द मैच कुमार अभिषेक की जुझारू भरी पारी की बदौलत इलेक्ट्रानिक मीडिया इलेवन ने एक मैत्री मैच में प्रिंट मीडिया इलेवन को छह विकेट से हरा दिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले वर्ल्ड यूनिटी टी-20 टूर्नामेंट में प्रिंट मीडिया ने पहले बैटिंग करे 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए। अभिनव शुक्ला ने 33, शरददीप ने 24 और ऋषि ओबेराय ने 23 रनों का योगदान दिया। दीपक तनेजा और तरुण सिंह ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने कुमार अभिषेक के 34 और आकाश महाजन के 14 रन की सहायता से 18.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रिंट मीडिया की तरफ से अंशुल शर्मा ने दो और अभिनव शुक्ला ने एक विकेट लिए। पुरस्कार वितरण अपर मुख्य अचिव नवनीत सहगल ने किया। इस अवसर पर सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी भी मौजूद रहे।

## आर्सनल, मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन जीते



**लंदन।** आर्सनल ने चेल्सी को 3-। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में लगभग दो महीने में अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन भी अपने मैच जीतने में सफल रहे। आर्सनल ने अलेक्सांद्र लकाजेटे के पेनल्टी पर किए गए गोल के अलावा ग्रैनिट हाक और बुकायो साका के गोल से तीन अंक हासिल किए। चेल्सी की तरफ से टैमी अब्राहम ने 85वें मिनट मे एकमात्र गोल किया। इस जीत से आर्सनल के 17 अंक हो गए है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गया है। उधर मैनचेस्टर में मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकास्टल पर 2-0 से आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से इल्के गुंडगन और फेरान टोरेस ने गोल किए। सिटी के अब 14 मैचो में 26 अंक है और वह शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल से पांच अंक पीछे है। इस बीच शैफील्ड में एवर्टन ने अंतिम पायदान पर चल रहे शैफील्ड यूनाईटेड के खिलाफ गाइल्फी सिगर्डसन के गोल की मदद से।-0 से जीत दर्ज की और अंकतालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। एवर्टन के 15 मैचो मे 29 अंक है।

## शेयर निवेशकों के लिए हर रंग-रूप समेटे रहा वर्ष 2020, बाजार की चाल से निवेशक रहे हैरान- परेशान

भाषा। नई दिल्ली

निवेशकों को इस साल शेयर बाजार का हर रंग-रूप देखने को मिला। कोविड-19 महामारी के प्रभाव से जहां शेयर बाजार रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गए वहीं सरकार के अभूतपूर्व राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन उपायों से ए नित नए रिकार्ड भी बनाने लगे। बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देख निवेशक भी भैचक्के नजर आए। हालांकि, अब निवेशकों की चिंता 2021 में बाजार की चाल को लेकर है। इस साल आई तेजी और आगे बढ़ेगी अथवा बाजार में कोई बड़ा करेक्शन आएगा। पूरे साल बाजार में व्यापक उतार-चढ़ाव देखन को मिला। एक तरफ जहां बाजार ऐतिहासिक रूप से निम्न स्तर तक गया, वहीं दूसरी तरफ इसमें जोरदार तेजी आई। कभी-कभी एक ही दिन में जोरदार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार की चाल ने कारोबार में महारथ रखने वाले निवेशकों से लेकर छोटे व नए निवेशकों को भी हैरत में डाल दिया। किसी ने भी नहीं सोचा था कि सेंसेक्स और निफ्टी जो मार्च अंत में रसातल में पहुंच गए थे उनमें जल्द ही जोरदार तेजी आएगी तथा साल के अंत तक ए रिकार्ड उंचाई पर पहुंच जाएंगे। कुल मिलाकर, 2020 ऐसे उतार-चढ़ाव वाला साल रहा जो कल्पना से परे था। साल की शुरूआत ही बाजार के लिहाज से अच्छी नहीं रही। तीन जनवरी को ईरान के शीर्ष कमांडर कासीम सोलेमानी की इराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत से पश्चिम एशिया में तनाव फैल गया जिसका शेयर बाजारों पर भी असर पड़ा।

### वैश्विक प्रवृत्ति से तय होगी बाजार की चाल, शेयर बाजारों में रह सकता है उतार–चढ़ावः विश्लेषक

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह किसी महत्वपूर्ण घरेलू गतिविधियों के अभाव में शेयर बाजार की चाल वैश्विक प्रवृत्ति, कोरोना वायरस के नए प्रकार को लेकर खबरों तथा टीकाकरण के मामले में प्रगति पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों ने अपने विश्लेषण में यह कहा है। वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान को देखते हुए शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह पर्याप्त नकदी, टीके को लेकर सकारात्मक खबर और ब्रेक्जिट समझौते से बाजार में सकारात्मक गति बने रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ऐतिहासक व्यापार समझौते पर पहंचने में कामयाब रहे। हालांकि यूरोप के कई भागों में कोरोना वायरस के नए प्रकार स्ट्रेन को लेकर बढ़ता जोखिम बाजार में तेजी पर लगाम लगा सकता है। इसके अलावा, माह के अंत में वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों के निपटान से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक समझौता हुआ। दोनों पक्ष ब्रेक्जिट मुक्त व्यापार समझौते के बाद 31 दिसंबर की समयसीमा से कुछ ही दिन पहले मुक्त व्यापार समझौते को लेकर मसलों के निपटाने में सक्षम रहे।



## शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में 60,198 करोड़ की वृद्धि

भाषा। नई दिल्ली



देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 60,198.67 करोड़ का वृद्धि हुई। इसमें सर्वाधिक लाभ इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल), हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि. (एचयूएल), इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 19,849.41 करोड़ रुपए उछलकर 5,26,627.07 करोड़ रुपए पहुंच गया। टीसीएस का एमकैप 17,204.68 करोड़ रुपए बढ़कर 10,91,362.33 करोड़ रुपए जबकि एचयूएल की बाजार हैसियत 16,035.72 करोड़ रुपए बढ़र 5,63,881.75 करोड़ रुपए पहुंच गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 3,518.83 करोड़ रुपए बढ़कर 2,82,079.59 करोड़ रुपए जबकि कोटक महिंद्रा बैंक 2,544.02 करोड़ रुपए की तेजी के साथ 3,88,414.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### ढांचागत क्षेत्र की 442 परियोजनाओं की लागत में 4.34 लाख करोड़ की बढ़त

**नई दिल्ली।** ढांचागत क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए मूल्य या उससे अधिक की 442 परियोजनाओं की लागत में 4.34 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में यह कहा गया है। मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या उससे अधिक ढांचागत परियोजनाओं पर नजर रखता है। कुल I,671 परियोजनाओं में से 442 की लागत में वद्धि हुई है। मंत्रालय की नवंबर 2020 की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, I,671 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 21,21,383.82 करोड़ रुपए थी।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का दिसंबर में अबतक 60,094 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने दिसंबर में घरेलू बाजार में शुद्ध रूप से अबतक 60,094 करोड़ रुपए का निवेश किया है। डिपोजिटरी आंकड़े के अनुसार एफपीआई ने एक दिसंबर से 24 दिसंबर के दौरान शेयरों में शुद्ध रूप से 56,643 करोड़ रुपए और बांड में 3,451 करोड़ रुपए के निवेश किए। नवंबर में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 62,951 करोड़ रुपए था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार अमेरिका में चुनाव के बाद एफपीआई प्रवाह में तेजी आई है। चुनाव को देखते हुए नए निवेश को रोक लिया गया था।

### बैंकों को पुनर्पूंजीकरण बांड पर 22,8०7 करोड़ का ब्याज भुगतान

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले दो वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए पुनर्पूजीकरण बांड के तहत ब्याज भुगतान के रूप में 22,086.54 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जारी ऐसे बांड पर 5,800.55 करोड़ रुपए का ब्याज भुगतान किया। ए बांड बैंकों में पूंजी डाले जाने के मकसद से जारी किए गए ताकि वे बासेल-तीन दिशानिर्देशों के तहत नियामकीय नियमों की जरूरतों को पूरा कर सकें। आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार उसके बाद के वर्ष 2019-20 मे इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों बांड के एवज मे 16,285.99 करोड़ रुपए का ब्याज भुगतान किया गया जो कि 2018-19 के मुकाबले तीन गुना अधिक है। बॉड के जरिए पूंजी डालने की अवधारणा को सबसे पहले 2017 में पेश किया गया। उससे पहले, सरकार बैंकों को पूंजी बढ़ाने के लिए संचित निधि से नकद राशि दे रही थी।

## नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए अपनाने होंगे नवोन्मेषी उपाय

भाषा। नई दिल्ली

देश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन इस क्षेत्र में 2022 तक I,75,000 मेगावाट उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए साल में 35,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सृजित करने की जरूरत होगी। इसके लिए सरकार को 1.75 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश प्राप्त करने के लिए बोली स्तर पर और अधिक नवोन्मेषी रुख अपनाने पर गौर करना होगा। फिलहाल भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कुल स्थापित क्षमता 90,000 मेगावाट है। इसमें 39,000 मेगावाट पवन और 37,000 मेगावाट सौर उत्पादन क्षमता शामिल हैं। इसके अलावा करीब 50,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पर काम चल रहा है तथा 30,000 मेगावाट क्षमता नई बोली को लेकर पाइपलाइन में हैं। सोलर पावर डेवलपर्स एसोसिएशन के महानिदेशक शेखर दत्त ने पीटीआई- भाषा से कहा, कुल I,75,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए 35,000 मेगावाट (बोली के अंतर्गत या बोली मंगाई जाने की प्रक्रिया में) की जरूरत है और इसके लिए 1.75 लाख करोड़ रुपए के कोष की जरूरत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का क्रियान्वयन और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए निविदा प्रक्रिया में अनूठेपन की 2021 में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर महीने में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 92 लाख टन रहा

**नई दिल्ली।** भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर महीने में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 92.45 लाख टन रहा। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के आंकड़े के अनुसार पिछले साल 2019 के इसी माह में कच्चे इस्पात का उत्पादन 89.33 लाख टन रहा था। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन को रिपोर्ट देने वाले 64 देशों में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर 2020 में 15.826 करोड़ टन रहा। यह नवंबर 2019 के 14.842 करोड़ टन के मुकाबले 6.6 प्रतिशत अधिक है। वर्ल्डस्टील ने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा कठिनाइयों को देखते हुए इस माह के आंकड़े को अगले महीने के उत्पादन अनुमान के साथ संशोधन किए जाने की संभावना है।

## मध्यस्थता अदालत ने केयर्न के पक्ष में फैसला सुनाते हुए प्रधानमंत्री, मंत्रियों के बयान का हवाला दिया




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्थाई मध्यस्थता अदालत में तीन सदस्ईय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में ब्रिटिश तेल और गैस कंपनी केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ भारत सरकार के 10,247 करोड़ रुपए की कर मांग को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य मंत्रियों के बयान का जिक्र किया है। उन बयानों में पूर्व प्रभाव से कराधान कानून का उपयोग नहीं करने की बात कही गई थी। हेग स्थित स्थाई मध्यस्थता अदालत ने पूर्व की तिथि से कर लगाने के मामले में ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी के पक्ष में फैसला सुनाया है। कंपनी इस कर मांग के खिलाफ है। उसने 21 दिसंबर को 582 पृष्ठ के आदेश में केयर्न को लाभांश, कर वापसी पर रोक और बकाया वसूली के लिए शेयरों की बिक्री से ली गई राशि लौटाने का आदेश दिया। सरकार ने आयकर कानून में 2012 में किए गए संशोधन के तहत कर प्रशासन को पहले के हुए सौदों पर कर मांगने की अनुमति दी है। न्यायाधिकरण ने आम सहमति से दिए आदेश में कहा है कि 2006 में स्थानीय शेयर बाजार में सूचीबद्धता से पहले केयर्न द्वारा अपने भारतीय व्यापार का आंतरिक पुनर्गठन करना गलत तरीके से कर बचने का कोई उपाय नहीं था।

### लार्सन एंड टूब्रो की 1,1०० इंजीनियर नियुक्त करने की योजना

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) 2021 मे करीब I,100 इंजीनियर प्रशिक्षुओं की नियुक्ति करेगी। स्नातक और स्नातकोत्तर इंजीनियर प्रशिक्षुओं की यह नियुक्ति समूह की विभिन्न इकाइयो के लिए की जाएगी।

### दुपहिया उद्योग को चौथी तिमाही में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहन उद्योग को वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही मे एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हालांकि, कहा कि किसान आंदोलन और आगामी बजट को लेकर निकट भविष्य में कुछ अनिश्चितताएं भी है।

### घरेलू सामान के दाम जनवरी से बढ सकते हैं

**नई दिल्ली।** तांबा, एल्युमिनियम और इस्पात जैसे कच्चे माल की लागत बढ़ने और परिवहन भाड़ा महंगा होने के कारण एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन जैसे अन्य टिकाऊघरेलू सामान की कीमतें अगले साल जनवरी से 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। इसके अलावा आपूर्ति मे कमी के कारण टीवी पैनल (ओपेन सेल) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक हो चुकी हैं।

### धरती से प्रेरणा लेकर बनाया हीरों के आभूषणों का शानदार कलेक्शन

**मुंबई।** भारत का सबसे विश्वसनीय और सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने साक्षात् माँ धरित्री, प्रकृति से प्रेरणा लेकर हीरों के आभूषणों का मूड्स ऑफ़ द अर्थ यह आधुनिक कलेक्शन पेश किया है। मिट्टी की सच्चाई, हरेपन की ताज़गीए मन मोह लेने वाली गुलाबी छटाएं और सफ़ेद पवित्रता यह धरती के चार काव्यात्मक मूड्स आभूषणों के रूप में साकार करने की जादू तनिष्क ने अपने इस कलेक्शन में की है।

# यूरोपीय संघ में कोविड 19 का टीकाकरण प्रारंभ

## वायरस के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक दिन

एपी। रोम

**यूरोपीय संघ** (ईयू) के देशों ने इस भूखंड के करीब 45 करोड़ लोगों में सबसे अधिक जोखिम संभावितों को कोविड-19 टीका देने के लिए रविवार को समन्वित प्रयास शुरू किया जो इस सदी के सबसे भयावह जनस्वास्थ संकट के खिलाफ लड़ाई में इस महाद्वीप के लिए उम्मीद का एक पल है। संघ के 27 देशों में मेडिकल कर्मियों, नर्सिंग होम के कर्मियों और बड़े नेताओं को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाया गया और लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि यह टीकाकरण सुरक्षित है तथा यह इस महामारी से उबरने की बहुत बड़ी संभावना का द्वार खोलता है।रोमानिया में सबसे पहले टीका लेने वाली मैटई बाल्स इंस्टीट्यूट (बुखारेस्ट) की नर्स मिहाला एंजेल ने कहा, बिल्कुल दर्द नहीं हुआ। अपनी आंख खोलिए और टीका लीजिए। रोम में स्पालानजानी संक्रामक रोग अस्पताल में बैठे पांच डॉक्टरों और नर्सो में एक डॉक्टर मारिया रोसारिया कपोबियांची ने कहा, यह संदेश आशा, विश्वास और सबके साथ साझा करने के निमंत्रण का है। चिंतित होने का कोई कारण नहीं है। डॉक्टर मारिया रोसारिया कपोबियांची इस अस्पताल के विषाणु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष हैं। वह उस दल की भी अगुवा है जिसने फरवरी की शुरुआत में इस विषाणु कों पृथक किया था।इतालवी विषाणु विशेषज्ञ डोमेनिको अरकुरी ने बताया कि यह बड़ा अहम है कि इस अस्पताल में टीके की खुराक दी गई जहां वुहान से आया दंपति जनवरी में संक्रमित पाया गया था और वह इटली में पहला मामला था। बाद में उत्तरी लॉम्बार्डी यूरोप में इस महामारी का केंद्र बन गया। यूरोप में इस वायरस से सबसे अधिक करीब 72,000 मौत इटली में हुई। जर्मनी के बायोएनटेक और अमेरिकी कंपनी फाइजर के टीके शुक्रवार को बेल्जियम की फैक्ट्री से सुपर कोल्ड कंटेनर से यूरोपीय संघ के अस्पतालों में आने लगे थे। जिन लोगों को टीके लगाए जा रहे हैं, उन्हें दूसरी खुराक के लिए तीन सप्ताह में फिर आना होगा। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने टीकाकरण अभियान का एक वीडियो जारी किया और सदी के सबसे भयावह जनस्वास्थ्य संकट से संघ के करीब 45 करोड़ लोगों को बचाने की लड़ाई में एकता का दिल को छू लेने वाला पल बताया। टीकाकरण अभियान से लोगों को खासकर जर्मनी में राहत मिलने की आस है क्योंकि उनका मन उचटने लगा था। ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका ने इसी टीके से कई सप्ताह पहले टीकाकरण शुरू किया। वैसे यूरोपीय संघ के कुछ देशों जैसे जर्मनी, हंगरी और स्लोवाकिया में कल ही टीकाकरण शुरू हो गया था। एक जर्मन नर्सिंग होम, जहां शनिवार को 101 साल की एक महिला समेत दर्जनों लोगों को टीका लगाया गया, के संचालक ने कहा, जब हम शिद्दत से किसी चीज का इंतजार करते हैं, तो एक दिन भी बहुत लंबा लगता है। टीकाकरण की शुरूआत एक ऐसे भूक्षेत्र के लिए आशा के पल का प्रतीक है जो दुनिया में इस वायरस से सबसे पहले और सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में एक था। इटली और स्पेन तथा चेक गणराज्य जैसे अन्य देशों में इस साल के प्रारंभ में स्थिति ऐसी हो गई थी कि समूचा स्वास्थ्य तंत्र चरमरा गया लग रहा था। यूरीपीय संघ के 27 देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के कम से कम 1.6 करोड़ मामले सामने आए हैं और संक्रमण से 3,36,000 लोगों की जान चली गई।



अर्जेन्टीना के ब्यूइनवस एअर पोर्ट पर कोरोना वैक्सीन लोड करता कर्मचारी

## कोविड-19: जापान ने विदेशियों के प्रवेश पर लगाई पाबंदी

एपी। तोक्यो

**ब्रिटेन में** मिले कोरोना वायरस के नए प्रकार के मद्देनजर जापान की सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए सभी विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। प्रतिबंध उन विदेशियों पर लागू होगा जो जापान के रहने वाले नहीं हैं।

कोरोना वायरस के नए रूप के बारे में कहा जा रहा है कि यह और अधिक संक्रामक है।विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह प्रतिबंध सोमवार से लागू होगा और फिलहाल यह 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। जापान ने पिछले सप्ताह ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका से

### ● कोरिया और थाईलैंड भी सख्ती करने की तैयारी में

आने वाले उन लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी जो जापान के रहवासी नहीं हैं। पिछले दो दिनों में सात लोगों के वायरस के नए प्रकार से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद देश ने यह कदम उठाया है। इन सात यात्रियों में से पांच ब्रिटेन से लौटे हैं।मंत्रालय ने बताया कि जापान के नागरिकों और देश में रहने की अनुमति रखने वाले विदेशी नागरिकों के लिए 14 दिन के पृथक-वास की अवधि से छूट को अब निलंबित



किया जा रहा है। जापान में शनिवार तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 2,17,312 मामले सामने आ चुके हैं तथा 3,213 लोगों की यहां मौत हो चुकी है। वहीं दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 970 नए मामले सामने आए हैं और सामाजिक दूरी के सख्त नियमों को लागू करने के संबंध में रविवार को निर्णय लिया जाएगा। कोरिया रोग नियंत्रण व रोकथाम एजेंसी ने बताया कि देश में अब तक 56,872 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा कुल 808 लोगों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड में रविवार को संक्रमण के 110 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6,020 हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रमण की अधिकता वाले दो नए क्षेत्रों का पता लगाया है। सरकार ने लोगों का आगाह किया है कि अगर सामाजिक दूरी समेत अन्य प्रतिबंधों का पालन नहीं किया गया तो मार्च तक देशव्यापी लॉकडाउन लगाया जाएगा।

## ट्रंप के दस्तखत न करने से अधर में अटका लाखों लोगों का बेरोजगारी भत्ता लाभ

एपी। वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साल के अंत वाले कोविड राहत एवं खर्च विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर देने से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे लाखों अमेरिकी लोगों को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता लाभ शनिवार आधी रात से बंद हो गया।


माना जा रहा था कि वह इस पर हस्ताक्षर कर ही देंगे लेकिन अचानक उन्होंने इसपर आपत्तियां जतानी शुरू कर दीं। ट्रंप ने कोविड राहत में अधिक राशि की मांग करते हुए तथा इस संबंध में अन्य सवाल उठाते हुए द्विपक्षीय पैकेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। इस स्थिति में, मंगलवार रात को बारह बजकर एक मिनट से संघीय सरकार का कामकाज बंद होने का भी खतरा है।व्हाइट हाउस के रिपब्लिकन सदस्यों को यह आश्वासन देने के बाद कि ट्रंप विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे, इसे संसद के दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी थी। हालांकि ट्रंप का मिजाज बदलने के बाद यह फिर अधर में अटक गया।विधेयक में अधिकतर अमेरिकियों के लिए 600 डॉलर के भुगतान के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि वह संसद से इसमें संशोधन करने और एक दंपती के लिए 600 डॉलर की अत्यंत कम राशि को बढ़ाकर 2,000 या 4,000 डॉलर करने को कहेंगे। न्होंने कहा, मैं संसद से यह भी कह रहा हूं कि वह इस विधेयक से अनावश्यक बातों को हटाए और मुझे एक उपयुक्त विधेयक भेजे। ट्रंप ने मंगलवार रात ट्वीट किए गए एक वीडियो में कहा था कि विधेयक में विदेशों को बहुत अधिक धन देने की बात की गई है, लेकिन इसमें अमेरिकियों के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप से इस विधेयक पर तुरंत हस्ताक्षर करने को कहा है।

बाइडन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के आर्थिक राहत विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के कारण लाखों लोगों को अब यह नहीं पता कि उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी हो भी पाएंगी या नहीं। उन्होंने ट्रंप पर जिम्मेदारी नहीं निभाने का आरोप लगाया और कहा कि इसके परिणाम विनाशकारी हैं।

## चीन में चाकू से किए गए हमले में सात लोगों की मौत

**बीजिंग, भाषा।** चीन के उत्तरी-पूर्वी लिओलिंग प्रांत में एक व्यक्ति द्वारा चाकू से किए गए हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।सरकारी टीवी सीजीटीएन की खबर के अनुसार, पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। काईयुआन शहर में हुई इस घटना में सात लोगों के मरने के अलावा एक पुलिसकर्मी सहित सात लोग घायल भी हुए हैं। पुलिसकर्मी आरोपी को गिरफ्तार करनेवाली टीम में शामिल था। अधिकारियों ने हमले में सात लोगों के मरने की पुष्टि की है।घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, लेकिन उनकी स्थिति के बारे में अभी पता नहीं है। अन्य देशों के मुकाबले चीन में इस तरह के हिंसक अपराधों की संख्या कम है लेकिन हाल के वर्षों में चाकू और कुल्हाड़ी से हमले बढ़े हैं।

## सिंध सरकार डेनियल पर्ल हत्या मामले में चार आरोपियों को रिहा नहीं करेगी



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की सिंध प्रांत की सरकार ने ब्रिटेन में जन्मे अल-कायदा आतंकवादी अहमद उमर सईद शेख और उसके तीन सहयोगियों को रिहा नहीं करने का निर्णय किया है, जिन पर अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का अपहरण करने और उसकी हत्या करने के आरोप हैं। सिंध प्रांत की सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में इन चारों को रिहा नहीं करने का फैसला किया है।सिंध उच्च न्यायालय के दो सदस्यों की पीठ ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि शेख और अन्य आरोपियों को किसी तरह की हिरासत में नहीं रखें और उनकी हिरासत को लेकर सिंध सरकार की सभी अधिसूचनाओं को अमान्य करार दिया। अदालत ने कहा कि चारों व्यक्तियों को हिरासत में रखना अवैध है।बहरहाल, अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर उच्चतम न्यायालय ने उनकी हिरासत के बारे में रोक लगाने का आदेश दिया है, तो उन्हें रिहा नहीं किया जाना चाहिए। एक्सप्रेस ट्रब्यून ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के 28 सितंबर के आदेश के आलोक में प्रांत की सरकार उनको रिहा नहीं करेगी।सूत्रों ने अखबार को बताया कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी नीत सिंध सरकार का मानना है कि उच्चतम न्यायालय का 28 सितंबर का आदेश अब भी बरकरार है।



बर्लिन में 101 वर्षीय गेरट्रूड कोविड 19 की वैक्सीन लगवाते हुए

## क्विक न्यूज

### कोविड-19: ओमान ने टीकाकरण अभियान शुरू किया

**दुबई।** ओमान ने कोविड-19 महामारी पर रोक लगाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है और देश के स्वास्थ्य मंत्री अहमद अल सैदी को फाइजर टीके की पहली खुराक दी गई। सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक पिछले सप्ताह मस्कट अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 15,600 खुराक की पहली खेप पहुंची और प्राथमिकता के आधार पर पहले बुजुर्गो, स्वास्थ्यकर्मियों तथा स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतो का सामना कर रहे लोगो को रविवार से टीका लगाने की शुरुआत की गई। अगले महीने यहां फाइजर-बायोएनटेक टीके की 28,000 खुराक की दूसरी खेप पहुंचने की संभावना है। ओमान का कहना है कि उसका लक्ष्य करीब 50 लाख की आबादी में से 60 फीसदी लोगो को टीका लगाने का है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सीमित आपूर्ति की वजह से शुरुआती चरण में सिर्फ 20 फीसदी लोगो को ही टीका लग सकेगा। ओमान मे अब तक।,28,000 से ज्यादा लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है और।,400 से ज्यादा लोगो की मौत हो चुकी है।

### कैमरून में बस हादसे में 37 लोगों की मौत, 18 घायल

**याउंदे ।** अफ्रीकी देश कैमरून के पश्चिमी हिस्से मे स्थित नमाले गांव मे हुए बस हादसे में 37 लोगो की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हुए है। इलाके के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अबसलाम मोनोनो ने बताया कि 70 सीटों वाली बस पश्चिमी शहर फोउम्बान से राजधानी याउंदे आ रही थी, तभी शनिवार- रविवार की दरम्यानी रात दो बजे सड़क पर आ रहे लोगो की भीड़ को बचाने के चक्कर मे ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया, बस मे सवार अधिकतर यात्री या तो नया साल मनाने अपने परिवार के साथ जा रहे थे या क्रिसमस मनाकर लौट रहे थे या कारोबारी थे जो नए साल के उपहारो को पहुंचाने जा रहे थे। हादसे के बाद गांव के लोग बस मे सवार 60 से अधिक यात्रियो की मदद के लिए पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव कर्मी अब भी दुर्घटनाग्रस्त बस का मलबा साफ कर रहे है।

### चीन में कुछ अपराधों के मामलों में उम्र सीमा घटा कर 12 साल की गई

**बीजिंग।** चीन ने कुछ गंभीर अपराधों के मामले मे आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र सीमा 14 साल से घटा कर 12 साल कर दी है। देश मे एक संशोधित कानून के तहत 12 से 14 साल के बच्चे इरादतन हत्या या मौत का कारण बनने वाले, इरादतन चोट पहुंचाने या अन्य नृशंस तरीकों से गंभीर रूप से अपंग बना देने वाले अपराधो के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराए जाएंगे। चीन की शीर्ष विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति द्वारा शनिवार को पारित किए गए संशोधन अगले साल एक मार्च से प्रभावी होंगे। अभी चीन मे आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र 16 है। बलात्कार, लूटपाट और इरादतन हत्या जैसे गंभीर अपराधों के लिए इन्हें आपराधिक रूप से जिम्मेदार करार दिया जाता है। चीन मे 2018 की तुलना मे 2019 मे किशोर अपराध बढ़ने के बाद कानून मे यह संशोधन किया गया है।

### इलिनोइस में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत, तीन घायल

**रॉकफोर्ड (अमेरिका)।** इलिनोइस स्थित एक बॉलिंग एली में शनिवार रात को एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। रॉकफोर्ड पुलिस के प्रमुख डैन ओ शिया ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि घटना के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। हालांकि उन्होने हिरासत में लिए गए व्यक्ति के बारे में या पीड़ितों के बारे में अतिरिक्त जानकारी नही दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी भी अधिकारी ने गोली नही चलाई।

### तुर्की में 5.3 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की के पूर्वी एलाजिग प्रांत मे रविवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि इसमें जानमाल के नुकसान की कोई खबर नही है। देश के आपदा एवं आपात प्रबंधन निदेशालय ने बताया कि भूकंप सुबह नौ बजकर 37 मिनट पर आया जो आसपास के प्रांतों में भी महसूस किया गया।तुर्की के गृहमंत्री सुलेमान सोयलू ने ट्वीट किया कि फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की खबर नही है।

### फ्रांस ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू किया, पहली खुराक बुजुर्ग महिला को दी

**पेरिस।** फ्रांस ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में राजधानी पेरिस के उत्तर-पूर्वी इलाके स्थित एक नर्सिंग होम मे एक बुजुर्ग महिला को रविवार को पहला टीका लगाया गया। यह इलाका देश के गरीब क्षेत्रों मे से एक है। पेरिस क्षेत्र के जन स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख ऑरेलियन रूसो ने ट्विटर पर कहा कि यह एक अहम पल है जिससे बहुत ज्यादा उम्मीद है। सेवरन शहर की 78 वर्षीय महिला मौरीसिते को फ्रांस का पहला टीका लगाया गया। बाद में डिजोन के चैम्पमेल्लोट होम मे भी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। सर्वेक्षणो से पता चलता है कि फ्रांस के लोगो में नए टीके को लेकर थोड़ा संदेह है। इसी वजह से सरकार सतर्क है और टीका लगवाने को अनिवार्य नही कर रही है।

## उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने पहुंच गया नेपाल

भाषा। काठमांडू,

**चीन की** कम्युनिस्ट पार्टी के उपमंत्री के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल नेपाल की राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने के लिए रविवार को काठमांडू पहुंचा। संसद भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के विभाजन के बाद प्रतिनिधिमंडल काठमांडू आया है। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई है।

माई रिपब्लिका अखबार ने एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं के हवाले से लिखा है कि दौरे के एजेंडे का विशिष्ट ब्यौरा उपलब्ध नहीं है, लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री गुओ एझु के नेतृत्व में चार सदर्स्यीय दल काठमांडू में ठहरने के दौरान उच्चस्तरीय वार्ता करेगा।एक राजनयिक सूत्र का हवाला देते हुए इसने कहा कि दौरे का उद्देश्य नेपाल की प्रतिनिधि सभा के भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में

### ● संसद भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के विभाजन के बाद प्रतिनिधिमंडल काठमांडू आया है

अलगाव के बाद उभरने वाली राजनीतिक स्थिति का जायजा लेना है। बीजिंग समर्थक के रूप में जाने जाने वाले प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ सत्ता को लेकर जारी रस्साकशी के बीच पिछले रविवार को एक अचानक उठाए गए कदम के तहत 275 सदर्स्यीय संसद को भंग करने की अनुशंसा कर दी थी।प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उसी दिन सदन को भंग कर दिया और 30 अप्रैल तथा दस मई को नए चुनावों की घोषणा की, जिसका प्रचंड के नेतृत्व वाले एनसीपी के बड़े धड़े ने विरोध करना शुरू कर दिया।खबर में बताया गया है कि इस बीच काठमांडू में चीनी दूतावास और विदेश मंत्रालय गुओ के दौरे को लेकर चुप है।इस हफ्ते की शुरुआत में नेपाल में चीन की राजदूत होऊ यांकी ने प्रचंड और ओली धड़े के एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में गुओ के दौरे के बारे में जानकारी दी थी। उप मंत्री गुओ दोनों धड़ों के नेताओं के साथ बैठक करने वाले हैं।संसद भंग करने के ओली के कदम और इससे उत्पन्न राजनीतिक स्थिति से बीजिंग चिंतित प्रतीत होता है। संसद भंग करने के तुरंत बाद चीन की राजदूत ने नेपाल में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपनी बैठकें तेज कर दी थीं।होऊ राष्ट्रपति भंडारी, एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रचंड और माधव कुमार नेपाल, पूर्व संसद अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महारा और बरशा मान पुन सहित कई नेताओं से मुलाकात कर चुकी हैं।चीन पहले भी कई बार संकट के समय नेपाल के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कर चुका है।

## नैशविले में हुए विस्फोट की जांच में जुटी एफबीआई ने संदिग्ध के घर की ली तलाशी

एपी। नैशविले (अमेरिका)

**नैशविले में** क्रिसमस के दिन हुए विस्फोट की जांच में जुटी एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) की टीम ने शनिवार को इस घटना में संदिग्ध व्यक्ति के घर की तलाशी ली। विस्फोट के 24 घंटे से भी अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी जांचकर्ताओं के हाथ में इस घटना के पीछे का मकसद और अंजामकर्ता के बारे में कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।कई ऐसे सवाल हैं जो अब भी अनसुलझे हैं जैसे कि सुबह के समय एक सुनसान गली में बम लगा हुआ वाहन क्यों खड़ा किया गया और इसमें एक अलार्म भी लगा था जो लोगों को आसपास से हटने की जानकारी दे रहा था। ऐसे में घटना को अंजाम देने वाले का मकसद क्या था ?केंद्रीय टेलीफोन एक्सचेंज की इमारत के पास हुए इस विस्फोट के चलते शनिवार को भी कई दक्षिणी राज्यों में मोबाइल फोन सेवाएं एवं पुलिस व अस्पताल संचार सेवाएं बाधित रहीं।एफबीआई के विशेष एजेंट जेसन पैक ने कहा कि जांच से संबंधित सूचना प्राप्त होने के बाद संघीय एवं स्थानीय जांच एजेंसियों के जांचकर्ताओं ने उपनगरीय नैशविले के एंटीयोक क्षेत्र स्थित एक घर की तलाशी ली।जांचकर्ता घर की तलाशी लेने के साथ ही संपत्ति के आसपास और पीछे के हिस्से में भी पड़ताल करने में जुटे हैं। दूसरी तरफ, एफबीआई ने कहा है कि वह कई ऐसे लोगों का पता लगा रही है, जिनका इस घटना से संबंध हो सकता है।एफबीआई के अधिकारी डगलस कोर्नस्की ने शनिवार दोपहर को प्रेसवार्ता में कहा, मामले की जांच में हमें अभी कुछ समय लगेगा। हमारे जांच अधिकारी यह पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि किसने इस विस्फोट को अंजाम दिया और क्यों ? उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को केंद्रीय टेलीफोन एक्सचेंज की इमारत के पास सुनसान सड़क पर खड़े एक वाहन में विस्फोट होने से संचार सेवाएं ठप पड़ गईं, पुलिस की आपात प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया तथा शहर के हवाईअड्डे से उड़ानों को भी रोकना पड़ा था। शुक्रवार को पुलिस गोलीबारी की खबरों की जांच कर रही थी तभी उन्हें एक वाहन का पता चला जिसमें से पहले से रिकॉर्ड की गई चेतावनी की आवाज आ रही थी जिसमें कहा जा रहा था कि वाहन में लगा बम 15 मिनट में फट जाएगा। मेट्रो नैशविले पुलिस प्रमुख जॉन ड्रेक ने बताया था कि इसके बाद पुलिस ने आसपास की इमारतों को खाली करवाया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया लेकिन कुछ ही देर बाद वाहन में धमाका हो गया।इस घटना में घायल हुए तीन लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन सभी की हालत स्थिर है। यह घटना संचार कंपनी एटी ऐंड टी की इमारत के पास हुई जिसमें टेलीफोन एक्सचेंज का केंद्रीय कार्यालय है, यहीं पर नेटवर्क उपकरण भी है। यही वजह है कि विस्फोट के चलते संचार सेवाएं ठप हो गईं।

**दीपशिखा कुमार आनंद का कहना है कि सीखने की इच्छा भावी अवसरों की ओर बढ़ने का तरीका है। जो लोग खुद को अपडेट करते रहते हैं वे बिरले ही विफलता का सामना करते हैं**

# बनें अप टू डेट



महामारी से प्रभावित विश्व अर्थव्यवस्था में बढ़ती असुरक्षाओं के बीच, आत्मनिर्भरता न केवल देशों के लिए बल्कि नौकरीशुदा पेशेवरों के लिए भी एक सुधार-कम-प्रगतिशील रणनीति है। व्यापार और कर्मचारी दोनों आज बाजार में सख्त प्रतियोगिता का सामना कर रहे हैं। ऐसे उथल पुथल वाले दौर में उन्नत एवं भविष्योन्मुख योग्यताओं वाले लोग उल्लेखनीय स्तर पर अपवाद स्वरूप हैं।

सीखने की इच्छा भावी अवसरों की ओर बढ़ने का तरीका है। जो लोग खुद को अपडेट करते रहते हैं वे बिरले ही विफलता का सामना करते हैं। आज विश्व अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 की जटिलताओं का सामना करने के लिए, बुद्धिजीवी एवं योग्यता साझीदारियों पर आधारित एक मुखर प्रतिभा वाली अर्थव्यवस्था को अपनाने की आपात आवश्यकता है। ई-लर्निंग मंचों की शुरूआत ने कंपनियों एवं मानव संसाधनों को प्रमाणित प्रशिक्षकों व उद्योग विशेषज्ञों से उच्च स्तरीय योग्यताएं हासिल करना सक्षम बनाया है। वर्तमान परिदृश्य में बिजनेस लर्निंग में, खासतौर पर डिजीटल रूपांतरण में रूचि रखने वाले व्यवसायों के लिए, इन मंचों पर यूजर निर्मित कंटेंट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

व्यापार का सक्षमता स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि उसके कर्मचारी कितने सक्षम हैं। इसीलिए नयी उभरती कंपनियों के एचआर मैनेजर हमेशा उन्नत पेशेवर योग्यताओं से लैस तथा खुद को लगातार उन्नत करने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवारों में रूचि दिखाते हैं। एक वैश्विक स्टाफिंग कंपनी, राबर्ट हाफ द्वारा किए गए ताजा अध्ययन के अनुसार, 84 फीसदी एचआर मैनेजर ऐसे कर्मचारी रखना पसंद करते हैं जिनकी योग्यताओं को प्रशिक्षण के जरिए आसानी से उपयोग में लाया जा सके। कभी कभी, नयी योग्यताएं सीखने की उम्मीदवार की इच्छा सटीक रोजगार योग्यताएं न होने के बावजूद मनचाही नौकरी हासिल करने में उनकी सहायता करती है। यहां, एच आर मैनेजर मानते हैं कि योग्यताएं विकसित करने के लिए व्यक्तित्व को तैयार रखना व्यक्ति की अतिरिक्त जिम्मेदारियां स्वीकारने की उसकी योग्यताओं से ज्यादा महत्व रखता है।

व्यवसायों के डिजीटलीकरण ने विभिन्न कामों में तकनीक की भूमिका को अनेक स्तरों पर बढ़ा दिया है। मार्केटिंग से लेकर मैन्यूफेक्चरिंग तक, लगभग प्रत्येक व्यवसायिक गतिविधि आज तकनीक द्वारा प्रबंधित होती है। इसलिए, अपने कर्मचारियों को तकनीक सक्षम बनाने के लिए कंपनियां उन्हें सीखने में सहायता कर रही हैं। इसके विपरीत, अनेक पारंपरिक व्यवसाय जो मौजूदा महामारी की मार से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं के पास और कोई बेहतर विकल्प नहीं है कि वे बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए डिजीटल स्तर पर सक्षम हों। यहीं पर उद्यमियों व मैनेजरों के लिए ई-लर्निंग कार्यक्रम उनके लिए सहज बदलाव सुनिश्चित कर रहे हैं।

इन योग्यता-केन्द्रित पाठयक्रमों में भाग लेकर, नौकरी छूटने से प्रभावित लोग दुबारा रोजगार बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों में ठोस एवं व्यवहारिक योग्यताएं दोनों विकसित करने में उपयोगी हैं। डाटा एनालिसिस, फाइनेंशियल अकाऊंटिंग, नेटवर्किंग, निर्णयन, मोलभाव एवं नेतृत्व योग्यताएं हासिल करने जैसी व्यापार योग्यताएं, जो प्रत्येक सफल पेशेवर हासिल करना चाहता है इन्हें सशर्त ई-लर्निंग कार्यक्रमों के जरिए हासिल एवं निखारा जा सकता है। वे कर्मचारियों में ठोस एवं व्यवहारि योग्यताएं दोनों को विकसित करने में उपयोगी हैं।

अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत एवं संवादात्मक वीडियोज व्यक्ति द्वारा कोर्स माडयूल से अधिकतम समझ हासिल करने के लिए बार बार देखे जा सकते हैं। इसके अलावा, विद्यार्थी के पास एक से अधिक आनलाइन कोच या सब्जेक्ट मैटर विशेषज्ञ को चुनने का विकल्प होता है। कंटेंट को संस्थान आवश्यकताओं पर आधारित प्रासंगिक व्यापार विषयों के मुताबिक अनुकूलित किया जा सकता है। इसके अलावा, क्षेत्र विशेष वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में अप्रत्याशित बदलावों से उद्योग को देवनागरी भाषाओं में कंटेंट मिलने से अपार-लाभ हासिल हो रहे हैं।

**अपस्किलिंग कोई महंगा और ज़ोरदार मामला नहीं है। संचार के डिजिटलीकरण के लिए धन्यवाद जिसने कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिए सीखने और अपारदर्शिता को बहुत सस्ती बना दिया है**

संस्थान के लिए अपने मूल्यवान एवं अत्यावश्यक लोगों को खोना हमेशा कठिन होता है क्योंकि दूरगामी लक्ष्यों व उददेश्यों का हासिल करने के लिए उनकी उपस्थिति लाजिमी होती है। लेकिन उन्हें संलिप्त एवं प्रेरित रखने के लिए, नियोक्ता को उनकी व्यक्तिगत एवं पेशेवर प्रगति को सुनिश्चित करना होगा। योग्यता निखार अब ज्यादा महंगा और खर्चीला मामला नहीं रह गया है। संचार के डिजीटलीकरण की मेहरबानी है कि इसने सीखना और योग्यता निखारना, कंपनियों एवं व्यक्तियों, दोनों के लिए अत्यंत सस्ता बना दिया है। विभिन्न प्रारूपों एवं विभिन्न भाषाओं में ई-लर्निंग कंटेट की उपलब्धता उनके लिए अत्यंत लाभकारी है जो उन्हें बेहतर जानकार एवं संवेदनशील ग्राहक भी बनाती है। साथ ही, उद्योग हस्तियां एवं विचार नेताओं का आंकलन करना अब छोटे व्यापारों के लिए विलास की चीज नहीं रह गया है। कार्पोरेट्स की तरह, छोटे व्यवसाय भी प्रतिष्ठित हस्तियां एवं सलाहकारों के ज्ञान एवं अनुभव से अपने कर्मचारियों को सशक्त बना सकते हैं।

**– लेखक स्पीकइन के संस्थापक एवं सीईओ हैं।**

## QUOTE OF THE DAY

**कॉलेज आपके जीवन का सबसे अच्छा समय है। जब आपके माता-पिता एक अजीब शहर में जाने और हर रात नशे में रहने के लिए एक वर्ष में कई हजार डॉलर खर्च करने जा रहे हैं।**

**डेविड वुड**

# अर्थपूर्ण कालेज जीवन के लिए



**लेखिका डा . एंडरलीन डायना लेजारस फिलीमिस एसआरएमआईएसटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं**

कालेज जीवन की भव्य शुरूआत का पर्दा खुलता है, खुशी की लहर उमड़ पड़ती है जो चौतरफा नये कैम्पस, नए दोस्तों, नयी शैली की पढ़ाई और प्रशिक्षण और जीवन शैलियों को लेकर भी बेहद आनंदित है। आपके इर्दगिर्द , आपके भीतर और बाहर भी, बहुत कुछ घटित हो रहा होगा, आपमें से कुछ लोग बेपरवाह, कुछ लोग प्रकटया व्यस्त और कुछ इतिहास बना सकते हैं। अनेक विधाओं में विभाजित मिश्रित पढ़ाई आपके लिए अपनी कक्षाओं, लैबों, क्लबों, सभी प्रकार के उत्सवों, प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों को जानने की एक कला है जिनमें नेटवर्किंग, औद्योगिक यात्रा करने, कैम्प लगाने, प्रतिनिधित्व करने, जीतने और हारने, साथ ही नयी भाषाएं, योग्यताएं सीखने तथा यहां पर रहते हुए अपनी प्रतिभाओं को जानने की एक कला है, यह आपको व्यस्त रख सकती हैं, अत्यंत व्यस्त भी लेकिन उससे आपकी करियर निर्माण में सहायता होगी।

कुछ लोग आपको कम आंकते हैं और कुछ बहुत ज्यादा, लेकिन आप इसकी कभी इसकी कभी परवाह न करें।

आपको उनके विचारों का संस्करण बनने की आवश्यकता नहीं है! आपके लक्ष्य आपकी प्राथमिकता बनें!

– अच्छी यादें निर्मित करें, बेहतर खाएं, व्यायाम करें, नियमित रूप से नयी चीजें सीखें, नए पौधे लगाएं, पशु देखभाल में योगदान करें और शोध में भी भागीदारी करें और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि बतौर प्रतिभागी कभी भी शर्म न करने से बेहतर शिक्षण से पैरवी करेंगे।

यह एक बेहद दावेदार दुनिया है और आपको दूसरों से आगे बढ़ना होगा, आपको खुद को सर्वोत्तम बनाने की आवश्यकता होगी। इसलिए जानें और उत्साह के साथ प्रयोग करें, सुनिश्चित करें कि आपका रिज्यूमे विशिष्ट है जो उत्तम उपलब्ध संभावनाओं को आकर्षित कर सकता है, अपने भीतर के लेखक, कवि, नर्तक, गीतकार, शोधकर्ता को जगाएं और अपने अंदर के खिलाड़ी को भी।

आप निश्चित रूप से रोमांच का मजा लेंगे क्योंकि आप अपनी आत्मा, ह्दय व मन से भरपूर हैं।

जल्द वो समय होगा जब आपकी अपनी मातृसंस्था से विदाई की घड़ी होगी और पर्दा कालेज जीवन के समापन का पर्दा गिरेगा और इसमें कोई रीप्ले नहीं होगा। इसलिए सजग रहें और अपनी परम संस्करण को गढ़ने के काम में लिप्त हो जाएं।

समूचे मन से समाज की सेवा करें और इस काम को यथासंभव ढंग से निशुल्क करें, क्योंकि लोगों की सुखद यादों में जीना जीत का एक शानदार प्रारूप है।

– लेखक एसआरएम इंस्टीट्यूट आऊ साइंस एंड टेक्नोलाजी में सहायक प्रोफेसर हैं

## स्कॉलरशिप



द ब्रिटिश कौंसिल दुनिया भर से स्टेम विषयों में महिलाओं व लड़कियों के लिए सहयोग के रूप में स्कालरशिप आवेदन आमंत्रित करती है। प्रत्येक स्कालरशिप में पूर्णकालिक ट्यूशन फीस, मानसिक स्टाइपेंड, एकानमिक क्लास का वापसी टिकट व अन्य अध्ययन संबंधी खर्च सम्मिलित है जिसमें आईईएलटीएस परीक्षा शुल्क, वीजा आवेदन, एनएचएस सरचार्ज व अध्ययन सामग्रियां आती हैं।

### भारतीय छात्राओं के लिए स्कालरशिप की संख्याः 1

**योग्यता :** स्टेम में महिलाओं हेतु स्कालरशिप में योग्यता पाने के लिए, आपका महिला (सिस-जेंडर्ड या ट्रांस) या अयुग्मक के रूप में पहचान प्राप्त हों।

आपके पास पासपोर्ट होना चाहिए तथा योग्य देशों में से एक - भारत के स्थायी निवासी होने चाहिए।

आपने युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड में किसी एक पोस्टग्रेजुएट कोर्स में अध्ययन के लिए आवेदन जमा कर दिया है।

आपने यूजी डिग्री के सभी हिस्सों को पूरा कर लिया जो आपको युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड में पीजी कोर्स में प्रवेश पाने के योग्य बनाएंगे।

युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड द्वारा कराई गयी परीक्षा माध्यम के जरिए वित्तीय सहायता का मामला प्रदर्शित करें।

आपने पूर्व में यूके में डिग्री स्तर या उच्च स्तर की पढ़ाई नहीं की है या हाल में यूके में नहीं रहे।

आपने यूके में किसी अन्य स्रोत से अपने कोर्स की पढ़ाई हेतु कोई वित्तीय सहायता या वित्तपोषण प्राप्त नहीं किया है।

अंग्रेजी भाषा शर्त को पूरा करना होगा।

आप अपनी स्कालरशिप अवार्ड की समाप्ति के बाद न्यूनतम दो साल के लिए अपने मूल देश लौट जाएं

आपको अपने आवेदन में दिखाना होगा कि आपने जिस कोर्स के लिए आवेदन किया है आप उस क्षेत्र में प्रमाणित रूचि या कार्य अनुभव के साथ सक्रिय हैं।

आपको यूके से उच्च शिक्षा पूरी करने तथा अपने मूल देश में लौटने के बाद हासिल फायदों के जरिए क्षमता निर्माणन एवं सामाजिक-आर्थिक उन्नति में भावी योगदान करने की इच्छा प्रकट करनी होगी।


आपको अपने मूल देश से स्टेम में अन्य महिलाओं व लड़कियों को शामिल करने की लगन व योजना दिखानी होगी।

आप सहमत हैं कि स्कालरशिप के लिए आवेदन करने की शर्त के रूप में आपकी व्यक्तिगत जानकारी को ब्रिटिश कौंसिल को साझा किया जाता है।

यदि आपको स्कालरशिप प्रदान की जाती है, तो आप ब्रिटिश कौंसिल के साथ सबंध बनाए रखेंगे और यूके के राजदूत के रूप में काम करेंगे तथा स्टेम अलूमनस के हिस्से के रूप में होने वाली गतिविधियों में भाग लेंगे। यूके में अपनी पढ़ाई के दौरान इन गतिविधियों में आपकी संलिप्तता नियम अनुसार पांच घंटे से ज्यादा अवधि की नहीं होगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 1 मार्च, 2021।

# कोविड-19: चुनौतियों से जूझती शिक्षा व्यवस्था



कोविड-19 फैलने के कुछ महीनों के बाद, विश्व बैंक ने घोषित किया कि महामारी के कारण 1.6 अरब से ज्यादा बच्चे और युवा प्रभावित हुए थे इनमें दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानो में पंजीकृत लगभग 80 प्रतिशत बच्चे आते हैं जो भारत समेत 161 देशों में स्कूल नहीं जा पाए।

साल 2020 का उत्तरार्द्ध जिस प्रकार सामने आया है उसे देखते हुए यह स्वाभाविक ही लगता है कि स्थिति अब और भी गंभीर हो गयी होगी। अप्रत्याशित महामारी एवं लंबी गयी तालाबंदी की स्थिति ने शिक्षा व्यवस्था के मामले में बेशुमार चुनौतियां पेश की हैं। हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था की हालत देखते हुए, स्थिति भारत में और भी चिंताजनक बन जाती है।

एक प्रमुख चुनौती जो सुदूर शिक्षण की शुरूआत से सामने आयी वो थी छात्र समेत माता पिता एवं शिक्षकों के स्तर पर उचित उपकरणों तथा तकनीकी जानकारी का अभाव। अधिकांश संस्थानों ने तृतीय पक्ष उपयोगिता पर भारी भरोसा किया जिसमें कि वीडियो कार्फ्रेंसिंग कालिंग का प्रावधान था। हालांकि ये उपकरण आफिस मीटिंगों के लिए उपयोगी बनकर सामने आए, मगर वे शिक्षा के मामले में समस्या का समाधान करने में विफल रहे।

तकनीक समझदारी ने उपकरणों के प्रभावी उपयोग में बाधा का काम किया और समस्याओं को और ज्यादा बढ़ाया मजबूत इंटरनेट बैंडविडथ की कमी ने। इन गतिरोधों से निपटने का एक असरकारी तरीका है ऐसे उचित एडटेक मंच को अपनाना, जिसके पास कक्षाएं संचालित करने के लिए अपना सर्वर हो और जो किसी तीसरे पक्ष के उपकरणों पर निर्भर नहीं रहता हो। इससे न सिर्फ तकनीकी जटिलताओं में कमी आएगी बल्कि कम इंटरनेट स्पीड की आवश्यकता भी होगी।

कुछ विशेषज्ञों ने चिंताएं व्यक्त की हैं कि आनलाइन विषयक रणनीतियों पर निर्भरता बढ़ने से केवल आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों के बच्चों तक पहुंच बनेगी। हालांकि, यह चिंता हमारे इर्दगिर्द त्वरित गति से तकनीकी उन्नति होने से कम उपयोगी जान पड़ती है।

हालांकि ज्यादातर शिक्षा प्रदाताओं ने वीडियो ट्यूटोरियल्स जैसे लोकप्रिय माध्यमों पर जोर दिया है, मगर समय की आवश्यकता है कि पॉडकास्ट तथा उससे मिलते जुलते तरीकों का समावेश किया जाए जिसमें डाटा उपयोग भी कम होता है। आनलाइन रणनीति उपकरण ऐसा होना चाहिए कि यह असरकारी ढंग से समाज के सभी तबकों की पहुंच में आता हो।

**माइंड इट**

प्रशासनिक स्तर पर, सरकारें और संस्थान शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु जीरो-रेट नीति पेश करने के लिए टेलीकॉम खिलाड़ियों के साथ काम करने का विकल्प तलाश रहे हैं। छात्र के परिवार से संबंधित कारक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षक की योग्यता निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। घर पर जो होता है वो छात्र की सीखने की संभावना को प्रभावित करता है।

इनमें से कुछ कारकों में - गरीबी, घरेलू हिंसा की मौजूदगी जैसे हालात एवं माता पिता का अलग होगा- शामिल होते हैं। इन स्थितियों से निपटने के लिए, शिक्षकों एवं संस्थानों को माता पिता एवं अभिभावकों से संवाद बढ़ाने की आवश्यकता है। हालांकि माता पिता- शिक्षक बैठकों की निरंतरता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, मगर शिक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे असरकारी ढंग से चिंताएं साझा करते हैं और माता पिता या अभिभावकों को छात्र के जीवन समेत उसकी पढ़ाई को प्रभावित करने वाले कारकों से अवगत कराते हैं। माता पिता को अपने स्तर पर उठाई गयी चिंता पर प्रतिउत्तर देने तथा असरकारी उपचारक समाधान निकालने की आवश्यकता है।

शिक्षा मॉडयूल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है मूल्यांकन एवं परीक्षाएं आयोजित करना। आनलाइन शिक्षण के संदर्भ में बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर छात्र का मूल्यांकन करना अधिक आसान होता है और यहीं पर अधिकांश एडटेक मंचों पर भरोसा करना होता है। हालांकि क्या यह छात्र की समझदारी या दक्षता को सुनिश्चित करने का असरकारी तरीका है ?

उत्तर है नहीं। वास्तविक शिक्षण को विषयगत मूल्यांकनों के जरिए मापा जा सकता है। साथ ही, इन मूल्यांकनों को जांचने हेतु एक असरकारी उपकरण को शिक्षकों की भी जरूरत होती है। शिक्षा व्यवस्था में मौजूद इस प्रमुख बाधा से निपटने के लिए, हम एक एडटेक मंच प्रदान करते हैं जो एक व्यापक मूल्यांकन प्रणाली से युक्त है जो सभी उपरोक्त चिंताओं का समाधान करता है।

**– लेखक देव रॉय, डिजीटल अरिस्टोट के संस्थापक हैं।**

421 करोड़ की संपत्तियां होंगी जब्त, 233 गांवों में हैं जमीनें...

# पंद्रह साल में राजा महमूदाबाद कैसे राजा से बने रंक

● डीएम-एसपी-सीएमओ को छोड़ने पड़े थे आलीशान बंगले

संवाददाता। सीतापुर

**राजा महमूदाबाद** मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान पंद्रह सालों में राजा से कैसे रंक बन गए। यह आज पायनियर बताने का जा रहा है। बात बाइस अक्तूबर 2005 की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर और अशोक भान की खंड पीठ ने आदेश जारी किया, कि जिनके पिता शत्रु थे, अगर उनकी मृत्यु हो गई, तो उनके वारिसों को शत्रु संपत्ति हैंड ओवर कर दी जाए। इस आदेश में यह भी कहा गया कि आठ सप्ताह के अंदर पालन न हुआ तो अवमानना समझी जाएगी। इस पर राजा महमूदाबाद अवमानना में चले गए। उसके बाद सीतापुर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीएमओ आवास समेत महमूदाबाद सिविल जज कार्यालय, महमूदाबाद, सहजनी, पैंतेपुर, सेमरा, गुलारमऊ, केदारपुर, चंदनपुर, रसूलाबाद, सिकंदराबाद, सरैया राजा सा में बागवानी व अन्य जमीनों के अलावा लखनऊ में बटलर पैलेस, महमूदाबाद मेंशन, हलवासिया मॉर्केट, लारी बिल्डिंग, मलका जमानिया- गोलागंज, लखीमपुर खीरी में एसपी बंगला और गढ़ी इब्राहीमपुर, रसूलपुर, जलालपुर व पिपरझला में कई संपत्तियां तथा बाराबंकी में अल्लापुर, रानीमऊ, बघौली, सुरजनपुर और गौर गजनी समेत कई गांवों में जमीनें राजा महमूदाबाद को हस्तांतरित की जाने लगेंगी। सीतापुर में आजादी पूर्व से जिन बंगलों में जिलाधिकारी, एसपी और सीएमओ काबिज थे, वो खाली हो जाने के बाद छोटे-छोटे बंगलों में बड़े-बड़े अफसर रहने को मजबूर हो गए। यही नहीं सीतापुर शहर के प्रेम नगर मोहल्ले को खाली कराने की नोटिस मिलने के बाद यहां के बाशिंदों के घरों में चूल्हे नहीं जले। राजा के कर्मचारियों ने कई संपत्तियों की बिक्री तक शुरू कर दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राजा महमूदाबाद अरबों के मालिक बन गए। लेकिन इसी बीच छह मई 2006 में स्टेट ऑफ यूपी सुप्रीम कोर्ट चली गई। कोर्ट में दलील दी कि उन्हें पार्टी ही नहीं बनाया गया है, तब फरवरी 2009 में पूर्व का आदेश मोटीफाई हुआ। वर्ष 2010 में एक अध्यादेश जारी हुआ, कि यदि कोई व्यक्ति शत्रु देश का नागरिक हो गया, तो उसे वरासत का अधिकार नहीं मिल सकता है। जिसके आधार पर अगस्त 2010 में सारी संपत्तियां राजा के कब्जे से वापस ले ली गई, फिर सीतापुर के सीएमओ, पुलिस अधीक्षक अपने पुराने बंगलों में चले गए,जिलाधिकारी अपने पुराने बंगले में नहीं गए, लेकिन पुराने बंगले पर अपना कब्जा जमा लिया। पर अध्यादेश कानून नहीं बन सका, उसे चौलेंज कर दिया गया। ऐसा चार बार हुआ, फिर रणनीति बनीं, क्यों न एक्ट बना दिया जाए। मोदी सरकार ने शत्रु संपत्तियों का एक्ट बना दिया। इसके बाद शत्रु संपत्ति अधिनियम के सारे दावे फीके पड़ गए। अब 2020 साल बीतते-बीतते लखनऊ अपर जिलाधिकारी के एक आदेश ने राजा महमूदाबाद की 421 करोड़ की जमीनों को जब्त कर उन्हें राजा से एक बार फिर रंक बना दिया। हाईकोर्ट की गाइड लाइन के आधार पर लखनऊ एडीएम की कोर्ट में जोत सीमा रोपण अधिनियम 1960 की धारा -2 के तहत सरकार बनाम राजा मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान के मुकदमे की सुनवाई वर्ष 2007 से चल रही थी। 26 दिसंबर को लखनऊ एडीएम प्रशासन अमर पाल सिंह ने मुकदमा निस्तारित कर 422.005 हेक्टेअर भूमि की सीलिंग का फैसला सुना दिया। जिसके बाद सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी व लखनऊ की 421 करोड़ की संपत्तियों को प्रशासन अपने कब्जे में लेगा। ये जमीनें 233 गांवों में हैं। आपको बता दें कि सीलिंग एक्ट के तहत कोई भी 18 एकड़ से ज्यादा जमीन नहीं रख सकता है, हालांकि राजा को अभी राजस्व परिषद और कमिश्नर के यहां के अपील करने का अधिकार रहेगा।



**यह है पूरा मामला-** आइए, आपको यह भी बता दें कि मालिकाना हक का विवाद क्या है, राजा महमूदाबाद मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान के पिता राजा मोहम्मद आमिर अहमद खान विभाजन के वक्त इराक में थे, वर्ष 1957 में वह भारत की नागरिकता छोड़कर पाकिस्तान चले गए। रक्षा अधिनियम 1962 के तहत सरकार ने उनकी संपत्तियां शत्रु संपत्तियां घोषित कर दी। वर्ष 1973 में उनके बेटे और महमूदाबाद से कांग्रेस से विधायक रहे राजा मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान ने संपत्तियों का दावा पेश किया। वर्ष 2010 में सरकार ने शत्रु संपत्ति अधिनियम में संशोधन कर राजा की सभी संपत्तियां कस्टोडियन में चली गईं। वर्ष 2016 में शत्रु संपत्ति पर नया अध्यादेश जारी होने से उनकी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र व दिल्ली की संपत्तियां फिर भारत सरकार के अधीन हो गई।

---

कृषि बिल विधेयक के विरोध में प्रसपा ने

## किसानों के समर्थन में निकाली पदयात्रा



सीतापुर-पदयात्रा निकालते प्रसपा के पदाधिकारी

● जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव रही शामिल

संवाददाता। सीतापुर

**कृषि विधेयको** के विरोध में दिल्ली बार्डर पर डटे किसानों को अब एक महीना हो चुका है। लेकिन अभी तक सरकार से किसानों की कोई बात बन नही बन सकी है। किसानों के विरोध प्रदर्शन में कई किसान संगठनो सहित राजनैतिक दल भी किसानो के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पड़े है। इसी बीत जिले में किसानों के समर्थन में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह के आह्वान पर हमारी पार्टी किसानों के हित में यात्रा निकाल रही है। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश सचिव रिंकी सिंह ने कहा कि हमारी पदयात्रा का मकसद किसानों को उनके सभी दिलाने का है और हम लोग किसानों के हित में गांव-गांव पांव-पांव यात्रा निकाल रहे है।

## विधायक ने किया सड़कों का लोकार्पण

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर ब्लॉक** की ग्राम पंचायत गणेशपुर नेवादा की जनता को क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा ने तीन इंटरलॉकिंग सड़कों की सौगात दी। करीब 11 लाख की लागत से निर्मित सभी इंटरलॉकिंग संपर्क मार्गों का उन्होंने लोकार्पण भी किया। प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद नासिर ने क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा को चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख परमेश्वर भार्गव,प्रधान संघ अध्यक्ष रमा निकेत सिंह तोमर, क्षेत्र पंचायत सदस्य शुभम श्रीवास्तव, मोहम्मद ईमानदार, हर्षित श्रीवास्तव, प्रांजल मिश्रा,योगेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

आंदोलन से डरी सरकार, नौकरशाही ने संभाली कमान...

## डीएम ने बैठक में किसानों से की गुफ्तगू



सीतापुर-किसानों के साथ बैठक करते डीएम विशाल भारद्वाज

संवाददाता। सीतापुर

● किसान बोले, कृषि बिलों में संशोधन करे सरकार

**कृषि के** तीन बिलों के विरोध में दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन को डेढ़ माह हो चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी बात मनाने को कतई तैयार नहीं है, हालांकि इनके आंदोलन से सरकार डरी जरूर है। किसान भी इस आंदोलन के जरिए सरकार से दो-दो हाथ करने को उतारू है। किसानों के समर्थन में अब देश के सभी राज्यों से भी भारी संख्या में किसान दिल्ली पहुंच रहे हैं। इन्हें इस आंदोलन में पहुंचने से रोकने को जिलों में अब सरकारी मशीनरी ने भी मोर्चा संभाला लिया है। रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने किसानों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से गुफ्तगू की और किसान हितों के लिए लगाए गए कृषि के तीन बिलों के फायदे भी गिनाए। उनका कहना है कि किसानों के हित में मोदी सरकार ने कृषि के तीन बिल पास किए हैं। इससे किसानों का ही फायदा होगा। अगर किसी को कोई दिक्कत है, तो वो उनसे अपनी समस्या बता सकते हैं। उसे फौरीतौर पर निस्तारित किया जाएगा, उधर, किसानों ने भी उनका समर्थन किया। उनका कहना है कि उनके साथ में है।

## क्विक न्यूज

### शोहदों को एंटी रोमियो टीम ने पकड़ा

**सीतापुर।** बेटियों की सुरक्षा के लिए सड़कों पर तैनात अलग-अलग थानों की एंटी रोमियो टीमों ने 3 शोहदों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मिश्रिख पुलिस द्वारा जल्लाबाद के शिवम व जमुनापुर के मुनीम और मानपुर पुलिस द्वारा शिवपुरी के शैलेन्द्र शामिल हैं। इसके अलावा राह चलते युवतिओं पर फब्तियां कस रहे 20 से अधिक मनचलों को हिदायत भी दी गई है।

### पुलिस ने लापता बच्ची को परिजनों तक पहुंचाया

**सीतापुर।** सीतापुर में बार फिर पुलिस की सक्रियता से 13 वर्षीय बेटी अपनों तक सकुशल पहुंच गयी। इस बार बेहतर पुलिसिंग का इग्जाम्पल कोतवाली बिसवां पुलिस ने सेट किया है। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रविवार को यूपी 112 पर इलाके के गांव देवरिया कसैला से एक किशोरी के घर से गायब होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस को अलर्ट कर दिया गया और टीमें तलाश में जुट गईं। मात्र 4 घण्टे के भीतर ही किशोरी को खोज निकाला गया। पूछताछ में उसने घर से नाराज हो कर जाने की बात बताई। इसके बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। हर कोई बेहतरीन पुलिसिंग के लिए टीम की प्रशंसा कर रहा है।

### कोतवाली बिसवां का मामला: नाले में उतराती महिला की लाश आखिर किसकी?

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां इलाके के मोहल्ला मुराउटोला में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों को संदिग्ध हालातों में महिला की सड़ी-गली लाश नाले के करीब दिखी। लाश देखने में काफी पुराने बतायी जा रही है। किसी जानवर द्वारा लाश के निचले हिस्से को नोचकर खाया भी गया है। उस पर कोई कपड़ा न होने के चलते ग्रामीण दुष्कर्म कर हत्या के बाद लाश फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ सिधौली दिनेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और छानबीन की। छानबीन के बाद सीओ ने बताया कि यह एक महिला का कंकाल है। उसका चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है, पास में मिले कपड़े से पता लगा कर खुलासा किया जाएगा

### जेल में किस बात के संदिग्ध मिले कैदी, पता करने पहुंची टीमें?

**सीतापुर।** सीतापुर में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिला कारागार पहुंची। टीमों ने क्षय रोग व कोरोना को जेल में निरुद्ध बन्दियों की जांच की। जेल अधीक्षक डीसी मिश्र ने बताया कि इस दौरान 60 कैदियों की आरटीपीसीआर टेस्टिंग की गई है। इसके अलावा जांच में 38 क्षयरोग के संदिग्ध मिले जिनका स्पुटम कलेक्ट कर परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। दरअसल क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य महकमे ने 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' कैम्पेन बीती 26 दिसम्बर को प्रारम्भ किया है। क्षयरोग डिपार्टमेंट कैम्पेन को 3 चरण में पूरा करने का खाका तैयार किया है। पहले चरण में जिला कारागार, अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसों आदि में परीक्षण किए जाएंगे। इस जो कोई क्षयरोग से ग्रसित पाया जाएगा उसे निशुल्क इलाज कराया जाएगा।

### बाइक अनियंत्रित होने से हुआ हादसा, ब्लेड वाले तार पर गिरकर एक की मौत, एक घायल

**ऐलिया सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके में प्रतिबंधित ब्लेड लगे तार पर गिरकर एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि साथी घायल हो गया। जानकार सूत्रों के अनुसार इलाके के गांव पुरवा निवासी 22 वर्षीय रवि अर्कवंशी पुत्र नरेंद्र अर्कवंशी गांव में ही परचून की दुकान है। शनिवार सुबह 9 बजे वह अपने साथी सन्दीप कुमार (17) पुत्र मुन्ना निवासी एलिया पुरवा के साथ बाइक से एलिया गांव परचून का सामान लेने जा रहा था। घायल के अनुसार गांव से कुछ दूरी पर एक सरसों के खेत में के निकट अचानक बाइक का एक्सीलीटर बढ़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर खेत मे उतर गई। जिससे बाइक सवार दोनों खेत में रखवाली के लिए लगे ब्लेडयुक्त तार पर जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहे रवि का गला तार से कट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं साथी सन्दीप भी घायल हो गया। जिसे एलिया सीएचसी में इलाज के बाद वापस घर भेज दिया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

### सेउता विधायक ज्ञान तिवारी के निर्देश पर समाजसेवी अमरीश दीक्षित ने ग्रामीणों को बांटे कंबल

**सीतापुर।** सेउता विधायक ज्ञान तिवारी के निर्देश पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी अमरीश दीक्षित ने ब्लाक रेउसा की ग्राम पंचायत रंडाकोड़र के मुखियापुरवा गांव में दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। इस दौरान श्री दीक्षित ने कहा कि इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड से आम जनमानस परेशान है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी असहाय लोगो को हो रही है, इसी को देखते हुए आज कंबल वितरित किए गए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और वह ग्रामीणों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगें। इस अवसर पर भाईलाल राजपूत, पूर्व प्रधान दिनेश दीक्षित, अनंत दीक्षित, सहजराम चौहान, रमाकान्त यादव, बीडीसी कामता यादव आदि मौजूद रहे।



सीतापुर-ग्रामीणों को कंबल वितरित करने के बाद मौजूद समाजसेवी अमरीश दीक्षित

---

## जिज्ञासा को जागृत कर लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ते रहें विद्यार्थी: राजेश वर्मा

● सीता इण्टर कालेज के सभागार में चार सैकड़ा से ज्यादा लोग सम्मानित

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**जीवन में** जिज्ञासा बहुत जरूरी है। जब तक हमारे अंदर जिज्ञासा नहीं होगी हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। अगर आज आप अध्यापक बनें है तो भविश्य में प्रवक्ता बनने की जिज्ञासा रखें, पीसीएस बने हैं तो आईएएस की जिज्ञासा रखें। पीएम मोदी ने मन की बात के दौरान कहा कि जिस समाज, व्यक्ति, छात्र में जिज्ञासा की कमी होती है वह बहुत अधिक विकसित नहीं हो सकता है। यह बात सांसद राजेश वर्मा ने सीता इण्टर कालेज में प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा कि समाज को देने वाली सकारात्मक बातों को आज के युवा सोशल मीडिया से ग्रहण करें। नकारात्मक बातों से दूर रहें। एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने कहा कि प्रांगण में मौजूद छात्र भी प्रेरणा लेकर कड़ी से कड़ी मेहनत करें और भविष्य में सम्मान ग्रहण करें। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य रमेश वाजपेई, डिप्टी डायरेक्टर वागीश वाजपेई, अनन्त रत्नम वाजपेई ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा के साथ कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पालिकाध्यक्षा ममता सोनी, एसडीएम पीएल मौर्य, सीओ रविशंकर प्रसाद, स्वाती सेवासंस्थान की डा ए.मणि मिश्रा, भाजपा नेता संतोश सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जैन बाबा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री मोहन प्रसाद बारी, नेता प्रदीप गुप्त दीपू शामिल रहे।





महमूदाबाद-कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद राजेश वर्मा

**शिक्षकों का हुआ सम्मान-** शिक्षक डा. रामकुमार गिरि, भास्कर शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, ओपी वर्मा, सतीश शुक्ल, शोभित वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, कृष्ण मुरारी, शिव बालक, अजय मिश्र, बिन्दु शर्मा, शिवप्रकाश यादव, उमेश वर्मा, ज्ञानेश मिश्र, सुशील वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, पवन वर्मा, पवन मिश्र, प्रांजल पाण्डेय, रवि मिश्र, अशोक वर्मा, रोहित गुप्त, पूनीत वर्मा, श्रद्धा शुक्ल, अन्नू सिंह, अनुरागिनी पाण्डेय, अनुपम सिंह, आकांक्षा तिवारी, शिखा सिंह, नेहा वर्मा, अंकिता गुप्त, पीयूष वर्मा को सम्मानित किया गया।

बिसवां आगमन पर बोलीं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष...

## एनडीए के साथ 2022 का चुनाव लड़ेगी पार्टी: अनुप्रिया पटेल

संवाददाता। बिसवां सीतापुर



सीतापुर-अपना की दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का स्वागत करते पदाधिकारी

**सांसद एवं** अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के बिसवां आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम जहाँगीराबाद रोड स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क में पहुचकर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय सचिव करुणा शंकर पटेल के आवास पर पहुचकर कार्यकर्ताओ से मिली और हालचाल जाना। पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनावों को लेकर जोरदार तरीके से जुट गई है और एनडीए के सहयोगी दल होने के नाते मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश भर के करोड़ो किसानों से वर्चुअली बात की है और स्पष्ट रूप से कहा है कि तथ्यों और तर्कों के आधार पर सरकार किसान संगठनों से वार्ता करना चाहती है और किसी भी प्रकार के गतिरोध का हल वार्ता से ही निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्णतया आशान्वित हू कि अगर किसी दो देशों का झंगड़ा होता है तो बातचीत से ही हल निकलता है उसी तरह किसानों की भी समस्याओं का हल वार्ता से निकलेगा और सरकार वार्ता के लिए तैयार है उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि अपने संगठन को लगातार बढ़ा रही है पार्टी आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है संसद विधान सभा और विधान परिषद में हमारी भागेदारी है। कार्यक्रम के दौरान अपना दल के राष्ट्रीय सचिव करुणा शंकर पटेल अशोक श्रीवास्तव अमरसिंह पटेल संकेत वर्मा रामचंद्र वर्मा सुधाकर वर्मा संजय वर्मा रोहित पटेल रामसागर वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

---

पहला में लगी सपा की किसान चौपाल...

## किसानों का उत्पीड़न कर रही भाजपा



पहला-किसान चौपाल में मौजूद सपा कार्यकर्ता

संवाददाता। पहला सीतापुर

**विकास खंड** पहला के सरैंया कादीपुर बाजार परिसर में शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर छात्र नेता विनय यादव के नेतृत्व में किसान घेरा चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने किसानों के साथ हो रहे उत्पीड़न को उजागर करते हुए कांट्रैक्ट फार्मिंग का विरोध किया और पंजाब के किसानों का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष अपूर्वा वर्मा, जिलाध्यक्ष अंकित द्विवेदी के अतिरिक्त हरीशन लाल वर्मा, सुरेश भार्गव, राम कुमार यादव, सूरज वर्मा, खुशीराम यादव, दिलीप वर्मा, अतुल यादव, खुशीराम गौतम, आशीष वर्मा, ओंकार नाथ यादव, हरिनाम यादव, भानु प्रताप, नीरज यादव, हनुमान प्रसाद व मनोज यादव आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## एंबुलेंस में घायल को तड़पते देख बिफरीं नोडल अफसर

● मुआयने में नोडल अफसर ने कोरोना वैक्सीन टीकाकरण की परखीं तैयारियां

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना महामारी** के खात्मे को नए साल में देश में कोरोना वैक्सीन आएगी। सीतापुर में भी पहले चरण में साढ़े 15 हजार वर्करों को वैक्सीन लगेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। वैक्सीन को सुरक्षित करने को तीन आईएलआर भी आ चुके हैं। टीके लगाने को वर्कर भी प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। अन्य तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही है। रविवार को दो दिनी दौरे पर सीतापुर आईं जिला नोडल अधिकारी, निबंधक महानिदेशक, मिनिस्ट्री एस ने जिला अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। मुआयने में उन्होंने कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण कार्यों की तैयारियां परखीं। बाद में अफसरों को पैनी निगाह रखने की नसीहत भी दी। मुआयने में उन्हें सबसे बड़ी हैरानी इस बात को लेकर हुई, कि जिला अस्पताल परिसर में एंबुलेंस से लाया गया एक्सीडेंटल व्यक्ति काफी समय से पड़ा तड़प रहा था, लेकिन फौरीतौर पर उसे इलाज देना तो दूर, जिम्मेदारों ने उसे हाथ तक नहीं लगाया। यह देख वह विफर पड़ीं और उन्होंने अफसरों को खूब खरी- खोटी सुनाई, फिर क्या था कि फौरान उसे एंबुलेंस से निकालकर इमरजेंसी तक पहुंचाया और उसका इलाज शुरू हो सका। वर्ष 2020 इस सदी के सबसे खराब बरसों में पहचाना जाएगा। मौजूदा साल में देश-दुनिया में फैले कोरोना ने तमाम लोगों की जिंदगियां छीन ली। हजारों लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। अनगिनत लोगों की नौकरियां छिन गई। इससे वो सड़क पर आ गए। अब कोरोना खात्मे के लिए दुनिया के साथ ही सीतापुर को भी जल्द ही कोरोना वैक्सीन मिलने वाली है। कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित रखने के लिए तीन आईएलआर यानी आइस लाइंड रेफ्रीजिरेटर भी पहुंच गए हैं। पहले चरण में हेल्थ एवं बाल विकास परियोजना के वर्कर समेत 15,500 कोरोना वैक्सीन लगेगी। टीकाकरण के लिए तैयारियां चल रही हैं। दो दिनी सीतापुर दौरे पर आई जिला नोडल अधिकारी मिनिस्ट्री एस. ने रविवार को सबसे पहले जिला अस्पताल पहुंची। यहां पर उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर जायजा लिया। कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित रखने के लिए आइसा लाइंड रेफ्रीजिरेटर को भी देखा। बाद में उन्होंने अफसरों को कोरोना वैक्सीन टीकाकरण की तैयारियों जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए। जिला अस्पताल के निरीक्षण में उनके साथ सीडीओ संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, एसडीएम सदर अमित भट्ट, प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



सीतापुर-जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं नोडल अफसर मिनिस्ती एस

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020



# संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक की मौत

● पुलिस जांच में जुटी, शव के पास मिला तमंचा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**थाना** कोतवाली गोला के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में सुबह एक युवक का शव उसके मकान से रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद हुआ है। पुलिस ने मौकामुआइना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मौके से मिला तमंचा को पुलिस ने कब्जे में लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी शहरुख पुत्र सुल्तान 25 रविवार की सुबह किसी विवाद के चलते गोली लगने से मौत हो गई जिसकी खबर पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला आरके वर्मा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने मौका मुआइना किया बाद में मृतक का शव व तमंचा को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।इसकी विवेचना पुलिस चौकी इंचार्ज गोला को सौपी गई है।

## विवाहिता को गैंगरेप की दी धमकी

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना कोतवाली गोला के मोहल्ला हफीजपुर निवासी विवाहिता गीता पत्नी नन्हें अपने ग्राम कुशमीकालोनी 25 दिसंबर को गई थी। वहां पर उसका विवाद ग्राम के निवासी टम्पू पुत्र चंदू आदि से हो गया। जिसमें उसके साथ मारपीट व अश्लील हरकतें की गईं। उसके कपड़े आदि फट गए थे। खबर पाकर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। पीड़ित विवाहिता को इंसाफ दिलाने का भरोसा दिया था। पर कोई कार्रवाई नहीं की। अगले दिन दोबारा दबंगों ने विवाहिता के मकान पर आकर गैंगरेप करने की धमकी दी जिससे खौफजदा विवाहिता ने कोतवाली गोला आकर प्रभारी निरीक्षक से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उसको टोकन देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया था पर पुलिस चौकी प्रभारी अलीगंज योगेश कुमार शंखधर ने सुलह-समझौता का दबाव बनाया और न मानने पर वादनी व उसके परिवार को फंसाने की धमकी दी।जानकारी के अनुसार कोतवाली गोला के ग्राम कुशमीकालोनी में 25 दिसंबर को लेनदेन के चलते नन्हें आदि से विवाद हो गया था और विवाद इतना तूल पकड़ गया था कि पुलिस को मौके पर आना पडा था। जिसमें विवाहित महिला गीता देवी के कपड़े फट गए थे। उसने अपने साथ छेड़छाड़ करने का आरोप भी दबंगों पर लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को तलब किया था।

## रोडवेज बस व वैन की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दतौली के समीप रविवार की सुबह रोडवेज बस व मारूति वैन की भिड़ंत में जहां वैन चालक की मौके पर मौत हो गयी वहीं साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाने के बहुआ कस्बा निवासी मोनिस पुत्र मैनुल हसन 24 वर्ष ट्रक का मिस्त्री था। आज वह अपने मित्र नरेन्द्र उर्फ कद्दू पुत्र केदार 24 वर्ष के साथ वैन में बैठकर बेंदा घाट ट्रक रिपेयरिंग करने के लिए जा रहा था। जैसे ही मारूति वैन दतौली के समीप पहुंची तभी बांदा से फतेहपुर की ओर आ रही रोडवेज बस नं0 यूपी-71टी/7704 ने वैन में टक्कर मार दिया। जिससे नरेन्द्र उर्फ कद्दू की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि मोनिस बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन घायल को एम्बुलेन्स से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। वहीं शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों का डाटा मांगा

● कलेक्ट्रेट सभागार में कमिश्नर ने की अधिकारियों संग बैठक

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**जिले के** नोडल अधिकारी मंडलायुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ रंजन कुमार तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम हेतु जनपद खीरी पहुंचे। उनके जनपद आगमन पर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह एसपी विजय ढुल एवं सीडीओ अरविंद सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद, गन्ना क्रय केंद्र, निराश्रित गोवंश, कोविड-19 वैक्सीनेशन, वरासत अभियान, नहरों में पानी की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति व किसानों से संवाद पर बिंदुवार समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिले में हुई धान खरीद की अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी आरएमओ लालमणि पांडे ने बताया कि धान खरीद के लिए जिले में कुल 130 क्रय केंद्र बनाए गए। जिनके माध्यम से जिले के 37141 पंजीकृत किसानों से अब तक 238721.75 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। नोडल अधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय की अद्यतन स्थिति, मिलर्स को धान की डिलीवरी, केंद्र पर अवशेष धान, डिलीवरी धान पर देय चावल, कृषकों को देय व अवशेष भुगतान के संबंध में बिंदुवार जानकारी हासिल की। उन्होंने डिप्टी आरएमओ से क्रय केंद्रों में घटतोली सहित अन्य प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उसके निस्तारण की अद्यतन स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्रोतों से क्रय केंद्रवार प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में एडीएम से जानकारी हासिल की। उन्होंने क्रय केंद्रों के प्रभारियों के पास लैपटॉप एवं टेबलेट की उपलब्धता सहित धान विक्रय करने वाले सभी पंजीकृत किसानों का डाटा एवं मोबाइल नंबर मंगा। गन्ना क्रय केंद्रों की समीक्षा के दौरान डीसीओ बीके पटेल ने बताया कि जिले में 484 गन्ना क्रय केंद्र क्रियाशील है। नोडल अधिकारी ने चीनी मिल वार गन्ना मूल्य भुगतान की अद्यतन स्थिति जानी। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ टीके तिवारी ने बताया कि जिले में करीब 12000 निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। जिले में अब तक 39 गोआश्रय स्थल क्रियाशील है। नोडल अधिकारी ने जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन तैयारियों के संबंध में कोल्ड चैन संबंधी व्यवस्थाएं, कोविन पोर्टल संबंधी डाटा अपलोडिंग, प्रशिक्षण तथा हेल्थ केयर वर्कर डाटा अपलोड किए जाने के संबंध में जिला स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमओ ने जिले में अब तक वैक्सीनेशन के संबंध में की गई तैयारियों के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। सीएमओ ने बताया कि जिले की सभी सीएचसी जिला पुरुष चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय कुल 17 स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीनेशन प्वाइंट्स के रूप में चिन्हित किया गया है। इसमें लगाई गई टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी के साथ प्रतिदिन कोविन पोर्टल को भी अपडेट किया जा रहा है।सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया प्रत्येक सत्र में छह कर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिसमें दो सुरक्षाकर्मीए एक जांचकर्ताए एक वैक्सीनेटर एवं एक मोबिलाइजर शामिल है। टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण हेतु स्थलों का चयन एसओपी के अंतर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टीकाकरण सत्र में लॉजिस्टिकए दो वैक्सीन कैरियर ;प्रत्येक में चार कंडीशनिंग आइस पैकद्धए लाभार्थियों की संख्या के अनुसार वैक्सीन कैरियर में कोविड वैक्सीनए पर्याप्त संख्या में एडी शिरीजए हब कटरए वैक्सीन वायल ओपनरए हैंड सैनिटाइजर एवं मास्क पार्टीशन स्क्रीन एनाफाईलैक्सिस किट, लाल व पीले बैग एवं कचरे के लिए थैला ब्लू पंचर प्रूफ कंटेनर वस्तुओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में नोडल अधिकारी ने नहरों में पानी की उपलब्धता विद्युत आपूर्ति, वरासत अभियान, पुलिस को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति सहित कृषकों के साथ संवाद के संबंध में आवश्यक जानकारी हासिल की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी विजय ढुल, सीडीओ अरविंद सिंह व सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बालक को पिकअप ने रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी घाट के समीप रविवार की दोपहर अपने मौसा के साथ जा रहे 7 वर्षीय बालक को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार थाने के पूरे सिक्का गांव निवासी अनिल का पुत्र शोभित अपने मौसा हरिश्चन्द्र के साथ पैदल जा रहा था। जैसे ही यह लोग असनी रोड पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने शोभित को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## डीएम-एसपी ने गुरुद्वारों में किया किसानों से संवाद

**लखीमपुर-खीरी।** तहसील गोला गोकर्ण नाथ क्षेत्र अंतर्गत श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी गुरुद्वारा हडेला फॉर्म में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह एसपी विजय दुल ने किसानों से संवाद किया। डीएम-एसपी ने सर्वप्रथम गुरुद्वारे में माथा टेका और जनपद की खुशहाली व समृद्धि की अरदास की। दोनों अधिकारियों ने मौजूद किसानों से स्थानीय मुद्दों सहित कृषि कानूनों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें कृषि कानूनों पर बनाए गए बिल के संबंध में कोई सुझाव देना हो तो वह ज्ञापन के माध्यम से किसी भी समय उनके अथवा उनके अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से शासन को भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों ने अपनी कार्यकुशलता, मेहनत व लगन से पैदा की गई उपज से अपना न केवल लोहा मनवाया है बल्कि जिले को कृषि के क्षेत्र में समृद्धशाली बनाया है। उन्होंने आगामी त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के संबंध में भी ग्रामीणों एवं किसानों से बातचीत कर उनका फीडबैक जाना।

# एसडीएम ने बांटे गरीबों में कंबल

● गरीबों के खिले चेहरे

● एसडीएम को दीं दुआएं

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**रविवार** मोहम्मदी उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने प्रशासनिक अवकास के दिन विधवा, विकलांग, बुजुर्ग महिला व पुरूष को जाड़े से बचाव के लिए लगभग पच्चीस लोगों को अपने आवास पर कम्बल वितरित किये। कम्बल पाकर जहा लोगो के चेहरे पर एक अलग ही खुसी देखने को मिली तो वहां मौजूद एक व्यक्ति के कहा कि मुझे अपनी उपजिलाधिकारी पर गर्व है। मुझे अधिकारी के रूप में ईश्वर मिल गया है। चूंकि संवेदनशीलता और असहाय और कमजोर लोगों की वेदनाएं समझने का निरन्तर प्रयास उपजिलाधिकारी के माध्यम से किया जाता रहा है। ज्ञात हो इससे पूर्व भी लोगो को ठंड से बचाव के लिए तहसील क्षेत्र में उपजिलाधिकारी ने रैन बसेरों में अपनी गुजर.बसर कर रहे लोगों से मिल रही सुविधाओं के विषय में गहनता से पड़ताल की थी व कोतवाली क्षेत्र के रेहरिया चौकी के अंतर्गत एक ग्राम में मौजूद लोगों को कंबल वितरित कर उनका हाल खबर जाना था। उन्होंने ग्राम में प्रधान व नगर में संबधित ईओ नपाप को रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों की ठीक से देखभाल एवं सरकार से मिलने वाली हर संभव मदद के लिए निर्देश दिए थे। उपजिलाधिकारी द्वारा जनहित में लगातार किये जा रहे कार्यो से कही ना कही तहसील क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति सराहना करने से चुकता नहीं है।

## राम कथा श्रवण से नष्ट हो जाते हैं विकार

**मोहम्मदी-खीरी।** श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास जितेन्द्री जी महाराज ने कहा कि राम कथा कामधेनु के समान हैं। इसके स्मरण मात्र से कल्याण हो जाता है। अंदर के विकार नष्ट हो जाते हैं। सुख की अनुभुति होती है। प्रभु के शरण में जाने से सौ जन्मों की व्यथा मिट जाती है। उन्होंनेकहा कि प्रभु श्रीराम सुख के धाम हैं। दुखी व्यक्ति जब श्रीराम का नाम लेता है तो वह सुखी-संपन्न हो जाता है पर इसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य रामचरितमानस को केवल रटे नहीं, बल्कि उसे समझे और उसकी अनुभूति करे परिवार के साथ ईमानदारी से मानसपाठ करें। ऐसा करने वालों का जीवन बदल जाता है। मानसपाठ के लिए किसी विधि-विधान की आवश्यकता नहीं जब चाहें, जैसे चाहें अनुभूति के साथ पढ़ें। कथा में आयोजक समिति की रजनी सैनी, संजय सैनी समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## रोगियों में फल और बिस्कुट वितरित



**मैगलगंज-खीरी।** भाजपाइयों ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत रोगियों में फल और बिस्कुट वितरित किये गए। रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मैंगलगंज मंडल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सेवा सप्ताह मना रहे हैं। सेवा सप्ताह मनाते हुए अनेकों अस्पतालों में रोगियों को फल, बिस्किट तथा आवश्यक राहत सामग्री प्रदान की गई। इससे रोगियों को सेवा करके यह संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया कि समाज के लोग असहाय गरीब और रोगियों की सेवा के लिए आगे आएं और समृद्ध भारत बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहयोग करें। मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु के नेतृत्व में उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, डा. पकंज वर्मा, आशुतोष गुप्ता, मंत्री डा. भारत सक्सेना, कमलेश गुप्ता, प्रशांत तिवारी व अशोक मिश्रा आदि तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बरेली** । मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत आज वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा अशोक किरण अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों की तस्करी तथा बलपूर्वक भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम के विषय में जानकारी, विशेष परामर्शदाताओं द्वारा तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं, पॉक्सो, अनाथ, परित्यक्त, लाबारिश, दहेज से पीड़ित महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक थीम पर काउन्सलिंग के सम्बन्ध में एवं बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं 181-महिला हेल्प लाइन नम्बर, 1090-वीमेन पावर लाइन, 1098-चाइल्ड हेल्प लाइन, 112-आपात सेवायें आदि हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।माह अक्टूबर 2020 से वर्तमान समय तक मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत लगभग 57,63,562 महिलाओं व पुरूषों ,बालक, बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूक किया गया है। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक भोजीपुरा में श्रीमती सरोजनी सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं, पॉक्सो, अनाथ, परित्यक्त, लाबारिश, दहेज से पीड़ित महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक थीम पर काउन्सलिंग के सम्बन्ध में एवं बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं 181-महिला हेल्प लाइन नम्बर, 1090-वीमेन पावर लाइन, 1098-चाइल्ड हेल्प लाइन, 112-आपात सेवायें आदि हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।

### विवाहिता की मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** बीमार चल रही एक महिला की घर में ही मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर उसका इलाज न कराने का आरोप लगाया और पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।भुता थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी शिवनंदन की 24 वर्षीय पत्नी सोमवती की कल शाम घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर सोमवती की ससुराल पहुंचे हाफिज गंज थाने के गांव आसपुर हसन अली निवासी मृतका के पिता बिहारी लाल ने सोमवती के पति और ससुरालियों पर आरोप लगाया कि वह बीमार चल रही सोमवती का उचित इलाज नहीं कराते थे। इसी के चलते हैं उन्होंने बीती रात उसकी हत्या कर दी। यह बात जब सोमवती के पति और ससुरालियों को पता लगी तो दोनों पक्षों में झगड़ा शुरू हो गया। एक दूसरे पर दोनों पक्ष आरोप लगाने लगे। इसी दौरान सोमवती के पिता बिहारी लाल ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका एक बेटे की मां थी।

### बसों की चेकिंग के दौरान प्रवर्तन दल को बॉडी वार्न कैमरा स्टार्ट रखना होगा

**बरेली।** रोडवेज बसो की चेकिंग करने वाले प्रवर्तन दल को बॉडी वार्न कैमरा हर हाल मे स्टार्ट रखना होगा। अगर चेकिंग के दौरान कैमरा बंद मिला तो प्रवर्तन दल की चेकिंग अमान्य मानी जाएगी। इतना ही नही शासन स्तर पर प्रवर्तन टीम पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी। बसो की चेकिंग करने वाले प्रवर्तन दल को बॉडी वार्न कैमरे के साथ चेकिंग करने को कहा गया है। चेकिंग स्टाफके पास बाडी वार्न कैमरे है लेकिन इनका इस्तेमाल चेकिंग स्टाफद्वारा न किए जाने की शिकायते मिलने के बाद परिवहन निगम के निर्देश पर मुख्य प्रधान प्रबंधक (संचालन) ने सभी रीजन से अब चेकिंग के समय प्रवर्तन दल को चेकिंग के समय कैमरे रिकार्डिंग मोड पर रखने के निर्देश दिए है। इस रिकार्डिंग की कापी आरएम और एआरएम को देने साथ स्वयं रिकार्ड के नाम पर सुरक्षित रखने को कहा गया है। जिससे जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सके। आरएम रोडवेज ने बताया कि प्रवर्तन दल को चेकिंग मे बाडी वार्न कैमरा के साथ रहने के निर्देश है लेकिन रीजन से मिली शिकायत के बाद आला अफसरो से इस माह से बाडी वार्न कैमरा आन रखकर चेकिंग कराने के कड़े निर्देश जारी हुए है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर प्रवर्तन टीम पर अब कार्रवाई होगी।

### कोविड नियमों का पालन कर ही मनाया जा सकेगा नववर्ष का जश्न

**बरेली।** नव वर्ष मे इस बार सीमित संख्या मे जश्न मनाया जा सकेगा। कोविड के चलते शासन ने भीड़ भरे आयोजनो पर रोक लगा दी है। अफसरो ने लोगो से अपील की है कि ज्यादातर आयोजन घरो मे करे। जहा आयोजन होंगे वह भी बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के नही होंगे। कोविड नियमो का पालन करना अनिवार्य होगा। शासन की गाइड लाइन आने के बाद जिलाधिकारी ने स्थानीय स्तर पर अफसरो को आदेश जारी किया है। नव वर्ष मे हर बार काफी आयोजन होते है इन आयोजनो मे भीड़ जुटती रही है।

# गोली लगने से मौत का शिकार हुए युवक का शव आया तो मचा हड़कंप

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**एक दिन** पहले वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चली गोली के चलते मौत के शिकार हुए किशोर का शव गांव आया तो हड़कंप मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। पुलिस और प्रशासन शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के साथ भेजना चाह रहा था लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक शव नहीं जाने दिया गया। परिजन रिश्तेदारी तथा व्यापारियों को आने की बात कह कर समय टालते रहे हालांकि पुलिस प्रशासन के काफी कहने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया। परिजन भी साथ में गए। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। जबकि अभी एक आरोपी की तलाश है। पुलिस ने वर्चस्व को लेकर विवाद करने वाले दोनों पक्षों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की है।

बताते चलें कि जाफरगंज थाना क्षेत्र के देवरी गांव में एक दिन पहले वर्चस्व की लड़ाई तथा ट्रैक्टर चालकों के साथ पिटाई करने के मामले में मामूली विवाद के वाद विवाद गहराता गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी लेकिन तभी सभाजीत सिंह निवासी अर्गल थाना जाफरगंज ने अपने घर की छत से फायरिंग कर दी थी। जिसके चलते अभिषेक उम्र 16 वर्ष पुत्र कुल्ला अरख की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि एक युवक नरेंद्र कुमार उम्र 34 वर्ष के पैर में गोली लगी थी। हालांकि पुलिस और प्रशासन आनन-फानन में किशोर को लेकर सीएचसी पहुंची थी। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। घटना के दूसरे दिन किशोर का शव पोस्टमार्टम के बाद देवरी गांव पहुंचा तो हड़कंप मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। मौके पर एडीएम लालता प्रसाद साहू, एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम प्रियंका, पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेंद्र सिंह मलिक, सहित दस थानों का फोर्स तथा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

पुलिस और प्रशासन चाहता था कि किशोर के शव को देखने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो जाए लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक रिश्तेदारों तथा व्यापारियों के आने की बात कहकर परिजन अंतिम संस्कार की बात टालते रहे लेकिन बाद में परिजन मान गए और शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। एक और आरोपी सभाजीत सिंह तथा उसके पुत्र विवेक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। वहीं पुलिस दूसरे आरोपी पुत्र दीपक की तलाश कर रही है। पुलिस ने इस मामले में सभाजीत सिंह तथा उनके पुत्रों के खिलाफ धारा 107 147 148 149 332 504 506 336 के तहत वहीं दूसरी ओर विवाद को बढ़ाने तथा झगड़ा करने के आरोप में अंशु शुक्ला, अंकित, संजय, राजू, लकी, सुरेंद्र कुमार, प्रताप सहित कई ज्ञात तथा कई अज्ञात के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जो आरोपी अभी फरार है उनकी भी जल्दी से गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवती ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निधौली केवटरा में संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 25 वर्षीय एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार निधौली केवटरा गांव निवासी स्व0 सुनील की पत्नी सेवाश्री ने शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वही मृतका के परिजनों का कहना है कि पति के मरने के बाद से ही वह मानसिक तनाव में रहती थी। इसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया है।

### ईओ ने औचक निरीक्षण कर जानी रैन बसेरों की हकीकत

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद नगर क्षेत्र में पालिका के द्वारा जलवाए जा रहे सार्वजनिक व प्रमुख चौराहों पर अलाव व रैन बसेरों का औचक निरीक्षण पालिका की टीम के साथ अधिशासी अधिकारी श्रीमती मीरा सिंह ने किया। उन्होंने रैन बसेरा में आम आदमी को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा सैनिटाइजर मास्क व थर्मल स्केल मशीन को भी देखा।


### खेत में पानी लगाने गए किसान की ठंड लगने से हुई मौत

**बिंदकी (फतेहपुर)।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र के दादा खेड़ा गांव निवासी संतोष सिंह उर्फ शिव नायक सिंह उम्र 42 वर्ष पुत्र सूर्यभान सिंह देर रात को अपने खेतों में पानी लगाने गए थे। रात में ही वो पानी लगाते समय किसान संतोष सिंह उर्फशिव नायक सिंह को ठंड लग गई। जिसके चलते वह अपने घर पहुंचे तो हालत बिगड़ गई। इससे पहले कि परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जाते किसान ने दम तोड़ दिया हालांकि परिजनों ने जीवित रहने की आशा पर उन्हें आनन-फानन में निजी वाहन से लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

# वैश्य सम्मेलन मे एकजुटता का दिया संदेश

● वैश्य एकता परिषद की नव मनोनीत कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

संवाददाता। फतेहपुर



**अखिल भारतीय** वैश्य एकता परिषद द्वारा आयोजित वैश्य सम्मेलन व नयी कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज के लोगां ने बढ चढकर हिस्सा लिया। वैश्य सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ महात्मा गांधी व श्याम लाल गुप्त पार्षद के चित्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 सुमंत गुप्त, पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त, अयाह शाह विधायक विकास गुप्त, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज गुप्त व महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, संरक्षक बिपिन बिहारी शरण, राष्ट्रीय महासचिव विनोद गुप्ता ने माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में परिषद द्वारा सन 2021 संगठन विस्तार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पूरे प्रदेश में अलग अलग तिथियों में वैश्य सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं जिससे संगठन मजबूत हो। उन्होंने कहा कि इन सम्मेलनों के समापन पर अलीगढ में सात फरवरी को विशाल वैश्य महासम्मेलन आयोजित किया जायेगा। उन्होंने जनपद की नवीन कमेटी फतेहपुर, बिंदकी, खागा, किशनपुर कमेटी के साथ महिला कमेटी के पदाधिकारियों को शपथ भी दिलायी और जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता से अपेक्षा की कि नये पदाधिकारी नवीन उर्जा के साथ संगठन को गतिशील बनायेंगे।

मुख्य अतिथि अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि समाज में संगठित होता है तो हमे सभी पूछते हैं इसीलिये वैश्य एकता की अधिक आवश्यकता है। सम्मेलन में उपस्थित सभी अतिथियों का परिषद के संरक्षक हरि ओम रस्तोगी रस्तोगी ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुये परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक व पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज के संगठन ने 25 वर्ष पूर्ण करते हुये समाज में एक पहचान बनाई है उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल देने की और आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन अरुण जायसवाल एड0 ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से हीरालाल गुप्ता, रामविशाल गुप्ता, रामेश्वर दयाल दयालु गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, विश्वनाथ कुमार ओमर, नरेंद्र, संजीव गुप्ता, सुनीता गुप्ता, उमा शरण, माया गुप्ता, ममता गुप्ता, शोभा अग्रवाल, राजकुमारी शरन, स्वाति गुप्ता, अरविंद भारती, संतोष गुप्ता, अमित गुप्ता, राधेश्याम हयारण, बिनय शरण, अखिलेश अग्रवाल, गुड्डन जयसवाल, रमेश गुप्ता, गंगा प्रसाद साहू, संजय गुप्ता, शैलेंद्र शरन सिंपल, सावन गुप्ता, यश गुप्ता, मोना ओमर, गौरव गुप्ता, आशीष गुप्ता, नारायण गुप्ता, मनोज सोनी, दीपक साहू आदि मौजूद रहे।

# मन की बात: 30 स्थानों पर युवा मोर्चा ने आयोजित किए कार्यक्रम

● मुख्य रूप से बिंदकी नगर में महिला डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित कृष्णा टावर में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम किया गया

संवाददाता। फतेहपुर

**2020 के** अंतिम मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिले के कोने-कोने तक कार्यक्रम किया गया। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त 23 मंडलों समेत कुल तीस से अधिक स्थानों में नौ सौ तीस युवाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य रूप से बिंदकी नगर में महिला डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित कृष्णा टावर में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के जिला मंत्री आशीष तिवारी, मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष प्रशांत ओमर, सत्यम अग्रवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित कश्यप, सौरभ बाजपेई महामंत्री, अभिषेक तिवारी, विष्णु द्विवेदी, शशांक ओमर, उदय साहू, दिलशाद अली, गोलू आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर सदर, हुसैनगंज, खागा, अयाह शाह, बिंदिकी, जहानाबाद विधान सभाओं के समस्त मंडल फतेहपुर नगर उत्तरी, दक्षिणी नगर, हसवा, तेलियानी, भिटौरा, हुसैनगंज, अल्लीपुर, हथगाम, बहुआ, खागा, धाता, अयाह शाह, जहानाबाद मंडलों के मंडल अध्यक्षों समेत जिला पदाधिकारियों ने कुल तीस स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कराया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रसून तिवारी, कोमल सिंह, नीरज निषाद, शिवा कांत सविता, विमलेश पांडेय, जिला महामंत्री उत्कर्ष श्रीवास्तव, जिला मंत्री ऐश्वर्य सिंह चंदेल, प्रखर ठाकुर, राजवर्धन, अनुज ठाकुर, किशन शुक्ला, नीरज यादव, यश गुप्ता, विशिष्ट दीक्षित, रोहित अवस्थी, सुशील सिंह चन्देल, रोहित उत्तम, ब्रजराज सिंह, रोहन श्रीवास्तव, विनायक साहू, शिवम अवस्थी, ईश्वर सिंह चंदेल, सानू सिंह, दुर्गेश तिवारी, गौरव अग्रहरि, विमलेश पांडेय, जुगेश सिंह, बाबू सिंह, गौरब अग्रहरि, कोमल भदौरिया, गौरव कुमार, रामु सिंह, सत्यम सिंह, अभिषेक सिंह, शिवम सिंह, अंकित गुप्ता, विकास सिंह, अमन चौहान, सलब श्रीवास्तव, अर्जित श्रीवास्तव, शिवा भदौरिया, विक्रम सिंह, जगदीश शुक्ल, आशीष द्विवेदी, विक्रम सिंह, कंचन सिंह, खेमचंद्र निषाद, नीतीश कुमार, उत्कर्ष जायसवाल, अभीनेक साहू आदि उपस्थित रहे। उधर भाजपा युवा मोर्चा देवमई व जहानाबाद मंडल के पदाधिकारियो द्वारा कस्बे मे एकत्रित होकर एलसीडी लगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात सुनी। 11 बजे से कस्बे मे एकत्रित युवाओ व युवा मोर्चा के सदस्यो ने मन की बात सुना। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के देवमयी मण्डल अध्यक्ष अभिनेक साहू, जहानाबाद मण्डल उपाध्यक्ष अभय पटेल, राजू साहू, मण्डल उपाध्यक्ष रोहित कुमार, डॉ0 वीके निगम, चंद्रपाल यादव, हर्ष यादव, अनूप आदि उपस्थित रहे।

# दिन में सूर्यदेव दमके तो रात में गलन भरी सर्दी का कहर

संवाददाता। घाटमपुर



**बीते** कई दिनों से सर्दी के प्रकोप से राहत रहने के बाद रबिवार की रात गलन भरी सर्दी के कहर से लोग बेहाल रहे तथा शांम होते ही कड़ाके की सर्दी पड़ने से बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा। मौसम बिभाग की भविष्यवाणी के बिपरीत बीते कई दिनों से शीत लहर से राहत मिली तथा रबिवार को दिन भर धूप खिली रही जिससे लोगों को अप्रैल का महीना जैसा मौसम लगा लेकिन शांम ढ़लते ही गलन भरी शीत लहर शुरु हो गयी तो बाजारों में दुकानों के सटर गिरने लगे और लोग घर की ओर रुख कर चले गये। नगरीय क्षेत्र की तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी शीत लहर की वजह से लोग शांम होते ही बिस्तर में दुबकने को बिवश हुए। उधर शीत लहर के चलते सरकारी और निजी अस्पतालों में जुकाम, खॉसी, निमोनियाँ और चर्म रोगों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ना शुरु हो गयी है।

## पालिका ने जलवाये अलाव

**घाटमपुर**। शीत लहर को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर के कई स्थानों पर अलाव जलवाने की ब्यवस्था की है। पालिका के अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पालिका अध्यक्ष संजय सचान उर्फगुड्डू चौधरी व शासन के निर्देश पर बीते कई दिनों से नगर के चिन्हित स्थान मुख्य चौराहे पर कानपुर रोड की ओर, बस स्टाप के बाहर, रेलवे स्टेशन के बाहर के अलावा कुष्मॉण्डा देवी, तथा सीएचसी में मातृ-शिशु चिकित्सालय के सामने और जैतीपुर रोड पर मंन्दिर के पास जलवाये जा रहे हैं, अधिषाशी अधिकारी के मुताविक अलाव जलवाने की ब्यवस्था पालिका कर्मी सुधीर सचान को सौंपी गयी है। सर्दी का प्रकोप बढ़ते ही अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव जलवाने की ब्यवस्था की जायेगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र शमशाबाद के गांव चिलसरा निवासी 25 वर्षीय युवक सचिन पाल पुत्र रामबाबू की ट्रेन से कटकर दुखद मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार युवक कासगंज-कानपुर रेलवे ट्रैक पर स्थित कायमगंज रेलवे स्टेशन की पितौरा पूर्वी केबिन से कुछ आगे लखनऊ -बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव की जामा तलाशी ली। उसकी जेब से मिले पहचान पत्र से पता मिलने के बाद शमशाबाद पुलिस को सूचित किया गया। शमशाबाद थाना पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के घरवालों को दे दी। किंतु समाचार लिखे जाने तक मृतक का कोई भी परिजन मौके पर नहीं पहुंचा था। जीआरपी ने शव अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित ढंग से स्टेशन पर लाकर रख लिया। अभी तक यह पता नहीं चला कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है या फिर अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई है। यह विवरण तो शायद उसके घरवालों के आने के बाद या फिर किसी ऐसे व्यक्ति से ही ज्ञात हो सकेगा जो मौके पर घटना को देख रहा होगा।

# धान न खरीदने की उच्च अधिकारियों से की शिकायत, मिला आश्वासन




संवाददाता। इटावा

**धान** क्रय केंद्र साधन सहकारी केन्द्र दतावली पर किसानों का धान मानक के अनुरूप होने के बावजूद न खरीदे जाने की बात सामने आने पर कांग्रेस जन शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे तथा पूर्व जिला अध्यक्ष उदय भान सिंह यादव के नेतृत्व में साधन सहकारी समिति दतावली पर पहुंचे और उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनकर उच्च अधिकारियों से बातचीत की और उसके उपरांत किसानो का धान एसडीएम सदर सिद्धार्थए जिला विपणन अधिकारी संतोष पटेलए सहायक निबंधक सहकारी समिति सुरेश चंद मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को धान खरीद का आश्वासन दिया। धान खरीद न होने के संबंध में बोलते हुए शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि शासन के आदेशों के बावजूद किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है और सहकारी समितियां उनके धान में कुछ ना कुछ कमी निकाल कर किसानों को बेवजह परेशान करने का काम कर रही हैं कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ है और जहां भी किसानों की समस्या आएगी हम उनके साथ खड़े होंगे और अगर ऐसी मनमानी समिति द्वारा की गई तो उनके विरुद्ध कांग्रेस पार्टी अपनी आवाज जरूर उठाएगी। पूर्व जिला अध्यक्ष उदय भान सिंह यादव ने कहा कि किसानों का धान 1888 रुपए के समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा है और सहकारी समितियों की मनमानी कारण किसानों का धान मंडियों में लूट लिया जाता है और किसानों को उनका वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है अगर सहकारी समितियों पर शासन द्वारा उचित दबाव नहीं बनाया जाता है तो वह किसानों का दोहन करना जारी रखेंगे ऐसे में उच्च अधिकारियों का यह दायित्व है कि वह किसानों का धान समितियों पर मानक के अनुरूप और उचित मूल्य पर बिकवा ने का कार्य करें जिससे किसानों को आए दिन आने वाली समस्याओं से जूझना ना पड़े हम हमेशा किसानों की समस्या में उनके साथ उनकी आवाज उठाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव एनएसयूआई प्रशांत तिवारी जिला उपाध्यक्ष संजय दोहरे आरबी सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

संवाददाता। फर्रूखाबाद




**कोरोना** वारियर टीम के लीडर शिवम दीक्षित के द्वारा जिले में पुलिस सम्मान समारोह खाकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। खाकी सम्मान समारोह में 75 पुलिस कर्मियो को मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह के द्वारा स्मृति चिन्ह, पौधा व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया ने कहा कि लॉकडाउन मे जिस प्रकार से पुलिस ने अपनी परवाह किये वगैरा देश के लिए कार्य किये है वो काबिले तारीफ है पुलिस के सम्मान का ये कार्यक्रम प्रतिवर्ष होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक श्री अजय प्रताप सिंह ने शिवम दीक्षित की तारीफ करते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब आज के युवा के दिल मे पुलिस के प्रति इतना सम्मान देखते है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक राजवीर सिंह, सोहराब आलम, राजवीर सिंह गौर, कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाशपांडेय, जयप्रकाश पाल, उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी, मस्तराम, राधुपाल सिंह, सूर्यप्रकाश, संजय, हरिलाल, संजीव किरण, महिला पुलिस सीमा, मधु, संगीता, रचना, आरती, पूनम आदि समेत 75 पुलिस कर्मियो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए । वैभव, रुद्राक्ष, अमन, उज्ज्वल, हर्षवर्धन, ऋषभ, विकास, हिमांशु, प्रकाश, साहिल, अंशु, पूजा, शिवा, अंकित, आदर्श समेत कई बच्चो ने नृत्य, नाटक, मार्शल आर्ट करके सबका मन मोह लिया। समाजसेवी जितेंद्र राजपूत, अजीत राजपूत, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, संजीव मिश्र, महेंद्र गुप्ता, भप्पू सोनी, अर्चना अग्निहोत्री, आकाश गुप्ता, रवि मिश्रा, आदित्य दीक्षित समेत दर्जनों लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम संचालन आकाश मिश्रा ने किया।

# अर्ध विक्षिप्त की दौरा आने से पानी में गिरकर मौत

संवाददाता। कायमगंज/ फर्रुखाबाद

**कायमगंज** कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरगंज का निवासी 25 वर्षीय युवक प्रेमपाल लोधी पुत्र रामधनी लोधी के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार बीते दिन शाम 4:00 बजे अपने घर से निकला था। वापस न लौटने पर घरवालों ने खोज खबर की, किंतु कहीं पता नहीं चला। आज घरवालों को सूचना मिली कि प्रेमपाल का शव बूढ़ी गंगा की अबशेष बची धारा की कुंडी में भरे पानी में पड़ा है। सूचना पाकर परिवार वाले मौके पर पहुंचे। बाहर निकाला तो देखा कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। बताया गया कि मृतक मंदबुद्धि था, साथ ही उसे मिर्गी का दौरा भी आता था। कयास लगाया जा रहा है कि जहां पर उसकी लाश मिली उससे कुछ ही दूरी पर उसका खेत भी है। संभव है कि वह अपने खेत की ओर निकल गया हो और वहां पहुंच कर किसी कारणवश बुढ़िया के गड्ढे में भरे पानी के पास गया। उसी समय उसे दौरा आ गया और वह औंधे मुँह पानी में गिर गया। सांस अवरुद्ध होने के कारण उसकी असमय ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मृतक के घर पहुंची और घटना के संबंध में पूछताछ करके जानकारी ली। मृतक के परिजन उसका शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट चले गए थे।

## युवक को पीटा

**फर्रूखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला मन्न निवासी पुष्पेंद्र सिंह यादव रविवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर से बाइक से बाजार आ रहे थे। दुनाया रोड पर गांव बबना निवासी बाइक सवार दो नामजद युवकों ने अपनी बाइक को पुष्पेंद्र की बाइक के आगे लगाकरऔर मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के आने पर वह भाग निकले।

# श्रमिकों को दिए गए गर्म कपड़े

संवाददाता। औरैया



**गत** वर्षों की भाँति इस वर्ष भी संवेदना ग्रुप . प्रसादम के वस्त्र बैंक द्वारा खुले आसमान के नीचे गुजर.बसर करने वाले जरूरतमन्दों को वस्त्र वितरण का कार्य अनवरत चालू है। जिसके तहत रविवार की सुबह करीब 07 बजे से वस्त्र वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। जिसके अंतर्गत संस्था के सदस्य प्रात: ही संवेदना ग्रुप कार्यलय पर एकत्र होकर अपने.अपने वाहनों से टोली बनाकर निकल पड़े।

रविवार को वस्त्र वितरण का 44वां चरण सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत बिरिया स्थित भट्टे पर उपस्थित श्रमिकों को वस्त्र वितरित किये गए। संस्था के संरक्षक संजीव पोरवाल ने बताया कि संस्था द्वारा यह सेवा पिछले 04 वर्षों से अनवरत जारी है। यह वस्त्र वितरण का पाँचवाँ वर्ष है। संस्थापक सक्षम सेंगर एडवोकेट एवं अनुपम पोरवाल ने बताया कि अभी तक वस्त्र वितरण के 43 चरण हो चुके हैंए यह वितरण का 44 वां चरण है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि सभी मिलकर अपने अनुपयोगी वस्त्रों को दान कर किसी जरूरतमंद की मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा शाम को भोजन वितरण किया गया एवं संगीतमय ष्हनुमान चालीसाष् का चतुर्थ चरण सम्पन्न हुआ। जिसमें साध्वी राजरानी जीए आचार्य कृष्णकांत जीए अमित यादव एवं नारायण पुरवार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थापक श्री सेंगर ने बताया कि संस्था द्वारा कई प्रकल्पों पर जनसेवा के कार्य अनवरत किये जा रहे हैं। जिनमें वस्त्र बैंक के अतिरिक्त भोजन बैंकए बुक बैंकए नेकी की दीवारए नि:शुल्क कॉम्पटीशन क्लासए मुक्तिधाम रथ सेवाए अंत्येष्टि स्थलए वृक्षारोपणए पियाऊए गौरैया संरक्षणए स्वच्छता अभियान जैसे कई प्रकल्पों पर ज़मीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। संतोष विश्नोई अखिलेश विश्नोई ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि समस्त कार्यों को इस प्रकार किया जा रहा है कि लोगों की जमीनी स्तर पर मदद हो सके।

## गालिब को याद कर मनाई उनकी जयंती

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** अंजुमन फरोगे अदब संस्था द्वारा आज मशहूर शायर मरहूम मिर्जा गालिब की जयंती कायमगंज स्थित कृष्णा प्रिंटिंग प्रेस में मनाई गई इस अवसर पर साहित्यकार प्रोफ़ेसर रामबाबू मिश्र( रत्नेश) ने कहा कि मिर्जा गालिब की पहचान दुनिया के बड़े शायरों में की जाती है। उन्होंने हुस्न और इश्क, शबाब और शराब, साकी और मयखाना ,शोला और सरूर, गुलिस्ता और बुलबुल जैसी शायराना अंदाज़ की कीमती रचनाएं दुनिया को दी। इसी खूबी की वजह से उनका अंदाज- ए -बयां सिर चढ़कर बोलता है। जबकि जयंती अवसर पर शायराना अंदाज में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शायर अब्दुल वहाब बाहर ने उनकी एक शायरी पेश करते हुए कहा कि= दिल-ए-नादा तुझे हुआ क्या है= आखिर इस दर्द की दवा क्या है= हमको उनसे वफा की है उम्मीद =जो नहीं जानते वफा क्या है ।।

# लाखों के जेवर पार करने का महिला ने लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता। इटावा



**बकेवर** थाना क्षेत्र के ग्राम हर्रापुरा निवासी एक महिला के साथ ग्राम लुधियानी में जादू टोना करने वाली महिला ने लाखों रुपये के जेवरों को पार कर दिये। पीड़ित महिला ने बकेवर थाने में मामले कि लिखित तहरीर दी।

बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हर्रजपुर निवासी विनीता यादव पत्नी राम मिलन यादव ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुऐ बताया की दिन शुक्रवार को अलियापुरा निवासी सुमन देवी पत्नी बृजेश कुमार ने पागल बनाकर तथा जादू टोना करके मेरे और मेरी नंद नीरू देवी के पूरे जेवरात ले गयी जिसमें कुल मिलाकर लगभग 7 लाख रुपये के जेवरात थे। वहीं जब हमनें अपना जेबर उक्त जादू टोना करने वाली सुमन देवी से मांगा तो अब बराबर पागल बना रही है तथा धमकी दे रही है कि अगर तुमने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया तो हम आत्महत्या कर लेंगे। वहीं उक्त महिला खुराफाती और अंधविश्वास एवं जादू टोना करने में माहिर है तथा जेवर में चूड़ीए हारएअंगूठी पुरुष महिला मंगलसूत्रए ब्रजबाला के साथ ही बच्चों के छोटे बड़े काफी जेवरात थे। वहीं पीड़ित महिला ने आगे बताया को सुमन देवी खुराफाती किस्म की महिला है जो आए दिन ऐसी कई घटनाओं को अंजाम देती रहती है।

वहीं एस ?एस ?आई गंगादास गौतम ने बताया कि पीड़ित महिला का प्रार्थना पत्र दिया गया था तथा बाद में दोनों पक्षों में सुलेनामा हो गया है।

## पुलिस ने चलाया मास्क अभियान

**फर्रूखाबाद।** राजेपुर कस्बा तिराहा पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना मास घूम रहे लोगों का चालान काटा गया। जिससे कस्बे में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि जब भी घर से निकले मास्क लगाकर निकले और हिदायत दी गई बिना मास्क दिखाई दिए तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजेपुर थाना सबइंस्पेक्टर संजय मौर्या ने बताया कि 15 लोगों को बिना मास्क लगाने वालों के चालान किये गये जिससे 15 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया।

## विवाहिता व युवती ने खाया जहर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गांव भटासा निवासी विनोद की 18 वर्षीय बेटी नेहा ने, वही कस्बा कायमगंज के मोहल्ला काजमखां निवासी आमिर की 21 वर्षीय पत्नी सीमा ने गृह कलह के चलते किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

# प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

संवाददाता। औरैया



**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजिण् औरैया का छठवां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह रविवार को प्रात: 11 बजे से क्रॉनिक एकैडमीए औरैया में धूमधाम से मनाया गयाए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक रमेश चंद्र दिवाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कियाए समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कथाकार आचार्य पंडित मनोज अवस्थी मौजूद रहेए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलक इंटर कॉलेजए औरैया से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीके शुक्ला ने कीए समिति के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने छठवें स्थापना दिवस की जानकारी के साथ वर्ष. 2020 में संगठन द्वारा संचालित की गयी समस्त गतिविधियां व कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जबकि कार्यक्रम के संयोजक कपिल गुप्ता द्वारा संगठन का वार्षिक आय.व्यय प्रस्तुत किया गया। समारोह के अंतर्गत नगर की प्रतिभाओं व समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के अंतर्गत शहर की उदीयमान प्रतिभा आध्या मिश्रा ने बहुत सुंदर भजन की प्रस्तुति दीए जिसकी लोगों द्वारा बहुत सराहना की गईए संस्था द्वारा पूर्व में घोषित वर्षिक एक्सीलेंट अवार्ड सर्वसम्मति से जूनियर शाखा अनमोल के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता को मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनपद की एकमात्र सामाजिक संस्था विचित्र पहल विगत 5 वर्षों से जनहित में समर्पित होकर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। समारोह में समिति द्वारा वर्ष भर आयोजित आयोजनों में तन मन धन के साथ निष्ठा व लगन से सहयोग करने वाले सभासद छैया त्रिपाठीए आनन्द गुप्ता डाबरए सभासद पंकज मिश्राए कपिल गुप्ताए रानू पोरवाल आदि मौजूद रहे।

## महिला अधिकारों का नहीं होने देंगे हनन: डॉ. मिथलेश अग्रवाल

**फर्रूखाबाद।** हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति के बैनर तले राजमहिला आयोग की सदस्य डॉ0 मिथलेश अग्रवाल का सम्मान समारोह का आयोजन स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल सभा भवन-1 में ज्ञानीगुरूवचन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्हे महिला आयोग की सदस्य बनाये जाने पर सभी ने बधाई दी।

आयोग की सदस्य व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि उन्होने सदैव ही जरूरतमंदों की मदद की है और आगे भी सहायता देती रहेंगी। महिला आयोग सदस्य के रूप में उन्हे जो जिम्मेदारी मिली है। उसका निर्वाह करते हुये महिलाओं के अधिकारों का वह हनन नहीं होने देंगी। खासतौर से ससुराल में महिलाओं का जो उत्पीड़न देखा जाता है। उसके लिये वह बातचीत के जरिये समाधान निकलवाएंगी। जरूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाये जायेंगे।

## भरथना में चलेगा अतिक्रमण अभियान

**इटावा।** भरथना नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रशासन की तरफ से आयोजित अवश्य एक बैठक में भरथना नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर फैले अनाधिकृत स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को बल पूर्वक व शक्त कार्यवाही के साथ हटा दिया जायेगा। यह अतिक्रमण अभियान आगामी छह जनवरी से विधिवत शुरू कर दिया जायेगा। भरथना के उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने मौजूद व्यापारी व सामाजिक लोगों के बीच चर्चा करते हुये कहा कि भरथना नगर क्षेत्र की सड़कों पर फैला अनाधिकृत स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण आवागमन में समस्या का कारण बना हुआ है। इस सम्बंध में निर्धारित किये गये नियमों का सभी से पालन करने की अपील कीगई है।आपको बतादें नगर की प्रमुख सड़क मार्गों पर लम्बे समय अधिक्रमण के कारण सभी मार्गो पर जाम की समस्या बनी रहती है। जो भरथना के लिए एक नासूर बनकर रह गया है। इससे निजात के लिये अतिक्रमण अभियान चलाया जाना अनिवार्य है। प्रशासनिक बैठक में भरथना नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल ने स्पष्ट करते हुए बताया कि आगामी नवीन बर्ष के प्रथम सप्ताह की छह जनवरी से नगर के प्रमुख मार्ग बालूगंजएजवाहर रोडएमोतीगंजएआजाद रोडएतिलक रोडए सब्जी मण्डी बजाजा लाइनएगल्ला मण्डीए आदि सड़क मार्गों पर अतिक्रमण अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 28 दिसम्बर दिन सोमवार की सुबह से निर्धारित किये गये नियमों के अनुसार मौके पर पहुँच अतिक्रमण स्थलों का चिन्हींकरण का कार्य किया जायेगा। साथ ही अतिक्रमण के सम्बंध में सार्वजनिक मुनादी कराई जायेगी। ईओ श्री कमल के अनुसार जल्द एक दो रोज में नगर में एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया जायेगा। जो अतिक्रमण से निजात दिलाने की योजना बना सकेंगें। उन्होंने नगर के मोहल्ला सरोजनी रोड से लेकर बालूगंज पानी की टंकी तक नॉन बैटिंग स्थान के रूप में चिन्हित किया जायेगा। जिस स्थान पर किसी को हथठेला व फुटपात पर फड़ लगाने की इजाजत नहीं दी जायेगी। प्रशासनिक बैठक में भरथना पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंहए सभासदपति दलवीर यादवएडॉ0रामस्वरूप यादवएचेतन स्वरूप पोरवाल आदि व्यापारियों ने भी सुझाव दिये।

## मजदूर की हुई मौत

**इटावा।** भरथना विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम भोली में एक गरीब नरेगा मजदूर के परिजनों में रविवार की सुवह करीब साढ़े 11 बजे उस समय चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया। जब नरेगा मजदूरी के तहत तुरैया से ग्राम ठाकुर पुरा तक चल रही सिंचाई हेतु नाला की सफाई झराई के दौरान नरेगा मजदूर सीताराम उर्फ नेक्से शाक्य 48 बर्ष पुत्र बाल किशन शाक्य की हृर्दयगति थमने से मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना के दौरान मृतक की हालत विगड़ता देख अन्य नरेगा मजदूरों ने उसे इलाज को लेजाने का प्रयास किया लेकिन इससे पहने नरेगा मजदूर की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुँचे प्रधान विनोद कुमार यादव व सचिव ने मृतक नरेगा मजदूर के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से आर्थिक सहायता दिखाये जाने का भरोसा दिलाया है। आपको बतादें मृतक नरेगा मजदूर सियाराम शाक्य की पत्नी का तीन बर्ष पूर्व ही दु:खद निधन हो गया था। मृतक मजदूर के दो पुत्र अनुजएआलोक के अलावा एक नावालिग पुत्री को रोता विलखता छोड़ गया है।

# कोरोना को लेकर नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

संवाददाता। कानपुर देहात



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के क्रम में विकास कार्योंए कोविड.19 से बचाव सम्बन्धी कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के अनुश्रवण हेतु नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को प्रत्येक जनपद के किसान नेताओं से वार्ता एवं कोविड.19 से बचाओए कोविड.19 हॉस्पिटल का निरीक्षणए गौशाला के निरीक्षण एधान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण व विकास कार्यों की समीक्षा करने आदि के क्रम में जनपद नोडल अधिकारीध् उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कोविड.19 से बचाव के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । बैठक में सीएमओ द्वारा बताया गया कि करोना वायरस से बचाव हेतु सभी व्यवस्थाएं सही प्रकार से संचालित हैं तथा कोविड एल 1 अस्पताल जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर में संचालित कर दिया गया है तथा सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हैं वहीं उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन लगाए जाने की व्यवस्थाएं की जा रही है जिसकी सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूर्ण कर ली गई हैं तीन चरण में वैक्सीनेशन का कार्य किया जाना है जिसमें प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व प्राइवेट कर्मचारियों को कोविड वैक्सीन लगाई जाएगी इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हैं। जिस पर नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन लोगों को कोविड वैक्सीन लगाई जानी है वह लिस्ट दोबारा से सत्यापन करा लिया जाए तथा किसी प्रकार से कोई छूटने न पाए तथा जहां वैक्सीन लगाई जाए वहां जनपद स्तरीय अधिकारी व पुलिस की टीम अवश्य लगाई जाए तथा कहीं किसी प्रकार की दिक्कत न हो । उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव हेतु सभी लोग मार्क्स अवश्य लगाएं व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जरूर करें । वही जनपद जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने बताया कि जनपद में सभी व्यवस्थाएं ठीक है तथा प्रतिदिन शाम को कोविड.19 के तहत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की जाती है तथा कहीं किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो उसे तुरंत ठीक कराया जाता है वहीं उन्होंने बताया कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए जाने में जनपद की तेरहवीं रैंक है तथा प्रतिदिन हजार बारह सौ गोल्डन कार्ड बनाए जाते हैं वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि महिला सीएमएस व कुछ चिकित्सक जिला अस्पताल में न होने से दिक्कत आ रही हैं जिस पर डिलीवरी केस कम हो रहे हैं जिस पर नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन को पत्र लिखकर महिला सीएमएस व कुछ चिकित्सक उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 दिसंबर 2020



# प्रभारी मंत्री नंदी गुप्ता ने किसानों के ट्रैक्टर व जेसीबी को छुड़वाया

- मौरम दिखाकर सीज किए गए थे मिट्टी भरे ट्रैक्टर व जेसीबी
- पूर्व प्रधान कल्लू उपाध्याय ने मंत्री का जताया आभार

संवाददाता। चित्रकूट

**बीते दिनों** जिला खनिज अधिकारी द्वारा मुख्यालय से सटे लोढवारा गांव में मोरम दिखाकर मिट्टी भरे ट्रैक्टरों को सीज करने के मामले में जिले के प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' द्वारा अवैध तरीके से पकडे गये सभी ट्रैक्टरों को मुक्त कराये जाने पर पूर्व प्रधान एवं पीड़ित किसान कल्लू


मंत्री नंदी गुप्ता।

उपाध्याय ने प्रभारी मंत्री का आभार जताया है। रविवार को लोढवारा गांव के पूर्व प्रधान कल्लू उपाध्याय ने बताया कि वह अपने खेतों से जेसीबी से मिट्टी खुदवाकर ट्रैक्टरो में भरवा रहा था। तभी सीओ सिटी व खनिज अधिकारी मौके पर पहुंचकर उनकी जेसीबी मशीन व 4 ट्रैक्टरों को सीज कर पुलिस लाइन में खड़ा करा दिया था। इस मामले की जनपद दौरे पर आये जिले के प्रभारी मंत्री नंदी गुप्ता से शिकायत की थी। जिसमें प्रभारी मंत्री ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लाइन पहुंच हकीकत देखी। जिसमे सभी ट्रैक्टरों में मोरम की जगह मिट्टी पायी गयी। प्रभारी मंत्री ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी को खनिज अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने व सीज ट्रेक्टरों को अवमुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज अधिकारी को मौके पर जमकर फ्टकार भी लगाई। उनके आदेश के बाद उनके ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन को छोड़ दिया गया। जिस पर पीड़ित किसान एवं गांव के पूर्व प्रधान कल्लू उपाध्याय, उनके पुत्र अतुल उपाध्याय आदि ने प्रभारी मंत्री नंदी गुप्ता की भूरि भूरि प्रसंसा कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री की वजह से उन्हें न्याय मिला है। उधर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने भी इस नेक कार्य के लिए प्रभारी मंत्री श्री गुप्ता का आभार जताया है।

# डीसीआरबी प्रभारी ने कहा पुराने अभिलेख होंगे प्रमाणित


हेड मोहर्रिरों की बैठक लेते डीसीआरबी प्रभारी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय में डीआरबी प्रभारी अरुण कुमार पाठक की अध्यक्षता में वाचक एसपी शिवबदल सिंह की मौजूदगी में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालयों एवं थाना चौकियों में तैनात हेड मोहर्रिर व आरक्षियों के साथ थाना–चौकी के अभिलेखों के रख–रखाव बाबत गोष्ठी हुई। रविवार को हुई गोष्ठी में डीसीआरबी प्रभारी अरुण कुमार पाठक ने थाना–चौकी के अभिलेख शीर्षक से जारी पुस्तक का अवलोकन करते हुए सभी थाना–चौकी में अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिये। थाने के सभी अभिलेख लगातार जारी रहने वाले होते हैं। रजिस्टर इतना मोटा होना चाहिए कि आठ–दस सालों तक प्रविष्टियां अंकित हो सकें। थाने का अपराध रजिस्टर नम्बर चार प्रति वर्ष बनाया जाता है। ऐसे सभी रजिस्टरों में आंकड़े होते हैं। प्रत्येक रजिस्टर में पृष्ठ संख्या अवश्य डाली जाये। नये बनने वाले अभिलेखों में थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक, शाखा प्रभारी, प्रमाण पत्र अवश्य अंकित करेंगे। पुराने अभिलेख की बाबत जिसमें पहले से प्रमाण पत्र नहीं है, उसे भी प्रमाणित करेंगे।

## मनरेगा से फोन कॉल से करें काम की मांग

**चित्रकूट।** मनरेगा के तहत कार्यों के आवंटन में पारदर्शिता लाने को सरकार ने अनूठी पहल शुरु की है। अब काम पाने को विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ग्राम विकास विभाग ने मोबाइल नम्बर जारी कर कहा कि संदेश भेजकर कोई भी मनरेगा में काम मांग सकता है। रविवार को ग्राम विकास विभाग के राज्य मनरेगा सेल के अपर आयुक्त योगेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण लाभार्थियों को काम दिलाने को नई पहल की गई है। मनरेगा सेल ने राज्य स्तर पर दो मोबाइल नम्बर 9454464999 और 9454465555 जारी किये हैं। सभी बीडीओ को निर्देश दिये गये हैं कि ब्लाक स्तर पर दो नम्बर आवंटित करें, ताकि लोगों को मनरेगा से काम पाने में सहूलियत हो। ग्रामीण लाभार्थियों को काम पाने को इन नम्बरों पर एमएसएस या व्हाट्सअप संदेश भेजना होगा। संदेश मिलने के बाद विभाग जल्द से जल्द लाभार्थियों को काम दिलाने का प्रयास करेगा। लाभार्थियों को बेवजह विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

## क्विक न्यूज

### नियम विरुद्ध रोका जा रहा शिक्षकों का वेतन

**बांदा।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति जांचने के लिए शासन से ऑनलाइन निरीक्षण के निर्देश हैं। बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारियों की मनमानी से ऑफ्लाइन निरीक्षण किया जा रहा है। एआरपी व बीईओ की निरीक्षण आख्या के आधार पर बिना स्पष्टीकरण लिए ही शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध किया जा रहा है। शिकायत पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ने मंडल के चारों जिलों के बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा है। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री आशुतोष त्रिपाठी ने 17 दिसंबर को इस संबंध में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ;बेसिकद्ध को शिकायतीपत्र दिया था। उसमें कहा था कि बेसिक शिक्षा अधिकारी निरीक्षण आख्या के आधार पर शिक्षकों के बिना स्पष्टीकरण प्राप्त किए ही वेतन रोक रहे हैं। जबकि यह शासनादेश के खिलाफहै। मंडल के चारो जिलों में खंड शिक्षा अधिकारियों व अन्य निरीक्षण अनुश्रवणकर्ताओं की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर निरीक्षण के साथ कुछ निरीक्षण ऑफलाइन किए जाते हैं। इसी आख्या के आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्रवाई कर देते हैं। इसके बाद स्पष्टीकरण मांगा जाता है। ऐसे दोहरे मापदंड से शिक्षकों की मनोदशा पर कुठाराघात होता है। इसके अलावा वेतन बहाल कराने की आड़ में कमीशन लिया जाता है। चित्रकूटधाम मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक सीएल चौरसिया ने मामले को गंभीरता से लिया है। चारों जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर उनसे इस संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया है। कहा कि यह वेतन अवरुद्ध करने का दंड न तो लघु दंड की श्रेणी में आता है और न ही वृहद दंड की श्रेणी में माना जाता।

### अग्निकांड में उजड़ गया कल्लू का कुनबा

**बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के दुबे के पुरवा में आग लगने की वजह भले ही कुछ रही हो। लेकिन घटना से कल्लू का हंसता खेलता पूरा कुनबा उजड़ गया है। पत्नी व दो बेटियों के साथ बेटे की जलकर मौत होने की खबर सुनकर वह बेहाल हो गया। कल्लू की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह घटना से करीब आठ दिन पहले ही वह अपने मामा के पास जयपुर पत्थर घिसाई की मजदूरी करने गया था। जयपुर जाते समय उसने सपने में नहीं सोचा था कि वह दोबारा अपने बच्चों को नहीं देख पाएगा। घटना के बाद ग्रामीणों व अन्य पारिवारिक लोगों ने उसे फोन पर घटना की जानकारी दी है। जिससे वह घर आने के लिए वहां से भाइयों के साथ निकला है।

### पुलिस ने 132 किलो गांजा बरामद, एक हिरासत में

**मौदहा (हमीरपुर)।** पुलिस ने आज देर रात दो दिन से एक पेट्रोल पंप में लावारिश खड़े ट्रक में 132 किलोग्राम गांजा बरामद किया है इस मामले में एक युवक को हिरासत मे लिया है। मौदहा की क्षेत्राधिकारी(सीओ) सौम्या पांडेय ने बताया कि कस्वे के गुप्ता पेट्रोल पंप में एक ट्रक दो दिन से लावारिश खडा था। इस ट्रक पर पुलिस भी निगरानी कर रही थी। कुछ लोग इस ट्रक को रात में यहा से ले जाने की फिराक मे है। ट्रक की बराबर रखवाली कर रहे रमेश गुप्ता निवासी संतोषी नगर जिला बांदा को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछतांछ की तो उसने ट्रक में गाजा होने की पुष्टि की पुलिस ने ट्रक को चेक किया तो उसमे चार बोरो मे 132 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसमे इसकी कीमत लाखों रुपये बतायी जाती है। ट्रक में अवैध हथियार बरामद हुये है। इतने बड़े ट्रक मे गाजा बरामद होने को लेकर तरह तरह की चर्चाए की जा रही है। हिरासत में लिये गये पुलिस कड़ाई से पूछतांछ कर रही है ताकि अन्य गांजा तस्करों को पुलिस पकड सके।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के रिठारी व चकोठी गांव के बीच दो दिन पहले ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार कर घायल कर देने के मामले में पत्नी ने अज्ञात के खिलाफपुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के बैजेइस्लाम पुर गांव निवासी महिला आरती पत्नी सत्यनारायण यादव ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम मेरा।पति सत्यनारायण अपनी बाइक से कुरारा से घर की तरफआ रहा था। तभी रिठारी चकोठी गांव के बीच में मौरम लेकर आ रहे ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाकर बाइक में टक्कर मार दिया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज हैलेट अस्पताल में हो रहा है। उसके सिर में गंभीर चोट आई है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**राठ(हमीरपुर)।** बीती शाम राठ-चंडौत मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नाजुक हालत में चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज झांसी रिफर कर दिया। जरिया थाना क्षेत्र के वीरा गांव निवासी उपेंद्र कुमार (28) कलदेर रात अपने साथी पुष्पेंद्र 25 पुत्र भगतसिंह के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में गोहांड जा रहा था। तभी राठ-चंडौत मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठे उपेंद्र की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये सीएचसी गोहांड ले गये। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे झांसी रिफर कर दिया। मृतक उपेंद्र के पिता ने बताया कि उसके पास 15 बीघा जमीन है। खेती कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

### नाबालिग के साथ बलात्कार, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के पढोरी निवासी ने गांव के ही एक लड़के द्वारा अपनी पुत्री के साथ जबरन बलात्कार व गाली गलौज करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता नाबालिक को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज कार्यवाही शुरी कर दी है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी ने पुलिस को बताया कि गांव के ही क्षत्रपाल ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर कई महीनों तक अवैध संबंध बनाकर उसे धमकाता रहा है, जब इसकी शिकायत माता पिता से की तो पिता जयकरण व माता प्रेमा द्वारा गाली गलौज कर धमकी दी जा रही है। पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर पीड़िता लड़की को मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम धमियापुर निवासी वतन कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते शनिवार को उसका भाई प्रवीण अपने साथी अंकित के साथ बाजार करने गुरसहायगंज की ओर आ रहा था। जैसे ही ब्रह्मदेव मंदिर के पास तिर्वा रोड पहुंचा उसी समय विपरीत दिशा से अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रेक्टर के अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे प्रवीण अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे नागरिकों द्वारा स्थानीय सीएससी में ले जाते समय प्रवीण में दम तोड़ दिया।

### घमूरी के पास बाइक से गिरने से युवक की मौत

**कोंच(जालौन)।** कोंच सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम पांडोरी निवासी 32 बर्षीय शैलेन्द्र पुत्र ज्ञान बाबू शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे बाइक पर सवार होकर किसी काम से गांव से कोंच आ रहा था तभी मुख्य मार्ग पर ग्राम घमूरी के समीप अचानक अनियंत्रित हुई बाइक से उछलकर शैलेन्द्र सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गम्भीर चोट लगने से वह लहूलुहान हो गया। वहीं लोगों द्वारा उसे उपचार हेतु आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।उक्त घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## बांदा में सर्दी की चपेट में आकर किसान की मौत

**बांदा।** सर्दी का प्रकोप धीरे.धीरे बढ़ रहा है। खेत में पानी लगा रहा किसान सर्दी की चपेट में आकर काल का निवाला बन गया। अचानक दम तोड़ने से स्वजन बेहाल हैं। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई है। थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा निवासी 53 वर्षीय किसान राम सुफ्ल 6 बीघा जमीन का काश्तकार था। वह शनिवार रात करीब 8 बजे घर से खाना खाकर पानी लगाने खेत गया था। वहां सुबह पानी लगाते समय अचानक खेत में ही गश खाकर लुढ़क गया। पास के खेतों में रखवाली कर रहे किसान मैकू और कैलाश ने परिजनों को सूचना दी। इससे स्वजन आनन.फानन किसान को उठाकर स्थानीय चिकित्सकों के पास ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया। बड़े बेटे सुनील व अन्य स्वजन ने बताया कि उनके चार लड़के हैं। पिता अपनी जमीन में कृषि कार्य कर परिवार का भरण.पोषण करते थे।

# नवल मिश्र समेत एक सैकड़ा अटल रत्न से सम्मानित


पूर्व ब्लाक प्रमुख नवल मिश्र को सम्मानित करते प्रबंधक।

**मऊ/चित्रकूट।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी एवं शिक्षा क्षेत्र के पुरोधा प मदनमोहन मालवीय के जन्मदिवस पर मऊ में परहित सेवा संस्थान ने अटल काव्यांजलि पेश की।

परिहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत और समाजसेवी अजय मिश्र ने मुख्य अतिथि/पूर्व ब्लाक प्रमुख नवलकिशोर मिश्र, अध्यक्ष शंकर प्रसाद द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विनोद द्विवेदी को अटल रत्न सम्मान से सम्मानित किया। युवा समाजसेवी अजय मिश्र, समाजिक चिंतक गणेश मिश्र, अन्नू मिश्र, सचिन वन्दन, हेमनारायण द्विवेदी, अनिल अनिर्वाय, सौरभादित्य, विजय सिंह, पुनीत त्रिपाठी, और शारदा अग्रहरि सहित एक सैकड़ा युवाओ को कोरोना योद्धा के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कवि महेंद्र मधुर, सुनील नवोदित और दीपक तिवारी ने अपनी रचनाओं से फिज़ा बांध दिया।

## बस ऑटो भिड़ंत में घायल महिला ने भी तोड़ा दम संख्या हुई आठ

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर के पास हुई रोडवेज व ऑटो की भिड़ंत में मृतकों की संख्या आठ हो गई। दुर्घटना में घायल आशा बहू ने लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव आने के बाद पपरेंदा गांव में फिर एक बार शोक की लहर फैल गई। हादसे में इसी गांव की तीन वर्षीय मासूम समेत आठ लोगों की मौत हुई। कानपुर की ओर से बांदा आ रही रोडवेज बस ने जमालपुर पेट्रोल पंप के पास तीन दिसंबर को ऑटो में टक्कर मार दी थी। चार लोगों ने दम तोड़ दिया था तीन अन्य ने की मौत हो गई। सभी एक ही ऑटो से पपरेंदा गांव लौट रहे थे। हादसे में घायल हरीराम की पत्नी 40 वर्षीय सुमित्रा (रन्नो) की शुक्रवार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़िता के सिर व जबड़े के अलावा अन्य स्थानों पर चोंटे आई थीं। डीएम के निर्देश पर तहसीलदार सदर अवधेश निगम ने पपरेंदा पहुंचकर स्वजन को शासन के नियमानुसार सहायता लाभ देने की बात कही।

# शासन के नोडल अधिकारी परखेंगे धान खरीद की हकीकत

**बांदा।** शासन से नामित नोडल अधिकारी मंडल के चारों जिलों में विकास कार्यों की हकीकत परखेंगे। साथ ही धान खरीद और गोआश्रय स्थलों में सुविधाओं का सत्यापन कर शासन को रिपोर्ट भेजेंगे। 27 से 29 दिसंबर तक जिले में रहकर विकास कार्यों की पड़ताल व समीक्षा करेंगे। कहीं गड़बड़ी मिली तो अधिकारियों पर कार्रवाई तय है।

चित्रकूटधाम मंडल में धान खरीद और गोआश्रय स्थलों में गोवंशों के संरक्षण को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शासन ने इसे गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाकर जिलों में धान क्रय केंद्रों व गौआश्रय स्थलों का दौरा करने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी जिलों में तीन दिन 27 28 व 29 दिसंबर तक रहकर किसानों से भी बातचीत करेंगे। भ्रमण के दौरान वह विकास कार्यों कोविड.19 से बचाव संबंधी कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी जानकारी लेंगे। नोडल अधिकारी जिले में गौ.आश्रय स्थलों की व्यवस्था विशेष वरासत अभियान विद्युत आपूर्ति और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिचाई सुविधा की भी समीक्षा करेंगे। बांदा में नमामि गंगा योजना के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव नोडल बनाए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी जिलों में पहुंचकर धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश देंगे जिससे धान खरीद सुचारु रूप से चल सके। निरीक्षण के दौरान धान क्रय के संबंध में शिकायत मिलने पर उनकी पुष्टि होने के बाद संबंधित कर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी निरीक्षण रिपोर्ट खाद्य एवं रसद विभाग को 30 दिसंबर को उपलब्ध कराएंगे।

## श्रमयोगी मानधन योजना

# विभागों की लापरवाही की भेंट चढ़ी योजना

- सिर्फ 31 फीसदी मजदूरों का हो सका रजिस्ट्रेशन, सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आज

संबाददाता। हमीरपुर

**विभागों** की लापरवाही के चलते असंगठित मजदूरों के लिये संचालित श्रमयोगी मानधन योजना का लाभ गरीबों को नही मिल पा रहा है एक साल में लक्ष्य के विपरीत मात्र 31 फीसदी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन हो पाया है। श्रम विभाग के अलावा अन्य कोई भी सक्रिय नही है। इस मामले में सीडीओ की अध्यक्षता में आज बैठक सम्पन्न होगी।

जानकारी के मुताबिक असंगठित मजदूरों के लिये एक साल पहले श्रमयोगी मानधन योजना का संचालन किया गया था इसके लिये 18 से चालिस साल के लोग जो श्रम करके जीवन यापन कर रहे है उनको हर माह 55 रुपये से लेकर दो सौ रुपये तक प्रीमियम जमा करना होता है इतना ही प्रीमियम शासन द्वारा किसानो के पक्ष में जमा करना होता है। इस योजना के संचालन के लिये बेसिक शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग,ग्राम्य विकास, एनआरएलएम, पंचायत विभाग, बाल विकास विभाग समेत और भी विभागों को विभाग में जो मानदेय में काम करते है उनका रजिस्ट्रेशन करना होता है प्रीमियम उम्र के अनुसार जमा करना होता है। साठ साल की उम्र में संबंधित श्रमिक को तीन हजार रुपये पेंशन आजीवन दिये जाने का प्राविधान है शासन ने इसके लिये तेरह हजार असंगठित मजदूरों का रजिस्ट्रेशन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था मगर अभी तक श्रम विभाग ने केवल 4600 मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया है जिससे यह योजना फ्लाप होती जा रही है। हालाकि शासन असंगिठत मजदूरों के उत्थान के लिये जी जान से प्रयास कर रहा है मगर श्रम विभाग के अलावा कोई भी विभाग इस योजना की तरफ ध्यान नही दे रहा है। हालांकि सोमवार को सीडीओ की अध्यक्षता में योजना के लिये बैठक का आयोजन किया गया है ताकि योजना पटरी पर आ सके। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमा तिवारी का कहना है कि विभाग मे स्टाफकी बेहद कमी है जिससे काम प्रभावित होता है फिर भी किसी प्रकार काम किया जा रहा है और ज्यादा से गरीब मजदूरों को लाभ मिल सके इसके लिये प्रयास किया जा रहा है।

# कड़कड़ाती सर्दी में खुले आसमान के नीचे किसानों का सातवें दिन धरना जारी

**हमीरपुर।** भाकियू का कलक्ट्रैट परिसर में आज सातवे दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। कड़ाके की सर्दी में दर्जनो किसान चौबीस घंटे डटे हुये है। किसानों ने प्रधानमंत्री की मन की बात व थाली बजाकर जबरदस्त विरोध किया कहा कि प्रधानमंत्री किसानो को धोखा देकर पूरे देश को गुमराह कर रहे है। दिल्ली वार्डर में कई किसानों का निधन हो चुका है उनकी आत्मा की शांति के लिये किसानों ने दो मिनट का मौन रखा।

एमएसपी के विरोध में भाकियू ने प्रांतीय आवाह्न पर कलक्ट्रेट प्रांगण में सातवे दिन धरना प्रदर्शन कर नरेंद्र मोदी को जमकर कोसा कहा यूनियन के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ने कहा कि एमएसपी के जरिये किसानो को ठगने का काम किया जा रहा है। खेती में दोगुने आय का जो नारा दिया गया था उसमे कोई लाभ नही मिला यहा तक कि प्रदेश के सभी उच्चाधिकारियों से किसानों की दोगुने आय होने के जबरन प्रमाण पत्र दो साल पहले ले लिये गये थे मोदी सरकार अपनी लच्छेदार भाषणों से अब किसानो को गुमराह नही कर सकती है। जिले के मौदहा बांध पानी नही है बरसात में इस बांध में पानी नही आता है जिससे क्षेत्र की केवल साठ फीसदी खेती की सिचाई हो पाती है। आगामी 31 जनवरी के बाद मौदहा बांध की समस्त नहरे बंदहो जायेगी जिससे ज्यादातर किसानों की फसल की सिचाई नही हो पायेगी। यदि मौदहा बांध में पानी आने के लिये रास्ते नही बनाये गये एक समय ऐसा आयेगा जब कि जिले की समस्त खेती परती पड़ जायेगी जिलाध्यक्ष ने डीएम से मांग की है कि जिले में उद्यान विभाग से जो पैक हाउस बनाये गये है उनकी जांच जिलाधिकारी द्वारा करायी जा रही थी मगर उद्यान अधिकारी इस मामले मे लीपापोती कर रहे है ताकि लाखों की धांधली का खुलासा न हो सके।

## कान्हा पशु आश्रय स्थल की अच्छी व्यवस्था पर नोडल अधिकारी ने जताई प्रसन्नता

**हमीरपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी रवि कुमार एनजी ने आज मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस पहुंच कर धान क्रय के संबंध में समीक्षा की। डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि जिले के सभी तीनों धान क्रय केंद्रों पर नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं जिसमें खरीद में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो पाए। इसके पश्चात नोडल अधिकारी ने सुमेरपुर स्थित गौशाला तथा कान्हा पशु आश्रय स्थल सुमेरपुर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में काफी अधिक मात्रा में गोबर, अपशिष्ट का डंप लगा होने पर नोडल अधिकारी ने उसको शीघ्र नीलाम करा कर उक्त धनराशि को गौ संचालन खाते को खाते में जमा कराने के निर्देश दिए । कान्हा पशु आश्रय स्थल की अच्छी व्यवस्था पर नोडल अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। गौशालाओं के किनारे – किनारे वृक्षारोपण किया जाए। गौशाला स्थित तालाब में मत्स्य पालन कर, वहां मौजूद दुधारू गाय के दूध विक्रय, गोबर विक्रय तथा अन्य स्रोतों से गौशाला की आय अर्जित करने की व्यवस्था बनाई जाए। गो आश्रय स्थल की व्यवस्था इसी प्रकार अच्छी रखी जाए तथा सभी गौ शालाओं में चारा, पानी, भूसा आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

# पत्रकार पर फर्जी एफआईआर को लेकर पत्रकारों ने किया चिंतन

**रामपुरा ( जालौन )।** आये दिन पत्रकारों के खिलाफहो रहे उत्पीड़न को लेकर रामपुरा ब्लॉक में सभी पत्रकारों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विधिवत चर्चा की गयी। रविवार को पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें पत्रकारों के ऊपर हो रहे शोषण व फर्जी मुकदमे को लेकर बैठक संपन्न हुई।

बैठक रामपुरा ब्लॉक में संपन्न हुई पत्रकारों ने एक साथ बैठक कर पत्रकारों के हित की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि आए दिन पत्रकारों के ऊपर झूठे मुकदमे यह पत्रकारिता जगत के लिए बहुत ही निंदनीय है। इसी को लेकर बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद जालौन में किसी भी पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी पत्रकार पर अत्याचार व दुर्व्यवहार हुआ तो हम सभी पत्रकारगण एक होकर पीड़ित पत्रकार की हर संभव मदद करेंगे। अगर हमारे पत्रकार साथी को न्याय नहीं मिला तो हम धरना तक देने के लिए तैयार रहेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि पत्रकार पूरी तरह से स्वतंत्र हैं लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों का आए दिन शोषण हो रहा है। इसी को देखते हुए हम पत्रकारों को एकत्र होना अति महत्वपूर्ण है। वहीं मौजूद प्रिंस द्विवेदी ने बताया की हमारा यही प्रयास रहेगा कि सारे पत्रकार एक प्लेटफार्म में आकर एकत्र हो जाएं और पीड़ित पत्रकारों को न्याय दिलाने में सहयोग करें। इस बैठक में राजेश द्विवेदी, संजय शर्मा, अमित पुरवार (पिंकी), संजय कुमार उरई, प्रवीण द्विवेदी उरई, प्रिंस द्विवेदी, प्रदीप गौरव, कुलदीप जाटव, महेंद्र गौतम, योगेंद्र नारायण तिवारी, डॉ विनोद कुशवाहा, अमन अवस्थी, अंकित यागिक,पूरन सिंह, शाहिद खान, अंजनी कुमार सोनी (लाल जी सोनी), नरेंद्र कुमार सिंघानिया, सर्वेश राजावत, कप्तान सिंह, राकेश कुमार, अखलेश कुमार, विजय कुमार द्विवेदी, पवन सिरोठिया, प्रदीप बाथम, संदीप बाथम, सौरभ कुमार, वीर प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## मासूम के साथ दरिंदगी मंदिर में खेलते समय किया दुष्कर्म

**माधौगढ़ ( जालौन )।** 55 वर्षीय अधेड़ ने खेलते समय 5 वर्ष की मासूम के साथ में दुष्कर्म कर दिया। जानकारी लोगों को हुई तो उन्होंने आरोपी को पकड़कर पीटा और उसके बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। नगर में शाम के वक्त मंदिर के पास 5 वर्षीय मासूम खेल रही थी। उसी वक्त पटेल नगर निवासी सुशील पुत्र शंकर ने बच्ची के साथ में मंदिर ले जाकर दुष्कर्म कर दिया। खून से लथपथ बच्ची को कोतवाली लाया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है और आरोपी के खिलाफतहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

## 220 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को 220 ग्राम चरस के साथ पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# अधिशाषी अधिकारी ने किया गौशाला सहित रैन बसेरों व अलावों का निरीक्षण


रैन बसेरा का निरीक्षण करती ईओ।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** अधिशाषी अधिकारी ने पालिका कर्मियों के साथ पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला सहित रेन बसेरों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पालिका कर्मियों से नगर में जलवाए जा रहे अलाव के संबंध में जानकारी ली।

नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अस्थाई गौशाला में कर्मियों के साथ पहुंची अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने मोहल्ला अफसरी व गांधी नगर स्थित रैन बसेरा में पहुंचकर निवास कर रहे लोगों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पालिका कर्मियों से नगर में जलाए जा रहे अलाव के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका कर्मी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जगदीश सिंह, अभिलाष तिवारी, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नहरों के अतिंम टेल तक पानी पहुंचाना हर संभव सुनिश्चित करें: डा. रोशन जैकब

- नोडल अधिकारी ने रजवाह के सिंचाई कार्य का निरीक्षण कर दिये निर्देश


रजवाह की सिल्ट सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करते नोडल अधिकारी।

**कन्नौज।** नहरों के अतिंम टेल तक पानी पहुँचाना हर संभव सुनिश्चित की जाये। पूर्ण परियाजनाओं को सत्यापित कर पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही होगी। रविवार को सचिव, भूतत्व एंव खनिकर्म/जनपद नोडल अधिकारी डा. रोशन जैकब ने तिर्वा क्षेत्र के रजवाह किमी 26.200 से 26.700 तक एंव ठठिया रजवाह के किमी 0.000 का सिल्ट सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करते हुये उपस्थिति अधिकारियों को दिये। अधिशासी अभियंता, सिचाई से सिल्ट सफाई से संबंध में जानकारी की, कच्चे भाग में मशीनों एवं मजदूरों से तथा लाइनिंग भाग में मजदूरों द्वारा सिल्ट सफाई का कार्य कराया जाता है, जिस पर नोडल अधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सिचाई को निर्देशित करते हुये कहा कि किसानों को फसल की सिचाई हेतु अतिंम टेल तक नहरों में पानी पहुँचाना हर संभव सुनिश्चित किया जाये तथा समय–समय पर इस कार्य की मानीटरिंग भी की जाये। उन्होनें कहा कि कृषकों को फसल सिचाई में किसी भी प्रकार की पानी की कमी नही होनी चाहिए। नोडल अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित कृषक श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गपचरियापुर एंव श्री अंकेश निवासी मकरन्दापुर से सिल्ट सफाई के कार्यों के संबंध में जानकारी की जिसमें कृषकों द्वारा बताया गया कि सिल्ट सफाई का कार्य मशीनों तथा मजदूरों द्वारा किया गया तथा लगभग 15 से 20 दिन तक नियमित सफाई का कार्य कराया गया, जिस पर उन्होनें निर्देशित करते हुये कहा कि नहरों की करायी गई सिल्ट सफाई में ट्रेसिंग का कार्य कराये जाने के साथ ही मनरेगा के माध्यम से कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान एडीएम, सीडीओ, सीडीओ सदर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्मृति ईरानी पहुंचीं आमजन के बीच

संवाददाता। रायबरेली




**भारत** सरकार की महिला एवं बाल विकास तथा टेक्सटाइल मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ब्लाक डीह की ग्राम हाजीपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का उद्बोधन मन की बात कार्यक्रम में आमजनमानस के साथ शामिल होकर सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी ने मन की बात के तहत कहा कि कोरोना के समय कोरोना योद्धाओं ने जो बढ़-चढ़ कर आमजनमानस की सेवा की उसकी पूरा विश्व प्रशंसा कर रहा है। देश ने स्वदेशी चीजे बनाकर सामर्थ पैदा कर जिसका नया नाम आत्मनिर्भरता है। भारत में रहने वाले आमजनमानस भी स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की मांग कर रहा है। निर्मता उत्पादन की गुणवत्ता कोई समझौता न करें। उन्होंने गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादों के साथ-साथ उनके कार्यो को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत में 2014 से निरन्तर वन सम्पदा वन जीव जन्तुओं की भी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि तेदुआ अब भारत में 60 प्रतिशत बढने के साथ ही शेरो व अन्य वन्य जीव-जन्तुओं की संख्या बढ़ी है उन्होंने आमजनमानस के सत्कारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सत्कार्य समाज की संवेदनाओं को सशक्त करते है। कोरोना काल में पठन-पाठन का भी एक नया तरीका विकसित हुआ है। कश्मीर के एक व्यक्ति के बारे में बाते हुए कहा कि उन्होंने केसर का निर्यात दुबई सहित कई विदेशी देशों में निर्यात किया है ऐसे कार्यो से देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। तमिलनाडु के बुजुर्ग व्यक्ति का जिक्र करते हुए बताया कि 92 बुजुर्ग व्यक्ति अपनी किताब इस दौरान में प्रकाशित करने के लिए कम्प्यूटर पर लिखकर प्रकाशित करवा रहे है। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य के लिए उम्र की कोई महत्व नही है न ही हम पिछड़ते है। कुछ आमजन मानस द्वारा स्वच्छता के प्रति कई अच्छे कार्यो के बारे में मन की बात में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का पहल संकल्प हमे कचरा आदि कई नही फेकना है। स्वस्थ रहिये और अपने परिवार को भी स्वस्थ रखिए अब नया वर्ष में नये संकल्पों के साथ काम करने की बात कही।

# खतौनी की जमीन से कानूनगो ने जबरन पटवाया रास्ता

संवाददाता। जयसिंहपुर, सुलतानपुर

**तहसील** क्षेत्र के सेमरी सर्किल में तैनात कानूनगो अपने नित नए कारनामों के कारण अक्सर चर्चाओं में रहा करते हैं। लापता व्यक्ति की वरासत करना हो या मृत महिला को जीवित दर्शाकर बैनामा कराने की बात रही हो ऐसे तमाम असंभव कार्य को वह संभव कर दिखाने में सक्षम है सेमरी कानूनगो, उन्होंने इसी कड़ी में एक और नए कारनामें को कर दिखाया है, जहां उन्होंने बिना किसी उच्चअधिकारी के लिखित आदेश के सर्किल क्षेत्र के मौकेडीह गांव में भूमिधरी खतौनी की जमीन से जबरन रास्ता पटवा दिया। मौकेडीह गांव निवासी बुजुर्ग दिव्यांग सन्तराज सिंह पुत्र राम सहाय ने उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि हल्का कानूनगो राम आधार यादव ने बीते 23 दिसम्बर की शाम सेमरी चौकी पुलिस के साथ गांव के नन्दलाल पुत्र बुद्धू से पैसा लेकर उनके पैतृक भूमिधरी खतौनी की जमीन गाटा सं044ग रकबा.025हेक्टेयर से उक्त लोगों ने जबरन बिना किसी उच्चाधिकारियों के आदेश व पैमाइश के रास्ता बनवाना शुरू कर दिया। जब 80 वर्षीय बुजुर्ग सन्तराज सिंह ने सम्बंधित कानूनगो से हल्का लेखपाल व सिविल कोर्ट में अधिवक्ता भाई उदयभान सिंह व तहसील में अधिवक्ता बेटे मनोज सिंह को बुलाने की बात करने लगे।आरोप है इसी बीच कानूनगों ने लेखपाल को निदूरा में पैमाइश में होने की बात कहते हुए जबरन तहसील अधिवक्ता के बुजुर्ग सन्तराज सिंह को धक्का देकर मारपीट कर भगा दिया और जबरन उनकी खतौनी से रास्ता निकलवा दिया।पीड़ित सन्तराज सिंह ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करते हुए मामले की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में घर बैठे करें आवेदन: सीएमओ

संवाददाता। गोंडा

**सरकार** की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राह अब पहले से आसान हो गयी है। अब तक योजना का फॉर्म आशा, एएनएम ऑपरेटर तथा अधीक्षक की मेहरबानी पर निर्भर था, परन्तु अब प्रत्यक्ष रूप से पात्रों/गर्भवती महिलाओं को ही योजना का लाभ मिलेगा। लाभ पाने के लिए इच्छुक गर्भवती महिलाएं अब घर बैठ कर खुद ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।

यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पंजीकरण करने के लिए लाभार्थी को निर्वाचन कार्ड, आधार कार्ड, टीकाकरण कार्ड, बैंक खाते का विवरण आदि देना होगा। लाभार्थी के पंजीकरण करते ही सम्बंधित ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के एसओ आईडी पर लॉगिन करते ही लाभार्थी का आवेदन दिखाई देगा। तत्पश्चात सम्बंधित क्षेत्र की आशा व एएनएम कागजों का सत्यापन आवेदक के घर जाकर करवाएंगे तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी इकठ्ठा करेंगे। अधीक्षक की रिपोर्ट के बाद लाभार्थी के खाते में धनराशि तीन किश्तों में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिये लाभार्थी पर जाकर बेनिफिशरी लॉगिन से अपने दस्तावेज के साथ रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिसमें सभी विवरण भरने जरूरी होंगे। फॉर्म पूर्ण होने के बाद स्वास्थ्य विभाग स्वयं उसका सत्यापन कराएगा। योजना के जिला कार्यक्रम सहायक विजयकान्त शुक्ल ने कहा कि यदि लाभार्थियों को आवेदन फॉर्म भरने में कोई दिक्कत आये तो वे राज्य हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं। बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अब कहीं से भी फॉर्म फॉर्म का ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# नि:शुल्क प्याज के बीज का किया गया वितरण

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी0के0 शिबु के निर्देश पर जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शनिवार को किसानों को नि:शुल्क प्याज बीज का वितरण किया गया। उक्त जानकारी जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने देते हुए बताया है कि शनिवार को विभाग द्वारा पंजीकृत कृषकों को पहले आवों पहले पावों के आधार पर नि:शुल्क प्याज के बीज वितरण किया गया। नि:शुल्क प्याज का बीज पाकर किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कृषक बंशीलाल मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष भी उद्यान विभाग द्वारा प्याज बीज प्राप्त हुआ था जिससे मुझे अच्छा उत्पादन एवं कीमत प्राप्त हुआ है। इस वर्ष भी मुझे विभाग से बीज प्राप्त हुआ है जिससे अधिक उत्पादन एवं लाभ की संभावना है।

# बसपा विधायक ने किया जनसंपर्क



संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया.** भिनगा विधानसभा के बी एस पी विधायक मोहम्मद अशलम राईनी ने विकास खण्ड सिरसिया के बालेपुरवा सधईपुरवा गुलरा परसोहना भरथा.रोशनगढ़ रोशनपुरवा तालबगौड़ाए हेमपुर हकीमपुरवा बिल्ली विशंभरपुर के साथ विभिन्न गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आस्वस्थ किया की आपके हर एक दुख सुख में दृढ़ता के साथ खड़ा रहूंगा स आपका बेटा आपका भाई बनकर लोगों का प्यार और स्नेह देखकर मेरा हौसला दिन प्रतिदिन चौगुना होता जा रहा है अपनी क्षेत्र की जनता को दिल से धन्यवाद देता हूं।इस दौरान वे क्षेत्र के किसान भाइयो के साथ पुआल. पैरा पर बैठकर चर्चा कर उनका हाल जाना इस अभियान के दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि सरकार का अन्नदाता के प्रति जो दोगला रवैया अपनाया जा रहा है उससे आज अन्नदाता रोने को मजबूर हैं इसे हम सरकार के इस रवैया को हरगिज नहीं बर्दास्त करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगो के बीच मे कहा कि जनता को गुमराह होने की जरूरत नहीं मैं भिनगा विधानसभा से ही चुनाव लड़ूंगा। परिणाम का फैसला जनता पर छोड़ता हूंएकुछ दिनों से कुछ लोग मेरे चुनाव लड़ने पर विभिन्न तरह की अटकलें लगा रहे थे और जनता को गुमराह कर रहे थे परंतु आज मैंने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है।

# अफसरों ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिला** सुरक्षा संगठन सुलतानपुर के बैनर तले जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा ने गरीबों व जरूरतमंदो को कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया। संगठन जिले में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए तो काम करता है साथ ही सामाजिक क्षेत्र में इस तरह के कार्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है। यह बातें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कही।

वही एसपी शिवहरी मीणा ने कहा कि संगठन तो बहुत बनते हैं और बनाना आसान है किंतु इसके कार्य को निरंतरता बनाए रखना एक बड़ी बात है। संगठन पिछले 20 साल से जिले में सांप्रदायिक सौहार्द का कार्य कर रहा है। हम आशा करते हैं कि इसी तरह यह संगठन प्रशासन और पुलिस को सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक कार्य में सहयोग करता रहेगा। संरक्षक कमल नयन पांडेय ने कहा कि समाज में भरोसे की बहाली की जरूरत है। डीएम एसपी का दायित्व सही निर्वहन ही समाज को भरोसा दिलाता हैं। गरीबों को यह सहयोग नही है भरोसा हैं, कंबल तो वस्तु हैं। कार्यक्रम को के एन आई संस्थान के प्राचार्य एवं संगठन के प्रवक्ता राधेश्याम सिंह ने भी संबोधित किया। इससे पहले संगठन की और से राधेश्याम गुप्ता और दिनकर सिंह ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व विजय विद्रोही, अरुण जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक तथा मो इलियास, मनोराम पांडे, जाहिद आब्दी ने समाजसेवी करतार केशव को बुके देकर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत भाषण संयोजक सुंदर लाल टंडन ने किया। परिचय व संगठन की गतिविधियों पर अध्यक्ष बलदेव सिंह ने प्रकाश डाला। संगठन के उपाध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के लिए अभिनंदन पत्र पढ़ा जिसे बाद में अध्यक्ष बलदेव सिंह व संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें भेंट कर सम्मान किया। धन्यवाद ज्ञापन सरंक्षक आशीष अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में भुलई राम गुप्ता, अरुण जायसवाल, राशिद अली, बॉबी सिंह, अजय सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता, राम सागर गुप्ता, विजय टंडन, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिली जान से मारने की धमकी

**ऊँचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गोकना निवासी व कॉंग्रेस ब्लाक अध्यक्ष ऊँचाहार को गाँव के ही एक युवक ने जान से मारने की धमकी देकर सनसनी फैला दी है। इस घटना से आमजनमानस में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या आम आदमी अब सुरक्षित नहीं है? क्या शरीफों का जीना इतना मुश्किल है? क्या अपराधियों में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है? क्या पुलिसिंग व्यवस्था धरासायी हो गई है? एक राज नेता को खुले आम काटकर गंगा में फेंकने की धमकी दी गई है। जितेन्द्र द्विवेदी ने गाँव के एक युवक को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि शनिवार को पीड़ित का मजदूर उनके खेतों में काम रहा था कि तभी अचानक गाँव का ही एक युवक वहाँ पहुँचा और उनके मजदूर के साथ पीड़ित व मजदूर को गालियाँ देते हुए काम न करने के लिए धमकी दी है।

# दिल्ली मॉडल से संवारेंगे उत्तर प्रदेश: सोमदत्त

संवाददाता। सुलतानपुर

**यूपी में** आगामी पंचायत चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे दमखम से मैदान में उतरेगी। दिल्ली मॉडल शिक्षा, स्वास्थ्य, सस्ती बिजली व सस्ता पेयजल जैसी व्यवस्थाओ को बेस बनाकर पार्टी यहाँ जनता के बीच जाएगी। जनता के बीच अखबार व अन्य माध्यमों के साथ चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनेगी और भविष्य में उसी के आधार पर अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। उत्तर प्रदेश के निवासियों की मूलभूत समस्याओं को समाप्त करने की दिशा में पार्टी अग्रसर हो सके इसके लिए जिलेवार संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उपरोक्त बाते सुल्तानपुर पहुंचे दिल्ली की सदर बाजार विधानसभा के विधायक सोमदत्त शर्मा ने कही। नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से रूबरू हुये विधायक सोमदत्त शर्मा ने कहा कि चुनाव के दौरान मतदाताओं के विचार लेते हुये प्रमुख मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इन्ही मुद्दों को साथ लेकर अरविन्द केजरीवाल पर जनता ने मुहर लगाते हुए तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया हैं। सोमदत्त ने कहा कि प्रदेश में अमीर गरीब हर आदमी अच्छी शिक्षा,अच्छा मेडिकल ट्रीटमेंट,उचित दर पर बिजली पानी के साथ साथ बच्चों और बेटियों को सुरक्षा चाहता है। उन्होंने कहा कि हम इसी मुद्दे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कर दिखाया है उसे ही बेस बनाकर यहाँ चुनाव लड़ा जायेगा इसके अलावा उन्होंने दिल्ली सरकार की उपलब्धियां पत्रकारों के समक्ष रखीं।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**गोंडा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर गुरुद्वारे में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शिवांजली पाण्डेय प्रदेश महामंत्री श्रमिक कर्मचारी महासंघ एवं इशदीप कौर छात्रा प्रमुख एबीवीपी अवध प्रान्त तथा सूर्यनारायण तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा व अनुपम मिश्रा जिला महामंत्री भजपा दीपक गुप्ता जिला भाजयुमो, डॉ. प्रभाकर पाण्डेय प्रांत मिडिविशन प्रमुख, रविकांत शुक्ल प्रबंधक जिला चिकित्सालय द्वारा किया गया। मंच के संचालन सरदार जोगिंदर सिंह जानी एंव डॉ. पुनीत सिंह ने किया। उक्त शिविर में उपजिलाधिकारी चंद्र गुप्ता, एबीवीपी के छात्र, गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों सहित नगर के कई सामाजिक लोगों ने रक्त दान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्त दान महादान का नारा रविवार को करनैलगंज के गुरुद्वारे में बुलंद हुआ। गुरुद्वारा में एबीवीपी के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट करने के लिए लोग उमड़ पड़े। कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया। इंडियन रेडक्रास सोसायटी शाखा की टीम ने इसमें विशेष सहयोग किया। ब्लड डोनेट करने से पहले लोगों की जाँच कर रहे कंसल्टेंट डॉक्टर वीसी गुप्ता ने बताया कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति की पहले स्वास्थ्य जाँच की जाती है जिसमें बीपी, वजन, आदि का परीक्षण करने के बाद ही रक्तदान करने की सलाह दी जाती है। रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। कुछ ही दिनों में शरीर जरूरत के मुताबिक रक्त की भरपाई खुद कर लेता है। ऐसे में लोगों को किसी तरह की भ्रांति में न पड़कर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उनके द्वारा किया गया एक प्रयास किसी की जान बचा सकता है। सभी लोगों की सोच सेवाभाव और दूसरों की मदद करने की हो तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा साथ ही रक्तदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित करना होगा। इस अवशर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज रणजीत यादव, प्रधान हरजीत सिंह, सूरज शुक्ल, रविन्द्र पाण्डेय, अरविंद गुप्ता, कन्हैया लाल वर्मा, अनिल गुप्ता, सोनू छाबड़ा, ओपी तिवारी संयोजक एबीवीपी आदि मौजूद रहे।

# सेवा भाव कार्यक्रम से मनी अटल बिहारी की जयंती

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'सेवा भाव' कार्यक्रम के तहत मण्डल बल्दीराय में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दर्जनों सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। कई अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर बल्दीराय मण्डल में विभिन्न स्थानों पर सेवा भाव कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम एवं मरीजों को फल बाटा, साथ साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधित ''मन की बात'' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने व सुनने की ब्यवस्था कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मण्डल अध्यक्ष आचार्य सूर्यभान पाण्डेय, राजधर शुक्ल, अवधेश पाण्डेय, अनिल मिश्र, कैलाश नाथ आदि मौजूद रहे।

# विकास के लिए हर कदम पर साथ: एमएलसी



संवाददाता। रायबरेली

**अमावां** विकास खंड के आदर्श ग्राम पंचायत डिडौली ग्राम प्रधान पूनम सिंह व उनके पति प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्राम सभा में कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आंगनवाड़ी केंद्र, इंटरलॉकिंग रोड़, पुल का लोकापर्ण के साथ कम्बल वितरण व संभ्रांतजनो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह रहे।मुख्य अतिथि व आयोजक ने सबसे पहले ग्राम की सिद्ध पीठ मुड़िया माता मंदिर पर माथा टेके और कार्यक्रम शुरूआत की । बताते चले कि ऐसे सिद्ध स्थल के सहित कई अन्य धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण करवा ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम सिंह ने लोगो की आस्था को एक नया आयाम दिया है। अपने निजी धन से गांव में स्थित धार्मिक स्थलों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। वही ग्राम प्रधान के इन कार्यो की सराहना ग्रामीण करते नही थकते। इस दौरान एमएलसी दिनेश सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहाकि ग्राम पंचायतो के विकास के लिये ग्राम प्रधान साथियों के साथ हर कदम साथ रहुगा व ग्राम प्रधान के साथ साथ उपस्थित आम जनमानस को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के हर सुख दुख में बेटे की तरह सदैव सेवा करता रहेगा। उन्होंने ने कहाकि आदर्श ग्राम पंचायत डिडौली ने पिछले पांच वर्षों में विकास एवं सम्मान के नए आयाम स्थापित किये है और आगे करती रहेगी ऐसी हमारी शुभकामनाएं है। अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम सिंह ने कहाकि इन पांच वर्षों में सभी पात्रो को पेंशन, शौचालय, आवास, हैण्डपम्प उपलब्ध कराया और संपर्क मार्ग व पुल का निर्माण कराया गया।उन्होंने कहाकि जिले की 989 ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों व नगर पालिका का कोई भी मोहल्ला विकास के पैमाने पर हमारी ग्राम पंचायत से बेहतर नही हो सकता यह हमारी 5 वर्षो की मेहनत और आप सभी के आशीर्वाद से संभव हुआ है। इस अवसर पर न्यायाधीश ऐशवर्या श्रीवास्तव, शिक्षक खुशबू सिंह, विद्युत विभाग से अभिषेक सिंह, वित्त विभाग से अभिनीत पांडेय, शिक्षक आशुतोष पांडेय, दुर्गेश पटेल,अर्चना पटेल आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### गार्ड की गोली से दूसरा गार्ड घायल, रेफर

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात के अहिमाने बाजार स्थित सिक्योरिटी कंपनी के गार्ड की बंदूक से निकली गोली से एक दूसरा गार्ड घायल हो गया। उसको इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया है। हालत गम्भीर बनी हुई है। कोतवाली देहात अंतर्गत सुलतानपुर-प्रयागराज हाईवे पर स्थित अहिमाने बाजार के पास एटीएम में रूपये डालने वाली सिक्योर वैल्यू कंपनी कार्यालय के पास सुरक्षा में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड बंदूक में गोली भर रहा था। इसी बीच फायर हो जाने से गोली वहां खड़े कम्पनी के दूसरे गार्ड अमेठी के जामो थाना के पूरे यदुराम पाण्डेय गांव निवासी रामअचल ओझा के पेट में लग गई। बंदूक की गोली की आवाज से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घायल गार्ड को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां घायल की हालत गम्भीर बनी हुई है। इस बारे में कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### पत्नी व बेटी दिलवाने की लगाई गुहार

**लालगंज रायबरेली।** मजदूरी करने गए व्यक्ति की पत्नी बेटी को लेकर मायके चली गई। जब पति उसे विदा कराने ससुराल पहुंचा तो उसकी पिटाई की गई।पूरे कालिका बख्श मजरे ऐहार निवासी शत्रोहन रैदास ने बताया कि वह आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी राखी तीन माह की पुत्री को लेकर अपने मायके चमारन का पुरवा मजरे डिहवा उसकी अनुपस्थिति में चली गई थी। जब वह पत्नी को लेने उसके मायके पहुंचा तो वहां ससुरालीजनों ने उसकी पिटाई करते हुए उसे वहां से यह कहकर भगा दिया कि अब उसकी पत्नी व बेटी कभी उसके साथ नही जाएंगे। शत्रोहन का आरोप है कि ससुरालीजनों ने उसकी पत्नी व बेटी को कहीं गायब कर दिया है। उसने पुलिस से पत्नी व बेटी का पता लगवाने की गुहार लगाई है।

### टक्कर के बाद एक ट्रक ने ट्रांसफार्मर में मारी टक्कर

**लालगंज,रायबरेली।** फतेहपुर से रायबरेली की तरफ जा रहे ट्रक को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पहला ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से जा भिड़ा। घटना आज सुबह की बताई गई है जब एक ट्रक फतेहपुर से लालगंज की तरफ जा रहा था। रायबरेली की तरफ मुड़ते समय गांधी चौराहे पर सामने से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित हुआ ट्रक चार सौ केवीए ट्रांसफार्मर में जा घुसा। दुर्घटना में कल्लू भदौरिया निवासी धन्नीपुर की लकड़ी की गुमटी भी क्षतिग्रस्त हुई है। ट्रांसफार्मर में टक्कर लगने से कई सैकड़ा घरों की बिजली भी गुल हो गई। गांधी चौराहा, महेश नगर, तिकोनापार्क, बेहटा चौराहा आदि मोहल्ले के लोग देर शाम तक बिजली आने का इंतजार करते रहे। विद्युत विभाग द्वारा मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया गया है।

### महिला को पीआरवी पुलिस ने पहुंचाया घर

**लालगंज,रायबरेली।** रात में सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही महिला को पीआरवी पुलिस ने घर पहुंचाया। पुलिस के इस कार्य की सभी ने सराहना की है।शनिवार की रात महिला साबिया कानपुर से लालगंज आई थी। घर जाने के लिए वह पूरेदेवी मजरे कोरिहरा गांव के सामने सड़क किनारे खड़ी थी। रात में वाहन न मिलने से वह परेशान थी। तभी पीआरवी 1736 ने उसे देखा तो पहले उसे आग जलाकर तपवाया। इसके बाद उसे घर तक पहुंचाया। पीआरवी में मौजूद हेड कांस्टेबल सुनील कुमार सिंह, महिला कांस्टेबल अर्चना, अंजली सिंह व चालक केशरी नंदन के इस कार्य की सभी ने सराहना की है।

### अपहरण का मुकदमा दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** नाबालिक किशोरी को गांव का ही युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। किशोरी की मां ने आरोपित युवक के विरूद्ध अपहरण की धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है।मामला क्षेत्र के भीरागोविंदपुर गांव का है। उक्त गांव निवासी महिला का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला युवक सोनू उसकी 17 वर्षीया पुत्री को अपहृत कर ले गया है। पुलिस ने सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की खोजबीन प्रारंभ कर दी है।

### श्रावस्ती पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक आशुतोष पाण्डेय

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस महानिदेशक नोडल अधिकारी श्रावस्ती आशुतोष पाण्डेय अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम पर रविवार को मुख्यालय भिनगा पहुंचे जहाँ उनके आगमन पर निरीक्षण भवन भिनगा में सम्मान गार्द द्वारा सलामी दी गई। इस तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के गांव में जाकर आमजन से संवाद किया जायेगा तथा कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक कर अपराध की समीक्षा की जाएगी।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्रपाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### वन विभाग की उदासीनता के चलते वन माफिया सक्रिय

**श्रावस्ती।** जमुनहा. हरदत्त नगर गिरन्ट वन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों वन विभाग की उदासीनता के चलते हरे पेड़ों के कटान पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अवैध रूप से काटे जा रहे हैं हरे पेड़ को लेकर वन विभाग उदासीनता बरस रहा है। जिसके चलते लकड़कट्टों के हौसले बुलंद हैं। जिसकी वजह से हरियाली पर खतरा मंडराता जा रहा है । इसी प्रकार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गांव के पास अवैध रूप से सागौन के 14 व नीम व आम के एक पेड़ को बिना अनुमति के काटकर उठा ले गए। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के हरिहरडीह गांव निवासी अली बख्श के खेत के किनारे सागौन के 14 आम का 1 व नीम के पेड़ लगे हुए थे। जिसे एक ठेकेदार के हाथ बेच दिया था। जिसे ठेकेदार ने बिना अनुमति के ही रातो रात 1 काट कर उठा ले गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन दरोगा अजय कुमार कश्यप ने बूट का नाप लेकर मामला दर्ज करने की कार्यवाही शुरू कर दी

### दो बाइकें भिड़ीं, तीन घायल

**करनैलगंज ( गोंडा )।** गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित बरगदी मोड़ के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिये रेफर किया गया है। रविवार की शाम सुल्तान अली 50 अपनी पत्नी आसमा खातून 45 निवासी ग्राम गौरहर थाना कुर्सी रोड जनपद बाराबंकी बाइक पर सवार होकर करनैलगंज अपनी रिस्तेदारी में हुई मिट्टी में शामिल होने जा रहे थे। वह बरगदी मोड़ के पास पहुंचे ही थे, कि ग्राम कटरा शहबाजपुर के मजरा भाटन पुरवा निवासी सोनू 18 की बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे तीनो लोग सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सुल्तान अली, आसमा खातून व सोनू को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिये रेफर कर दिया है।

### बछरावां रजबहा कटने से सैकड़ों किसान बर्बाद

**बछरावां रायबरेली** विकासखंड क्षेत्र के थुलेडी अल्पिका माइनर कटने से सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न होने से सारी फसल नष्ट हो गई जिसमें किसान की आत्मा दुखों से भर चुकी है अब क्षेत्र के किसानों ने तुरंत बांध को बनवाया जाने की मांग की है किसानों ने शीतलहर के समय भी खुद की व्यवस्था करके माइनर को बांध लगाकर अपने खेतों को बचाने की कोशिश की लेकिन पानी का बहाव इतनी तेज था कि जब तक बांध लग पाती तब तक सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलमग्न हो चुकी थी अब क्षेत्र के किसानों ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि माइनर की पटरियों को सही से बनवाया जाए और जिसकी भी फसल बर्बाद हुई है उनको उचित मुआवजा दिलाया जाए और बछरावा राजबहा को तुरंत बंद कराया जाए जिसमें किसानों की फसल को बचाया जा सके।

# अटल ने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया: चौबे

## सेवा सप्ताह के रूप में मनाई जा रही है अटल जी की जयन्ती

संवाददाता। सोनभद्र

**पूर्व** प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती सेवा सप्ताह के रूप में मनाई जा रही है, उसी के अन्तर्गत जनपद के सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया व स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता जिले के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण विभिन्न स्थानों पर उपस्थित रहे उसी क्रम घोरावल विधानसभा के पुसौली बूथ 409 पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। व राबर्ट्सगंज नगर मण्डल में स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अवसर पर



भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी सिद्धांतवादी विचार के नेता थे अटल जी एक प्रखर वक्ता व राष्ट्रीय कवि भी थे उन्होने कभी भी अपने सिद्धांतो से कभी समझौता नही किया वे विपक्ष मे रहकर विपक्षियों को पक्ष की भूमिका निभाने पर मजबूर कर देते थे विपक्ष के नेता भी उनके तारीफ की पुल बांधने में पीछे नहीं हटते थे भारत के लौहपुरुष के विचारवाद पर चलने वाले सैद्धांतिक सरल व सीधे व आम तरह के जीवन जीने वाले अटल जी ने देश के लिए वो आज स्मरणीय है स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वच्छता व स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है स्वच्छता को आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तायों ने अभियान के रूप लिया है हर व्यक्ति को आज यह समझना जरुरी है कि स्वच्छता ही हमे बिमारियों से बचा सकता है और समाज का स्वस्थ्य जीवन दे सकता है। इस अवसर पर नागेश्वर देव पाण्डेय, राहुल पटेल, अनूप तिवारी, दिलीप चौबे, अजीत रावत, ध्रुवकान्त द्विवेदी, बलराम सोनी सहित आदि उपस्थित रहे।

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हरेवा शुक्ल के लोग

## नाली, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क, आवास, शौचालय और स्वच्छ जल नदारद

## श्रमिकों को मनरेगा में न तो मजदूरी मिली और न काम ही मिला



संवाददाता। बस्ती

**कप्तानगंज** क्षेत्र के विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ल उर्फ सीपी शुक्ल' के गांव हरेवा शुक्ल के लोग भी नाली, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क, आवास, शौचालय और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कुर्व्यवस्था को देख गांव वालों का कहना है कि विकास का मोती 'सीपियो' में बंद होकर रह गया है। दिव्यांग, कुष्ठ, विधवा और वृद्वावस्था पेंषन के लाभार्थियों को पेंषन मिले सालों हो गए, आवेदन कार्यालयों के आलमारियों में महीनों से बंद पड़े है। सबसे खराब स्थित मनरेगा श्रमिकों की है, इन लोगों को एक तो महीनों से काम नहीं मिला और जो मिला भी उसका भुगतान नहीं हुआ। लाकडाउन और उसके बाद भी कठिन दौर से श्रमिकों का परिवार गुजर रहा है। कई परिवार का भरण-पोषण उधारी या फिर गांव वालों के दया पर निर्भर है। क्षीण-षीण षौचालयों को रस्सी से बांध कर ढ़हने से रोका गया। पैसा लेकर बिजली का मीटर तो लगा दिया, मगर बिजली का कनेक्शन नहीं किया। गांव वाले कहते हैं कि खुद के गांव का विकास तो 'माननीय' कर नहीं पा रहे हैं, और दावा देश और प्रदेश के विकास करने कर रहे है। 'माननीय' की लक्जरी खराब न हो इसके लिए जबरिया बिना मानक पूरा किए मनरेगा से अपने आवास तक सात लाख रुपये का सीसी रोड बनवा दिया। रविवार को 'पायनियर' टीम के पड़ताल में यह खुलासा हुआ। प्रधान पति राम सुभावन गौतम का कहना है कि उनसे जबरिया कार्ययोजना बनवाई गई, अभी तक भुगतान भी नहीं हुआ, बताया कि इसी सड़क के चलते 60 और 40 का अनुपात गड़बड़ा गया। बताया कि विकलांग, विधवा और वृद्वावस्था पेंषन का आवेदन किए महीनों हो गए, मगर अभी तक कुछ नहीं हुआ। मुख्यालय और ब्लॉक पर हर काम के लिए उनसे पैसा मांगा जाता है। कुष्ठ रोगी रामसूरत मरने के कगार पर है, फिर भी न तो इनकी दवा की कोई की गई और न पेंषन ही सुविधा मिली।

**इन लोगों का दर्द किसी ने भी नहीं सुनी:** बाला प्रसाद ने जुलाई में मनरेगा से 28 दिन काम किया, आज तक भुगतान नहीं हुआ। आवास और षौचालय नहीं। रामदेव एवं रामजनक के षौचालय का धन प्रधान और सेक्रेटरी ने खा लिया। जगदम्बाप्रसाद को फर्जी चेक मिला। राजदेव, रविराज और जगदंबा प्रसाद के पास राषन कार्ड नहीं। कहते हैं कि उनके वोट पर विधायक और मंत्री तो बन जाते हैं, मगर उनके ही दुर्खदर्द को भूल जाते है। दो हैंडपंप को छोड़कर सभी खराब है, दूषित पानी पीने को गांव वाले मजबूर है। रेनू को आवास और विधवा पेंषन नहीं मिला। मनोज सिंह के परास आवास तो है, मगर षौचालय नहीं। सरस्वती और मुरला देवी विधवा पेंषन का इंतजार कर रही है। इस तरह गांव के अनगिनत परिवार हैं,जो बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं है।

## प्रसपा ने किसानों के समर्थन में पटवध में की जनसभा


**सोनभद्र**। राष्ट्रीय आवाहन पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के जिला पदाधिकारियों ने गांव गांव पहुंचे प्रसपा जन के पांव अभियान के दूसरे दिन ओबरा विधान सभा के अध्यक्ष मायाराम यादव एंव छात्रसभा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार साहनी के नेतृत्व में पटवध गांव के ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव एंव महासचिव लालता प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश भर में किसानों के समर्थन में यह अभियान चलाया जा रहा है साथ ही पार्टी की नीतियों और सिद्धान्तों को ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान प्रसपा पदाधिकारियों ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है लगातार देश और प्रदेश बदतर हालत में पहुंच रहा है। नौजवान रोजगार को लेकर और किसान अपनी फसल बचाने व पैदावार की सही कीमत पाने को लेकर परेशान है और सरकार नया कृषि बिल लाकर किसानों की कमर तोड़ने का प्रयास कर रही है।

# नपा अध्यक्ष श्याम सुन्दर ने किसानों को किया जागरूक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के आहवान को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने रविवार को कृषि सुधार कानून का पत्रक नगर पालिका क्षेत्र के एरिया से जुड़े किसानों में वितरित कर उन्हें कृषि सुधार कानून के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने किसानो को बताया कि कृषि कानून सुधार का विपक्षी विरोध तथा भ्रामक प्रचार कर रहे है।

ऐसे लोगो से सचेत रहे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हर निर्णय पूरे देशवासियों के हित में रहता है। सबका साथ सबका विकास के साथ सरकार कार्य कर रही है। किसान भ्रामक सूचनाओं से बचे तथा सरकार की योजनाओं का लाभ लें। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को साझा करते हुए पत्रक



वितिरत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हित मे मोदी सरकार और भी अच्छे कदम उठा रही है वो अब सिर्फ उत्पादक नहीं रहेगा बल्कि वो अब व्यवसायी भी बनेगा क्योंकि वो सिर्फ मंडी के भरोसे नहीं रहेगा और उसे अपने उत्पाद का सही मूल्य भी मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वो कभी देश के जवानों और किसानों का अहित सोच ही नही सकते और देश का किसान प्रधानमंत्री के साथ है।

## इस्लाम का गलत प्रचार करने वाले होंगे बर्बाद: अब्दुल हकीम

संवाददाता। सेमरियावा

**इस्लामिक** विद्वान एवं अवध सेण्टर ऑफएजूकेशन फॉर वूमेन, कड़जा के प्रबंधक हाफिज अब्दुल हकीम ने कहा है कि इस्लाम एखलाक से फैला है। जुल्म व जब्र से उसका कोई वास्ता नहीं है। अब्दुल हकीम ने रविवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता करते हुए उक्त बातें कही। उन्होने कहा कि हालात-ए-हाजरा पर नजर डालने से जाहिर होता है कि उम्मते मुस्लिमा आज जहां खड़ी है उसके आगे समुदर है और पीछे खाई है तथा जहां खड़ी है वहीं दलदल है। ये जो हस्र उम्मत का हुआ है यह न किसी पार्टी ने और न ही किसी खास शख्सियत ने किया है। कुरान-ए-करीम में अल्लाह ने फरमाया है कि जो मुसीबत और परेशानी तुम्हें आती है वो तुम्हारे ही हाथों की कमाई हैं। जो कुछ हो रहा है उसका जिम्मेदार वो इंसान खुद है। अब अगर कोई किसी पार्टी या मख्सूस आदमी को जिम्मेदार बनाता है तो ये कुरा के खिलाफहै।

# मिर्जापुर की अदबी तारीख का विमोचन

**मिर्जापुर**। सैयद हुरतुल इकराम फाउंडेशन के तत्वावधान में वासलीगंज ; परमानंद मुख्तार की गलीद्ध स्थित एस एम पैलेश में डॉ. जहीर मोहम्मद की पुस्तक ष्मिर्जापुर की अदबी तारीख का विमोचन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवती चौधरी ने किया। इसकी सदारत मशहूर शायर जफर मिर्जापुरी ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि भगवती चौधरी ने मिर्जापुर पर उर्दू लिपि में लिखी गयी डा जहीर मोहम्मद की पुस्तक के लिए बधाई दी और कहा कि लोगों को साहित्यकारों के महत्व को समझना चाहिए और उनकी रचनाओं को पढ़ना चाहिए क्योंकि साहित्य जीवन को नयी दिशा देता है। विमोचित पुस्तक के लेखक डा जहीर मोहम्मद ने कहाकि उनकी पुस्तक में मिर्जापुर के अदबी साहित्य पर महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। मिर्जापुर के सभी ऐतिहासिक स्थानों का जिक्र किया गया है। साथ ही साथ यहां के मंदिर और मजारों को भी शामिल किया गया है। इसमें मशहूर शायर हुरमतुल इकराम के परदादा सूफी नूरमुहम्मद साहब का भी वर्णन है। यहाँ से उर्दू का पहला अखबार, जो 1837 में निकला था, उसका नाम खैरख्वाह हिंद था, जिसके संपादक आर सी माथुर का भी वर्णन है। समाजसेवी सुनील कुमार पांडेय ने कहाकि साहित्य ने व्यक्ति, समाज और सत्ता का हमेशा मार्गदर्शन किया है। लोगों को साहित्य के महत्व को समझना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट व शायर हेलाल मिर्जापुरी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ शायरों एवं चर्चित लोगों को शाल ओढ़ाकर तथा बुके देकर सम्मानित किया गया।

# मनरेगा के तहत काम चाहिए तो फोन उठाइए

संवाददाता। मीरजापुर

**मनरेगा** के तहत कार्यों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने एक अनूठी पहल शुरू की है । इसके तहत अब काम पाने के लिए न तो विभागों के चक्कर काटने पड़ेंगे और न ही किसी की जी हुजूरी करनी पड़ेगी । ग्राम्य विकास विभाग ने इसके लिए बाकायदा मोबाइल नम्बर जारी किया हैए जिस पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजकर कोई भी मनरेगा के तहत काम की मांग कर सकता है । इससे ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। डीसी मनरेगा मो. नफीस का कहना है कि ग्रामीण लाभार्थियों को काम दिलाने में मदद को विभाग हमेशा तत्पर हैए इसी के तहत यह नई पहल की गयी है । मनरेगा सेल ने इसके लिए राज्य स्तर पर दो मोबाइल नम्बर. 9454464999 और 9454465555 जारी किया है। इसके साथ ही सभी खंड विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वह भी ब्लाक के स्तर पर दो नंबर आवंटित करें और पंचायत स्तर पर उन नम्बरों को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित.प्रसारित करें ताकि लोगों को मनरेगा के तहत काम पाने में सहूलियत हो । इसके तहत अब ग्रामीण लाभार्थियों को काम पाने के लिए इन नम्बरों पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजना होगा। सन्देश प्राप्त होने के बाद विभाग जल्द से जल्द लाभार्थियों को काम दिलाने का प्रयास करेगा । इसके लिए उनको बेवजह न तो विभागों के चक्कर काटने पड़ेंगे और न ही कोई जुगत लगाने की जरूरत पड़ेगी। इस पारदर्शिता से अब ग्राम प्रधानए सचिव या सक्षम अधिकारी के सामने जी हुजूरी भी नहीं करनी पड़ेगी।

## महिला शिक्षा मित्र को हेड मास्टर ने पीटा

**बस्ती**। बनकटी विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय कथरूआ में प्रधानाध्यापक मोहम्मद अजीज और उसके परिजनों द्वारा शिक्षा मित्र अर्चना यादव को बुरी तरह से मारने पीटने के मामले में रविवार को शिक्षा मित्र संगठनों के पदाधिकारियों ने सन्तोष कुमार भट्ट के नेतृत्व में बीएसए जगदीश प्रसाद शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। बीएसए ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। वे स्वयं जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड एक में पहुंचे और घायल शिक्षा मित्र का हाल चाल पूछा। उन्होने कहा कि अर्चना के इलाज में धन की कमी नहीं होने पायेगी। वे स्वयं मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता करेंगे।

बीएसए ने बीईओ बनकटी से आख्या तलब किया। शिक्षा मित्र संगठनों ने बीएसए से प्रधानाध्यापक मोहम्मद अजीज एवं संरक्षण देने वालों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई की मांग की।

# एनटीपीसी रिहंद में ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। बीजपुर ( सोनभद्र )

**एनटीपीसी** के रिहंद स्टेशन में राजभाषा हिन्दी के संवर्धन हेतु कोविड-19 के कारण शनिवार को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन किया गया मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में आयोजित इस हिन्दी कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय के प्रबन्धक श्रीनिवास शर्मा ने भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा के संबंध मे विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये रिहंद के कर्मचारियों को हिन्दी में कार्यालय के कामकाज को करने हेतु विशेष आग्रह किया उन्होने कहा कि हिन्दी में कार्य करना बहुत ही आसान है इसे समझना,बोलना व लिखना काफ़ी सरल है इसे शुरू करने के लिए पहले छोटे छोटे नोटशीट एवं कार्यालय के अन्य कार्यों को शुरू करके हम बड़े कार्यों को भी आसानी से हिन्दी में कर सकते हैं हिन्दी भाषा में आसानी से कार्य करने के विशेष नुस्खों को भी उन्होने कर्मचारियों को बताया कार्यक्रम का संयोजन,संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन रिहंद स्टेशन के कार्यपालक नैगम संचार शिक्षा गुप्ता ने किया कार्यक्रम के समापन अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रिहंद के कर्मचारियों से शिक्षा गुप्ता ने हिन्दी भाषा से संबन्धित किसी भी तरह के शंका समाधान के लिए भी आग्रह किया। अगली कड़ी में श्री शर्मा ने कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को बड़े ही सरल एवं सहज भाषा में जवाब दे कर उनका शंका समाधान किया।

## प्रमुख सचिव खाद्य ने जाना धान क्रय केन्द्रों का हाल

संवाददाता। बस्ती

**प्रमुख** सचिव खाद्य बीना कुमारी मीना ने नवीन मण्डी परिसर स्थित धान क्रय केन्द्रों, कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन सभागार, राजकीय इण्टर कालेज में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हाल का निरीक्षण किया। अधिकारियों से धान खरीद, निर्माण कार्यो की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम आशुतोष निरंजन, एसपी हेमराज मीना, एडीएम अभय कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर आशाराम वर्मा, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, अर्थ एवं संख्या अधिकारी टीपी गुप्ता, आरएफसी प्रकाश मिश्र, डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ तिवारी, यूपी सिडको के सहायक अभियन्ता एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# असहाय विकलांगों और वृद्धों को बांटे कम्बल



**सोनभद्र**। जनपद के विकास खंड नगवा के पत्थर कुआं गांव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबंध सेवा भारती समिति के बैनर तले कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीब असहाय वृद्धा विधवा एवं विकलांग जनों के बीच कंबल शाल व अन्य गरम कपड़ों का वितरण किया गया। सेवा भारती समिति के महामंत्री सत्येंद्र पांडे उर्फ बचऊ ने बताया कि कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीब असहाय विकलांग एवं वृद्ध जनों के बीच जनपद सोनभद्र के विकास खंड नगवा के पथर गांव में ग्रामीण जनो के बीच 200 कंबल 200 साल 300 ड्रेस व 200 कपड़ों का वितरण किया गया है। इस अवसर पर देवेश पांडे, विजय जैन व अवध नारायण समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नए साल के जश्न में भी कोविड प्रोटोकाल का करें पालन

## भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना व उचित दूरी अब भी जरूरी: डॉ. अजय

संवाददाता। मीरजापुर

**कोविड**-19 का खतरा अभी टला नहीं हैए इसलिए जरूरी प्रोटोकाल का पालन करना आज भी उतना ही जरूरी हैए जितना नौ महीने पहले था। कोविड-19 के चलते इस बार स्थितियां बदली हुई है, इसलिए खुशियां बरकरार रखने के लिए प्रार्थना स्थलों पर भी सावधानी बरतना बहुत जरूरी है । कोशिश हो कि जिस स्थल पर समारोह हो रहा हैए वहां पर उतनी ही संख्या में लोगों को प्रवेश दिया जाए जिससे कि लोगों में उचित दूरी का पालन हो सके । नए साल के स्वागत समारोहों व पार्टी आयोजकों से लेकर उसमें शामिल होने वालों तक को भी हर कदम पर स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने की सख्त जरूरत है । सरकार द्वारा भी इन आयोजनों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गए हैंए जिसका पालन करते हुए ही कोई कार्यक्रम आयोजित करना सभी की भलाई के लिए जरूरी है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ध्कोरोना के नोडल अधिकारी डाक्टर अजय का कहना है कि कोविड से सभी को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है कि समारोह या पार्टी स्थल पर प्रवेश एवं निकास के लिए अलग.अलग द्वार हों, कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त क्रास वेंटिलेशन होना चाहिए । प्रवेश द्वार पर सेनेटाइजर की व्यवस्था होए कार्यक्रम स्थल पर केवल बिना लक्षण वाले स्टाफ एवं आगंतुकों को प्रवेश दिया जाए । यदि किसी में बीमारी के लक्षण नजर आते हैं तो उसके साथ ही अन्य की सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश न दिया जाए और चिकित्सीय सहायता की सलाह दी जाए। स्टाफ व आगंतुकों को फेस कवर या मास्क पहनना अनिवार्य होगा और एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। यह सभी पालन पार्किंग स्थल और स्टाल पर भी करना होगा । धार्मिक आयोजन स्थलों पर जहां तक संभव हो जूत-चप्पल गाड़ी में ही उतारकर कार्यक्रम स्थल पर जाएं या तो प्रवेश द्वार के निकट हर परिवार के जूते-चप्पल अलग अलग स्लाट में रखे जाएं। कार्यक्रम स्थल पर कोरोना से बचाव सम्बन्धी पोस्टर प्रमुख रूप से लगाए जाएं । डाक्टर अजय ने सभी वर्ग से आह्वान किया है कि इस बार त्योहारों और नए साल के जश्न को घर पर ही परिवार के साथ मनाएं और खुद सुरक्षित रहने के साथ दूसरों को भी सुरक्षित बनायें।

## महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति को लेकर किया जागरूक

संवाददाता। बस्ती

**पूर्व** माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर में मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ उमाशंकर सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बालिकाओं को पुलिस हेल्पलाइन व अन्य जरूरी सेवाओं के बारे मे जागरूक करना है,ताकि वे महिला संबंधित अपराध, शोषण का डटकर सामना कर सकें, निर्भीक होकर अपनी बात पुलिस के सामने रख सकें।

बीईओ गरिमा यादव ने कहा कि प्रदेश का गौरव तभी बढ़ेगा जब हर नारी को सम्मान मिलेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति की शुरूआत की गई है। नारी को उनके सुरक्षा के बारे मे जागरूक करना, कानूनों की जानकारी देना और उन्हे स्वावलंबी बनाना इसका उद्देश्य है।

# ओजस्वी काव्य पाठ कर कवियों ने खूब वाहवाही लूटी

## सोन संगम के तत्वावधान में विचार गोष्ठी और कवि सम्मेलन आयोजित

संवाददाता। बीजपुर ( सोनभद्र )

**सोन** संगम शक्तिनगर सोनभद्र के तत्वावधान में पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शक्तिनगर परिसर में विचार गोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहर नाथ विश्वकर्मा एवं एनटीपीसी शक्तिनगर के अपर महाप्रबन्धक विनय कुमार अवस्थी ने की। सोन संगम शक्तिनगर के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश चंद्र जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रथम वक्ता के रूप में डॉ विनोद कुमार को आमंत्रित किया। ततपश्चात डॉ छोटे लाल प्रसाद और प्राचार्य सरश्वती शिशुमन्दिर खड़िया राजीव कुमार ने सारगर्भित शब्दों में अपने-अपने विचार लोगों के समक्ष रखे। द्वितीय सत्र में काव्य गोस्ठी का संचालन कर रहे सुरेश गिरि प्रखर ने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के लिए पाणि पंकज पांडे को आमंत्रित किया। काव्यपाठ में नवोदित कवयित्री रजनी मिश्रा और मिथिलेश कुमार ने रचना पाठ किया। अगली कड़ी में रमाकांत पाण्डेय



माहिर मिर्जापुरी बहर बनारसी ने अपनी चिरपरिचित अंदाज़ में अपनी कई रचनाएं पढ़ी। इस दरमियान सोन संगम के सचिव एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर डॉ मानिक चंद पांडेय की पहल पर आलोक नाथ ठाकुर ने ऑनलाइन काव्य पाठ करते हुए सब का उत्साह वर्धन किया। क्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार अवस्थी ने अपना ओजस्वी काव्य पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। अंतिम क्रम में अध्यक्षता कर रहे हरिहर प्रसाद विश्वकर्मा ने अपनी कविता गीत और अन्य कई रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। काव्य गोष्टी का समापन श्रवण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया। अंत मे दिवाकर पटेल के विदाई समारोह में उनको साल श्रीफल और फूल माला पहना कर सबने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एसएन चतुर्वेदी मुकेश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी उपेंद्र कुमार गुप्ता एम डी अकबर धर्मेंद्र कुमार पटेल कुमारी अन्नू मिथिलेश और घनश्याम वर्मा उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो की मौत,तीन घायल

**सकलडीहा,चन्दौली।** कंदवा थाना क्षेत्र के चिरईगांव स्थित आईटीआई कालेज के सचिव ड़ा संजय सिंह सहित दो लोगों की रविवार की भोर मे सडक हादसे में मौत हो गई।घटना में एक दैनिक अखबार के पत्रकार सुनील सिंह सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।पुलिस ने घायलों को सरकारी एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी मे भर्ती कराया गया।वहीं शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया। चिरईगांव आईटीआई कालेज के सचिव व प्राथमिक वद्यिालय हमीदपुर नियामताबाद के सहायक अध्यापक निवासी मधूपुर धानापुर 46 वर्षीय ड़ा संजय सिंहए खोर निवासी 48 वर्षीय सुनील सिंह ए एकौनी निवासी 47 वर्षीय राजेश सिंह व रश्तिेदार 25 वर्षीय गौरव सिंह निवासी रामनगर आगरा से अपने कार से राष्ट्रीय राजमार्ग 2 से होते हुए शनिवार की देर रात वापस लौट रहे थे।कार को चालक विजय यादव चला रहा था।

## हजारों लीटर लहन एवं भट्ठियों को किया नष्ट

**देवरिया ।** रविवार को क्षेत्राधिकारी बरहज श्री दिनेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बरहज जयंत कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना बरहज क्षेत्रान्तर्गत परसिया देवार क्षेत्र में कच्ची शराब के विरूद्ध दबिश दिया गया जहॉ पर पुलिस टीम द्वारा कुल 04 भट्ठियों एवं कुल 1200 लीटर लहन को नष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## जुआ खेलते तीन को पुलिस ने दबोचा

**देवरिया ।** प्रभारी निरीक्षक गौरीबाजार मय हमराहीए क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति बैतालपुर में शिव मन्दिर के पास जुआ खेल रहे है यदि जल्दी किया जाय तो पकडा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा बताये गये पते पर दबिस दिया गया जहाँ दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा दौडाकर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम बृजेश कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव सा सझवा थाना गौरीबाजारए देवरिया ए अमित सिंह पुत्र स्वकल्पनाथ सिंह एराजेन्द्र सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र नरसिंह सा गुडरी थाना गौरीबाजारए देवरिया बताये व मौके से ताश के 52 पत्ते व मालफड़ के रूप मे 12430 . रूपये तथा जामा तलाशी से कुल 4010.रूपये बरामद किया गयाए इस सम्बन्ध मे थाना गौरीबाजार पर अपराध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## अंग्रेजी शराब बरामद एक गिरफ्तार

**मुग़लसराय।** इलिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मदरसा तिराहा के पास से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसका नाम सोनू कुमार बिहार निवासी बताया जाता है जिसके पास से पुलिस ने 35 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद किया।जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम में जुटे श्रोता

### बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर रेडियो,टेलीविजन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के इस साल के आखिरी मन की बात कार्यक्रम को सुना तत्पश्चात बूथों पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया । इसके बाद बूथों पर उपस्थित लोगों को भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यो को बताया। इसी के तहत सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने दानवपुर के बूथ 323,324 पर मन की बात सुना और भटवलिया बूथ न 305 पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर सरकार के कार्यों को बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश के सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचा रही हैद्य वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित में बहुत सी योजनाओं का शुभारंभ आम जनता के भले के लिये किया गया द्य आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार के भिन्न भिन्न मंत्रालय द्वारा विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी कार्यक्रम महिला कल्याण, युवा कल्याण, कृषि कल्याण के लिये चलाये जा रहे हैं । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण लोगो को घर दिया जा रहा है तो आयुष्मान योजना के तहत लोगो के स्वास्थ्य की चिंता की जा रही है। अन्त्योदय अन्न योजना के माध्यम से गरीबो को राशन देने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति सरकार द्वारा लाया गया है तो किसानों को सम्मान निधि के तहत खेती में त्वरित सहयोग के लिये खाते में धन राशि दी जा रही है।भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार मोदी और योगी के नेतृत्व में काम कर रही है। गन्ना शोध संस्थान के उपाध्यक्ष नीरज शाही ने कहा कि जो काम मोदी और योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हो रहा है,वैसा काम पहले की कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकार द्वारा नही किया गया इन लोगो ने केवल देश और प्रदेश को अंधकार में डालने का काम किया। जिसे मोदी और योगी के नेतृत्व में उजाले की तरफलाने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

### सलेमपुर में पीएम के मन की बात का कार्यक्रम को सुना भाजपा कार्यकर्ताओं ने

**देवरिया ।** भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा आज आरएलएकेडेमी पर प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात संवाद का सीधा प्रसारण किया गया।मण्डल के सभी बूथों पर सभी कार्यकर्ताओं ने रेडियो एवम टेलीविजन के माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुये कहा कि दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते है।उन्होंने कहा कि अगले साल अगली मन की बात होगी। अधिकतर पत्रों में लोगों ने देश के सामर्थ्यए देशवासियों की सामूहिक शक्ति की भरपूर प्रशंसा की है। जब जनता कर्फ्यू जैसा अभिनव प्रयोगए पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बनाए जब ताली.थाली बजाकर देश ने हमारे कोरोना वॉरियर्स का सम्मान किया थाए एकजुटता दिखाई थी उसे भी कई लोगों ने याद किया है। कोरोना के कारण दुनिया में सप्लाई चेन को लेकर अनेक बाधाएं आईए लेकिन हमने हर संकट से नए सबक लिए।

# शिक्षा से ही समाज में आएगा बदलाव : राजू कुमार गुप्ता

संवाददाता। मऊ



स्थानीय नगर क्षेत्र के सिविल लाइन्स ख्वाजाजहांपुर आफिसर्स कालोनी जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर भामाशाह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंध कमेटी के सदस्यों का चुनाव हुआ। इसमें पर्यवेक्षक के रुप में नीलम गुप्ता रहींए जबकि चुनाव अधिकारी दीवानी कचहरी के अधिवक्ता रमेश कुमार रहे। प्रबंध कमेटी के सदस्यों के सभी कागजातों की जांच चुनाव अधिकारी द्वारा गहनता के साथ किया गया। पर्यवेक्षक नीलम गुप्ता व चुनाव अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष के रुप में अध्यक्ष डा. रामजीत गुप्ताए उपाध्यक्ष के रुप में विजय कुमार एडवोकेट, प्रबंधक के रुप में लल्लन प्रसाद, उप प्रबंधक के रुप में राजीव उर्फ राजू कुमार गुप्ता, मंत्री के रुप में घनश्याम प्रसाद गुप्त, आय व्यय निरीक्षक के रुप में अरविंद कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष के रुप में हरेराम गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य के रुप में पारसनाथ, सूर्यनारायण, वेद प्रकाश, गोपाल चंद का चुनाव किया गया। प्रधानाचार्य परमेश गुप्ता ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। सभी नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव निर्वाचित उप प्रबंधक राजीव उर्फ राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा ही वह हथियार हैए जिसके बल पर कोई भी जंग आसानी के साथ जीता जा सकता है। इसलिए समाज में सभी लोगों को शिक्षित करके आत्म निर्भर बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने सभी लोगों को शिक्षा का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार करने का भी आह्वान किया। ताकि समाज के सभी वर्ग के लोगों को समान रुप से शिक्षा प्राप्त हो सके।

## सीओ ने मुंगरा थाने का किया निरीक्षण, शस्त्र का कराया अभ्यास

**मुंगराबाद,शाहपुर, जौनपुर।** क्षेत्राधिकारी मछलीशहर विजय सिंह ने स्थानीय थाने का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उन्हें सशस्त्र सलामी दी। निरीक्षण के पश्चात क्षेत्राधिकारी ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक करके उनकी समस्याएं सुनते हुये निराकरण का आश्वासन दिये। इसके बाद थाने में आपदा प्रबंधन से संबंधित सामग्री की जांच करते हुए उपकरणों की उपयोगिता की जानकारी पुलिसकर्मियों को दी। साथ ही थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण करते हुये थाने में रखे अभिलेखों की जांच किये। अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे हुये उन्होंने साफसफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाना में रखे शस्त्रों के रख.रखाव, बैरिक, मेश, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों से शस्त्रों की जानकारी लेते हुए शस्त्रों की हैंडलिंग करवाकर, आंसू गैस, प्लास्टिक प्लेट का डेमो भी कराये।

## 101 असहायों को वितरित किया गया कम्बल

**धर्मापुर, जौनपुर।** असहायों व गरीबों का सेवा करना बहुत ही नेक व पुण्य का कार्य होता है जिसको करने से मन को संतुष्टि मिलती है। उक्त बातें अपर जिलाधिकारी राजस्व व वित्त राम प्रकाश ने कही। वे रविवार को सूरज घाट स्थित मंदिर प्रांगण में मां मूर्ति ग्रुप आफ प्लाटेंशन्स संस्थान द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने हाथों से संस्थान द्वारा 101 गरीबों को कम्बल वितरित किया गया जिसे पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर भजपा नेता संतोष त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, विजय मोदनवाल, ध्रुव कुशवाहा, शैलेन्द्र निषाद, अंजनी मिश्र मौजूद रहे।

# क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा मिलूंगा : सदर विधायक

### जनमानस की सेवा ही सच्चा धर्म

संवाददाता। देवरिया



रविवार को ग्राम सभा दानोपुर में ग्राम प्रधान डब्ल्यू शाही के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र देवरिया के विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी का ग्राम वासियों ने धूमधाम से स्वागत अभिनंदन किया। ग्राम वासियों एवं वहां उपस्थित लोगों के स्वागत से सदर विधायक अविभूत दिखे। ग्राम प्रधान डब्ल्यू शाही व ग्राम वासियों के द्वारा स्वागत कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक ने वहां के बूथ संख्या 323, 324 के सेक्टर प्रमुख और बूथ अध्यक्ष गण को माल्यार्पण कर आभार प्रकट किया।

स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि उपचुनाव का यह विजय आप सभी कार्यकर्ता व गांव के लोगों को समर्पित है। यह विजय आप सभी के अथक प्रयासों की देन है। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि स्वागत कार्यक्रम में आप सभी ने मुझे जो यह माला पहनाया हैए यह माला नहीं अपितु एक जिम्मेदारी है। मैं सदैव इस जिम्मेदारी का विनम्रता पूर्वक निर्वहन करूंगा। कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी हैए इसी दल में कार्यकर्ताओं का सम्मान है। हमारे लिए पार्टी का कार्यकर्ता जनमानस के शिकायतों का निस्तारण ही सर्वोपरि है। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव के प्रति मै जवाब देह हूं। सड़केंए शिक्षाए स्वास्थ्यए और बिजली मेरी प्राथमिकता है। आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन में देवरिया विधानसभा का कायाकल्प करने का पूर्ण प्रयास करूंगा।। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी ग्राम वासियों और कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी सरकार की उपलब्धियों को ज्यादा से ज्यादा अपने गांव और क्षेत्र में प्रचारित करने का कार्य करने के लिए कहा।।

## फॉर्ड फाउंडेशन की टीम ने गाँवों का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** भारत सरकार के जैव प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित एवं फॉर्ड फाउंडेशन व आईसीएआर, आईआईवीआर की ओर से संचालित बॉयोटेक,.किसान परियोजना के लिए चयनित चार जिलों में से एक गाजीपुर के बरहट, जोगामुसाहिब,सबितापुर, करीमुद्दीनपुर आदि गांवों का भारतीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के पूर्व सचिवए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशकए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं फॉर्ड फाउंडेशन अध्यक्ष प्रोफेसर पंजाब सिंह के निर्देश पर फाउंडेशन के सदस्यों ने 26 दिसम्बर 2020 को जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि विज्ञान संस्थानएबीएचयू कृषि विज्ञान संस्थान के पूर्व डीन प्रोफेसर आर एम सिंहए बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रोफेसर शिवराज सिंहए भारतीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंहए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परियोजना के सह अन्वेषक डा संतोष कुमार सिंह, फॉर्ड फाउंडेशन के ट्रस्टी डॉ उमेश सिंह, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी प्रोफेसर राजेश सिंह, राजेश्वरी रिसर्च फाउंडेशन के सचिव डॉ विनोद कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने किसानों से तकनीकी खेती करने एवं अपनाने पर जोर दिया।

# किसानों का अधिकार छीन नहीं सकती है सरकार : प्रभुनारायण

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली



**किसान** बिल को लेकर सपाईयों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। रविवार को सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किसान सभा का आयोजन किया। इस दौरान केन्द्र सरकार के खिलाफ निशाना साधते हुए किसान बिल वापस लेने की मांग उठाया। इस मौके पर सपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। क्षेत्र के जमुनीपुर से धनउर होते हुए नईबाजार तक सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह के नेतृत्व में किसान पद यात्रा निकाला गया। अंत में नईबाजार में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार को अपनी तानाशाह रवैया को बदलना होगा। किसानो की हक और हकूक को जबरजस्ती नही थोप सकती है। वही सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि किसान काला बिल वापस किये बगैर मानने वाले नही है। यह कानून किसानों के लिये अभिशाप है। अंत में वक्ताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की मनमानी पर भड़ास निकाला। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव, रामउजागिर गोंड,प्रभात यादव, अनिल चौहान, अशोक यादव, धर्मेन्द्र यादव, जमुना विश्वकर्मा, संदीप राजभर, साहब राजभर, संकठा यादव, पुष्कर यादव, अमित गुप्ता, प्रदीप यादव, शशीकांत भारतीए रामअवध गौड, अभिषेक सिंह, गुड्डे यादव आदि मौजूद रहे।

# साहित्य चेतना सम्मान के 36वें स्थापना दिवस पर नवाजे गए जितेंद्र नाथ मिश्र

संवाददाता। गाजीपुर

जनपद में साहित्य चेतना समाज का 36वां स्थापना दिवस फतेहउल्लाहपुर में समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ गीता गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगनएअमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि के रूप में सदर विधायक डॉ संगीता बलवंत उपस्थित थीं।समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं वाराणसी मण्डल के पूर्व अपर मण्डलायुक्त ओम धीरज ने एवं संचालन हरिनारायण हरीश ने किया। सेन्ट जॉन्स स्कूल की संगीत शिक्षिका माया नायर ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में वाराणसी से प्रकाशित साहित्यिक पारिवारिक मासिकी श्सोच विचारश् के प्रधान संपादक डॉ जितेन्द्र नाथ मिश्र को संस्था द्वारा इस वर्ष के श्चेतना सम्मानश् से सम्मानित किया गया। अपने सम्मान से अभिभूत डॉ मिश्र ने संस्था के प्रति अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस साहित्यिक अनुष्ठान को अनवरत चलते रहने की कामना की। सदर विधायक डॉ संगीता बलवंत ने कहा कि बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के यह संस्था विद्यार्थियोंव युवाओं को मंच देने का जो कार्य कर रही हैएउसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है।



## कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के सदस्यों ने निकाला जुलूस

**गाजीपुर।** जनपद में कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यो ने एटा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा व उनके परिवार के सदस्यो की पुलिस द्वारा बर्बर पिटाई व अभद्र व्यवहार के विरोध में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त एसडीएम को पत्रक सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग किये। अधिवक्ता के साथ किये गये अभद्र व्यवहार व पिटाई का न्यायिक जांच कराई जाये। पुलिसकर्मियो के पिटाई से घायल पीड़ित लोगो का उपचार कराया जायेए स्थानीय भूमि माफियाओ के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने अधिवक्ता व उनके परिजनो के साथ अभद्र व्यवहार व पिटाई के मामले में भूमि माफियाओ के विरूद्ध भी कार्रवाई करें और अधिवक्ता परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता मदद दिया जाये।

## मनरेगा के तहत काम चाहिए तो उठाइए फोन

**गाजीपुर।** मनरेगा के तहत कार्यों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत अब काम पाने के लिए न तो विभागों के चक्कर काटने पड़ेंगे और न ही किसी की जी हुजूरी करनी पड़ेगी। ग्राम्य विकास विभाग ने इसके लिए बाकायदा मोबाइल नम्बर जारी किया हैए जिस पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजकर कोई भी मनरेगा के तहत काम की मांग कर सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# असहाय गरीबों को बांटा गया कम्बल



संवाददाता। चहनियां ,चन्दौली

**भाजपा** चहनियां मंडल के द्वारा रमौली गांव के प्राथमिक विद्यालय में श्रद्धेय अटल जी की जयंती समारोह के अन्तर्गत गरीब असहायों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्डल प्रभारी राजेश सिंह के नेतृत्व में कम्बल का बितरण किया । इस ठंड में कम्बल 101 कम्बल का बितरण हुआ ।इस दौरान भाजपा नेता राजेश सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की याद में गरीबो असहायों को कम्बल का बितरण किया जा रहा है । गरीबो असहायों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नही है । इसमे मुख्य रूप से गोपाल गुप्ताएमण्डल अध्यक्ष संजय सिंहएयोगेंद्र मिश्राए आनन्द सिंहएराधेश्याम मौर्य एयशवंत मौर्य एसोनू राजभरए दीपक जायसवाल आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन बबलू मिश्रा ने किया ।

## आइसक्रीम का लुफ्त लेना हो तो आईफ्रूट में आइये

**गाजीपुर।** मुम्बईयां स्टाईल के जलपान का लुफ्त उठाते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता योगेश दादा ने बताया कि मुम्बई का आईफ्रूट रेस्टोरेन्ट जनपद के लिए नया है। इस जलपान गृह में इनके द्वारा बनाये जाने वाला नाश्ता व आईसक्रीम की गुणवत्ता कम खर्च में सबसे उम्दा है। असित सेठ ने बताया कि आईफ्रूट कम्पनी के नये उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली काफी मशीन व सजीव आइसक्रिम तैयार करने की कुशलता पूर्वांचल में पहला होने का दावा किया है। इसके साथ नये काफी मशीन से कई प्रकार के काफी का स्वाद लिया जा सकता हैए फ्रूटजूस मशीन से लगभग 70 फ्लेवर के जूस तैयार मिनटो में हो जाता है। रोली आईक्रिम, वैफल्स, सैण्डवीच व डोसा को जनपद में पहली बार कुशल व प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा तैयार करके ग्राहको की सेवा के लिए उपलब्ध कराया जाता है। ग्राहको को अच्छी और सस्ती सेवा उपलब्ध कराने वाले असित सेठ कुल दो सौ आइटमों को 19 रूपये से लेकर दो सौ रूपये में उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे है।

## तमंचा कारतूस बरामद एक गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली( सं. )।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने पड़ाव रेलवे पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया पकड़ा गया युवक आसिफ जनपद चंदौली निवासी बताया जाता है जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्म नाथ सिंहए कांस्टेबल प्रमोद कुमार यादवएकांस्टेबल अशोक यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पकड़े गए अभियुक्त पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# भाजपा विधायक के विरोध में सड़क पर उतरा विपक्ष

संवाददाता। जौनपुर

**शनिवार** को धनियांमऊ शहीद स्मारक द्वार के शिलान्याश कार्यक्रम में बदलापुर के भाजपा विधायक ने हंगामा करके विपक्ष को एक नया मुद्दा दे दिया है। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक स्थल पर धरना प्रर्दशन करके विधायक से इस्तिफा देने की मांग कर डाली, वही नगर में सपा नेताओ ने टीडी कालेज के सामने विधायक का पुतला फुक्रने का प्रयास किया। हलांकि पुलिस समय से पहुंचकर पुतले को अपने कब्जे में लेकर सपा नेताओ को गिरफ्तार कर लिया। इस दरम्यान पुलिस व सपाईयों में तीखी नोकझोक और धक्का मुक्की हुई।
शनिवार को लखनऊ वाराणसी हाईवे पर स्थित धनियांमऊ शहीद स्मारक स्थल के प्रवेश द्वार का शिलान्यास होने का कार्यक्रम तय हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी थी। इसी बीच क्षेत्रिय विधायक रमेश मिश्रा को इस कार्यक्रम की जानकारी हुई तो वे आग बबुला होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शिलापट्ट में अपना नाम न होने व कार्यक्रम में न बुलाये जाने के लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पूजन अर्चन के बनाये गये बेदी के पास बिछे गद्दे को पैरो से उल्टना शुरू कर दिया। जिसके चलते वहां पर मौजूद अधिकारी कर्मचारी व जनता दहल गयी। विधायक द्वारा किये गये इस कार्य से जहां आम जनमानस में मिलीजुली प्रतिक्रिया आ रही है वही विपक्ष ने इसे मुद्दा बना लिया है। आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैसल हसन के नेतृत्व में आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक के सामने धरना एवं प्रदर्शन करके विधायक के इस्तीफे की मांग की और जीर्णोद्धार को जिस तरह से रोका गया है जल्द से जल्द उसको काम शुरू कराने की मांग की है ।कांग्रेस जनों ने कहा की इतिहास के काले अक्षरों में लिखा जाएगा जब सत्तारूढ़ दल का विधायक शहीदों के सम्मान में बन रहे मुख्य द्वार को रुकवाने पहुंचता है अधिकारियों को गाली गलौज करता हैए शहीद के परिवार से अभद्रता करता है यह इस बात का संदेश है कि नरेंद्र मोदी और योगी के नेतृत्व में पूरे हिंदुस्तान में तानाशाही रवैया अपनाने की कोशिश की जा रही है एमगर कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता इसको बिल्कुल भी होने नहीं देगा उनके इस तानाशाही रवैया के खिलाफहम सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा यह शहीदों के के साथ इस तरह से बीजेपी विधायक द्वारा घिनौना कृत्य किया गया है हम इसकी निंदा करत है।



## विधायक का आरोप कांग्रेसियों के कहने पर डीएम अपने नाम का शिलापट लगवाना चाहते थे

**जौनपुर।** बलुआ मिरसादपुर के मामले को लेकर विधायक बदलापुर रमेश चन्द मिश्रा ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले शहीद स्मारक स्थल बलुआए मिरसादपुर जहाँ पर स्वण् ज़मीदार सिंहए राम आधार सिंहए रामानन्द सिंह चौहान अग्रेजो से लड़ते हुए शहीद हुए थे। हमारे द्वारा 28 जनवरी 2020 को लिखे पत्र पर सुंदरीकरण कराया जा रहा था और हमने शहीद स्थल पर कुछ दिन पूर्व ही अपने निधि से सोलर लाइट भी लगवाया थाए । जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी गण उस स्थल पर कांग्रेसी नेता राजेश सिंह और प्रभात विक्रम सिंह के नेतृत्व में बिना हमे सूचित किए बिना ही वहाँ पर गेट का शिलान्यास व सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन करने जा रहे थेए हम कार्यक्रम स्थल के बगल राजेन्द्र सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे तो वही पर पता चला कि जिलाधिकारी आ रहे तो हमने उपस्थित अधिकारी गण से नाराजगी जतायी कि उत्तर प्रदेश सरकार का निर्देश हैं कि सरकार के द्वारा वित्त प्रदत्त विकास कार्यो के शिलापट्ट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम होना और कार्यक्रम में आमंत्रित करना आवश्यक हैं उसके बाद भी बावजूद भी जनप्रतिनिधि का नाम शिलापट्ट में कही अंकित नही हैंए हम शहीद स्थल सुंदरी करण के पश्चात शहीदो के स्मृति में भव्य कार्यक्रम कराना चाहते थे जिसमें विधानसभा बदलापुर के समस्त शहीद परिवारों को आमंत्रित करके सम्मानित करना चाहते थे।

## अधिशासी अभियन्ता पर बिना ई.टेण्डर के चहेते ठेकेदारों से काम कराने का लगा आरोप

**गाजीपुर।** समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा बनवाये जा रहे हेल्थ सेन्टर में अधिशासी अभियन्ता अनिरूद्ध प्रसाद पर मानक की अनदेखी करते हुए अपने चहेते ठेकेदारो से काम कराने का आरोप लगा है। जनपद में कुल 30 हेल्थ सेन्टर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें योगी सरकार के मानको के अनुरूप बिना ई.टेण्डर कराये कोई भी सरकारी निर्माण कार्य न कराये जाये। अधिशासी अभियन्ता पर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए घटिया निर्माण सामाग्री से हेल्थ सेन्टर का निर्माण अपने चहेते व रिश्तेदार ठेकेदारो से कराया जा रहा हैए जिसकी जांच जिलाधिकारी से कराने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता समाज कल्याण निर्माण निगम ने बताया कि 10 लाख रूपये से नीचे का निर्माण कार्य सामान्य टेण्डर द्वारा कराया जाता हैए गाजीपुर में कुल 24 हेल्थ सेन्टर बनने है जिसमें से 22 का निमार्ण कार्य पूर्ण हो चुका है एक जमीनी विवाद में रूका हुआ है और एक शेष है। जिसे जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को सौप दिया।

# परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए: डीएम

## जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों के प्रगति के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की समीक्षा

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने जनपद में हो रहे निर्माण कार्यो एवं परियोजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि जो अनारम्भ परियोजनाएं हैं, उनकी प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए शासन को पत्र प्रेषित किया है, यदि बजट का अभाव हो तो शासन सूचित किया जाये और यदि स्थल पर किसी भी समस्या या विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है उस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उस कार्यस्थल पर जो भी विवाद व समस्या हो उसका तत्काल निराकरण कराकर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। जनपद में आईटीआई के निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि निर्माण कार्य हेतु जो भी समय सीमा निर्धारित की गयी उसके अन्तर्गत निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आवासीय भवनों, सेतुओं, मण्डियों, छात्रावास आदि निर्माण कार्यो की समीक्षा की और निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा के अन्दर पूर्ण किये जाये। निर्माणाधीन परियोजनाओं के अन्तर्गत जो भी कार्य कराये जा रहे है उसके कार्य की गुणवत्ता व मानक की निगरानी वह समय-समय पर स्वयं करें व जांच टीम बनाकर भी उसकी गुणवत्ता की जांच करने के पश्चात् ही उनके भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें और जिन कार्यो को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिये तत्काल प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये जिससे कि जो कार्य बजट के अभाव में बाधित है उस कार्य को समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाये।

बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा किये गये घोषणा सम्बन्धी कार्यो के प्रगति के सम्बन्ध समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि विधानसभा क्षेत्र विश्वनाथगंज के अन्तर्गत ट्रांसमिशन सब स्टेशन का निर्माण कार्य, नवीन पुलिस चौकी की स्थापना एवं नवीन पुलिस थाने की स्थापना के कार्यो को गम्भीरता पूर्वक लेते हुये कार्य को पूर्ण किया जाये।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुनने को उमड़ी भीड़

संवाददाता। फतेहपुर ( बाराबंकी )

**रविवार** को विकासखंड निंदूरा के ग्राम पंचायत पिंडसावां में स्थित श्री राम लखन मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए विकासखंड के दर्जनों बूथ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी के सदस्य और सामान्य जनों द्वारा इसको आयोजन नही बल्कि एक उत्सव के स्वरूप में मनाया एवं सुना गया, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलाई जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं कोए किसान कल्याणकारी योजनाओं को समूचे जनमानस तक प्रसारित करने के लिए शपथ ली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रोहित सिंह द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम प्रबंधन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधानसभा प्रभारी राम नगर भाजपा (युवा मोर्चा) शिव विशाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तत्पश्चात मोदी का द्वारा रेडियो पर प्रसारित मन की बात को सुना गया एवं बताए गए समस्त बिंदुओं को विस्तृत रूप से समूचे जनसमूह के समक्ष चर्चा परिचर्चा की गई ।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रोहित सिंह जी द्वारा द्वारा समूचे जनमानस को यह कहकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया कि आज राष्ट्र निर्माण के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री द्वारा जो भी सशक्त कदम उठाये जा रहे हैं उसमें अहम भूमिका आपकी है क्योंकि उनको साहस देने वाले मील का पत्थर समस्त सम्मानित मतदाता ही होते है ।

समस्त भारतवासी जन राष्ट्र निर्माण में मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगत मौर्य, संतोष सिंह, वीरपाल सिंह , सत्या भाई, शिवम राठौर जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप रावत, सत्यम सिंह, संदीप मिश्रा मदन सिंह, रोहित सिंह, प्रवेश मौर्य ,सददाम, कौशल सिंह आदि लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता निभायी ।



# अटल स्मृति कवि सम्मेलन में बही राष्ट्रीयता की धार

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती स्मृति को लेकर सांगीपुर क्षेत्र के कटरा क्षत्रधारी दूल्हेपुर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में विभिन्न विधाओं के कवियों ने रचनांए प्रस्तुत कर कालजयी अटल के व्यक्तित्व पर श्रद्धापुष्प अर्पित किए। कवि सम्मेलन साहित्यकार अर्जुन सिंह ने पढ़ा - आइए कुछ क्षण बिता लें... भी सराही गई। वहीं श्याम शंकर शुक्ल की कविता हमने माना कि नीम बेर नही हो सकती है, नेक इरादों की नीव ढेर नही हो सकती है भी सराही गई। मुख्य अतिथि सांसद संगमलाल गुप्ता ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी देश ही नही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेता थे। विशिष्ट अतिथि रामानुज दास अनुरूद्धाचार्य ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि कवि समाज और देश को दिशा दिया करते हैं। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा कवियों एवं पत्रकारों को लेखनी सम्मान प्रदान किया गया। कवि गोष्ठी में अनिल त्रिपाठी प्रवात, गजेंद्र सिंह विकट, प्रीती पांडेय, हरिबहादुर सिंह हर्ष, सुरेश नारायण व्योम, आचार्य अनीश देहाती, डॉ. संगमलाल त्रिपाठी भंवर, गुरूबचन सिंह बाघ, डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, आशुतोष गिरि, सुरेश संभव, अनूप अनुपम, राधेश पांडेय की रचना श्रोताओं ने जमकर सराही। इस मौके पर डॉ. पुरूषोत्तम शुक्ल, विवेक त्रिपाठी, संजय शुक्ल, शिवशेवक त्रिपाठी, राकेश तिवारी, अशोक पांडेय, डॉ. बृजेंद्र त्रिपाठी आदि रहे।

### जिले भर में सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

**ललितपुर**। प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों और शहरी लोगों के समूह के साथ सार्वजनिक स्थानों एलईडी व प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात सुनी। एवीएम कालेज पिसनारी में सम्पन्न कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा भाजपा युवा मोर्चा एवं आम जन उपस्थित थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी व विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव गौतम ने कि और संचालन जिला महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया अन्त में आभार नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अनुज शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला आदि मौजूद रहे।

## किसानों ने ताली थाली बजाकर किया मन की बात का विरोध

**सिरौलीगौसपुर ( बाराबंकी )**। प्रधानमंत्री के द्वारा की गई मन की बात का विरोध किसान नेताओं ने ताली थाली बजाकर किया है। भारत सरकार द्वारा बनाए गए कृषि कानून के विरोध में आंदोलन कर रहे किसान संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जा रही मन की बात का विरोध करने के लिए आहवान किया था। रविवार को प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात की गई ।जिसमें प्रधानमंत्री ने किसानों को जागरूक करते हुए नये कृषि कानून के लाभ बताए साथ ही कानून के विरोध में आंदोलन कर रहे लोगों के ढोंग का कच्चा चिट्ठा भी खोला ।इसके बाद किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने अपने साथियों के साथ ताली थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया ।विकास खंड सिरौलीगौसपुर के ग्राम औलियालालपुर मे भाकियू के तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा की अगुवाई मे दर्जनों लोगों ने ताली थाली बजाकर प्रधानमंत्री का विरोध एवं दिल्ली बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों का समर्थन किया। किसानों के नाम पर किए जा रहे इस आंदोलन को जन समर्थन नहीं मिल रहा है ।



# मनरेगा के तहत काम चाहिए तो फोन उठाइए

**अमेठी**। मनरेगा के तहत कार्यों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने एक अनूठी पहल शुरू की है ।इसके तहत अब काम पाने के लिए न तो विभागों के चक्कर काटने पड़ेंगे और न ही किसी की जी हुजूरी करनी पड़ेगी ।ग्राम्य विकास विभाग ने इसके लिए बाकायदा मोबाइल नम्बर जारी किया हैए जिस पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजकर कोई भी मनरेगा के तहत काम की मांग कर सकता है ।इससे ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी । ग्राम्य विकास विभाग के राज्य मनरेगा सेल के अपर आयुक्त योगेश कुमार का कहना है कि ग्रामीण लाभार्थियों को काम दिलाने में मदद को विभाग हमेशा तत्पर हैए इसी के तहत यह नई पहल की गयी है। मनरेगा सेल ने इसके लिए राज्य स्तर पर दो मोबाइल नम्बर. 9454464999 और 9454465555 जारी किया है ।इसके साथ ही सभी खंड विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वह भी ब्लाक के स्तर पर दो नंबर आवंटित करें और पंचायत स्तर पर उन नम्बरों को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित.प्रसारित करें ताकि लोगों को मनरेगा के तहत काम पाने में सहूलियत हो ।इसके तहत अब ग्रामीण लाभार्थियों को काम पाने के लिए इन नम्बरों पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजना होगा। सन्देश प्राप्त होने के बाद विभाग जल्द से जल्द लाभार्थियों को काम दिलाने का प्रयास करेगा। इसके लिए उनको बेवजह विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता। त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)

**लखनऊ** सुल्तानपुर रेलखंड़ परअज्ञात ब्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा थाना लोनीकटरा में लखनऊ.सुल्तानपुर रेलखंड़ पर दहिला गांव के पास रविवार सुबह करीब चार बजे हुआ। घटना के एक घंटे के बाद उसी पटरी पर आ रही मालगाड़ी के चालक ने पटरी पर लाश पड़ी देखकर गाड़ी रोक कर सूचना कन्ट्रोल रूम को दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने लाश को ट्रैक से हटवाया ।इस दौरान करीब एक घंटे तक मालगाड़ी खड़ी रही। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार का कहना है कि करीब 40 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। मृतक के दांऐ हाथ में गोदना से सुनीता लिखा है। पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पुलिस लाइन्स में तीन बिखरे परिवारों का हुआ समझौता



**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डा. बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में सीमित पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे तीन मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद तीन परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। तीन परिवार खुशी खुशी साथ साथ रहने को तैयार हो गये व दो मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डा दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डॉ संजीव कुमार शर्मा, महिला थानाध्यक्ष नीतू सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महिला कांस्टेबल अर्चना राजपूत आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पीएम किसान सम्मान योजना का झांसा देकर ठगों ने किया 10 हजार पार

संवाददाता। जगदीशपुर ( **अमेठी** )

**पीएम** किसान सम्मान योजना के लाभ का झांसा देकर दो अज्ञात बाइक सवार ठगों ने बैंकिंग उपकरण पर अंगूठा लगवाकर किसान के खाते से 10 हजार रुपये निकालकर चम्पत हो गए। सन्देह होने पर ग्राहक सेवा केंद्र से जानकारी ली तो मामला सही होने पर भुक्तभोगी ने वारिसगंज पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र वारिसगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत गुरुगंज टाण्डा निवासी किसान रामनारायण पुत्र चन्द्रपाल ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर शिकायत की है कि मेरे गांव के निकट दो अज्ञात बाइक सवार लोग आए जिन्होंने कहा की अगर आपको पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ न मिल रहा हो तो चेक करके ऑनलाइन करवा देंगे तो आपका पैसा आना शुरू हो जाएगा तब यह कह ठगों ने बैकिंग उपकरणों पर किसान का अंगूठा लगवा लिया और रफू चक्कर हो गए। किसान रामनारायण को जब सन्देह हुआ तो आनन.फानन में ग्राहक सेवा केंद्र वारिसगंज जाकर मामले की जानकारी ली तो मामला सही पाया गया और बैंक खाते से 10 हजार रुपये निकल जाने बात सुनकर किसान चकित रह गया भुक्तभोगी रामनारायण ने जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में कर कार्यवाही की मांग की है। वहीं वारिसगंज चौकी प्रभारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है जाँच पड़ताल की जा रही है ।जल्द ही मामले का वर्क आउट किया जाएगा।

## गिरिजा पूजन के उपरांत मेला धनुष यज्ञ संपन्न

संवाददाता। तिलोई ( **अमेठी** )

**तिलोई** ब्लाक क्षेत्र के सेमरौता स्थित रामगंज चौराहे पर परंपरागत धनुष यज्ञ मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। धनुष यज्ञ से पूर्व गिरिजा पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मेले में धनुष यज्ञ रामलीला का आयोजन गाँव के ही नवयुवकों द्वारा मंचित किया गया। जैसे ही श्रीराम जी ने जनकपुर में धनुष तोड़ा, सीताजी ने वरमाला पहना दी। इसी के साथ मेले में उपस्थित जनसमूह सिया वर रामचंद्र की जय बोला।

दशरथ दरबार से विश्वामित्र द्वारा राम.लक्ष्मण को मांगने के लीला मंचन के साथ शुरू हुई रामलीला में ताड़का बध एअहिल्या उद्धारएमारीच एसुबाहु बध जैसी लीलाओं के मंचन के साथ ही जनकपुर बाजार तथा फुलवारी की लीला के साथ स्वयंबर में उपस्थित राजाओं द्वारा धनुष न तोड़ पाने से व्यथित राजा जनक की हताशा पर लक्ष्मण का गुस्सा दर्शकों को खूब भाया। श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ते ही दर्शकों ने सिया वर रामचंद्र की जय



बोली। धनुष टूटने पर परशुराम का गुस्सा उस पर लक्ष्मण का व्यंग और परशुराम द्वारा भयंकर क्रोध दिखाना रामलीला के आकर्षण का केंद्र रहाद्यमेले में बड़ी संख्या में दुकाने लगी थी आस.पास की हजारों की भीड़ मेले आनंद लेने पहुंची खासकर बच्चों में भारी उत्साह दिखा। इस अवसर पर कमलेश अग्निहोत्री, देवी शरण बाजपेयी, सुरेश अग्निहोत्री, सुरेश श्रीवास्तव, श्रीकांत पांडेय, परमानन्द मिश्र, दयानंद, राम कुमा, राजन, नोबुल पाण्डेय, बैजू, दीपू मिश्र, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने कराया 200 मरीजों का नेत्र परीक्षण

## मोतियाबिंद के 80 मरीज निकले

संवाददाता। ललितपुर

**समाज** सेवा के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में गिनी जाने वाली संस्था लायंस क्लब ग्रेटर ने कस्बा बार मेअंधता निवारण समिति के तत्वधान में जैन क्लिनिक मेन रोड के सहयोग से बार में विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें लगभग 200 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण उपरांत 80 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेएस बख्शी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यक्ता हैं तथा समय-समय पर अपने आंखों का परीक्षण कराते हुए समय पर इलाज करा कर ही हम अंधता से मुक्त रह सकते हैं। संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र जैन मुच्छड़ ने कहा कि हम सब आपके आभारी है क्योकि आपके सहयोग के बिना इतना विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सम्भव नही था। लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर जरूरतमंदों को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करा रहा है।

लायंस क्लब के सचिव डीएस विवेक एड्वोकेट ने कहा कि नेत्र पैरीक्षण के समय हम सबको कॅरोना के मानकों को धयान में रखते हुए अपने नेत्र का परीक्षण कराना चाहिए। तथा अन्य सुरक्षा संबंधी मानकों को हमेशा ध्यान में रखने की आवश्यक्ता है। साथ ही 29 दिसम्बर को दैलवारा में होने वाले नेत्र शिविर की जानकारी भी उपलब्ध कराई। लायंस क्लब द्वारा ला राहुल गुप्ता के सहयोग से शिविर में आये हुए सभी लोगो को मास्क वितरित किये तथा लोगों को हिदायत दी कि वह घर से बाहर निकलते समय मास्क का आवश्यक रूप से प्रयोग करें व अन्य लोगों को भी मास्क पहनने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में ला डॉ जितेंद्र जैन, बांसी आलोक टडैया, ला कैलाश जैन, ला चंद्रशेखर राठौर, ला कैलाश अग्रवाल, ला अनिल रसिया, ला मनोज जैन, छप्पन भोग, लॉ राहुल गुप्ता, ला संजय रसिया, सुदामा प्रसाद दुबे, बार चौकी प्रभारी के अलावा डॉ राजेंद्र कुशवाहा, पं संतोष शर्मा, शैलेंद्र चौबे हरि सिंह बुंदेला, सुरेश यादव जगदीश भैया, सतीश पशतोर, राघवेंद्र यादव, कुंअर लाल कुशवाहा, नीलेश नामदेव उपस्थित रहे।

# रखरखाव के अभाव में जर्जर हैं सरकारी इमारतें

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर

**सरकार** द्वारा गांवों में महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत बनवाई गयी इमारतें रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रही हैं। लाखों रुपए खर्च कर बनवाई गई इन इमारतों का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत गिदरापुर के मौजा बौधिक पुरवा जहां करीब 99 प्रतिशत हरिजन आबादी निवास करती है। यहां के ग्रामीणों की सुविधा के लिए वर्ष 2010 में सरकार द्वारा करीब 16 लाख रुपये खर्च कर डॉक्टर अंबेडकर सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया गया था। लाखों रुपए की लागत से बनी यह इमारत रखरखाव के अभाव में 10 वर्षों में ही जर्जर हो गई है। इसके सारे दरवाजे खिड़की टूटे हुए हैं साथ ही फर्श भी जगह-जगह से धंसकर टूट गई है। यहां के ग्रामीण रामतीरथ शिवनाथ जोधे गुरुदीन आदि ने बताया कि जब से यह इमारत बनी है तब से आज तक मात्र एक बार ही इसमें बारात रुकी है। इस इमारत के बनने के बाद प्रधानों द्वारा इसके रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते यह इमारत पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। इसी इमारत के सामने आंगनवाड़ी भवन भी लाखों रुपए खर्च कर बनवाया गया था। यह भवन



भी रखरखाव के अभाव में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस गांव में एक आंगनवाड़ी संचालित हो रहा था जो बीते करीब तीन वर्षों से आंगनवाड़ी द्वारा इस्तीफा देने के बाद बंद हो चुका है। यहां का आंगनबाड़ी गिदरापुर आंगनबाड़ी के यहां अटैच है किंतु वहां की आंगनवाड़ी द्वारा इस गांव के बच्चों व गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को किसी योजना का लाभ नहीं दे रही है। यहां के ग्रामीणों रामसजीवन तुलसीराम भोला कमलेश रमेश आदि ने बताया करीब 10 वर्ष पूर्व बारात घर आंगनबाड़ी केंद्र का एक ही परिसर में साथ में सरकार द्वारा निर्माण कराया गया था किंतु प्रशासनिक उपेक्षा के चलते दोनों इमारतें रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गई है।

## रक्तदान कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान

**बाराबंकी**। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के यौमे पैदाइश के पाक मौके पर हर वर्ष की तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा कासिम के नेतृत्व में तीन दिवसीय रक्तदान कैम्प रविवार को सम्पन्न हो गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिन्दू व मुसलमानों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए राजा कासिम ने कहा कि आजादी के बाद अगर मुसलमानों का पूरी ईमानदारी से किसी नेता ने विकास किया है तो मरहूम अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आर्थिक मजबूती के लिए गल्फ देशों से अच्छे सम्बन्ध बनाकर मुसलमानों को मजबूत करने का कार्य किया था। श्री अटल के पगचिन्हों पर चलते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुसलमानों को पूर्ण रूप से शिक्षित व विकसित कर रहे हैं।

## आज देश को गांधी विचारधारा की जरूरत: कांग्रेस



संवाददाता। बाराबंकी

**देश** में मानवता, भाईचारा, लोकतंत्र जिन्दा रहे, इसके लिये आज एक बार फ़िर देश को गांधी की विचारधारा की जरूरत हैं। वर्तमान समय में देश एवं प्रदेश में ऐसे दल की सरकार हैं जिनका देश की आजादी में कोई लगाव नही हैं, रविवार को कांग्रेस सेवादल के स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वज कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाध्यक्ष कमल भल्ला ने कहा कि इनके इन नापाक सपनों को कांग्रेस पार्टी कभी साकार नही होने देंगी। जिस तरह आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी की अगुवाई में प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को देश भर में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराकर आजादी की आवाज बुलन्द की गयी थी उसी तरह आज माह के आखिरी रविवार को ध्वज वन्दन कार्यक्रम के तहत झूठ की नींव पर खड़ी किसान आवाम विरोधी सरकार को राष्ट्रीय ध्वज फ्हराकर हटाने का संकल्प लेते हैं।

## गरीबों को बांटे कंबल

फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। रविवार को नगर पंचायत बेलहरा के मोहरी व कछुवाहनपुरवा वार्ड में कम्बल वितरित किये गए। इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमन्दों को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिये लगातार कई दिनों से कम्बल वितरित किया जा रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खान ने कहा कि गरीबो बुजुर्गों की सेवा करके जो आत्म शांति मिलती है उसे शब्दो मे नही कहा जा सकता। मोहरी वार्ड के खेल मैदान पर आयोजित गरीब सेवा कैम्प में उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बनने से नगर के लोगो को नगर की सुविधा पहुचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। आवास विहीन परिवारों नगर में आवास मिले है। और जो लाभार्थी आवास से वंचित रह गए है उन्हें शीघ्र ही आवास दिलाया जाएगा। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष सुनील सोनी, सभासद कदीर खां, मुश्ताक, नसीर आलम,कपिल सिंह, समाजसेवी तेजबहादुर सिंह, रमेश सिंह, कन्हैया सिंह, राकेश सिंह आदि नगरवासी मौजूद रहे।